सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 5 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 5, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## कंपनियों की पूंजी 1.23 लाख करोड़ बढ़ी

शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सात के संयुक्त बाजार पूंजीकरण में 123724.19 करोड़ रुपये का उछाल आया। } 14

## आज आईसीजी पोत समुद्र प्रताप का जलावतरण करेंगे रक्षा मंत्री

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को गोवा में भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के पोत समुद्र प्रताप का जलावतरण करेंगे। यह प्रदूषण नियंत्रण के लिए निर्मित दो पोतों में से एक है। } 16



# कश्मीर में शीतलहर का प्रकोप न्यूनतम तापमान में आयी गिरावट

एजेंसी



जम्मू। कश्मीर घाटी में न्यूनतम तापमान में एक दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है जिससे पूरे क्षेत्र में शीतलहर का प्रकोप और तेज हो गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा आदि के तापमान में गिरावट रहीं।

वहीं श्रीनगर में शनिवार रात न्यूनतम तापमान शून्य से 3.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात के शून्य से 1.5 डिग्री सेल्सियसन नीचे दर्ज किये गए तापमान से कम है। उत्तरी कश्मीर का प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग घाटी में सबसे सर्द स्थान बना हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि गुलमर्ग में लगातार दूसरी रात न्यूनतम तापमान शून्य से 6.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। वहीं, दक्षिण कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में यह शून्य से पांच डिग्री सेल्सियस नीचे बना हुआ है। घाटी के प्रवेश द्वार काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से चार डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। कोकेरनाग में यह शुन्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा, जबकि उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा में यह शुन्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र इस समय ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सरकारी जमीन पर निर्मित अवैध मस्जिद व मदरसा ध्वस्त

## संभल में अतिक्रमण से मुक्त जमीन 20 गरीबों को पट्टे पर की गयी आवंटित

संभल। जिले में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर बनाए गए मस्जिद-मदरसे को मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा स्वयं ध्वस्त किए जाने के बाद जिला प्रशासन ने मलबा हटवाकर इन जमीनों के पट्टे 20 गरीब लोगों को आवंटित कर दिए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।



जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने संवाददाताओं को बताया कि असमोली थाना क्षेत्र के सलेमपुर सालार उर्फ हाजीपुर गांव में गाटा संख्या 537 की l,339 वर्ग मीटर सरकारी भूमि पर 20 से 25 वर्ष पहले अवैध कब्जा कर मस्जिद और मदरसे का निर्माण किया गया था।

उन्होंने बताया कि मदीना मस्जिद नामक इस ढांचे ध्वस्त कर जमीन को अब पूरी तरह कब्जा मुक्त कराकर 20 निर्धन व्यक्तियों को आवंटित कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि अवैध रूप से निर्मित मस्जिद और मदरसे को मुस्लिम समाज के लोगों ने स्वयं हटा दिया था जिसके बाद प्रशासन ने मलबा और अवशेष हटवाकर भूमि को साफ कराया और 20 लोगों को पट्टे पर आवंटित कर दिया। इस भूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनके आवास बनाए जाएंगे। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि अवैध रूप से निर्मित मस्जिद और मदरसे को हटाने के लिए संबंधित पक्षों को चार माह का नोटिस दिया गया था, जिसकी अवधि पूरी हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि संबंधित पक्षों ने शनिवार को ही इसे हटाने का कार्य शुरू कर दिया था। मलबा हटाने के दौरान छह थानों का पुलिस बल और प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबलरी की दो पलटन तैनात रही। गांव सलेमपुर सलार उर्फ हाजीपुर निवासी मस्जिद के मुतवल्ली हाजी शमीम पर आरोप है कि उन्होंने करीब पौने चार बीघा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर मस्जिद और मदरसे का निर्माण किया था। पहले मदरसे का निर्माण किया और बाद में करीब 10 वर्ष पहले मस्जिद का निर्माण कर लिया गया। शिकायत के बाद 14 जून 2018 को सरकारी जमीन पर मस्जिद व मदरसा निर्माण किए जाने की आख्या दी गई थी। जिसके आधार पर मामला तहसीलदार न्यायालय में चला। साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर सरकारी जमीन पर निर्माण की पुष्टि दो सितंबर 2025 को हुई थी। इसके चलते ही न्यायालय की ओर से मुतवल्ली पर 7.78 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया और मस्जिद और मदरसे का निर्माण कर जो सरकारी जमीन पर अतिक्रमण ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### ईरान में हो रहे विरोध प्रदर्शन, 15 की मौत

दुबई। ईरान की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के कारण भड़के विरोध-प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में कम से कम 15 लोगों की मौत हो चुकी है। एक मानवाधिकार एजेंसी ने यह जानकारी दी। अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी ने रविवार सुबह बताया कि ईरान के 31 प्रांतों में से 25 प्रांतों में 170 से अधिक स्थानों पर प्रदर्शन हुए हैं। उसने बताया कि मरने वालों की संख्या कम से कम 15 हो गई है और 580 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस बीच, ईरान के सर्वोच्च नेता ने देश में अशांति उत्पन्न करने वाले विरोध प्रदर्शनों को लेकर कहा कि दंगाइयों पर सख्ती करनी होगी। सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की ये टिप्पणियां एक सप्ताह से जारी प्रदर्शनों के प्रति अधिकारियों को अधिक आक्रामक रुख अपनाने की अनुमति देने का संकेत प्रतीत होती हैं। विरोध-प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा के संबंध में 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई की यह पहली टिप्पणी है। विरोध-प्रदर्शन का सिलसिला ...शेष पृष्ठ 14 पर

### बंदूकधारियों के हमले में 30 लोगों की मौत

मीना (नाइजीरिया)। उत्तरी नाइजीरिया के नाइजर राज्य के एक गांव पर बंदूकधारियों के हमले में कम से कम 30 ग्रामीणों की मौत हो गई जबकि कई अन्य का अपहरण कर लिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। नाइजर राज्य पुलिस के प्रवक्ता वासिउ अबियोदुन ने एक बयान में कहा कि बंदूकधारियों ने शनिवार शाम राज्य के बोर्गु स्थानीय प्रशासन क्षेत्र में कसुआन-दाजी गांव पर धावा बोल दिया और निवासियों पर गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने स्थानीय बाजार और कई घरों को भी जला दिया। कम से कम दो ग्रामीणों ने मृतकों की संख्या 37 बताई और आशंका जताई कि यह संख्या इससे भी अधिक हो सकती है क्योंकि रविवार तक कुछ लोग लापता थे। सुरक्षा बल अब तक इलाके में नहीं पहुंचे हैं।



**आज का मौसम**

अधिकतम : 16.06 डिसे.
न्यूनतम : 8.00 डिसे.

**भीतर पढ़ें**


- भू-स्वामित्व नामांतरण व लैंड यूज चेंज की प्रक्रिया होगी आसान (पृष्ठ-02)
- माघ मेले में प्रवाहित हो रही भक्ति संस्कृति और संगीत की त्रिवेणी (पृष्ठ-02)
- एफआईआई के रुख से तय होगी बाजार की चाल (पृष्ठ-14)
- एफपीआई ने इक्विटी से 7608 करोड़ निकाले (पृष्ठ-16)
- बीमा क्षेत्र में गलत बिक्री एक गंभीर चिंता का विषय (पृष्ठ-16)


# रिफार्म एक्सप्रेस पर सवार है देश : मोदी

## 2036 के ओलंपिक की मेजबानी की तैयारी पूरी मजबूती से कर रहा भारत



जिला संवाददाता

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पिछले साढ़े 11 वर्षों में सरकार ने देश में खेलों के क्षेत्र में व्यापक बदलाव करते हुए 20 से अधिक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित किये हैं और भारत पूरी मजबूती से 2036 के ओलंपिक की मेजबानी की भी तैयारी कर रहा है।

वाराणसी में आज से शुरू हुई 72वीं सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप के उद्घाटन कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़े प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में कई शहरों में फीफा अंडर-17 विश्व कप और हॉकी विश्व कप समेत 20 से अधिक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 2030 के राष्ट्रमंडल खेल भी भारत में ही होने जा रहे हैं। भारत पूरी मजबूती से 2036 के ओलंपिक की मेजबानी की भी तैयारी कर रहा है। इसके पीछे प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को खेलने के अधिक से अधिक मौके मिलें। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार है। देश का हर क्षेत्र, विकास की हर परिभाषा इस रिफॉर्म एक्सप्रेस से जुड़ रहा है और खेलों की परिभाषा भी इसमें से एक है।

उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में भी सरकार ने बड़े व्यापक सुधार किये हैं। राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम और खेलो भारत नीति -2025। इस प्रकार के प्रावधानों से सही प्रतिभा को अवसर मिलेगा, खेल संगठनों में पारदर्शिता बढ़ेगी और साथ ही देश के युवाओं को खेल और शिक्षा दोनों ही क्षेत्र में एक साथ आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। एक तरफ हम अच्छा मूलभूत ढांचा और वित्त पोषण का तंत्र तैयार कर रहे हैं और उसके साथ ही नौजवानों को शानदार अनुभव देने के लिए भी काम कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि एक समय था जब खेलों को लेकर सरकार और समाज दोनों में ...शेष पृष्ठ 14 पर

# खेलो इंडिया अभियान से भारत में पनपी नयी खेल संस्कृति : योगी

जिला संवाददाता

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि पिछले साढ़े 11 वर्षों में हर भारतवासी ने देश के भीतर एक नयी खेल संस्कृति को पनपते देखा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेलो इंडिया अभियान के माध्यम से प्रत्येक भारतीय के मन में खेल के प्रति सम्मान का भाव पैदा किया है। मुख्यमंत्री ने यहां 72वीं सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप के उद्घाटन अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में गांव से लेकर शहर तक, ग्रामीण स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक की प्रतियोगिताएं एक आम नागरिक की भागीदारी से आयोजित हो रही हैं और इसी क्रम में 43 वर्षों बाद राज्य में सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में खेलों की आधुनिक बुनियादी संरचना का विकास हुआ है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले साढ़े 11 वर्षों में पूरे देश ने भारत के समग्र विकास को देखा है।

इस दौरान हर भारतवासी ने एक नयी खेल संस्कृति को देश के अंदर पनपते देखा है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2014 में खेलो इंडिया अभियान के माध्यम से प्रत्येक नागरिक के मन में खेल के प्रति सम्मान का भाव जागृत किया। उन्होंने कहा कि इस खेल संस्कृति का सार यह है कि हर भारतीय के जीवन में खेल को भी स्थान मिले और खेल को अब समय की बर्बादी नहीं, बल्कि जीवन के सर्वांगीण विकास के माध्यम के रूप में देखा जाए। मुख्यमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि स्वस्थ शरीर से ही जीवन के सभी आयाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज इस नयी खेल संस्कृति के तहत खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता तथा भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से हर जनपद में खेल बुनियादी ढांचे विकसित हो रहे और इनके जरिए पूरा देश एक नयी खेल संस्कृति का अनुभव कर रहा है। योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के बीच हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके तहत कई प्रतियोगिताएं भारतीय खेल प्राधिकरण के सान्निध्य में और उसके प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित की जाएंगी। आदित्यनाथ ने कहा कि खिलाड़ियों को उचित प्रशिक्षण देने के लिए हर जनपद में स्टेडियम, हर विकासखंड स्तर पर मिनी स्टेडियम का निर्माण, ग्राम पंचायतों और नगर निकायों की प्राथमिकता में ओपन जिम की स्थापना तथा हर स्तर पर खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रयास शुरू किए गए हैं। आज इसका परिणाम यह ...शेष पृष्ठ 14 पर

# धामी ने किया एसएसबी जवानों को सम्मानित

## एसएसबी जवानों के सम्मान का साक्षी बना प्राईड मूवमेंट सम्मान समारोह

प्रमुख संवाददाता

देहरादून (उत्तराखंड)। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए दिन-रात डटे जांबाजों के सम्मान का साक्षी रविवार को अर्पित फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्राईड मूवमेंट सम्मान समारोह बना? जहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सशस्त्र सीमा बल के जवानों के साहस और बलिदान को सलाम किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल देश की आंतरिक सुरक्षा और सीमा संरक्षण में एक सशक्त प्रहरी के रूप में निरंतर अपनी जिम्मेदारियां निभा रहा है।



आतंकवाद और नक्सलवाद जैसी गंभीर चुनौतियों से निपटने में एसएसबी की भूमिका अत्यंत सराहनीय और निर्णायक रही है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सशस्त्र सीमा बल पिछले लगभग छह दशकों से सीमाओं की सुरक्षा, आंतरिक कानून-व्यवस्था, आतंकवाद व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापना तथा आपदा प्रबंधन जैसे चुनौतीपूर्ण दायित्वों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभा रहा है। उन्होंने कहा कि एसएसबी के जवान सीमाओं पर मुस्तैदी से डटे रहने के साथ-साथ खेल, सामाजिक सरोकारों और आपदा राहत कार्यों में भी अनुकरणीय योगदान दे रहे हैं। सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री ...शेष पृष्ठ 14 पर

# मिर्जापुर में धर्मांतरण का आरोपी गिरफ्तार

मिर्जापुर। जिले में पुलिस ने एक युवती से मारपीट, धमकी और धर्मांतरण के एक आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। थाना हलिया में शुक्रवार को एक व्यक्ति ने थाना क्षेत्र के गांव थोथा निवासी आजाद उर्फ इम्तियाज के विरुद्ध तहरीर देकर अपनी भांजी के साथ मारपीट, गाली-गलौज, धमकी देने व धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर थाना हलिया पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान), 351(3) (आपराधिक धमकी) और उप्र विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी। उपनिरीक्षक ...शेष पृष्ठ 14 पर

# युवा और व्यापारी शक्ति ही लखनऊ के ग्रोथ इंजन का अहम हिस्सा: विराज सागर दास

## विराज सागर दास ने राजाजीपुरम व्यापार मंडल की नवनिर्वाचित समिति को दिलायी शपथ



विशेष संवाददाता

- व्यापारियों की मार्केट में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग को सहर्ष किया स्वीकार
- ऋषभ गुप्ता ने ली अध्यक्ष पद की शपथ

लखनऊ। प्रखर समाजसेवी, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं उत्तर प्रदेश ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास ने राजाजीपुरम् व्यापार मंडल की नवनिर्वाचित समिति को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खुशी की बात है कि आपने युवा समिति को चुना है। साथ ही उन्होंने सभी को नववर्ष शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने युवा शक्ति और व्यापारी शक्ति ही लखनऊ के ग्रोथ इंजन का अहम हिस्सा ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** भीषण सर्दी में घर से निकले लोगों के मददगार बन रहे अलाव, लोग ले रहे राहत की सांस

# जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना ही हमारा उद्देश्य : विराज सागर दास

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास द्वारा शहर के अलग-अलग हिस्सों में जलवाये जा रहे अलाव सर्दी से निपटने में काफी मददगार साबित हो रहे हैं। गलन युक्त सर्दी के इस दौर में जब लोग घर से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं और बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकल रहे हैं। ऐसे लोगों को ये अलाव बेहद सुकून दे रहे हैं।

गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को सर्दी से राहत दिलाने के उद्देश्य से बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने रविवार को भी राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाए। इससे राहगीरों, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो रिक्शा चालकों, गरीबों, मजदूरों और ट्रेन, बस या अन्य वाहनों का इंतजार कर रहे लोगों रात काटनेऔर टाइम पास करने में मदद मिली। गौरतलब है कि सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं। अलाव से उन्हें जाड़े से लड़ने की ताकत मिलती है। बहुत से गरीब सर्दी की रात में खुले आसमान के नीचे कांपते-ठिठुरते हुए रात बिताने के लिए मजबूर रहते हैं। हालांकि ऐसे कई लोग हैं जो गरीबों की पीड़ा को समझते हुए नेक कार्य के लिए आगे आते हैं और गर्म कपड़े, कंबल के वितरण व अलाव आदि की व्यवस्था कर लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। शहर के हर गली-मोहल्ले चौराहे पर विराजसागर ...शेष पृष्ठ 14 पर







# योगी सरकार चिकित्सा शिक्षा में देगी 12 सौ नौकरियां

## वर्ष 2026 में राजकीय मेडिकल कॉलेजों में सहायक आचार्य के 1112 पदों पर होगी तैनाती

- योगी सरकार इस वर्ष 1,230 चयनित नर्सिंग अधिकारियों को वितरित करेगी नियुक्ति पत्र

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार ठोस और दूरदर्शी कदम उठा रही है। इसी कड़ी में वर्ष 2026 में राजकीय मेडिकल कॉलेजों में शिक्षण और तकनीकी पदों पर बड़े पैमाने पर भर्ती की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राजकीय मेडिकल कॉलेज में सहायक आचार्य, आचार्य एवं प्रवक्ता (फार्मेसी) के पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों पर करीब 1,200 से अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरी की सौगात मिलेगी।

योगी सरकार के इस कदम से न केवल युवाओं को रोजगार मिलेगा बल्कि प्रदेश की स्वास्थ्य शिक्षा व्यवस्था भी और मजबूत होगी। वहीं, योगी सरकार जल्द ही लोक सेवा आयोग, प्रयागराज से चयनित 1,230 नर्सिंग अधिकारियों (महिला/पुरुष) के नियुक्ति पत्रों का वितरण करेगी।



अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अमित कुमार घोष ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभाग में खाली पदों पर नियुक्ति करने के निर्देश दिये थे ताकि प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी मिल सके। इसी के तहत चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से राजकीय मेडिकल कॉलेजों में सहायक आचार्य, आचार्य एवं प्रवक्ता (फार्मेसी) के पदों का अधियाचन लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के माध्यम से चयन कराने के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही इन पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया जाएगा।

राजकीय मेडिकल कॉलेजों के करीब 12 सौ पदों क्रमशः सहायक आचार्य के 1,112 पदों, आचार्य के 44 पदों और प्रवक्ता (फार्मेसी) के 11 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा नर्सिंग कैडर को सशक्त करने की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही लोक सेवा आयोग, प्रयागराज से चयनित 1,230 नर्सिंग अधिकारियों (महिला एवं पुरुष) को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इससे प्रदेश के सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि प्रदेश में मेडिकल एजुकेशन को केवल डिग्री देने तक ही सीमित न रखा जाए, बल्कि उसे गुणवत्ता, शोध और व्यावहारिक प्रशिक्षण से जोड़ा जाए। इसी के तहत पिछले पौने नौ वर्षों में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। जहां पहले कुछ गिने-चुने जिलों तक मेडिकल शिक्षा सीमित थी, वहीं, आज लगभग हर जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का लक्ष्य पूरा हो चुका है। नए कॉलेजों के संचालन के लिए योग्य शिक्षकों और प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। यह भर्ती उसी दिशा में बड़ा कदम है।

राजकीय मेडिकल कॉलेजों में सहायक आचार्य, आचार्य और फार्मेसी प्रवक्ताओं की नियुक्ति से मेडिकल छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन, शोध गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और चिकित्सा शिक्षा का स्तर राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो सकेगा। इससे भविष्य में प्रदेश को कुशल डॉक्टर, फार्मासिस्ट और स्वास्थ्य विशेषज्ञ मिलेंगे, जो आम जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करेंगे।

# माघ मेले में प्रवाहित हो रही भक्ति संस्कृति और संगीत की त्रिवेणी

- माघ मेला क्षेत्र में शास्त्रीय और लोक संगीत की प्रस्तुतियों का मंचन, उत्तर प्रदेश के संस्कृति विभाग का आयोजन
- 30 जनवरी तक चलने वाले कला संगम कार्यक्रम में 120 से अधिक कलाकार देंगे प्रस्तुतियां

विशेष संवाददाता (vol)

**प्रयागराज।** माघ मेला केवल आस्था का आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सनातन परम्परा, सांस्कृतिक विविधता और प्रशासनिक दक्षता का सजीव उदाहरण है। इसी की झलक देखने को मिल रही है माघ मेला क्षेत्र में कला संगम कार्यक्रम में जिसका आगाज शनिवार से हो गया। उत्तर प्रदेश के संस्कृति विभाग की तरफ से इसका आयोजन हो रहा है।

प्रयागराज के संगम तट पर शुरू हुए माघ मेले में भारतीय संस्कृति और कलाओं का भी संगम हो रहा है। मेला क्षेत्र के परेड ग्राउंड में रविवार से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की शुरूआत हो गई है। कार्यक्रम के पहले दिन का प्रथम कार्यक्रम उदय चंद्र परदेशी एवं टीम द्वारा देवी लोकगीत की प्रस्तुति से हुआ। लोक गायिका मालिनी अवस्थी के भजनों की प्रस्तुति से श्रोता भाव विभोर हो गए। कार्यक्रम में



वाराणसी से आए राम जनम की टीम का शंख वादन ने भी लोगों को रोमांचित किया। संगीता मिश्रा ने लोक गायन में अपनी प्रस्तुति दी तो वहीं लखनऊ से आए वरुण मिश्रा की शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति का भी श्रोताओं ने रसास्वादन किया। लोक नृत्य और शास्त्रीय नृत्यों का भी पहले दिन संगम देखने को मिला। कीर्ति श्रीवास्तव के लोक नृत्य डेढ़इया और नीता जोशी के कथक नृत्य की जबरदस्त जुगलबंदी देखने को मिली। कार्यक्रम का संचालन आभा मधुर ने किया। कला संगम के पहले दिन दिन कुल 6 प्रस्तुतियां हुई। माघ मेला अधिकारी ऋषिराज का कहना है कि मेला क्षेत्र में 4 जनवरी से 30 जनवरी तक इनकी प्रस्तुतियां होंगी। इस आयोजन में 120 से अधिक लोक एवं शास्त्रीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

# क्यूजीन क्लस्टर मॉडल से बदलेगी प्रदेश की खाद्य अर्थव्यवस्था

- वन डिस्ट्रिक्ट वन क्यूजीन के तहत योगी सरकार कर रही सभी 18 मंडलों में क्यूजीन क्लस्टर विकसित करने की तैयारी
- प्रत्येक जनपद के विशिष्ट और पारंपरिक व्यंजनों को संगठित पहचान, बेहतर बाजार और आधुनिक सुविधाएं होंगी उपलब्ध

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश की समृद्ध खाद्य विरासत को आर्थिक विकास और रोजगार सृजन से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल कर रही है। प्रस्तावित वन डिस्ट्रिक्ट-वन क्यूजीन (ओडीओसी) मॉडल के तहत प्रदेश के सभी 18 मंडलों को क्यूजीन क्लस्टर के रूप में विकसित किया जाने का प्रस्ताव है। इस पहल का उद्देश्य हर जनपद के विशिष्ट और पारंपरिक व्यंजनों को संगठित पहचान, बेहतर बाजार और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। समग्र रूप से क्यूजीन क्लस्टर मॉडल उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक बाजार से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा। यह पहल न केवल प्रदेश के पारंपरिक स्वाद को नई पहचान देगी, बल्कि आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के विजन को भी मजबूती प्रदान करेगी।

क्यूजीन क्लस्टर मॉडल के अंतर्गत प्रत्येक मंडल के अंतर्गत आने वाले जनपदों के विशिष्ट व्यंजनों को चिन्हित कर उन्हें गुणवत्ता, पैकेजिंग, विपणन और ब्रांडिंग के माध्यम से राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है। इससे न केवल पारंपरिक स्वाद संरक्षित होंगे, बल्कि उन्हें आधुनिक उपभोक्ता की पसंद के अनुरूप प्रस्तुत किया जा सकेगा।

पेठा, पेड़ा, लिट्टी-चोखा, समोसा और लड्डू बनेंगे यूपी के फूड ब्रांड इस योजना के तहत आगरा का पेठा, मथुरा का पेड़ा, गोरखपुर का लिट्टी-चोखा, कानपुर का समोसा और लड्डू जैसे लोकप्रिय व्यंजनों को राज्य स्तरीय ब्रांड के रूप में विकसित किया जाएगा। इन व्यंजनों की पहचान अब केवल स्थानीय बाजार तक सीमित न रहकर ई-कॉमर्स, फूड फेस्टिवल और पर्यटन स्थलों के माध्यम से देश-विदेश तक पहुंचेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार फूड स्टार्टअप, एमएसएमई और स्थानीय उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। क्यूजीन क्लस्टर मॉडल के अंतर्गत फूड प्रोसेसिंग, पैकेजिंग यूनिट, कोल्ड चेन, गुणवत्ता परीक्षण और प्रशिक्षण सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जिससे युवाओं और महिलाओं को उद्यमिता के नए अवसर मिलेंगे।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से जमीन पर दिखेगा असर इस पहल से सरकार की प्रो-इंडस्ट्री नीति, सिंगल विंडो सिस्टम और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के कारण फूड सेक्टर में निवेश को बढ़ावा मिलेगा। प्रस्ताव के तहत, ओडीओसी मॉडल के जरिए स्थानीय उत्पादकों को एफएसएसएआई, ब्रांडिंग सपोर्ट और मार्केट लिंकेज उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अपने उत्पाद विकसित कर सकें। क्यूजीन क्लस्टर आधारित विकास से प्रदेश में रोजगार के नए अवसर, स्थानीय निवेश और फूड टूरिज्म को नई गति मिलेगी। होटल, रेस्टोरेंट, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और प्रमुख पर्यटन स्थलों पर डव्डव क्यूजीन को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे उत्तर प्रदेश एक फूड डेस्टिनेशन स्टेट के रूप में उभर सके।

# भू-स्वामित्व नामांतरण व लैंड यूज चेंज की प्रक्रिया होगी आसान

- किया जा रहा है डिजिटल सरलीकरण
- सीएम योगी आदित्यनाथ की डिजिटल पहल, भू-प्रशासन संबंधी प्रक्रियाएं होंगी सरल, पारदर्शी, तेज और नागरिक-केंद्रित
- लैंड यूज चेंज और नामांतरण प्रक्रिया में सुधार से बढ़ेगा ग्रामीण क्षेत्र में औद्योगिक निवेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के मुताबिक प्रदेश सरकार ने भूमि संबंधी प्रशासनिक प्रक्रियाओं को और अधिक सरल, पारदर्शी, तेज और नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस दिशा में स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग और राजस्व परिषद के संयुक्त प्रयासों से भू स्वामित्व में नामांतरण की धारा-34 और लैंड यूज चेंज की धारा 80 की प्रक्रियाओं का डिजिटल सरलीकरण किया जा रहा है। इसके लिए राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र (एनआईसी) द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रक्रिया को एकीकृत प्लेटफॉर्म पर लाया जा रहा है। प्रक्रिया को फरवरी 2026 तक पूरा करने की समय सीमा निर्धारित की गई है। यूपी सरकार की इस पहल से प्रदेश के लाखों किसानों, भू-मालिकों और उद्योगपतियों को अनावश्यक कागजी कार्रवाई से मुक्ति मिलेगी, साथ ही डिजिटल तकनीक के माध्यम से कार्रवाई भी तेज और अधिक पारदर्शी हो सकेगी।

स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग और राजस्व परिषद के संयुक्त प्रयासों से भूमि संबंधी प्रशासनिक प्रक्रियाओं का डिजिटलाइजेशन और सरलीकरण किया जा रहा है। इस क्रम में भू-संपत्ति हस्तांतरण के दौरान नामों के बदलाव की धारा-34 के तहत नामांतरण प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल बनाया जा रहा है। जिसके तहत सभी आवश्यक जानकारियां जैसे- खसरा-खतौनी विवरण, मालिकाना हक के प्रमाण और अन्य अभिलेख ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के जरिए एक ही बार में संकलित की जाएंगी। ऑनलाइन अपलोड होते ही डिजिटल डेटा फ्लो के जरिए अभिलेखों की जांच की जाएगी। जिससे इस प्रक्रिया में पारंपरिक रूप से कई स्तरों पर फॉर्म भरने, दस्तावेज जमा करने और लेखपाल की आख्या की प्रतीक्षा में लगने वाले समय में कमी आएगी। साथ ही कार्यप्रणाली आमजन के लिए अधिक सरल और पारदर्शी हो सकेगी।

कृषि भूमि को गैर-कृषि या औद्योगिक उपयोग में बदलने से संबंधित धारा 80 के अंतर्गत लैंड यूज चेंज प्रक्रिया का भी डिजिटलीकरण किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में पहले आवेदन, अनुमोदन और अभिलेख अपडेट के लिए बार-बार दौड़-भाग करनी पड़ती थी। अब सभी जरूरी जानकारियां जैसे भूमि का खसरा-खतौनी विवरण, मौजूदा उपयोग की स्थिति और आसपास के क्षेत्र की जानकारियां ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में एक बार में ही ली जाएगीं। अनावश्यक औपचारिकताओं को हटाकर डिजिटल जांच की व्यवस्था की गई है, जिससे लेखपाल द्वारा बार-बार रिपोर्टिंग की जरूरत समाप्त हो जाएगी। विभाग ने आवेदन फॉर्म, आख्या रिपोर्ट्स और सर्टिफिकेट के सरल प्रारूप का परीक्षण पूरा कर लिया है।

ऑनलाइन पोर्टल, एसएमएस या व्हाट्सएप के माध्यम से भेजे जायेंगे नोटिस प्रक्रिया संबंधित सभी नोटिस अब पारंपरिक डाक के बजाय ऑनलाइन पोर्टल, एसएमएस या व्हाट्सएप के माध्यम से प्रेषित किए जाएंगे। जिससे आवेदक को तत्काल सूचना मिले सकेगी, साथ ही लेखपाल की आख्या की आवश्यकता को न्यूनतम किया जाएगा।

स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग से आवश्यक एपीआई एकीकरण किया जा रहा है, जो डेटा फ्लो को अधिक प्रभावी बनाएगा। प्रक्रिया के तहत नामांतरण प्रमाणपत्र और लैंड यूज चेंज सर्टिफिकेट कुछ ही दिनों में ऑनलाइन भी उपलब्ध हो सकेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में चल रही भू-प्रशासन में इस डिजिटल पहल से न केवल समय की बचत होगी बल्कि संपत्ति की खरीद बिक्री में होने वाले अपराध और भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगाई जा सकेगी। साथ ही लैंड यूज चेंज प्रक्रिया में सुधार और सरलीकरण से ग्रामीण क्षेत्रों में औद्योगिक निवेश में भी वृद्धि होगी, जिससे प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा।

# श्रीअन्न किसानों ने सरकारी खरीद को दी प्राथमिकता

- खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए पूरी हुई श्रीअन्न की खरीद
- योगी सरकार ने तोड़ा पिछला रिकॉर्ड, इस वर्ष हुई अधिक खरीद, किसानों को भुगतान भी अधिक किया गया

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** खरीफ विपणन वर्ष (2025-26) में श्रीअन्न के किसानों ने बाजार की बजाय सरकारी खरीद को प्राथमिकता दी। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष श्री अन्न (बाजरा, ज्वार व मक्का) की सरकारी खरीद अधिक रही। इसके एवज में किसानों को अधिक भुगतान भी किया गया। योगी सरकार की पारदर्शी नीतियों की बदौलत किसानों का झुकाव सरकारी खरीद पर अधिक रहा। इस वर्ष बाजरा की खरीद 2.13 लाख, ज्वार की 43,562 व मक्का की 12,208 मीट्रिक टन रही। पहली अक्टूबर से शुरू हुई श्रीअन्न की खरीद पूरी हो गई। बाजरा की खरीद 33, मक्का 25 व ज्वार की खरीद 11 जनपदों में हुई। ज्वार का न्यूनतम समर्थन मूल्य (मालदांडी) 3749, ज्वार (हाईब्रिड) 3699 रुपये, बाजरा का 2775 व मक्का का 2400 रुपये प्रति कुंतल न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया था।

**एक नजर में :** बाजरा (2025-26)- खरीद 33 जनपद में ही हुई
90513 किसानों ने पंजीकरण कराया, 54,253 किसानों से 2.13 लाख मीट्रिक टन खरीद, 598.04 करोड़ रुपये का किया गया भुगतान
**(2024-25)**
19,030 किसानों से 1.01 लाख मीट्रिक टन खरीद हुई थी
किसानों को किया गया था लगभग 268 करोड़ रुपये का भुगतान

**ज्वार :** (2025-26)- 11 जनपदों में हुई खरीद
20307 किसानों ने पंजीकरण कराया
13,454 किसानों से 43,562 मीट्रिक टन खरीद
162 करोड़ रुपये का किया गया भुगतान

**मक्का :** (2025-26)- 25 जनपदों में हुई खरीद
7106 किसानों ने पंजीकरण कराया
3445 किसानों से 13,209 मीट्रिक टन खरीद
31.96 करोड़ रुपये का किया गया भुगतान

**यह भी जानें**

**25 जनपदों में हुई मक्का खरीद :** मक्का खरीद 25 जनपदों (बदायूं, बुलंदशहर, हरदोई, उन्नाव, मैनपुरी, आगरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, एटा, कासगंज, हाथरस, कानपुर नगर-देहात, कन्नौज, औरैया, इटावा, बहराइच, गोंडा, बलिया, जौनपुर, फर्रुखाबाद, मीरजापुर, सोनभद्र, देवरिया व ललितपुर) में हुई।

**बाजरा खरीद वाले 33 जनपद:** बदायूं, बुलंदशहर, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी, अलीगढ़, कासगंज, हाथरस, एटा, बरेली, शाहजहांपुर, संभल, रामपुर, अमरोहा, कानपुर नगर-देहात, फरुर्खाबाद, औरैया, कन्नौज, इटावा, जालौन, हमीरपुर, चित्रकूट, गाजीपुर, जौनपुर, प्रयागराज, फतेहपुर, कौशांबी, मीरजापुर, बलिया, हरदोई व उन्नाव समेत 33 जनपदों में बाजरा खरीद हुई।

**11 जनपदों में चली ज्वार खरीद :** बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, कानपुर नगर-देहात, फतेहपुर, उन्नाव, हरदोई, मीरजापुर व जालौन में ज्वार की खरीद चल रही।

# 4000 ब्रेल पुस्तकों के साथ यूपी के पहले राज्य विवि में खुला ब्रेल पुस्तकालय

## 150 से अधिक पाठकों की क्षमता, लुई ब्रेल की जयंती पर दृष्टि दिव्यांगों को मिला शिक्षा का उपहार

**लखनऊ।** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में प्रदेश के पहले राज्य विश्वविद्यालय स्तरीय ब्रेल पुस्तकालय अनुभाग का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. संजय सिंह ने स्वामी विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय के प्रथम तल पर स्थापित इस अत्याधुनिक ब्रेल पुस्तकालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति द्वारा दृष्टि दिव्यांग विद्यार्थियों का हाथ पकड़कर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने दृष्टि दिव्यांग विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिए कि उन्हें आधुनिक कंप्यूटर प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि ब्रेल लिपि दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए शिक्षा का सशक्त माध्यम है, जो उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ती है।

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के राज्य




मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि ब्रेल पुस्तकालय में विश्वविद्यालय के ब्रेल प्रेस से प्रकाशित यूजी एवं पीजी स्तर के 54 पाठ्यक्रमों की एनईपी आधारित 4000 से अधिक शैक्षणिक ब्रेल पुस्तकें उपलब्ध हैं। यह प्रदेश का पहला ऐसा राज्य विश्वविद्यालय है, जहां इतनी बड़ी संख्या में ब्रेल पुस्तकों का सुव्यवस्थित पुस्तकालय अनुभाग विकसित किया गया है। पुस्तकालय में 150 से अधिक विद्यार्थियों के बैठकर अध्ययन करने की सुविधा वाला रीडिंग रूम भी तैयार किया गया है। प्रवक्ता एवं पुस्तकालय प्रभारी प्रो. यशवंत वीरोदय ने बताया कि इस वर्ष ब्रेल पुस्तकों की संख्या बढ़ाकर 10 हजार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यहां शैक्षणिक पुस्तकों के साथ-साथ नोवेल, नाटक, महापुरुषों की जीवनियां और साहित्यिक कृतियां भी उपलब्ध हैं।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सबको शिक्षा की भावना के अनुरूप यह पुस्तकालय केवल विश्वविद्यालय तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बाहरी दृष्टि दिव्यांग भी सदस्यता लेकर यहां अध्ययन कर सकेंगे। इसके लिए विशेष, आकस्मिक और कॉर्पोरेट सदस्यता की व्यवस्था की गई है। विशेष संदस्यता विद्वानों, शोधकताओं, शिक्षाविदों और अन्य लखनऊ के निवासियों को मिलेगी। इसके लिए सदस्यता फॉर्म के साथ दो आवासीय प्रमाण देने होंगे। पुनर्वास विवि के अतिथि प्रवक्ता, सेवानिवृत्त अध्यापक, कर्मचारी पुस्तकालय शुल्क जमा कर विशेष सदस्य हो सकेंगे। आकस्मिक सदस्यता एक बार में छह माह तक दी जा सकेगी। इसके तहत राशि का भुगतान कर पुस्तकालय संसाधनों का लाभ उठा सकते हैं।

अनियमित सदस्यों को कोई पुस्तक जारी नहीं की जाएगी। कॉर्पोरेट सदस्यता के लिए वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा कर लखनऊ का कोई भी संगठन पुस्तकालय का सदस्य बन सकेगा। इसके तहत संगठन छह पुस्तकालय टिकटों के हकदार होंगे। यह सुविधा संगठन अपने कार्यरत कर्मचारियों को देगा।

# यूपी में एमएसएमई, धार्मिक पर्यटन व हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश करेंगे कनाडा के उद्यमी

- कैनेडियन हिंदू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स से आये प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी से की मुलाकात
- प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप ट्रेड, टेक्नोलॉजी व टूरिज्म की दिशा में नये प्रयास बढ़ाने की आवश्यकता: मुख्यमंत्री
- मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को किया आश्वस्त, हरसंभव मदद करेगी उत्तर प्रदेश सरकार
- 2026 में कनाडा में तीन बार होगा इन्वेस्ट इंडिया, इन्वेस्ट कनाड्रा का आयोजन, दो आयोजन होंगे यूपी केंद्रित : चावड़ा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कैनेडियन हिंदू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल के सभी 24 सदस्यों का स्वागत किया। कैनेडियन हिंदू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के संस्थापक अध्यक्ष नरेश कुमार चावड़ा के नेतृत्व में आए प्रतिनिधि मंडल ने उत्तर प्रदेश के अंदर एमएसएमई, धार्मिक पर्यटन व हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश की इच्छा जताई। इस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदस्यों को अयोध्या में रामलला, काशी में काशी विश्वनाथ धाम तथा प्रयागराज के भ्रमण के लिए आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप ट्रेड, टेक्नोलॉजी व टूरिज्म की दिशा में नए प्रयास बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 8-9 वर्ष पहले त्योहारों पर बाजार चीन के उत्पादों से भरा रहता था, लेकिन हमने 2018 में परंपरागत उद्यम को एक जिला-एक उत्पाद के माध्यम से आगे बढ़ाया। इन उत्पादों को डिजाइन, तकनीक व प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया गया। इन्हें सितंबर के अंतिम सप्ताह में होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में शोकेस का भी अवसर देते हैं।

सीएम ने बताया कि आज यूपी के बाजार से चीन के उत्पाद गायब हो गए हैं। सरकार सभी 96 लाख एमएसएमई यूनिट को सपोर्ट कर रही है और सामाजिक सुरक्षा की गारंटी दे रही है। इनके जरिए ढाई करोड़ परिवार की आजीविका जुड़ी है। एक जिला-एक उत्पाद के माध्यम से ब्रांडिंग कराई गई है। अब इनके उत्पादों को बड़े मंचों पर उपहार स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। साथ ही यह दुनिया की सबसे तेज गति से उभरने वाली अर्थव्यवस्था भी है। यूपी अर्थव्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में शीर्ष तीन राज्यों में आता है। यहां देश की सबसे बड़ी आबादी निवास करती है।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को यूपी की नई गति से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि यूपी संभावनाओं का प्रदेश है। यहां सुरक्षा, सुव्यवस्था व निवेश की बेहतर स्थिति है। गत वर्ष हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इसमें से 15 लाख करोड़ रुपये की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी हो चुकी है। शेष पांच लाख करोड़ के प्रस्ताव फिर से जीबीसी के लिए तैयार हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि चैंबर्स के सदस्य यूपी में निवेश और तकनीक के साथ एफडीआई लाने में मदद कर सकते हैं। एफडीआई व फार्चून 500 कंपनियों के लिए यूपी में अलग पॉलिसी बनाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी भारत के विरासत से जुड़े स्थलों का प्रतिनिधित्व भी करता है। दुनिया का सबसे बड़ा सांस्कृतिक व आध्यात्मिक आयोजन महाकुम्भ पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश में संपन्न हुआ। इसमें 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। सीएम ने यूपी में पर्याप्त जल संसाधन व उर्वरा भूमि से भी अवगत कराया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यहां गत वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष ध्यान दिया गया है। एक्सप्रेसवे का 55 प्रतिशत नेटवर्क यूपी के पास है। यहां की कनेक्टिविटी काफी बेहतर हुई है। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे भी यहां है। यूपी के पास सबसे बड़ा रेल नेटवर्क, सर्वाधिक शहरों में मेट्रो, रैपिड रेल व पहला वाटरवे भी संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि यहां 11 घरेलू व 4 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट क्रियाशील हैं। एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट जेवर का शुभारंभ जल्द होने जा रहा है। यूपी संभावनाओं का प्रदेश है। नोएडा में फिल्म सिटी व अपैरल पार्क, लॉजिस्टिक हब विकसित किया जा रहा है। यूपी डेटा सेंटर का नया केंद्र बन रहा है। यूपी में चार डेटा सेंटर संचालित हैं, छह नए संचालित होने जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में साढ़े आठ वर्ष से अराजकता नहीं है। यहां कानून की सुदृढ़ व्यवस्था है। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में बनने जा रही एआई सिटी का भी जिक्र कर उद्यमियों को यहां की संभावनाओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों द्वारा उत्पादित खाद्यान्नों के एक्सपोर्ट के लिए कनाडा व अन्य देशों में योगदान दे सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुद्ध व जैन तीर्थंकर से जुड़े सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थल भी उत्तर प्रदेश में हैं। लिहाजा यहां टूरिज्म को विकसित करने में चैंबर्स के सदस्य बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। लोगों को इन स्थलों के बारे में जानकारी दे सकते हैं। उन्हें यह भी बता सकते हैं कि सुविधा की दृष्टि से कब-कब इन स्थलों पर जाना चाहिए। यूपी के सभी तीर्थस्थलों तक पहुंचने के लिए एयर, रोड कनेक्टिविटी बहुत अच्छी है।

### 50 बेड का हॉस्पिटल खोलेंगे चैंबर्स के सदस्य, बच्चों को यूपी के धार्मिक स्थलों का करायेंगे भ्रमण

कैनेडियन हिंदू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के संस्थापक अध्यक्ष व चेयरमैन बोर्ड ऑफ ट्रस्टी नरेश कुमार चावड़ा ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। उन्होंने बताया कि कनाडा में प्रत्येक वर्ष इन्वेस्ट इंडिया-इन्वेस्ट कनाडा का आयोजन किया जाता है, लेकिन इस वर्ष 2026 में यह आयोजन तीन बार किया जाएगा। इसमें से दो आयोजन यूपी केंद्रित होंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि एमएसएमई, धार्मिक पर्यटन व हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में उनकी टीम यूपी में कार्य करेगी। जुलाई-अगस्त व दिसंबर- जनवरी में प्रवासी भारतीयों के उन बच्चों को, जिनका जन्म कनाडा में हुआ है, उन्हें यूपी लाकर धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराएंगे। साथ ही यूपी में 50 बेड का हॉस्पिटल व सीनियर सिटिजन होम्स की भी स्थापना करेंगे।

# प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को उच्च पदों पर दे रही सीधी तैनाती : ब्रजेश पाठक

- 72वीं सीनियर नेशनल वालीबॉल चैंपियनशिप के शुभारंभ अवसर पर बोले उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

विशेष संवाददाता (vol)

**वाराणसी।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने 72वीं सीनियर नेशनल वालीबॉल चैंपियनशिप के शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों में नई ऊर्जा का संचार किया है। जिस देश में खिलाड़ी आगे होते हैं, वह देश सर्वोच्च शिखर की तरफ अग्रसर होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि मैदान में खेल भावना से खेलना चाहिए, क्योंकि मैदान में उतरने वाला हर खिलाड़ी जीतता है और मैदान के बाहर गले मिलकर नई चुनौतियों के लिए फिर तैयार हो जाता है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 के बाद देश में खेलों के विकास के लिए पीएम मोदी ने नई गंगा बहाई। सभी खेलों का कई गुना बजट बढ़ाया गया। पहले खेल में सिर्फ औपचारिकता होती थी। उप मुख्यमंत्री ने केंद्र-प्रदेश में विकास की योजनाओं का भी जिक्र किया और कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा, बोले- कांग्रेस सरकार में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में भी भ्रष्टाचार का दाग लगा। अब पीएम मोदी खिलाड़ियों में जज्बा भरते हैं। ओलंपिक, कॉमनवेल्थ, एशियन गेम्स या किसी बड़ी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने और लौटकर आने वाले खिलाड़ियों से पीएम मोदी बात करते हैं और दुनिया को संदेश देते हैं कि यह खिलाड़ी हमारे परिवार के सदस्य हैं।

पाठक ने कहा कि प्रदेश सरकार में भी खेल के बजट को कई गुना बढ़ाई गई। मेरठ में मेजर ध्यान चंद के नाम पर विश्वविद्यालय बनाया गया। प्रदेश सरकार द्वारा उच्च पदों पर खिलाड़ियों को सीधी तैनाती भी दी जा रही है। पूरी दुनिया में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रतियोगिता के विजयी खिलाड़ियों के चयन से ही देश की टीम बनेगी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत माता का परचम फहराएगी।

## संक्षेप

### युवती का अपहरण चार के खिलाफ केस

**प्रतापगढ़।** युवती के अपहरण को लेकर लालगंज पुलिस ने दो नामजद तथा दो अज्ञात आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के जलेशरगंज निवासी मो0 सुबराती के पुत्र गुलाम मुर्सलीन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती इक्तीस दिसंबर को शाम सात बजे उसकी अठारह वर्षीया बेटी शौच के लिए गयी थी। घर वापस न आने पर परिजन परेशान हो उठे। तीन जनवरी को परिजनो को पता चला कि युवती को गांव के ही आरोपी सरवर अली पुत्र अब्दुल खालिक व जमन अंसारी पुत्र मुन्ना अंसारी दो अज्ञात आरोपियो के साथ जबरिया भगा ले गये। पीड़ित ने बेटी के साथ अप्रिय वारदात की भी आशंका जतायी है। तहरीर के आधार पर सरवर समेत चार के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है।

### मारपीट व गाली गलौज को लेकर चार के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। रंजिशन मारपीट को लेकर लीलापुर पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के देवली निवासी गुलहसन की पत्नी नसरीन बेगम ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दो जनवरी को दोपहर करीब सवा बजे उसका बेटा अदनान खॉन बरिस्ता मस्जिद से नमाज पढ़कर घर लौट रहा था। रास्ते में रंजिशन बरिस्ता गांव के जियाउल खान, इरफान खान व इंजमामुल खान पुत्रगण खलील अहमद तथा मो0 कैश पुत्र इमरान उसे गाली देने लगे। मना करने पर आरोपियो ने उसके बेटे के साथ मारपीट की। आरोपी पुलिस में शिकायत करने पर परिजनों को जानलेवा धमकी दे रहे हैं। तहरीर के आधार पर लीलापुर पुलिस ने जियाउल समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### रोमांचक मुकाबले में आशीष इलेवेन को मैच में मिली जीत

प्रतापगढ़। नगर पंचायत के अझारा वार्ड में अझारा क्रिकेट टूनार्मेंट में रविवार को चौथे दिन आशीष इलेवेन का स्टार स्पोर्टिंग क्लब के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। इसमें आशीष इलेवेन को विजेता का खिताब मिला। आशीष इलेवेन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। दस ओवर में आशीष इलेवेन ने सौ रन का स्कोर खड़ा किया। कड़े मुकाबले में स्टार स्पोर्टिग क्लब दस ओवरों में निन्यानवे रन बना सकी। मात्र एक रनों से आशीष इलेवेन ने मैच जीत लिया। स्टार स्पोर्टिग क्लब के बल्लेबाज रोशन सिंह को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन आफ द मैच घोषित किया गया। अम्पायर की भूमिका में गिरिजाकांत द्विवेदी व श्रीश पाण्डेय को सराहा गया। स्कोरर ललित मलिंगा व कमेंटेज्टर मनोज मिश्र व रवि मिश्र रहे। टूनार्मेंट के आयोजक धर्मलाल, श्रीश पाण्डेय, अजय मिश्र व विद्याशंकर मिश्र ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया। इस मौके पर दीपेन्द्र तिवारी, आशीष, गणेश मिश्र, राजू पाण्डेय, अश्विनी पाण्डेय, राज सिंह, अभय दुबे आदि रहे।

# भव्यतम होगा सिद्धार्थनगर महोत्सव

## 28 से 1 फरवरी तक चलेगा महोत्सव

- गोविंदा, पवन सिंह और बी प्रॉक देंगे प्रस्तुति

जिला संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले की सांस्कृतिक पहचान बन चुका सिद्धार्थनगर महोत्सव इस बार पहले से कहीं अधिक भव्य और आकर्षक रूप में आयोजित होने जा रहा है। बीएसए ग्राउंड में 28 जनवरी से 1 फरवरी तक चलने वाले इस पांच दिवसीय महोत्सव में भक्ति, लोकसंस्कृति, भोजपुरी और बॉलीवुड का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

देश के चर्चित कलाकारों की प्रस्तुतियां महोत्सव को यादगार बनाने का काम करेंगी। महोत्सव की शुरूआत भक्ति और अध्यात्म के माहौल के साथ होगी। सुप्रसिद्ध भजन गायिका स्वाति मिश्रा अपनी भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति कराएंगी। भजन के बाद भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार पवन सिंह अपने लोकप्रिय गीतों से दर्शकों में जोश और उत्साह भरेंगे। बॉलीवुड के चर्चित गायक बी प्राक की दर्दभरी और सुरमयी आवाज दर्शकों को भावनाओं की दुनिया में ले जाएगी।महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा की प्रस्तुति होगी, जिनके स्टेज पर उतरते ही दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिलेगा। जिला सृजन के बाद से लगातार आयोजित हो रहे



महोत्सव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। महोत्सव समिति के अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मंच, ध्वनि और प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है।सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ महोत्सव में भव्य प्रदर्शनी और मेला भी आयोजित किया जाएगा। इसमें सरकारी योजनाओं की जानकारी, स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद, हस्तशिल्प, खानपान स्टॉल और मनोरंजन के साधन आकर्षण का केंद्र रहेंगे। स्थानीय कलाकारों और सांस्कृतिक दलों को भी मंच देने की योजना है, जिससे क्षेत्रीय कला और संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी महोत्सव में हजारों दर्शकों के पहुंचने की संभावना है। ठंड के मौसम को देखते हुए भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और आपात सेवाओं के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।महोत्सव स्थल और आसपास पर्याप्त पुलिस बल, सीसीटीवी निगरानी और मजबूत यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। सिद्धार्थनगर महोत्सव 2026 न केवल मनोरंजन का मंच बनेगा, बल्कि यह जिले की संस्कृति, एकता और सामाजिक समरसता को भी दर्शाएगा।प्रशासन और महोत्सव समिति का दावा है कि इस बार का आयोजन पिछले वर्षों की तुलना में अधिक भव्य, सुरक्षित और यादगार होगा।

# डबल चोरी और फायरिंग से दहला सिकहारा

## गोली का खोखा बरामद, दो घरों से 10 लाख की चोरी

सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज थाना क्षेत्र के सिकहरा कोहड़ा गांव में शनिवार देर रात बदमाशों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया। चार हथियारबंद चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए करीब 10 लाख रुपए के जेवरात व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरी के दौरान बदमाशों ने ग्रामीणों पर फायरिंग भी की, जिससे पूरे गांव में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार, बदमाशों ने सबसे पहले किसलावती के घर में सेंध लगाई।

यहां से किसलावती और उनकी बहू के करीब 5 लाख रुपये मूल्य के जेवरात–झाला, टीका, हुमका, चेन और दो जोड़ी पायल चोरी कर लिए। इसके बाद बदमाशों ने बगल में स्थित मोहम्मद शकील के घर को निशाना बनाया, जहां से हार, अंगूठी, झाला सहित अन्य कीमती जेवरात और 15 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। मोहम्मद शकील के अनुसार, जब बदमाश दीवार कूदकर भाग रहे थे, तभी आहट मिलने पर उन्होंने शोर मचाया। ग्रामीणों ने चोरों का पीछा किया, लेकिन इसी दौरान बदमाशों ने पीछे मुड़कर फायरिंग कर दी। गोली चलने से गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाकर घरों में दुबक गए। फायरिंग का फायदा उठाकर बदमाश अंधेरे में फरार हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से गोली का एक खोखा बरामद किया है। सीओ डुमरियागंज ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आसपास के इलाकों में पूछताछ की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं।

इस घटना से पहले भी जिले में चोरी की कई बड़ी वारदातें सामने आ चुकी हैं। 20 दिसंबर को डुमरियागंज में नगर पंचायत अध्यक्ष के आवास से करीब 15 लाख रुपये की चोरी, घटना सीसीटीवी में कैद। 22 दिसंबर को मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के बढ़या चौराहे पर इंडिया वन एटीएम तोड़कर नकदी चोरी। 23 दिसंबरः इटवा थाना क्षेत्र के शाहपुर बाजार में ज्वैलरी और मोबाइल दुकानों में चोरी, सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध। सीसीटीवी फुटेज होने के बावजूद इन मामलों में अब तक कोई बड़ा खुलासा नहीं हो सका है। लगातार हो रही चोरी और अब फायरिंग की घटना से ग्रामीणों और व्यापारियों में भय व नाराजगी है। लोगों का कहना है कि रात में पुलिस गश्त कमजोर है, जिसका फायदा उठाकर बदमाश बेखौफ वारदात कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस जांच जारी होने की बात कह रही है।

# बिरसा मुंडा चैंपियनशिप का भव्य समापन



श्रावस्ती। जनपद के सिरसिया विकासखंड अंतर्गत कटकुईया कला स्थित महानायक भगवान बिरसा मुंडा चैंपियनशिप स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित बालक-बालिका वर्ग की खेल प्रतियोगिताओं का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह अत्यंत गरिमामय, उत्साहपूर्ण और भव्य वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में खो-खो, बॉलीवाल, एथलेटिक्स एवं कबड्डी जैसी प्रतिस्पधाओं में बच्चों ने अनुशासन, समर्पण और कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं अध्यक्ष जिला पंचायत श्रावस्ती दद्दन मिश्रा ने विजेता एवं उपविजेता टीमों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को मेडल व ट्रॉफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि चरित्र, नेतृत्व और आत्मविश्वास के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ग्रामीण अंचल के बच्चों में छिपी प्रतिभा को मंच देना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। विशिष्ट अतिथियों में मंडल अध्यक्ष सिरसिया श्रवण कुमार वर्मा, ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार, अभिभावक समान घनश्याम पाठक, महामंत्री प्रिय राजकुमार यादव तथा नि० अध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अतिथियों ने आयोजन समिति के संगठनात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे आयोजनों को और अधिक सुदृढ़ करने का आह्वान किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना, खेलभावना, एकता और परिश्रम स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। ग्रामवासियों, अभिभावकों एवं बच्चों की बड़ी संख्या में सहभागिता से कार्यक्रम सफल, प्रेरणादायी और स्मरणीय बन गया। समापन अवसर पर आयोजकों ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए अगले सत्र में और अधिक उत्कृष्ट आयोजन का संकल्प लिया।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत हुअर बहू-बेटी सम्मेलन शुरू



श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत जनपद श्रावस्ती में बहू-बेटी सम्मेलन का प्रभावी आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक/नोडल अधिकारी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन मुकेश चंद्र उत्तम के पर्यवेक्षण में यह अभियान जनसंवेदनशील एवं व्यापक रूप से संचालित हुआ। दिनांक 04 जनवरी 2026 (प्रथम रविवार) को जनपद के 09 विभिन्न स्थानों पर आयोजित सम्मेलनों के माध्यम से लगभग 1200 महिलाओं एवं बालिकाओं को एक मंच से जोड़ा गया। सम्मेलन में महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों, महिला सुरक्षा कानूनों, आत्मनिर्भरता, सामाजिक कुरीतियों से बचाव, साइबर सुरक्षा तथा सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। सम्मेलनों के दौरान मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष सहित अन्य योजनाओं के प्रति महिलाओं को जागरूक किया गया। साथ ही 1090, 181, 112, 1098 एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की उपयोगिता समझाई गई। मिशन शक्ति टीमों ने महिलाओं से निर्भीक होकर अपनी समस्याएं साझा करने, कानून पर विश्वास रखने तथा आपात स्थिति में तुरंत सहायता लेने का आह्वान किया। श्रावस्ती पुलिस द्वारा यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम मानी जा रही है।

# प्लास्टिक मुक्त अभियान का शुभारंभ



बांसी सिद्धार्थनगर। जिले के सीओ सर्किल बांसी की क्षेत्राधिकारी रोहिनी यादव के नेतृत्व में कोतवाल बांसी मृत्युंजय पाठक ने भारी संख्या में पुलिस जवानों के साथ प्लास्टिक सफाई अभियान के तहत गत रविवार कोतवाली पुलिस ने आजाद पार्क सहित सार्वजनिक स्थलों की साफसफाई किया। क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिनी यादव ने उक्त अभियान के तहत प्र0नि0 मृत्युंजय पाठक मैं फोर्स के जवानों के साथ शीतल गंज स्थित आजाद पार्क, कोतवाली परिसर की कोतवाली पुलिस टीम व रिक्रूट आरक्षियों ने पूर्ण निष्ठा के साथ साफ सफाई किया गया, सीओ बांसी की अगुवाई में तेजी दिखाते हुए क्रियाशील को 0 मृत्युंजय पाठक के साथ पुलिस कर्मियों ने बेहत उत्कृष्ट सफाई कार्य का प्रदर्शन करते हुए पुलिस कर्मियों ने सफाई स्वच्छता अभियान की सार्थकता धरातल पर बिना रूके अपनी कार्य क्षमता का मिशाल प्रस्तुत किया गया। प्लास्टिक सफाई अभियान में एस 0 आई 0स्वामीनाथ भास्कर, एस आई संजय सिंह, एस आई जगदीश सिंह, एस आई बलराम धर दुबे, छोटे लाल यादव, हेड कांस्टेबल ददन कुमार यादव, राम प्रकाश, मनीष कुमार, बीरबल यादव, कांस्टेबल घनश्याम सिंह, सुनील कुमार निषाद, आशुतोष यादव, मनोज यादव, हेमंत कुमार, संतोष सोनकर, अशोक यादव, महिला कांस्टेबल अंजू वर्मा, कीर्ति सिंह आदि शामिल रहे।

# प्लास्टिक मुक्त अभियान में जुटी श्रावस्ती पुलिस

**श्रावस्ती।** अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन, गोरखपुर मुथा अशोक जैन के निदेर्शों के अनुपालन में जनपद श्रावस्ती पुलिस द्वारा प्लास्टिक सफाई अभियान सतत रूप से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य नववर्ष 2026 को प्लास्टिक मुक्त बनाना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनसामान्य में जागरूकता का विस्तार करना है। इसी क्रम में आज प्रातः 07:00 बजे पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के नेतृत्व में जिला अस्पताल भिनगा परिसर में स्वच्छता एवं प्लास्टिक सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम, क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी लाइन आलोक कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी इकौना भरत पासवान सहित पुलिस कर्मचारीगण तथा पुलिस लाइन भिनगा में प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों ने सक्रिय सहभागिता की।




अभियान के दौरान अस्पताल परिसर में फैले प्लास्टिक कचरे, बोतलों एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्र कर उनका सुरक्षित निस्तारण किया गया, जिससे परिसर की स्वच्छता और व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य दोनों के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग कानून-व्यवस्था के साथ-साथ सामाजिक एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए भी सजग और प्रतिबद्ध है।

प्लास्टिक सफाई अभियान के अंतर्गत थाना नवीन मॉडर्न श्रावस्ती क्षेत्र के जेतवन पार्क, थाना कोतवाली भिनगा के थाना परिसर व पार्कों, थाना सिरसिया क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर सहित अन्य थाना क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थलों पर भी स्वच्छता अभियान निरंतर जारी है।

जनपद श्रावस्ती पुलिस द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ समाज की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# पुलिस ने चलाया प्लास्टिक सफाई अभियान



सिद्धार्थनगर। एसएसपी डा0 अभिषेक महाजन के नेतृत्व में पुलिस ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्लास्टिक सफाई अभियान चलाया गया व लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया गया। उक्त अभियान में एसएसपी डा0 अभिषेक के साथ एडीसन एसपी प्रशान्त कुमार प्रसाद भी मौजूद रहे, इस दौरान पुलिसकर्मियों ने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों से प्लास्टिक कचरा एकत्र किया और आम जनता को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ 0 अभिषेक के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में जिले के सभी थानों और चौकियों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। उन्होंने थानों, चौकियों के आसपास, पार्कों, चौराहों और सड़कों से प्लास्टिक कचरा इकट्ठा किया और उसे सुरक्षित स्थानों पर निस्तारित किया। अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों ने सड़क किनारे, पार्कों और बाजारों में श्रमदान किया। कई नागरिकों, बच्चों और दुकानदारों ने भी झाडू और डस्टबिन लेकर सफाई कार्य में सहयोग दिया। पुलिसकर्मियों ने लोगों से प्लास्टिक कचरे के पर्यावरणीय नुकसान और उसके उचित निपटान के महत्व पर चर्चा की। इस अभियान का उद्देश्य केवल सफाई करना नहीं था, बल्कि आमजन को यह संदेश देना था कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी छोटी-छोटी कोशिशों से प्लास्टिक कचरा कम कर सकता है और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रख सकता है। पुलिस अधिकारी और कर्मचारी स्वयं भी पूरे दिन श्रमदान में जुटे रहे। अभियान के समापन पर शहर और ग्रामीण इलाकों के पार्क, चौराहे और सार्वजनिक स्थल साफ-सुथरे दिखाई दिए। लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और कई नागरिकों ने भविष्य में नियमित रूप से सफाई में भाग लेने का आश्वासन दिया। पुलिस ने बताया कि भविष्य में ऐसे अभियान समय-समय पर चलाए जाएंगे।

# भारत व पाक के बीच तनाव को लेकर चीन की मध्यस्थता अस्वीकार्य : प्रमोद तिवारी

## विपक्ष के उपनेता ने बांग्लादेश में हिन्दू व्यापारी की हत्या की घटना को बताया भयावह हालात

जिला संवाददाता

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने पड़ोसी देश बांग्लादेश में पेट्रोल डालकर जलाए गए हिन्दू व्यापारी खोकनचंद्र दास की वीभत्स हत्या को वहां अल्पसंख्यको के लिए भयावह हालात करार दिया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि इसके पहले वहां दीपूचंद्र दास की भी बेरहमी से हत्या कर दी गयी थी। उन्होने कहा कि केंद्र सरकार को फौरन बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रही हिंसा को रोकने के लिए कठोर कूटनीतिक प्रयास शुरू करना चाहिए। उन्होने कहा कि विदेश नीति में अपरिपक्वता तथा लचर होने के कारण पड़ोसी देशों में भी नीतिगत समन्वय का अभाव उत्पन्न हो गया है। वहीं उन्होने प्रदेश के बुलन्दशहर जिले में मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना को



भाजपा राज में कानून और व्यवस्था के लिए शर्मनाक कहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि दिल दहला देने वाली यह घटना भाजपा के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारे को भी लज्जाजनक चुनौती दे गयी है। रविवार को यहां कैम्प कार्यालय पर मीडिया से रूबरू सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा चुनौतीपूर्ण मुददों से जनता का ध्यान हटाने के लिए एसआईआर का शोर मचा रही है। उन्होने कहा कि एसआईआर में पश्चिम बंगाल में गहन पुनरीक्षण के तहत गलत तरीके से नाम जोड़ने वाले पांच अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होना इस अभियान की ताजा पोल खोल गया है। उन्होने कहा कि विशेष पुनरीक्षण अभियान के नाम पर भाजपा और आयोग की मिलीभगत से लोगों के मतदान के अधिकार पर खुला डांका डाला जा रहा है। वही उन्होने आपरेशन सिन्दूर को लेकर चीन द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की मध्यस्थता के दावे पर भी मोदी सरकार को आडे हाथों लिया। उन्होने कहा कि अरूणांचल प्रदेश की भारतीय महिला के साथ चीनी सरकार ने अवांछित तथा अमानवीय कदम उठाया। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि पाकिस्तान रोज यह दावा जता रहा है कि आपरेशन सिन्दूर के दौरान चीनी नेतृत्व लगातार पाकिस्तान के संपर्क में था। उन्होने कहा कि इसके बावजूद चीन की मध्यस्थता का राग अलापना देश की विदेश नीति के ढुलमुल होने का नतीजा है। उन्होने अमेरिका के द्वारा वेनेजुएला पर हमले की कार्रवाई को दुनिया में युद्ध के ताजा माहौल के लिए और खतरनाक कदम कहा है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि वेनेजुएला में आंतरिक सैन्य हस्तक्षेप कर अमेरिका ने सभी अर्न्तराष्ट्रीय नियमों की खुली धज्जियां उड़ाई है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि अमेरिका ने टैरिफ बढ़ोत्तरी तथा एच-वन वीजा के जरिए भारतीय हितों पर भी गहरी चोट पहुंचायी है। उन्होने कहा कि इसके बावजूद मोदी सरकार अर्न्तराष्ट्रीय क्षेत्र में देश की गुटनिरपेक्ष आंदोलन से जुडी नीतियों का पालन करने में हिचकिचा रही है। इसके पहले सांसद प्रमोद तिवारी ने बाबा घुइसरनाथ धाम में मत्था टेका। यहां उन्होने माघ मेले को देखते हुए बाबा धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर कार्यकताओं को निर्देश दिये। उन्होने शीतलमऊ वार्ड में पहुंचकर हाल ही में बलदेव सिंह की धर्मपत्नी के आकस्मिक निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना जतायी। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, दीपू मिश्र, धर्मराज गौतम, अरूण तिवारी आदि रहे।

# दिगंबर जैन मंदिर में हुआ भव्य जलाभिषेक

जिला संवाददाता

**कटरा श्रावस्ती।** दिगंबर जैन मंदिर श्रावस्ती में आचार्य वसुनंदी मुनिराज की पावन अध्यक्षता में भव्य जलाभिषेक समारोह का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, आस्था और भक्ति के वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस दिव्य आयोजन में गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली, बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तरांचल, जयपुर (राजस्थान) सहित विभिन्न प्रांतों से आए जैन धर्मावलंबियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। संपूर्ण परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा, शांति और अनुशासन से अनुप्राणित दिखाई दिया।

प्रवचन के दौरान आचार्य वसुनंदी मुनिराज ने श्रावस्ती की पुण्यभूमि का स्मरण करते हुए कहा कि यह धरती पवित्र, ऐतिहासिक और मोक्षमार्ग की साक्षी रही है, क्योंकि भगवान संभव नाथ का जन्म यहीं हुआ था। उन्होंने




इस भूमि को सत्झसत नमन करते हुए आचार के महत्व पर गहन प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मुक्ति महल में प्रवेश का मुख्य द्वार आचार है। सभी मानवों में ज्ञानी मानव श्रेष्ठ होता है और सभी ज्ञानियों में आचारवान श्रमण सर्वोच्च स्थान रखता है। विचार की जन्मभूमि आचार है तथा राष्ट्र, समाज और व्यक्ति की सर्वांगीण उन्नति का मूल आधार सदाचार है। सदाचार ऐसा सार्वभौमिक तत्व है जिसे देश और काल की सीमाओं में नहीं बांधा जा सकता। दिगंबर जैन मंदिर श्रावस्ती के अध्यक्ष संजीव कुमार जैन ने आचार्य मुनिराज के चरणों में नमन करते हुए उन्हें युगपुरुष, युगद्दष्टा और श्रवण परंपरा का उज्ज्वल नक्षत्र बताया, जो सदैव धरा को प्रकाशित कर रहे हैं। सभा को राजेंद्र जैन (जयपुर) तथा महेंद्र जैन ने भी संबोधित कर आयोजन की गरिमा बढ़ाई। आचार्य मुनिराज ने फिरोजाबाद संघ, श्रावस्ती संघ एवं विभिन्न महिला मंडलों को आशीर्वाद प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राहुल जैन, पवन जैन नेपाल सुनील जैन, सुरेंद्र जैन, अध्यक्ष संजीव जैन, प्रबंधक रवि शर्मा, गौरव जैन, पिंटू जैन, स्वरूप चंद जैन सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। यह आयोजन श्रद्धा, तप, त्याग, संयम, साधना, विवेक, वैराग्य, करुणा, सहिष्णुता, समता, सद्भाव, शुचिता, पवित्रता, मयार्दा, अनुशासन, उदात्तता, गरिमा, दिव्यता, आलोक, चेतना, प्रेरणा, उत्कृष्टता, आत्मानुशासन, आध्यात्मिकता, नैतिकता, सार्वभौमिकता, कल्याण, मंगल, शांति और सदाचार का जीवंत प्रतीक बना।

# गौशाला में गौवंश संरक्षण के सरकारी दावे फेल

## अपनी दुर्दशा पर तड़पती गौमाता, जांच के आदेश

जिला संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** उ0प्र0में गौवंश संरक्षण को लेकर सरकार के बड़े-बड़े दावों की जमीनी हकीकत सिद्धार्थनगर जिले के विकास खंड जोगिया के ग्राम खेतवल मिश्र स्थित गौशाला में पूरी तरह उजागर हो गई।

प्राप्त खबर व पड़ताल में सामने आई तस्वीर न सिर्फ दिल दहला देने वाली हैं, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था की घोर विफलता और लापरवाही का जीवंत सबूत भी हैं !गौशाला के बाहर पहुंचते ही जो दृश्य सामने आया, वह खुद में कई सवाल खड़े करता है। मुख्य द्वार पर ताला लटका हुआ था। यानी जिन बेसहारा गायों की सुरक्षा और देखभाल के लिए यह गौशाला बनाई गई, वे अंदर बंद होकर तड़प रही थीं। मौके पर न कोई कर्मचारी मौजूद था, न चौकीदार और न ही कोई जिम्मेदार अधिकारी। यह साफ संकेत था कि गौशाला की पूरी व्यवस्था भगवान भरोसे छोड़ दी गई है। डीएम ने एक्शन लेते हुए रात में पशु चिकित्सा अधिकारी सहित कई अधिकारियों को भेजा। चारा की भी व्यवस्था की गई, साथ ही घायल गायों का इलाज भी किया गया।

स्पष्ट था कि इन गायों को कई दिनों से न चारा मिला था, न पानी और न ही कोई पशु चिकित्सा सुविधा। सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया कि पूरी गौशाला में चारे का एक तिनका तक मौजूद नहीं था। न सूखा भूसा, न हरा चारा और न ही पीने के पानी की कोई समुचित व्यवस्था। जिन गौशालाओं के संचालन और रखरखाव के लिए सरकार हर साल नियमित बजट जारी करती है, वहां यह सवाल खुद-ब-खुद खड़ा हो गया– आखिर वह पैसा जा कहां रहा है? इस पूरे प्रकरण में वित्तीय अनियमितताओं की आशंका भी गहराती जा रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गौवंश संरक्षण को लेकर सख्त नीति और स्पष्ट निदेर्शों के लिए जाने जाते हैं। निराश्रित गौवंश के संरक्षण के लिए विशेष योजनाएं लागू की गईं, व गौशालाओं के लिए करोड़ों रुपये स्वीकृत किए गए तथा अधिकारियों को साफ निर्देश दिए गए कि गौमाता की उपेक्षा किसी भी हाल में न होने पाएं। लेकिन खेतवल मिश्र की यह गौशाला बयां करती है कि मुख्यमंत्री के आदेश यहां सिर्फ फाइलों तक सीमिट कर रह गए हैं। इस पूरे मामले में सबसे गंभीर सवाल खंड विकास अधिकारी की भूमिका को लेकर खड़े हो रहे हैं। गौशालाओं का नियमित निरीक्षण, चारा आपूर्ति, पशु चिकित्सा व्यवस्था और कर्मचारियों की तैनाती सीधे तौर पर बीडीओ की जिम्मेदारी होती है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब तक मीडिया ने मौके पर पहुंचकर सच्चाई उजागर नहीं की, तब तक जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे रहे। यह चुप्पी भी उतनी ही दोषपूर्ण मानी जा रही है, जितनी प्रत्यक्ष लापरवाही। मामले के सामने आने के बाद जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। डीएम ने मिडिया से कहा है कि मामले की विस्तृत जांच कराई जाएगी और जो भी अधिकारी या कर्मचारी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही गौशाला की स्थिति में तत्काल सुधार, घायल गायों के इलाज और चारा-पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का आगमन आज, होगा ऐतिहासिक स्वागत

## डेढ़ साल बाद गोरखनाथ मंदिर आयेंगे पंकज चौधरी, 80 जगहों पर होगा भव्य स्वागत

जिला संवाददाता

**गोरखपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी पहली बार 5 जनवरी, सोमवार को गोरखपुर पहुंचेंगे। गोरखपुर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ता उनके भव्य व ऐतिहासिक स्वागत के तैयारी में जुटे हुए है। वह डेढ़ साल बाद गोरखनाथ मंदिर जाएंगे।इससे पहले पंकज केंद्र में दूसरी बार मंत्री बनने के बाद 6 जुलाई 2024 को गोरखनाथ मंदिर गए थे और गुरु गोरखनाथ का दर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी।प्रदेश अध्यक्ष दोपहर बाद गोरखनाथ मंदिर जाएंगे और वहां दर्शन-पूजन करेंगे। उस दौरान मुख्यमंत्री गोरखपुर में मौजूद नहीं रहेंगे। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी व महानगर संयोजक राजेश गुप्ता के नेतृत्व में स्वागत की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। शहर में होर्डिंग, बैनर लगा दिए गए हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष का यह दौरा तीन दिनों का है और उस दौरान 80 स्थानों पर उनका स्वागत किया जाएगा। गोरखपुर जिला व महानगर में 42 स्थानों पर स्वागत की तैयारी है। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्रीय कार्यालय पर लगभग 286 मंडल अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत करेंगे। उसके बाद क्षेत्रीय टीम, जिला एवं महानगर टीम के साथ बैठक की जाएगी। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी सोमवार की सुबह 11 बजे गोरखनाथ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया जाएगा। वहां से निकलकर नंदानगर, गौतम गुरुंग चौराहा होते हुए मोहद्दीपुर गुरुद्वारा पहुंचेंगे। वहां गुरु गोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव के अवसर पर चल रहे कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद मोहद्दीपुर से विश्वविद्यालय चौराहा पहुंचेंगे। वहां से दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर आएंगे।प्रशासनिक भवन में स्थापित पं. दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे।इसके बाद छात्रसंघ चौराहे पर स्वामी विवेकानंद, पैडलेगंज चौराहे पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की मूर्ति पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद नौका विहार चौराहा, चिड़ियाघर, सिक्टौर चौराहा होते हुए भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचेंगे। वहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद क्षेत्रीय कार्यसमिति की बैठक में शामिल होंगे।

भाजपा कार्यालय से निकलकर प्रदेश अध्यक्ष सिक्टौर चौराहा, भगत चौराहा, देवरिया बाईपास तिराहा, पैडलेगंज चौराहा, मोहद्दीपुर चौराहा, विश्वविद्यालय चौराहा होते हुए रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। वहां महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद यातायात तिराहा, विश्वकर्मा मंदिर, तरंग क्रासिंग होते हुए झूलेलाल मंदिर होते हुए गोरखनाथ मंदिर पहुंचेंगे। वहां दर्शन-पूजन करेंगे। इसके बाद बरगदवा रोड पर रिगालिया रिजार्ट होते हुए आरएसएस के कार्यालय माधवधाम पहुंचेंगे वहां से वापसी में गोरखनाथ होते हुए मानसरोवर मंदिर, सूरजकुंड ओवरब्रिज, तिवारीपुर थाना, इलाहीबाग, हर्बर्ट बांध, लालडिग्गी, गीता प्रेस मोड होते हुए अपने आवास जाएंगे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का होगा भव्य स्वागत



चरगांवा, गोरखपुर। भारतीय जनता पार्टी के नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का पिपराईच विधानसभा क्षेत्र मे आगमन पर स्वागत की तैयारी को लेकर रविवार को भाजपा चरगांवा एव परमेश्वरपुर मंडल इकाई की संयुक्त बैठक ब्लाक सभागार में हुई। जहां प्रदेश अध्यक्ष के भव्य स्वागत की रणनीति बनाई गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी व पिपराइच विधायक महेंद्रपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं से स्वागत कार्यक्रम को भव्य बनाने की अपील किया। बैठक में ब्लॉक प्रमुख श्रीमती वंदना सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना, जिला मंत्री नरेंद्र सिंह व रामानन्द यादव, परमेश्वरपुर रामनरेश निषाद, अनिल चौहान, संजीव पासवान, दयाशंकर मिश्र, वरिष्ठ भाजपा नेता लालजी गुप्ता, चन्द्र भूषण मिश्र, पार्षद प्रतिनिधि संतगुलाब यादव, रामभोग सिंह, अखंड सिंह व पिंटू सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का गगहा में भव्य स्वागत की तैयारी



मझगांवा, गोरखपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का गगहा क्षेत्र में पहला दौरा 7 जनवरी को होने जा रहा है, जिसके लिए कार्यकताओं ने भव्य स्वागत की तैयारी शुरू कर दी है। एक महत्वपूर्ण बैठक में ब्लॉक प्रमुख व प्रमुख संघ अध्यक्ष शिवाजी चंद, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री विभ्राट चंद कौशिक, जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, जिला कार्य समिति सदस्य संतोष चंद कौशिक, मंडल अध्यक्ष अजीत वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष चंद और मंडल के कार्यकताओं ने भाग लिया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए विभिन्न चौराहों पर तैयारी करने का निर्णय लिया गया। कार्यकताओं ने कहा कि पंकज चौधरी का यह दौरा गगहा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, और वे उनका भव्य स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं। बैठक में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के दौरे से पार्टी कार्यकताओं में एक नई ऊर्जा का संचार होगा, और वे पार्टी को मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे।

## हजरत अली के जन्मदिन पर निकला जुलूस



इटावा। शहर में हजरत अली के जन्मदिन पर जुलूसे मौला अली कमेटी ने रामगंज इमाम बाड़ा से जुलूस का किया गया आगाज। जुलूसे मौला अली कमेटी ने रामगंज इमाम वारगाह के खादिम मो. शमशुल वारसी उर्फ पप्पू का फूलों व चादर से किया गया स्वागत। जुलूस के अध्यक्ष हाजी अजीम वारसी व आयोजक नदीम वारसी राजू रहे। जुलूस में शहर भर के मुस्लिम समुदाय के हजारों लोगों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ हिस्सा लिया। सीओ सिटी अभयनारायण राय, कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह, पुराना शहर चैकी इंचार्ज काशिफ हनीफ सहित वरिष्ठ अधिकारी मौके पर स्वयं मौजूद रहे और निगरानी करते रहे। यह जुलूस रामगंज दरगाह से कबीरगंज, झम्मनलाल कलारी, रामगंज चैराहा, नेविल रोड, उर्दू मोहल्ला, इस्लामियां, तिकोनियां, कोतवाली चैराहा, पचराहा, चैखर कुआं, बल्देव चैराहा तहसील चैराहा, साबितगंज चैराहा से वापिस रामगंज इमाम बारगाह पहुंचा। सब्जी मंडी गेट पर जमिअत उर राईन के युवा जिलाध्यक्ष साजिद अली राईन अशरफी ने जुलूसे मौली का इस्तकबाल किया। इस मौके पर कलीम उद्दीन, हाजी रईस चिश्ती, मुन्ना वारसी, हमीद अशरफी, गुलाम वारिस, शमीम खान, आले अहमद, जीशान वारसी, मो. शाहिद, निजामुद्दीन वारसी, शकील, कमाल चिश्ती, अहमद अली वारसी आदि उपस्थित रहे।

## सदर विधायक के जन्मदिन पर 251 बूथ अध्यक्षों को किया सम्मानित




इटावा। सदर विधायक सरिता भदोरिया ने अपने जन्मदिवस पर एसआईआर पर दिन रात मेहनत करने वाले 443 बूथ अध्यक्षों को आमंत्रित किया था जिसमें 251 बूथ अध्यक्ष उपस्थित हुए शाल उड़ाकर सम्मानित किया गया। सदर विधायक सरिता भदोरिया ने जन्मदिवस के अवसर पर बाबा भोलेनाथ के दर्शन कुंडेश्वर मंदिर में जाकर किय जिला अस्पताल जाकर मरीज को फल बांटे आवास पर विभिन्न सामाजिक कार्य करने वाली विभूतियां को सम्मानित भी किया सुबह से ही उनके आवास पर बधाई देने वालों का ताता लगा रहा इस अवसर पर उन्होंने वरिष्ठ समाज सेवाओं को भी सम्मानित किया। इस मौके पर विनोद चंद्र पांडे, परशुराम गुप्ता, अरुण दुबे, ओमप्रकाश गुप्ता, शांतिस्वरूप पाठक, महेश दुबे, राजेश त्रिपाठी, पूरणमल दिवाकर, दिवारीलाल पाल, वीरेंद्र सिंह बाल्मिक, भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवमहेश दुबे, जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता, अजय धाकरे, जिलामहामंत्री शिवाकांत चैधरी, जिलाकोषाध्यक्ष संजू भदोरिया, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी, एडवोकेट अश्वनी सिंह, अरुण दुबे, मनोज गुप्ता, एमपी सिंह तोमर रामशरण गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमरतन कश्यप, विवेक गुप्ता, संजू चैधरी कृपानारायण तिवारी, समीर दोहरे, प्रमोद राठौर, चंदन मिश्रा, अभिषेक तिवारी, सोनू बघेल, अनुग्रह सेंगर, अशोक चैहान टीटू, अनंत अग्रवाल, चंदन पोरवाल, व्यापारी नेता, धर्मेंद्र जैन, गुड्डी बाजपेई, अर्चना कुशवाहा, नीतू नारायण मिश्रा, रेनू भदौरिया, आराधना जाटव, प्रशांत दीक्षित, प्रभाकर मिश्रा, रविकिशन कश्यप, अतुल पचैरी, पंकज पचैरी, अतिंद्र तिवारी, प्रवीण तिवारी, करण श्रीवास्तव, राकेश पाल, जोधा सिंह पाल, बेंज सिंह पाल उपस्थित रहे।

## तीन सूत्रीय मांगों को लेकर आमरण अनशन 10 से

गगहा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति पूर्वांचल प्रभारी दिलीप किसान आगामी 10 जनवरी से आमजनमास के साथ मां करवल माता मंदिर पर आमरण अनशन पर बैठने की घोषणा किया है।जिसको लेकर लिखित पत्रक भेजकर अधिकारियों को भी अवगत करा दिया है। उन्होने बताया कि विद्युत सब स्टेशन करवल मझगांवा पर लगे पुराने जर्जर 8 एम बी ए ट्रांसफार्मर की जगह नया ट्रांसफार्मर लगाने , जर्जर तारों व पोलों को बदलने,सरयू नहर बाऊंपार से पिछौरा के बीच प्रति वर्ष टूटने से किसानों की बर्बाद फसलों के मुआवजा व लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

## रावतपार में भव्य हिन्दू सम्मेलन, सनातन एकता और जागरण का दिया संदेश




मझगांवा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के रावतपार में सोमवार को भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सनातनी बंधुओं की सहभागिता देखने को मिली। सम्मेलन का उद्देश्य हिन्दू समाज को संगठित कर सांस्कृतिक चेतना और धार्मिक जागरूकता को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप कुमार शाही उर्फ मुन्ना शाही ने की। मातृशक्ति के रूप में सुमनलता जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। जबकि कबीर मठ के संत श्रीनिवास जी एवं जिला संघ चालक श्रीनिवास शाही जी मंचासीन रहे। सम्मेलन के मुख्य वक्ता सह विभाग कार्यवाह करुणेश जी ने अपने ओजस्वी संबोधन में इतिहास के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए हिन्दू समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मुगल शासनकाल में हिन्दुओं पर जबरन धर्मांतरण के लिए अत्याचार किए गए। इतिहास को सही परिप्रेक्ष्य में समझना आवश्यक है, ताकि समाज अपनी जड़ों और संस्कृति से जुड़े रहकर आगे बढ़ सके.उन्होंने कहा कि यह मंच हिन्दू समाज को जागृत करने और आत्मबल को मजबूत करने का माध्यम है। मुख्य वक्ता ने समाज को संगठित रहने, अपनी आस्था और परंपराओं की रक्षा करने पर जोर देते हुए कहा कि सनातन संस्कृति में निहित एकता और अनुशासन ही सभी समस्याओं का समाधान है। कार्यक्रम के अंत में आयोजक विश्व हिन्दू परिषद के जिला उपाध्यक्ष मनीष शाही ने सम्मेलन में उपस्थित सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। हिन्दू सम्मेलन के माध्यम से क्षेत्र में सनातन चेतना, सामाजिक समरसता और संगठन की भावना को नया बल मिला।

इस अवसर पर खंड संघचालक सुधीर जी, बलदेव जी, जिला कार्यवाह पवन जी, श्री दलाय जी, विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री अजय मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष चंद, मंडल अध्यक्ष गगहा अजीत वर्मा, डॉ. अरुण प्रकाश मिश्र, श्यामू चंद, अरुण तिवारी, हनुमान सिंह, बृजेश मौर्य, गिरिजेश मद्धेशिया सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों में बांटा कंबल

### निराश्रितों की सेवा ही जीवन की मूल सार्थकता : रामशरण दास



**गोला, गोरखपुर।** उपनगर के तहसील चौराहा स्थित एलपीएम पब्लिक स्कूल प्रांगण में रविवार को स्कूल का संचालन करने वाली संस्था सेठ लक्ष्मी प्रसाद सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां ट्रस्ट के ट्रस्टियों ने कड़ाके की ठंड में गरीबों, निराश्रितोंएवं जरूरतमंदोंमें कंबल बांट ठंड से राहत का मरहम लगाया।

कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि रंगमहल अयोध्या के पीठाधीश्वर राम शरण दास जी महाराज ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन की सार्थकता गरीब और असहाय जरूरत मंद लोगों की सेवा में ही निहित है। हस्तस्य भूषणम दानम सत्यम कंठस्य भूषणम हाथ की शोभा दान देने में तथा कंठ की शोभा सत्य वचन में होती। सेवा ट्रस्ट इस कसौटी पर शत प्रतिशत खरा उतरता है। ऐसे शुकृत्यों से ही देश व राष्ट्र को मजबूती मिलती है।

विशिष्ट अतिथि ट्रस्ट के चेयरमैन गिरधारीलाल स्वर्णकार ने कहा कि पूज्य पिताजी स्व सेठ लक्ष्मी प्रसाद की स्मृति में गठित यह ट्रस्ट पूज्य पिताजी के सपनों एवं सिद्धांतों के अनुरूप क्षेत्र के असहाय कमजोर तथा शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के सहायता के लिए कर्तव्य पथ पर सतत कार्य कर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के प्रबंधक भागीरथी स्वर्णकार व संचालन संचालन दुर्गेश धर दुबे ने किया। उक्त अवसर पर एलपीएम स्कूल के प्रबंध निदेशक अमरनाथ वर्मा व प्रधानाचार्या एकता वर्मा, रेवरेण्ट डीके, सभासद श्रवण कुमार वर्मा, प्रहलाद वर्मा, मंडल अध्यक्ष अजय राजभर, राजकुमार प्रजापति, अशोक जायसवाल, संजीत, राजेश सोनकर, अशोक सोनकर, अश्वनी राय, रामबदन कन्नौजिया, राजा चौहान, रामशब्द निषाद, राजाराम जायसवाल, प्रिंस मद्धेशिया, जय प्रकाश यादव, चन्द्रशेखर, गिरीश मिश्रा, ऐजाज अहमद, पुष्पा जायसवाल, रामनिवास मौर्य, मुनील सिंह, रामानंद निषाद, सूरज जायसवाल, शिक्षक दुर्गेश धर दुबे, रमेश कुमार यादव, प्रमोद मिश्रा, चंदन कुमार विश्वकर्मा, राहुल चंद एवं शिक्षिका सीमा राय किरण यादव सहित सैकडों लोग उपस्थित रहे।

## वायु सैनिक 20 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त, क्षेत्र में हर्ष



गीडा, गोरखपुर। सहजनवा तहसील रोड निवासी सार्जेंट आनंद कुमार उपाध्याय भारतीय वायु सेना में 20 वर्षों की गौरवशाली सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए हैं। उनके आगमन पर क्षेत्रवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने 2014 की जम्मू-कश्मीर बाढ़ में राहत कार्य, कोरोना काल में गोरखपुर स्टेशन पर मुस्तैदी और गुवाहाटी में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। देशसेवा की विरासत उन्हें अपने पिता ( 1965 युद्ध के योद्धा ) से मिली है। सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्होंने भविष्य में राष्ट्र रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प जताया है। इस अवसर पर उनके परिजनों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की।

## क्रांति ज्योति सावित्री बाई फुले की मनायी गयी जयंती



गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला के डॉ अम्बेडकर बेवरी चौराहे पर गौतम बुद्धा सेवा समिति के तत्वावधान में क्रांतिज्योति सावित्री बाई फुले जी की मनाई गई जयंती।इस मौके पर गौतम बुद्धा सेवा समिति के सदस्यों व बतौर मुख्य अतिथि विशाल सैनी विशिष्ट अतिथि पूर्व जिपंस गब्बूलाल कन्हैया लाल व समिति के अध्यक्ष रणविजय ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि आज हम सभी यहा क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले जी की जयंती पर उनको याद करते हुए नमन करने के लिए एकत्रित हुए हैं। सावित्रीबाई फुले केवल भारत की पहली महिला शिक्षक ही नहीं बल्कि एक महान समाज सुधारक और नारी मुक्ति की प्रणेता थीं। उन्होंने उस समय लड़कियों की शिक्षा की अलख जगाई जब इसे अपराध माना जाता था।उन्होंने हमें सिखाया कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पिएगा वही दहाड़ेगा। उन्होंने महिलाओं को किताबों को हथियार बनाने और समाज की रूढ़ियों को तोड़ने की प्रेरणा दी। उनका मानना था कि एक शिक्षित लड़की पूरे परिवार और राष्ट्र को सशक्त बनाती है।आइए हम सब मिलकर सावित्रीबाई फुले के सपनों को साकार करें और हर बेटी को शिक्षा का अवसर दें ताकि वे अपने सपने पूरे कर सकें और समाज में बदलाव ला सकें। इस अवसर पर सुधीर अरुण सदन कन्नौजिया रविन्द्र मझवार मनोज पटेल बालेन्द्र स्वतंत्र तिवारी मुख लाल गौड़ राम किशुन अमन अमित शिवनाथ सन्नी कुमार अमरजीत सम्मी आर्या साहिल कोदई रामकृपाल संतोष यादव हरिश्चन्द्र मास्टर बाबूलाल गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## थैली से गिरे 50 हजार रूपये महिला को सौंपे



बकेवर, इटावा। कार से उतरते समय महिला के 50 हजार रुपए बकेवर पुलिस चौकी के पास थैली सहित गिर गये। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज की मदद से बरामद कर महिला को सौप दिये। इटावा मुख्यालय की अशोकनगर मुहाल निवासी अर्चना पत्नी गजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि उनके रिश्तेदार चकरनगर थाना क्षेत्र के ग्राम नगला चैप निवासी शिव सिंह के पुत्र सड़क दुर्घटना मे घायल हो गया था जिससे उसकी मौत हो गई थी रविवार की सुबह उसके अन्तिम संस्कार में शामिल होने के लिये अपने रिश्तेदारो की कार से नगला चैप गये हुए थे जब कार में बैठकर नेशनल हाईवे भरथना ओबरब्रिज के पास अपनी भाभी सीता देवी निवासी श्याम नगर इटावा के साथ कार से उतरते समय मय थैली के 50 हजार गिर गये और इटावा जाने के लिए टैम्पू में बैठ गये जब मैने रुपए वाली थैली देखी तो वह नही थी। जिसकी सूचना कार सवार फूफा पूर्व प्रधान अखिलेश यादव निवासी सराय इलाही हाल पता भरथना को फोन से रुपए के बाबत पूछा तो वह लौटकर आये बकेवर आये ।बकेवर चैकी पर मौजूद चैकी इंचार्ज विनीत पाण्डेय और कॉन्स्टेबल अंकुश कुमार से बताया ।उन लोगो ने चैकी पर लगे सीसीटीवी फुटेज देखकर बाईपास चैराहे पर गुड की ठेली लगाये बकेवर निवासी रमेश चंद्र से सम्पर्क किया तो उसने रुपए वाली थैली चैकी पुलिस को देदी। अर्चना यादव को बकेवर पुलिस चैकी इंचार्ज विनीत पाण्डेय और कॉन्स्टेबल अंकुश कुमार ने 50 हजार रुपए मय थैली के सौप दिये। जिससे महिला की खुशी का ठिकाना न रहा और वह पुलिस की प्रसंशा करती हुई अपनी भाभी के साथ इटावा चली गई। अर्चना ने बताया उन्होने 50 हजार रुपए बैवाहा थाना कुदरकोट औरैया निवासी बड़ी बहिन आरती पत्नी सुरजीत सिंह से उधार लिये थे जिन्हे आज देना थे जब वह नगला चैप नही मिली तो रुपए लेकर वापस इटावा जा रही थी।

## मुण्डेरा बाजार में दिव्यांग अधिकार सम्मेलन का हुआ आयोजन



चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के मुण्डेरा बाजार को स्थित मोती मंदिर पर ओबीसी पार्टी ( वन भारत सिटीजन पार्टी ) के तत्वाधान में चौरी रामनगर चौरा मुंडेरा बाजार स्थित मोती मंदिर में दिव्यांग सम्मान समारोह एवं दिव्यांग अधिकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें विकलांगों को कंबल वितरण कर सम्मानित किया गया तथा उनकी समस्याओं को सुना गया एवं दिव्यांगों के हक अधिकार की आवाज को बुलंद किया गया।.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओबीसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष काली शंकर यदुवंशी तथा कार्यक्रम का संचालन अक्षय कुमार जायसवाल ने किया एवं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. संजय कुमार जायसवाल, सूरज जायसवाल, सुभाष जायसवाल, अजीत शर्मा, रवि जायसवाल, चंदन पटेल उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए काली शंकर यदुवंशी ने कहा कि आज चौरी चौरा में पहली बार हुआ है कि किसी राजनीतिक पार्टी के द्वारा दिव्यांग सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

## सीओ ने बांटे मेडल, शूटिंग चैंपियनशिप का समापन



इटावा। जिला राइफल क्लब द्वारा आयोजित 13वीं इंटर डिस्ट्रिक्ट शूटिंग चैंपियनशिप का समापन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि सीओ सिटी अभयनारायण राय उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि का स्वागत प्रतियोगिता के आयोजक एवं अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता चंद्र मोहन तिवारी ने फूलों का बुके एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर राइफल में राजीव कुमार, आशुतोष कुमार एवं युवराज यादव चैंपियन ऑफ चैंपियन बने। 10 मीटर एयर पिस्टल में अग्रज प्रताप सिंह, शिवम पाल एवं हर्षित दुबे ने चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब जीता। लिटिल चैंप वर्ग में पीप साइट राइफल में श्राव्या, ओपन साइट राइफल में ईवा, लिटिल चैंप पिस्टल में सूर्य, ध्रुव कुमार एवं जतिन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। प्रतियोगिता में इटावा, कन्नौज, औरैया, फरुर्खाबाद, बस्ती, विधूना एवं शिकोहाबाद जनपदों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। 10 मीटर एयर राइफल पुरुष वर्ग में हेमंत सिकेरा, गौरव पटेल, प्रांशु चतुर्वेदी, धैर्य श्रीवास्तव, हार्दिक तिवारी, आलोक, निखिल, अनिल कुमार पाल एवं हरिओम पाल ने पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। 10 मीटर एयर पिस्टल में विशेष, अनुराग, हर्षित एवं संचीत ने पदक अपने नाम किए। 10 मीटर एयर राइफल महिला वर्ग में कशिश तथा एन आर राइफल वर्ग में स्पर्शिका राठौर ने पदक प्राप्त किए। शॉटगन नेशनल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए ऋत्विक तिवारी को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता जिला राइफल क्लब के तत्वावधान में एससीए शूटिंग अकादमी, कुनेरा में आयोजित की गई।

## चोरी के ट्रैक्टर सहित आरोपी पकड़ा

इटावा। वांछित अभियुक्त को पुलिस द्वारा किया गिरफ्तार, 4 वर्ष पूर्व चोरी किये गये ट्रैक्टर को किया गया बरामद। थाना बसरेहर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। वादी शैलेन्द्र चैधरी पुत्र ज्ञान सिंह, निवासी-ग्राम सिरसा थाना बसरेहर द्वारा थाना बसरेहर पर लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि वादी का ट्रैक्टर पावरट्रैक को रात्रि में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया। सूचना पर थाना बसरेहर पर मामला दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को थाना बसरेहर पुलिस द्वारा अभियुक्त को चोरी किये गये ट्रैक्टर सहित गिरफ्तार किया गया। प्रहलाद पुत्र ग्याप्रसाद निवासी ग्राम झिंदुआ थाना भरथना को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में सौरभ सिंह थानाध्यक्ष बसरेहर, उ.नि. महेश कुमार, उ.नि. अलख निरंजन रहे।

## उमेश भदौरिया व शिवनाथ चुने गये नगर अध्यक्ष



चकरनगर, इटावा। हनुमंतपुर के सदर बाजार की उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की नई इकाई का गठन रघुवीर सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में गठित की गई। जिसमें चुने गए पदाधिकारियों सहित सभी व्यापारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। उत्तर प्रदेश के उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष किशन मुरारी गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में हनुमंतपुर चैराहे के बाबा वाटिका में रविवार को नगर की नई इकाई का गठन किया गया। जिसमें सर्वसंमति से मुख्य टीम से उमेश भदौरिया व युवा टीम से शिवनाथ राजपूत नगर अध्यक्ष के रूप में चुने गये। इस मौके पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों की दम पर सरकारें चल रहीं है। हमें किसी की चमचागीरी करने की जरूरत नहीं है। हम लोगों की अलग पहचान है। इस मौके पर व्यापारियों के द्वारा टाउन की विद्युत सप्लाई ग्रामीण क्षेत्र से जोड़ने का विरोध किया गया। जिस पर व्यापार मंडल अध्यक्ष ने दो दिन के अंदर कस्बा को टाउन से जुड़वाने का बैठक में सर्वसम्मति से कस्बा अध्यक्ष उमेश भदौरिया, सरक्षक रघुवीर सिंह गुर्जर, उपाध्यक्ष पिंकू मिश्रा, कोषाध्यक्ष रानू राजावत, महामंत्री अवनीश राजावत, जिलामंत्री सतीश पोरवाल, वही युवा अध्यक्ष शिवनाथ राजपूत, उपाध्यक्ष अखिल तिवारी, महामंत्री विवेक पोरवाल, मंत्री प्रदीप दुवे व अंकुर मिश्रा बनाएं गये। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मुकेश राजावत व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश यादव, गौरव गुर्जर आदि लोग मौजूद रहे। संचालन रविन्द्र सिंह चैहान उर्फ. आचार्य जी के द्वारा किया गया।

संक्षेप

## मुठभेड़ में दो शातिर गिरफ्तार, चोरी की भैंसें बरामद

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई भैंसें बरामद की हैं। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अवैध हथियार, कारतूस, नकदी और घटना में प्रयुक्त वाहन भी जब्त किया है। पुलिस के अनुसार वांछित अभियुक्त सुहैल उर्फ काली पुत्र मोहम्मद अहमद निवासी ग्राम भूड़वारा थाना गोला तथा मन्ना पुत्र रफीकुल्ला निवासी ग्राम मुड़वारा थाना गोला को 4 जनवरी की रात करीब 2.31 बजे कोटवार जंगल क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस 315 बोर और एक खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। इसके अलावा चोरी की गई दो भैंसें, घटना में प्रयुक्त महेंद्रा पिकअप वाहन तथा 4700 रुपये नकद भी पुलिस ने जब्त किए हैं। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश करने के लिए चालान भेज दिया है।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव पर कैमहरा में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना देने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। गांव मोहन बलरामपुर पुवायां निवासी बबलू मृतका के भाई ने बताया उसने अपनी बहन की शादी 3 वर्ष पूर्व कैमहरा निवासी धर्मेंद्र के साथ की थी जिससे उसने एक पुत्री 2 वर्ष लक्ष्मी को जन्म दिया था। तभी से ससुराल के लोग मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना देने लगे थे। बहनोई ने मोबाइल पर बहन के बीमार होने की सूचना दी थी। ससुराल जाकर देखा जहां उसकी बहन मृत पड़ी मिली बहनोई कुछ दिन पहले दिल्ली में मजदूरी कर वापस लौटा था तभी उसने बहन की पिटाई कर जबरन जहरीला पदार्थ खिला दिया जिससे उसकी मौत हो जाने का आरोप लगाया है। निरीक्षक उमेश चौरसिया ने बताया मामला आत्महत्या का लग रहा है पति बाहर मजदूरी करता था पत्नी पर अवैध संबंधों को लेकर शक कर ताने देना पता चला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## डॉ. राकेश मिश्रा जिला कोआर्डिनेटर नियुक्त

जौनपुर। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के अंतर्गत जौनपुर के जनप्रिय नेता डॉ. राकेश मिश्रा (मंगला गुरु) को जिला कोआर्डिनेटर नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई।ज्ञात हो किमंगला गुरू का व्यक्तित्व गरीबों, मजदूरों और किसानों की बुलंद आवाज का पर्याय है। हमें पूर्ण विश्वास है कि उनके अनुभव और अटूट निष्ठा से यह अभियान जौनपुर में एक नई क्रांति लाएगा। मनरेगा जैसे जनहितकारी कानून की रक्षा के लिए आपका नेतृत्व संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। लालजीत चैहान,डॉ प्रमोद सिंह, डॉ राकेश उपाध्याय, फैसल हसन तरवेज, हुकुम सिंह, सुरेंद्र विक्रम सिंह, प्रमोद मिश्रा, छोटे लाल यादव एडवोकेट, रेखा सिंह, वेदपति द्विवेदी, डॉ आर सी पांडे,राजीव निषाद, संजय माली, बाल कृष्णा शुक्ला, जयप्रकाश गुप्ता, महेंद्र प्रताप यादव, राजेश सिंह, देवानंद मिश्र ने शुभकामनाएँ दिया।

# प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

जिला संवाददाता(vol)



पिपरिया धनी खीरी। वीओएल। कस्बा रेहरिया स्थित गोलाद्दमोहम्मदी रोड हाईवे पर रविवार को खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सैयद राज हुसैन राना, प्रभारी भाजपा लखीमपुर खीरी अल्पसंख्यक मोर्चा एवं राष्ट्रीय भारतीय समाज कल्याण सेवा संगठन तथा विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य तौहिद खान, ग्राम प्रधान ग्रंट साहबगंज सुदेश कुमार और समाजसेवी अमरजीत सिंह ने फीता काटकर किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना का संदेश दिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेलों से आपसी भाईचारा बढ़ता है और युवाओं में अनुशासन व स्वास्थ्य का विकास होता है।

प्रतियोगिताओं में विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया। 5000 मीटर बालक मैराथन में पंकज यादव (लखनऊ) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 5100 रुपये नगद व ट्रॉफी जीती। द्वितीय स्थान पर अभिषेक (सीतापुर) को 3100 रुपये नगद व ट्रॉफी तथा तृतीय स्थान पर राजपूत (सीतापुर) को 1100 रुपये नगद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। 300 मीटर बालिका मैराथन में सृष्टि वर्मा (गोला) प्रथम रहीं, जिन्हें 3100 रुपये नगद व ट्रॉफी दी गई। द्वितीय स्थान रुचि श्रीवास्तव (सीतापुर) को 2100 रुपये नगद व ट्रॉफी प्रदान की गई। अन्य स्थानों पर सारंगा देवी (मैगलगंज), सोफिया (गोला), अंजलि (गोला), शीतल वर्मा (गोला) और वाटिका मिश्रा (महोली) को मेडल देकर सम्मानित किया गया। 1500 मीटर बालक दौड़ में पंकज यादव (लखनऊ) प्रथम, शोभाराम (महोली) द्वितीय और अनिल कुमार (गोला) तृतीय स्थान पर रहे। 800 मीटर बालक दौड़ में भी पंकज यादव (लखनऊ) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान शोभाराम मौर्य (महोली) और तृतीय स्थान ज्ञानेश्वर (शाहजहांपुर) को मिला। 600 मीटर बालिका दौड़ में शोभा मौर्य (महोली), गुलाब सिंह (मैगलगंज) और अन्य खिलाड़ियों को स्मृति पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सभी विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

इस मौके पर समिति सदस्य मोहम्मद आबिद अली, सुलेमान सलमानी, मोहम्मद राज, मोहम्मद आलिम, नसरत अली, विशाल गुप्ता, विमलेश कुमार, सद्दाम हुसैन, शमशाद गाजी, सोहेल गाजी, शादाब मोहम्मद, दानिश मोहम्मद, जावेद गाजी, हारून गाजी, डॉ. मोहम्मद कासिम, सुल्तान गाजी, मोहम्मद सलीम गाजी, समीर हुसैन, बिलाल खान, तौहिद इंग्लैंड सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## होमगार्ड जवान को दी गयी विदाई

जौनपुर। जलालपुर थाने पर तैनात होमगार्ड जवान शिवधनी शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर रविवार को जलालपुर थाना परिसर में प्रदीप दुबे अध्यक्ष होमगार्ड की अध्यक्षता में विदाई समारोह किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ व जलालपुर थानाध्यक्ष गजानंद चैबे रहे। थानाध्यक्ष ने कहा सभी सरकारी कर्मी को कभी न कमी सेवानिवृत्त होना है।उन्होने कहा कि सुरक्षा जवान समाज में अहम भूमिका अदा करते हैं।फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ ने कहा कि सरकारी नौकरी में पदस्थापन, स्थानांतरण, सेवानिवृत्ति की प्रक्रिया एक चक्के की तरह घूमती रहती है। इन सभी चक्र से सभी कर्मियों को एक बार गुजरना पड़ता है। इस प्रक्रिया से कोई भी पदाधिकारी व कर्मचारी को आहत होने की जरूरत नही है। एसआई ईष्ट देव मिश्रा, एसआई राजकुमार तिवारी, एसआई विक्रम प्रताप, एसआई रामभवन यादव, अनिल तिवारी, एसआई चिंता रॉय, प्रेमावती, सोनी पटेल, स्मिता, संतोष मिश्रा, आलोक सिंह, चन्दन सिंह, मोहम्मद आजाद, सरफराज, सुजीत दुबे, राजेश यादव, सुनील मिश्रा, शोभनाथ यादव, वेद प्रकाश सरोज, रविन्द्र लाल, प्रेमचन्द चौबे, लाल बिहारी सरोज, पुलिसकर्मी व होमगार्ड मौजूद रहे।

## गन्ने से भरे ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला के दोनों पैर कटे, चालक फरार

धौरहरा खीरी। थाना ईसानगर क्षेत्र के पंडितपुरवा मजरा रामलोक निवासी राममित्तर की पत्नी राम देवी (40) सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे में महिला के दोनों पैर कट गए। हालत नाजुक होने पर उन्हें ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। महिला के पति राममित्तर ने धौरहरा पुलिस को तहरीर में बताया कि 30 दिसंबर को उनकी पत्नी अपने बहनोई के साथ मोटरसाइकिल से निघासन से अपने गांव लौट रही थीं। जैसे ही वह ढखेरवा धौरहरा मार्ग वैष्णो शुगर इंडस्ट्री के पास चार बजे पहुंचीं, तभी पीछे से आ रहे गन्ने से लदे ट्रक ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार रामदेवी सड़क पर गिर पड़ीं। इसी दौरान ट्रक का अगला पहिया उनके दाहिने पैर के ऊपर से गुजर गया, जिससे घुटने के ऊपर से पैर कट गया। वहीं बाएं पैर का पंजा भी कट गया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीएचसी धौरहरा भेजा जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने लखीमपुर उन्हें रेफर कर दिया। वर्तमान में उनका इलाज एक निजी अस्पताल के हाईवे ट्रामा सेंटर में चल रहा है। थानाध्यक्ष रवींद्र सोनकर ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाई की जा रही है।

## निघासन पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

निघासन खीरी। थाना निघासन पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त संजय पुत्र स्व0 रामलखन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत 4 जनवरी को थाना निघासन पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 0316/2025 धारा 87/137(2)/65(1) बी0एन0एस0 व धारा ﾠ(2) पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त संजय पुत्र स्व0 रामलखन उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम वार्ड नं0-06 चमरौधा भट्टी थाना सिंगाही जनपद खीरी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण कर जेल बहन दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 आदित्य कुमार यादव थाना निघासन, का0 राजकुमार, का0 प्रशांत तेवतिया शामिल रहे।

## गुरु गोविंद सिंह के 359वें प्रकाश पर्व पर शहर में निकली शोभायात्रा



लखीमपुर खीरी। जनपद खीरी में सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह जी का 359वां प्रकाश पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में संकीर्तन शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में सिखों की महिलाओं व बच्चों ने भाग लिया। शोभायात्रा में पंच प्यारे आकर्षण का केंद्र रहे, वहीं गतका पार्टी के कलाकारों ने अपने हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रकाश पर्व के अवसर पर कस्बे के सिख व्यापारियों द्वारा जगह-जगह प्रसाद वितरण के लिए पंडाल लगाए गए, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्यलाभ अर्जित किया। पूरे नगर में धार्मिक उल्लास और भाईचारे का वातावरण देखने को मिला। शोभायात्रा संकीर्तन शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए गुरुद्वारा को पहुंची।

## पीड़ित किसान ने खड़ी फसल जोतने का लगाया आरोप



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। क्षेत्र के सधार पुरवा मजरा कुम्हेना गांव में खड़ी गेहूं की फसल जोत दिए जाने का मामला सामने आया है।

पीड़ित किसानों कैलाश चंद्र व पंकज कुमार ने आरोप लगाया है कि जमीन विवाद के चलते दबंगों ने ट्रैक्टर से उनकी तैयार फसल नष्ट करवा दी, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित पंकज कुमार के अनुसार, उसकी भूमि गाटा संख्या 108, रकबा 0.628 हेक्टेयर में गेहूं की फसल खड़ी थी, जिसे उसने महीनों की मेहनत से तैयार किया था। आरोप है कि अनुराग शुक्ला व पंकज शुक्ला निवासी कोनिया ने ट्रैक्टर चलवाकर लगभग आठ बीघा में खड़ी पूरी फसल जोतवा दी। किसान का कहना है कि इस घटना से उसकी लागत और मेहनत पूरी तरह बर्बाद हो गई।जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के पर रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई और फसल क्षति का मुआवजा दिलाने की मांग की है। थानाध्यक्ष रवींद्र सोनकर ने बताया कि पहले पीड़ित पक्ष ने आरोपियों की फसल जोती थी, अब आरोपियों ने इनकी फसल जोत डाली है, जांच की जा रही है रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाई की जाएगी।

## वन विभाग की टीम पर हमला के आरोप में सात को भेजा गया जेल

लालगंज, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के चौकी लहंगपुर में स्थित तेंदुआ खुर्द गांव में वन विभाग की टीम पर हमला के आरोप में भाकपा माले नेता सुधाकर यादव व जीरा भारती समेत सभी सात आरोपी रविवार को जेल भेज दिए गए। लहंगपुर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत तेंदुआ खुर्द गांव में सुबह 5 बजे वन विभाग के कुछ कर्मचारी वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण हटाने के लिए जेसीबी के साथ पहुंचे थे। अतिक्रमण हटाने का विरोध करते हुए तेंदुआ खुर्द गांव के लोगों ने वन विभाग का विरोध करना शुरू कर दिया जिसमें महिलाए काफी उग्र देखी गई। ग्रामीणों द्वारा किए गए पथराव में कई वन कर्मी चोटिल हो गए थे।जिसके संबंध में वन विभाग के डिप्टी रेंजर विनयेंद्र कुमार यादव के प्रार्थना पत्र के आधार पर थाने में सुसंगत धाराओं में भाकपा माले की सदस्य कामरेड जीरा भारती एवं उत्तर प्रदेश राज्य सचिव एवं पार्टी के केन्द्रीय कमेटी सदस्य कामरेड सुधाकर यादव समेत 7 नामजद व 50 अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जिसमें गिरफ्तार किए गए अजय कुमार, सिंटू कोल निवासीगण तेन्दुआ खुर्द थाना लालगंज, सुधाकर यादव निवासी मुजरा थाना जलालापुर जनपद जौनपुर, जीरा भारती निवासिनी रिक्शा खुर्द थाना सन्तनगर जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर शनिवार को देर रात जेल भेज दिया गया। जबकि मंजय, संतन कोल व उमाकांत कोल निवासी तेंदुआ खुर्द को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेजा गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अमर बहादुर ने इंटरनेट मीडिया पर बताया कि वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा अतिक्रमण हटाने संबंधीत पूर्व में कोई भी सूचना थाना अथवा प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं दी गई थी।

## कृषक समाज इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव संपन्न

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला का वार्षिकोत्सव प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज के कुशल संयोजन में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन स्काउट एवं क्रीड़ा प्रभारी देवेंद्र सिंह ने किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. जगत प्रकाश सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज लखीमपुर तथा अध्यक्षता कर रहे कॉलेज प्रबंधक एवं पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। इसके उपरांत छात्राओं की सरस्वती वंदना ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्य सहित शिक्षकों लखपति भारती, अशोक कुमार वर्मा, ओमप्रकाश यादव, सुरविंद कुमार और अरविंद कुमार यादव ने बुके भेंट कर एवं बैज अलंकरण के साथ किया। छात्राओं ने स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में संगीत शिक्षिकाओं आरती गुप्ता, सत्यवती गौतम, सुप्रिया गुप्ता तथा कौशल किशोर वर्मा के निर्देशन में नर हो न निराश करो मन को, रामधुन लागी, मेरे देश की धरती जैसे गीतों की प्रस्तुति हुई। इसके साथ ही हॉरर शो, जल संरक्षण एवं नशा उन्मूलन पर आधारित एकांकी तथा पहलगाम घटना पर आधारित नाटक ऑपरेशन सिंदूर का मंचन किया गया। क्रीड़ा विभाग की ओर से पीटीआई कपिल वर्मा के निर्देशन में खिलाड़ियों का योग प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। छात्राओं ने ओ रे पिया पर कथक, झूम बराबर झूम, कभी खुशी कभी गम और सेम टाइम गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए। एनसीसी कैडेट्स ने नारी सशक्तिकरण और सैनिक की दास्तान पर आधारित एकांकी प्रस्तुत की। ग्रैंड फिनाले में 80 विद्यार्थियों की सामूहिक प्रस्तुति ने दर्शकों की सराहना बटोरी। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि को शाल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा की विद्यालय टॉपर रिया पटेल तथा इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की टॉपर अनुष्का भारद्वाज को टैबलेट पीसी, प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट में रसायन विज्ञान में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली जौरीन अंसारी को पुरातन छात्र परिषद के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र नाथ वर्मा ने अपने पिता स्व. पुत्तूलाल वर्मा की स्मृति में 2100 रुपये नकद, सम्मान पत्र और ट्रॉफी प्रदान की।

विशेष आमंत्रित पुरातन छात्रों डॉ. मदन लाल वर्मा, संजय कुमार गौतम, डॉ. रामनरेश वर्मा, मदन गोपाल वर्मा तथा भारत स्काउट एंड गाइड के डीओसी विष्णुदत्त भार्गव को शाल, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सत्र के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के रूप में हिंदी प्रवक्ता ओमप्रकाश यादव और सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी के रूप में रामकिशोर को पांच-पांच हजार रुपये नकद तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रबंधक ने कहा कि विद्यालय का समस्त स्टाफ विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर का नागरिक बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है, जो क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर जीजीआईसी कुकुरा की प्रधानाचार्या अनीता चौधरी को भी स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आयोजन टीम को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी।

## नगर पालिका आपके द्वार 6 से 16 तक लगेंगे समाधान कैंप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। जिला समाज कल्याण विभाग के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद द्वारा नगर पालिका आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए कैंप लगाए जाएंगे। इसके लिए अलग-अलग तिथियों में कुल आठ स्थान चिन्हित किए गए हैं। नगर पालिका परिषद 6 जनवरी से 16 जनवरी के बीच विभिन्न स्थानों पर कैंप आयोजित कर आमजन की शिकायतों का मौके पर समाधान करेगी। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने बताया कि कैंप की तिथियां और स्थान पूर्व में सुनिश्चित कर लिए गए हैं।

सभी कैंप सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक कैंप में एक पर्यवेक्षक, एक कंप्यूटर ऑपरेटर सहित नगर पालिका परिषद के विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहेंगे। आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। कैंपों में वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन से संबंधित प्रकरणों के साथ-साथ पेयजल आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति, सड़क, नाला-नाली, साफ-सफाई सहित नगर पालिका से जुड़ी शिकायतों का समाधान किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि व स्थान पर पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज कराएं, ताकि उनका शीघ्र समाधान किया जा सके।

### कैंप का निर्धारित कार्यक्रम

6 जनवरी को नीलकंठ मैदान

7 जनवरी को गौशाला

8 जनवरी को गांधी स्मारक विद्यालय

9 जनवरी को लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज,

12 जनवरी को पब्लिक इंटर कॉलेज

13 जनवरी को फूल बाबा आश्रम,

15 जनवरी को त्रिलोक गिरी मंदिर परिसर तथा

16 जनवरी को नगर पालिका परिषद परिसर में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक कैंप लगाए जाएंगे।

## नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने दो सेक्टरों में की एसआईआर की समीक्षा

मीरजापुर। नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने एसआईआर फॉर्म के पुनरीक्षण अभियान के तहत नगर के बरियाघाट और बबुआ पोखरा में सेक्टर



संयोजकों, बूथ अध्यक्षों और पदाधिकारियों के साथ पहुंचकर बूथवार मतदाताओं की सूची और भरे गए ऑनलाइन फॉर्म, शिफ्टेड आदि का जानकारी लिया।सेक्टर के बूथों पर बूथ प्रगति की स्थिति का अवलोकन किया। निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण के संबंध में नागरिक जनों को जानकारी दी।इस मौके पर उन्होंने कहा कि हम सब एक सजग नागरिक बनकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करें और लोकतंत्र की इस महान परंपरा को आगे बढ़ाएं और जल्दी से जल्दी अपने बीएलओ से संपर्क करके एसआईआर फॉर्म भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कर लोकतंत्र को मजबूत करने का काम करे। इस मौके पर मौके बूथ अध्यक्ष जय दुबे, ऋषि सोनी, प्रियांशु, आकाश गुप्ता नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा, रविकांत मौर्य बूथ अध्यक्ष पंकज खन्ना, पवन केशरी, अक्षय बिंद, त्रिभुवन केशरवानी चंद्रमा प्रसाद, कृष गुप्ता, अनुराग मोदनवाल, राकेश सिंह, अक्षय गुप्ता, विकेश्वर प्रताप सिंह, अजय मोदनवाल सभासद, सौरभ मोदनवाल, विशाल श्रीवास्तव, पवन, अमित श्रीवास्त उपस्थित रहे।

## लंका दहन से रामराज्य तक श्रीराम कथा का समापन




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्वामी विवेकानन्द बाल उद्यान में चल रही श्रीराम कथा के अंतिम दिन कथा व्यास अजयानंद महाराज ने लंका दहन, मेघनाद व कुंभकरण वध, रावण मरण तथा श्रीराम राज्याभिषेक की कथा का विस्तार से वर्णन किया। अंतिम दिवस की कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और वातावरण भक्तिमय बना रहा।कथा व्यास ने रामराज्य की परिकल्पना को स्पष्ट करते हुए कहा कि रामराज्य में दैहिक, दैविक और भौतिक ताप नहीं थे। कोई दुखी नहीं था, न अकाल मृत्यु होती थी और न ही भय, शोक व रोग का स्थान था। न्याय व्यवस्था सर्वोच्च थी और समाज वर्णाश्रम धर्म के अनुसार आचरण करता था। इसी कारण आज भी रामराज्य को आदर्श शासन के रूप में स्मरण किया जाता है। कथा के दौरान गोस्वामी तुलसीदास की चैपाइयों के माध्यम से रामराज्य की सार्थकता को समझाया गया, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ला उर्फ रिंकू शुक्ला ने कथा समापन अवसर पर कहा कि श्रीराम का जीवन सत्य, न्याय और जनकल्याण का मार्ग दिखाता है। रामराज्य केवल शासन प्रणाली नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और नैतिक मूल्यों का आदर्श है, जिसे आज के समय में अपनाने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर यजमान शशिबाला राबड़ा, पूर्व पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, अंजू कालिया, काजल शुक्ला, शिल्पी वर्मा, प्रमिला गुप्ता, आरती शर्मा, सपना श्रीवास्तव, मीना गुप्ता, के.के. शुक्ला, आलोक बाजपेयी, धर्मेन्द्र मिश्र, गिरीश कुमार राबड़ा, दुर्गा प्रसाद मिश्र, आनंद त्रिवेदी, डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री, जया अग्निहोत्री सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में दून स्कूल के बच्चे रहे अव्वल



मोहम्मदी खीरी। दून पब्लिक स्कूल में हिंदी विकास संस्थान दिल्ली द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने गोल्ड मेडल लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

संस्थान द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय की सान्वी वर्मा, अर्णव गुप्ता, मानवी तिवारी, आर्यन पाल, आरुष राज और हरलीन कौर ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल लेकर परचम फहराया है वहीं आयुष कुमार, ओम जी, प्रियांशी, गुरांश और श्रेष्ठ शुक्ल ने कांस पदक इकजोत कंबोज, अभिनव गुप्ता, मनदीप कौर और आंन्वी तिवारी ने रजत पदक लेकर विद्यालय का मान बढ़ाया है। प्रबंधक डॉ गुरमेजर सिंह ने सफलता प्राप्त करने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा लक्ष्य चाहे जितना बड़ा हो अडिग होकर आगे बढ़ते रहना सफलता कदम चूमेगी प्रधानाचार्य कविता शर्मा ने बच्चों की हौसला अफजाई की है। व्यवस्थापक विमल अवस्थी ने अभिभावकों का आभार जताया है।

## आज डीएम से मिलेंगे सपा जिलाध्यक्ष

लालगंज, मीरजापुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल रविवार को लालगंज विकास खण्ड के लहंगपुर चौकी अन्तर्गत तेन्दुआ खुर्द.गांव पहुचा। जहां वनकर्मियों ने अतिक्रमण हटाने के दौरान 7 लोगों के खिलाफ नामजद व 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल मौके पर जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी लिया और अपनी रिपोर्ट जिला कार्यालय में प्रस्तुत किया। रिपोर्ट मिलने के बाद जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि वन विभाग के वनकर्मी भोर में पांच बजे पहुंचकर जेसीबी मशीन से कार्यवाही की। इस दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद रहें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि वन विभाग के कर्मी उनके सामान फेंक दिया। वन विभाग कर्मी के तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है जबकि उस जमीन पर कई लोगों को उपजिलाधिकारी द्वारा पट्टा दिया गया है। कहा कि फर्जी लगाये गये मुकदमें को वापस लिया जाये।

## सम्मान समारोह में 250 वृद्धों को कंबल वितरित



जौनपुर। राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर समाजसेवी विनय कुमार के नेतृत्व में वृद्ध-विधवा माता-पिता समान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दूर-दराज से आई वृद्ध महिलाओं, विधवाओं एवं बुजुर्ग पुरुषों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा सैकड़ों कंबलों का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि वाराणसी मंडल के एमएलसी प्रत्याशी रंजीत कुमार राजा ने कहा कि वृद्ध व विधवा माता-पिता का सम्मान करना हम सभी का सामाजिक कर्तव्य है। इंजीनियर सुधीर कुमार, देवेंद्र अंबेडकर, डॉ. अजीत कुमार, विजय डॉ. विषय पटेल तथा धर्मेंद्र कुमार उर्फ गुड्डू प्रधान उपस्थित रहे। एस.एस. म्यूजिकल ग्रुप द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। अध्यक्षता संपादक स्वदेश कुमार ने व संचालन प्रधान प्रतिनिधि अरविंद कुमार राज ने किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. अजीत कुमार व गुड्डू प्रधान ने बुजुर्गों को माला पहनाकर स्वागत किया और कंबल भेंट किए। लगभग 250 वृद्ध महिलाओं एवं बुजुर्गों का सम्मान किया गया। पत्रकार रामचंद्र नागर, , अनिल कुमार गौतम, डी.के. अग्रवाल, रंजीत राय बलवानी, मिथुन, पारसनाथ ,जोगिंदर राहुल कुमार चौरसिया, चंद्रकेश प्रजापति, संजीव गुप्ता, अनिल विजय कुमार, नन्हे, अरविंद अस्थाना, डॉ. राकेश, हरिमोहन, विपिन, रवि, अमर, सनी आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## वाहन से कुचलकर बाइक सवार युवक की मौत

जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के हुरहुरी गांव में स्थित पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान संजय उर्फ नाटे पुत्र सनोज 35 वर्ष निवासी शेखजादा मोहल्ला के रूप में हुई। मृतक संजय केराकत नगर पंचायत कार्यालय में कर्मचारी के रूप में तैनात था। परिवार के साथ एमआरएस सेंटर हुरहुरी में रहता था। शनिवार की रात लगभग 10 बजे हुरहुरी से नगर पंचायत कार्यालय जा रहा था। जैसे ही सड़क पर पहुंचा तभी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही संजय सड़क के किनारे जा गिरा और मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर की आवाज सुन जब तक लोगों की भीड़ इकट्ठा होती कि मौका देख चालक वाहन समेत फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचे शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। मृतक के पास दो पुत्र सोनू, यश व दो पुत्री संजना व पायल हैं। मृतक की पत्नी रोशन का करुण क्रंदन सुन मौजूद लोगों की आंखें भर आई।

## मूर्तियां खंडित करने पर एक गिरफ्तार

जौनपुर। थाना शाहगंज पुलिस द्वारा धार्मिक आस्था को ठेस पहुँचाने की घटना में मंदिर में स्थापित भगवान भोलेनाथ एवं राधा-कृष्ण की मूर्तियों खंडित करने वाले अभियुक्त गिरफ्तार करने का दावा किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर अपर आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक शाहगंज के नेतृत्व टीम द्वारा त्वरित व प्रभावी कार्रवाई की गई। रविवार को थाना क्षेत्र शाहगंज के गोडिला स्थित फाटक के पास स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में एक व्यक्ति द्वारा मंदिर में स्थापित भगवान भोलेनाथ एवं भगवान श्रीकृष्ण की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना कारित की गई। प्राप्त सूचना के आधार पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा आरोपी को चिन्हित कर मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त भगेलू चौहान पुत्र बुद्धू चौहान ताखा पश्चिम ( शिवपुर ) थाना शाहगंज सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की गयी।

## प्रसून की पुण्यतिथि पर कम्बल वितरित

जौनपुर। मीरगंज क्षेत्र के गोपालपुर गांव में रविवार को पारस-बेला न्यास के तत्वावधान में स्मृतिशेष पारसनाथ पाठक प्रसून की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा और सेवा शिविर में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों, राजनेताओं और समाजसेवियों ने शिरकत की। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ने कहा कि हमें इस आयोजन से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने माता-पिता की याद में अपने गांवों में भी ऐसे सेवा कार्य करने चाहिए, जिससे समाज का भला हो सके। एसपी जिलाधिकारी मड़ियाहूं भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक और उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ रिटायर्ड अधिकारी अनिल पाठक की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी यूपी सरकार ने उन्हें एक महत्वपूर्ण पद से सुशोभित किया है, जो उनकी कार्यकुशलता और कार्यशैली पर उनकी बेहतरीन पकड़ का प्रमाण है। मछलीशहर के भाजपा जिलाध्यक्ष अजय सिंह और समाजसेवी जज सिंह अन्ना भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्रों को डेस्क-बेंच, स्वेटर और भोजन की थाली भेंट की गई। ग्रामीणों को ऊनी वस्त्र वितरित किए गए।

## स्थापना दिवस 11 को

जौनपुर। अतुल्य वेलफेयर ट्रस्ट स्थापना दिवस आगामी 11 जनवरी को होटल जे एम एस ग्रैंड पचहटिया से मनाया जाएगा। अध्यक्ष उर्वशी सिंह ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं और इस अवसर पर समाजसेवा, खेल, शिक्षक चिकित्सक किन्नर के साथ पत्रकार एवं प्रेरणा से जुड़े लोगो को कार्यक्रम में सम्मनित किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय हॉकी टीम के पूर्व तीन बार के विश्व विजेता अर्जुन अवार्डी एवं ओलंपियन अशोक ध्यानचंद शामिल होंगे। महा सचिव डॉ पी के सिंह, महासचिव राधिका सिंह भी उपस्थित रहे।

# तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा हाईडिल मैदान



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। विधायक खेल महाकुंभ रविवार को हाइडिल मैदान पर ऐतिहासिक रहा इस दिन दृष्टिहीन युवकों ने जो करतब दिखाया लोगों ने दांतों तले उंगलियां दबा ली दृष्टिहीन युवाओं ने हाइडिल की पिच पर जमकर क्रिकेट खेल जब तक वह खेलते रहे तालियों की गड़गड़ाहट होती रही।

अद्भुत अकल्पनीय वी अविस्मरणीय रहा रविवार का विधायक खेल महाकुंभ वहीं दूसरी तरफ महिलाओं ने भी अपनी अद्भुत कला दिखाई आज का मैच देखने के लिए जिलाधिकारी स्वयं मौजूद रहे

ब्रेनलुई के जन्मजयंती के अवसर पर आज का खेल दृष्टि बाधित खिलाड़ियों का क्रिकेट मैच का मुकाबला जिलाधिकारी सोनभद्र बद्रीनाथ सिंह, विधायक भूपेश चौबे,पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा अजीत चौबे व सम्मानित खेल प्रेमियों के साथ सर्व प्रथम स्व0 लुई ब्रेल जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर दोनों टीमें भिड़ी रॉबर्ट्सगंज वॉरियर्स और चतरा वरीयर्ष के बीच मैच का टॉस कराकर मैच का शुभारंभ किया गया, रॉबर्ट्सगंज वॉरियर्स की टीम टॉस जीतकर पहले चतरा वरीयर्ष को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया,चतरा वरीयर्ष की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 08 ओवर में 3 विकेट खोकर 86 रनों का स्कोर खड़ा किया,जवाब में निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉबर्ट्सगंज वॉरियर्स की टीम 5 वे ओवर में इस लक्ष्य को 09 विकेट से जीत लिया , दिव्यांग सभी खिलाड़ियों को सोनभद्र शए डी एम वागेश शुक्ल के द्वारा प्रशस्ति पत्र व मैडल दिया गया।

दूसरी प्रतियोगिता महिला क्रिकेट मैच प्रकाश जीनियस स्कूल और सहीजन कला के बीच नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षा रूबी प्रसाद ब्रम्हकुमारी आश्रम की संचालक बहन सुमन दीदी के द्वारा टास कराकर मैच का शुभारंभ किया गया,प्रकाश जीनियस स्कूल की टीम टॉस जीतकर सहीजन की टीम को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया ,सहीजन कला की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 05 ओवर में 03 विकेट खोकर 36 रनों का स्कोर खड़ा किया,जवाब लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रकाश जीनियस स्कूल की टीम को जीत के लिए अंतिम बाल पे 4 रन की जरूरत थी अतः चौका लगा कर मैच को जीत लिया । तीसरा खेल महिलाओं के बीच कुर्सी दौड़ का खेल भी खेला गया जिसमें डा0अनुपमा सिंह व श्वेता केसरी जी विजई रही। चौथा खेल रस्सा कसी ( अमृत खेल ) का आयोजन भाजपा महिला मोर्चा के महिलाओं के बीच खेला गया, जिसमें भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्री मति पुष्पा सिंह की टीम विजई रही । प्रतिभागी सभी महिला खिलाड़ियों को नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्ष मति रूबी प्रसाद डा0अनुपमा सिंह श्रीमति रचना तिवारी के द्वारा प्रशस्ति पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया गया।

## पुलिस जनता की मदद को हमेशा तैयारःसीओ सिटी

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। पुलिस आम जनता की मदद के लिए हमेशा तैयार रहती है।कोई भी समस्या हो उसकी जानकारी पुलिस को दें।यह बातें जफराबाद क्षेत्र के जमैथा गांव में ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए सीओ सिटी गोल्डी गुप्ता आईपीएस ने कही। उन्होंने कहा कि गांव में किसी भी प्रकार की अराजकता तथा गड़बड़ी फैलाने वालों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। कहा कि आगामी कुछ महीने बाद पंचायत चुनाव होने वाले है।

चुनाव को लेकर किसी भी प्रकार का आपसी व्यवहार खराब नही करें।इसके अलावा अगर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का संदिग्ध कार्य करता हो तो उसकी सूचना पुलिस को दें। जानकारी देने वाले कि सूचना गुप्त रखी जायेगी। थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल ने कहा कि कभी भी कोई समस्या हो तत्काल अवगत कराएं।बदमाशों तथा मनबढ़ों पर कार्यवाही की जाएगी। चौकी प्रभारी राधेश्याम सिंह,प्रधान अमरसेन यादव विनीत सिंह सहित अन्य गांव के लोग मौजूद रहे।

# गौशालाओं में घुसे गौ तस्करों का प्रयास असफल



जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। रात के अंधेरे में गौशाला से पशुओं की तस्करी की सूचना के बाद हड़कंप मच गया। मऊ एसओजी की टीम ने देर रात सीधे छापा मारा। पशुओं समेत पिकअप गाड़ी को बरामद कर लिया। पुलिस को देख गौ तस्कर फरार हो गए। मामला जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के अजमतगढ़ विकासखंड अंतर्गत पारनकुंडा गौशाला में सामने आया, जहां बीती रात गौ तस्करों ने गौवंश तस्करी की बड़ी कोशिश की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, देर रात करीब 12 बजे तस्कर एक पिकअप वाहन से गौशाला परिसर में घुसे और गौवंश को ले जाने की तैयारी करने लगे। इसी बीच मऊ जनपद की पुलिस को संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिल गई।

पुलिस के गौशाला पहुंचने की भनक लगते ही तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। मौके पर खड़ी पिकअप गाड़ी में तीन गौवंश लदे मिले, जबकि एक दर्जन से अधिक गौवंश को बांधकर रखा गया था। घटना के समय गौशाला पर न तो कोई कर्मचारी मौजूद था और न ही कोई सुरक्षा व्यवस्था, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। शोरगुल सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और ग्राम प्रधान पारनकुंडा को सूचना दी। प्रधान द्वारा तत्काल लाटघाट पुलिस चौकी को अवगत कराया गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी एवं ग्रामीण मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी एसडीएम सगड़ी को दी गई। रविवार सुबह एसडीएम सगड़ी नायब तहसीलदार के साथ मौके पर पहुंचे। इसके साथ ही मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मुकेश गुप्ता ने भी गौशाला का निरीक्षण किया। जांच में सामने आया कि गौशाला पर केवल पप्पू शाही नामक एक व्यक्ति ही निवासरत था। अधिकारियों ने इस गंभीर लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पशु चिकित्सक ओमप्रकाश आनंद ने बताया कि वर्तमान में गौशाला में कुल 90 गौवंश सुरक्षित हैं। वहीं जीयनपुर पुलिस पिकअप वाहन के आधार पर गौ तस्करों की तलाश में जुटी है और शीघ्र ही मामले के खुलासे की उम्मीद जताई जा रही है।

# सनातनियों को संगठित करने के आवश्यकताः आशुतोष



जौनपुर। जफराबाद कस्बे के बाबा लालदास मंदिर प्रांगण में रविवार को सकल हिन्दू समाज खण्ड सिरकोनी के न्याय पंचायत अहमदपुर द्वारा हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आशुतोष मिश्रा ने कहा कि जब तक हिन्दू सनातनी असंगठित रहेंगे, तब तक पुलवामा जैसी घटनाएं देश में होती रहेंगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि जातीय भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट होने पर ही भारत पुनः विश्व गुरु बन सकेगा। उन्होंने बताया कि स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में संघ द्वारा पंच परिवर्तन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य समाज में सनातनियों को जागरूक और संगठित करना है, ताकि लोगों के बीच की जातीय दूरियां समाप्त हों और सभी परिवार की तरह मिल-जुलकर रहें।सम्मेलन में वक्ताओं ने सभी स्वयंसेवकों से सनातनियों को संगठित करने के साथ-साथ वृक्षारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने में भी सहयोग करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि शीतल प्रसाद गिरी और सुबास गौतम उपस्थित रहे। रमेश चंद्र जायसवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता व योगेन्द्र श्रीवास्तव ने संचालन किया। कार्यक्रम संयोजक राजेश जायसवाल ने आभार व्यक्त किया। पुजारी नवीन मिश्रा, पूर्व चेयरमैन प्रमोद बरनवाल, अखिलेश चन्द्र निषाद, सर्वेश सिंह, दिनेश सिंह, अमूल्य सिंह, रौनक बरनवाल, हर्ष सिंह, कुलदीप श्रीवास्तव, रवि सिंह, बीनू सिंह, विनय मौर्य, अमलेश मौर्य, अवधेश बरनवाल, कृष्ण कुमार जायसवाल, शिव ज्योति, ताराचंद माली और चंदन जायसवाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ट्रस्ट ने जरूरतमंदों में बांटे कम्बल



सोनभद्र। मां शारदा शिक्षा एवं सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित विंध्य कन्या महाविद्यालय रॉबर्ट्सगंज और विंध्य लॉ कॉलेज गोरडीहा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को ग्राम सभा केकराही में 251 जरूरतमंद लोगों में कम्बल का वितरण किया गया। कंबल पाकर गरीब और असहायों के चेहरे खिल पड़े। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0प्रसन्न पटेल और उमाकांत मिश्रा ने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में असहायों और कमजोर वर्गों को कम्बल वितरण कर महाविद्यालय ने बहुत ही पुनीत कार्य किया है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0अंजली विक्रम सिंह ने कहा कि महाविद्यालय इस तरह के कार्यक्रम विगत 11 वर्षों से लगातार करता आ रहा है। संचालन आनंद सिंह ने किया। इस मौके पर डॉ0अनीश, मनीष, रामसूरत, जय प्रकाश, दीपक आदि मौजूद रहे।

# पार्किंग की व्यवस्था न होने से जाम की समस्या



जौनपुर। शहर इन दिनों भीषण जाम की समस्या से जूझ रहा है। शहर के अंदर कहीं भी स्थायी पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण स्थिति लगातार विकराल होती जा रही है। पूर्व में नगर पालिका की ओर से किए गए प्रयास भी धरातल पर सफल नहीं हो सके। सड़क किनारे खड़े वाहन और ठेले-खुमचे शहर की यातायात व्यवस्था को पूरी तरह चरमरा चुके हैं।

जौनपुर में आजमगढ़, अंबेडकरनगर और गाजीपुर जिलों की सीमा से लेकर मछलीशहर, शाहगंज, केराकत, मड़ियाहूं और बदलापुर तहसीलों से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी और इलाज के लिए पहुंचते हैं। प्रतिदिन करीब 50 हजार लोगों की आवाजाही होती है, जबकि लगभग 10 हजार दोपहिया और चारपहिया वाहन शहर में प्रवेश करते हैं। पार्किंग स्थल न होने के कारण लोग मजबूरी में सड़कों के किनारे, चौराहों और बाजारों में वाहन खड़े कर देते हैं। इससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और जाम लगना आम बात हो गई है। कई इलाकों में स्थिति यह है कि एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाओं को भी निकलने में परेशानी होती है।नगर पालिका प्रशासन ने वर्ष 2016 में सद्भावना पुल के पास गोमती नदी किनारे पार्किंग स्थल चिह्नित किया था। यहां कुछ समय तक प्रयास किए गए, लेकिन यह योजना सफल नहीं हो सकी और पार्किंग व्यवस्था फिर ठप हो गई। वर्ष 2016 में ही यातायात पुलिस द्वारा सेंट्रल पार्किंग की शुरूआत की गई थी, जो करीब दो साल तक चली। हालांकि बाइक और चार पहिया वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग के चलते यातायात बाधित होने लगा। दोनों ओर से वाहन रेंगते रहते थे, जिससे जाम की स्थिति और गंभीर हो गई। अंततः प्रशासन को यह व्यवस्था भी समाप्त करनी पड़ी।

# वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन का मिजार्पुर में स्वागत



जिला संवाददाता

मीरजापुर। देश के महान आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी धरती आबा वीर बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से आयोजित वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन का 4 जनवरी 2026 को मिजार्पुर में भव्य स्वागत किया गया।

यह साइक्लोथॉन 28 दिसंबर 2025 को रांची (झारखंड) से प्रारम्भ हुआ था, जो 26 जनवरी 2026 को नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड समारोह के दौरान संपन्न होगा। समापन अवसर पर इसका स्वागत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। इस साइक्लोथॉन में कुल 19 सदस्यीय साइकलिंग टीम भाग ले रही है, जिसमें कर्नल अनिल कुमार यादव, कमांडिंग ऑफिसर 2 झारखंड एनसीसी बटालियन, आठ बालिका कैडेट (सीनियर विंग) एवं आठ बालक कैडेट (सीनियर डिवीजन) शामिल हैं। यह टीम अनुशासन, साहस और राष्ट्रभक्ति का संदेश लेकर देशभर में युवाओं को प्रेरित कर रही है। मिजार्पुर आगमन पर 101 एनसीसी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राकेश उपाध्याय द्वारा साइक्लोथॉन दल का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर 4 झारखंड एनसीसी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अनिल कुमार भी उपस्थित रहे। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों के मध्य स्मृति चिन्हों का आदान-प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान कैडेटों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सभी को भावविभोर कर दिया। वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन का विकास करना, स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को जन-जन तक पहुँचाना तथा स्वस्थ युवा, सशक्त भारत के संदेश को मजबूत करना है। यह साइक्लोथॉन राष्ट्र सेवा, एकता और कर्तव्यबोध की प्रेरणा देता हुआ आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में कर्नल राकेश उपाध्याय, लेफ्टिनेंट कर्नल मौलिक चंद, सूबेदार जयप्रकाश सिंह, सूबेदार ओम प्रकाश, हवलदार अभिषेक, अंडर अफसर हर्ष गुप्ता, आकांक्षा तिवारी, अंकित मौर्या जीसीआई सिधिका विश्वकर्मा, जीसीआई अर्पिता कुमारी, श्रेया दुबे सहित अन्य एनसीसी कैडेट उपस्थित रहें।

# दोस्त ही निकला दोस्त का कातिल



सोनभद्र। पुलिस लाइन चुर्क सभागार में रविवार को एडिशनल एसपी ने पत्रकार वार्ता में घाघर नहर मर्डर केश का खुलासा करते हुए बताया कि रॉबर्ट्सगंज क्षेत्र में मिले अज्ञात शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। थाना पन्नूगंज पुलिस ने हत्या के मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार भी कर लिया है। मीडिया को बताया कि बीते शुक्रवार को मरकरी नहर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था, जिसकी पहचान अखिलेश यादव उर्फ कन्हैया यादव 25 निवासी ग्राम नौडिहा, थाना पन्नूगंज, के रूप में हुई थी। परिजनों ने बताया कि मृतक 23 दिसंबर से लापता था, जिसकी गुमशुदगी थाना पन्नूगंज पर दर्ज कराई गई थी। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गठित विशेष टीमों ने साक्ष्य संकलन और विवेचना के उपरान्त घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त सुदीप देव पाण्डेय उर्फ सूरज निवासी नरोत्तमपुर, थाना पन्नूगंज, को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि उसने अखिलेश को हेरोइन का इंजेक्शन लगाया और फिर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को मरकरी नहर में फेंक दिया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन, 2 मोबाइल फोन और रू 508 नकद बरामद किए हैं। फरार अभियुक्त सोनू उर्फ प्रतीक की पुलिस तलाश कर रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में पन्नूगंज थाना प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्र, रॉबर्ट्सगंज थाना प्रभारी माधव सिंह, सुशील सिंह, रामनिवास यादव, दीपक गिरि शामिल रहे।

# टीबी मरीजों को बांटे कंबल



मीरजापुर। तहसील क्षेत्र अंतर्गत विगत 5 वर्षों से ठंड के समय गरीबों के बीच कंबल बांटने के साथ-साथ बाढ़, कोरोना जैसे आदि आने वाली आपदाओं में भी बढ़-चढ़कर मानवीय कर्तव्य निभाने वाली संस्था, चुनार क्लब द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रांगण में प्रभारी डॉक्टर राकेश कुमार पटेल की उपस्थिति में 51 टीबी मरीजों को कंबल देकर राहत पहुंचाने का कार्य किया गया। कार्यक्रम में क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा मरीजों एवं अन्य व्यक्तियों को टीबी के संपूर्ण लक्षणों से परिचित कराते हुए सरकारी स्तर से दी जा रही सभी निःशुल्क सुविधाओं से परिचित कराते हुए अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देते की सलाह दी गई। कहा अपने आसपास के लोगों को भी सरकारी स्तर के उक्त समस्त जांच इलाज की सुविधाओं से परिचित कराते हुए देश को टीबी मुक्त बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें, ताकि जल्द से जल्द हमारा देश टीबी मुक्त भारत देश के श्रेणी में आ सके। प्रभारी डॉक्टर राकेश कुमार पटेल द्वारा मरीजों से कहा गया कि आप सभी अपनी दवाओं का सेवन नियमित रूप से करें जिससे आप शीघ्र स्वस्थ होकर अपने समस्त दायित्वों का पूर्व की भांति अच्छे से निर्वहन करने में सक्षम हो सके। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से धनेश कुमार, अखिलेश यादव, इफ्तार, मनभावन के साथ-साथ संस्था के अध्यक्ष सर्वेश सिंह, आनंद पटेल, प्रदीप जायसवाल, राहुल सिंह, चंद्रकेश सिंह, अभिषेक सिंह, रवि गुप्ता, वीर सिंह, अविनाश सिंह, अरविंद प्रजापति, सुजीत सिंह, जोगिंदर कुमार कुशवाहा (सोनी), देवेंद्र चक्रवर्ती आदि उपस्थित रहे।

## एक तरफ ओटीएस, तो दूसरी तरफ चला सघन विद्युत चेकिंग अभियान

आजमगढ़। सरकार द्वारा विद्युत बिल राहत योजना के अंतर्गत बकाया मूलधन पर 25 प्रतिशत छूट की अवधि तीन दिन बढ़ाए जाने के बाद विद्युत विभाग ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। उपखण्ड अधिकारी विद्युत के नेतृत्व में सुदनीपुर के अवर अभियंता देवेंद्र सिंह व लाइनमैनों की टीम ने फूलपुर नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में उपभोक्ताओं की जांच की। चेकिंग के दौरान अंबेडकर नगर वार्ड, घास मंडी, रोडवेज सहित अन्य क्षेत्रों में घरेलू व वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के परिसरों की जांच की गई। इस दौरान 15 उपभोक्ताओं ने दो हजार रुपये जमा कर ओटीएस (वन टाइम सेटलमेंट) योजना के तहत पंजीकरण कराया, जबकि कुल एक लाख पांच हजार रुपये का विद्युत राजस्व वसूल किया गया। जांच के दौरान अनियमितता पाए जाने पर 5 उपभोक्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। साथ ही अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को दलालों से बचने और सीधे विभागीय अधिकारियों से संपर्क करने की सलाह दी। उपखण्ड अधिकारी भूप सिंह एवं अवर अभियंता देवेंद्र सिंह ने बताया कि सरकार की विशेष छूट योजना गरीब और अमीर सभी वर्ग के उपभोक्ताओं के लिए है। गरीब उपभोक्ता वर्तमान विद्युत बिल के साथ बकाया जमा कर योजना का लाभ उठाकर बकाया से मुक्ति पा सकते हैं। उपभोक्ता किसी भी समस्या के समाधान के लिए अवर अभियंता, विद्युत सखी अथवा उपखण्ड अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर पंकज, आशीष पाल, सिकंदर पाल, राजकुमार, आबिद, इंद्रेश, रूपेश सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## बाइक के धक्के से घायल युवक की मौत आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मड़िहान, मीरजापुर। तहसील क्षेत्र के अटारी में हुए एक दर्दनाक हादसे में 32 वर्षीय उमेश चौहान की इलाज के दौरान वाराणसी में जिंदगी चली गई। इस हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। जानकारी के अनुसार उमेश चौहान अटारी गांव स्थित भाई से मिलने लिए शाम को घर से पैदल निकले थे, घर से महज कुछ दूरी पर पहुंचे ही थे कि पीछे से बाइक सवार ने टक्कर मार दिया, जिससे वह सड़क पर गिरकर तड़पने लगा। पीछे से आ रहा दूसरा बाइक सवार उसके ऊपर चढ़ाते हुए चला गया। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मचते ही आस पास के लोग पहुंच गए। सीएचसी राजगढ़ में प्राथमिक उपचार के बाद सोनभद्र स्थित लोढ़ी अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां से बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर किया गया। दो दिन इलाज के बाद शनिवार को जीवन की जंग हार गया। परिजनों द्वारा आरोप लगाया गया कि जानबूझकर उन्हें जोरदार धक्का मार दिया गया था। अचानक हुए इस हादसे में उमेश गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। सिर और शरीर में गंभीर चोटें आने से वह मौके पर ही तड़पने लगे। उनकी असामयिक मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिवार ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष बालमुकुंद मिश्र ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## मौला अली का जीवन इंसानियत के लिए आईनाः कैस आब्दी

जौनपुर। मौला अली की विलादत के मुबारक मौके पर सदर इमामबाड़ा में जश्ने इमाम अली का इमान अफजा आयोजन किया गया। इमामबाड़ा को दुल्हन की तरह सजाया गया था। रोशनियों, सजावट और तिलावत-ए-कुरआन की



पुरनूर फिजा ने महफिल के माहौल में एक अलग ही रौनक पैदा कर दी। महफिल की खिताबत करते हुए मौलाना कैस आब्दी गाजीपुरी ने कहा कि मौला अली का जीवन पूरी इंसानियत के लिए एक आईना है, जिससे सीख लेकर हम समाज में अमन, इंसाफ और भाईचारे को मजबूत कर सकते हैं। मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता अल्लन सैय्यद ने कहा कि इमाम अली की जिंदगी हक और इंसानियत की सेवा के लिए समर्पित रही है, हमें उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। मौलाना शाजान जैदी ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया । महफिल में नामचीन शायरों ने अपने कलाम से बारगाहे-इमाम में नजराना-ए-अकीदत पेश कर महफिल में चार चांद लगा दिए। शायर काजिम जार्चवी, सकलैन मुंबई, सागर बनारसी, वसीम खुर्रम, शम्स तबरेज, फाजिल जरेली और कमाल वारसी के कलाम पर लोग देर तक मुग्ध नजर आए और नारे-ए-हैदरी की सदाएं गूंजती रहीं। संचालन जाहिद कानपुरी एवं फैजी जौनपुरी ने किया । मौलाना अहमद हसन, आगा मोहसिन, दिलशाद खान, शुजा रिजवी, सैय्यद मोहम्मद अब्बास रिजवी आदि मौजूद रहे ।

## सर्द हवाओं से गलन जारी आम जनजीवन परेशान

सोनभद्र। जनपद में सर्द हवाओं और गलन से आम जनजीवन परेशान है। कोहरे ने भी चादर ताना हुआ है। जिसका असर यह है कि देर सुबह तक धूप नहीं खिल रही है। लोग अलाव तापकर ठण्ढ से निजात पाने की कोशिश कर रहे हैं। मालूम हो कि सोनांचल में इन दिनों ठण्ढ अपने सबाब पर है। बर्फिली हवाओं ने सबको हिला दिया है। शनिवार को पूरे दिन धूप नहीं खिलने से लोग ज्यादा प्रभावित थे किन्तु रविवार को सूर्य के दर्शन होने और धूप खिलने से कुछ राहत महसूस हुई। हालांकि बर्फिली हवाओं के कारण गलन से लोग प्रभावित रहे। दिन में भी लोगों को नगर में अलाव तापते देखा गया। कोहरे ने भी अपना असर शनिवार को कम दिखाया।

संक्षेप

## पीड़ित परिवार से मिलकर सपा नेता ने बंधाया ढांढस

**अयोध्या।** जनपद के पोस्टमार्टम हाउस के पास एक गरीब परिवार की मासूम बच्ची के साथ हुए बलात्कार और फिर उसकी निर्मम हत्या की घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए बीकापुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी हाजी फिरोज खान उर्फ गब्बर ने इसे अत्यंत हृदय विदारक और शर्मसार करने वाला बताया।

उन्होंने कहा कि यह जघन्य घटना न केवल समाज की आत्मा को झकझोर देने वाली है, बल्कि कानून-व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है।

हाजी फिरोज खान उर्फ गब्बर ने बताया कि वह स्वयं पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाने पहुंचे और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। उन्होंने सरकार से मांग की कि पीड़ित परिवार को कम से कम पच्चीस लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, ताकि परिवार को इस कठिन समय में कुछ सहारा मिल सके।

# आस्तीकन गहनाग बाबा स्थल का होगा कायाकल्प

**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में स्थित आस्तीकन गहनाग बाबा स्थल पर शीघ्र ही पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाएगा। मिल्कीपुर विधायक चन्द्रभानु पासवान द्वारा अयोध्या तीर्थ विकास परिषद को भेजे गए प्रस्ताव पर निदेशालय ने एक करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत कर दी है। स्वीकृत राशि से स्थल पर बुनियादी एवं पर्यटक सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर, सुव्यवस्थित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। आस्तीकन गहनाग बाबा स्थल क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है। यहां विभिन्न धार्मिक अवसरों पर मेले और कार्यक्रमों का आयोजन होता है, जिनमें दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। यहां आधारभूत और पर्यटन सुविधाओं के विकास की आवश्यकता सामने आती रही है। स्थानीय लोगों द्वारा लगातार इस स्थल के विकास की मांग उठाई जाती थी। स्थानीय जनता की भावनाओं और मांग को ध्यान में रखते हुए मिल्कीपुर विधायक चन्द्रभानु पासवान ने

**● एक करोड़ रुपये से विकसित होंगी पर्यटन सुविधाएं**

आस्तीकन गहनाग बाबा स्थल के पर्यटन विकास का प्रस्ताव तैयार कर अयोध्या तीर्थ विकास परिषद को भेजा था। इसके बाद इस परियोजना को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रेषित परियोजनाओं की सूची में सम्मिलित कर लिया गया।

इस संबंध में अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा विधायक को पत्र लिखकर यह जानकारी दी गई कि आस्तीकन गहनाग बाबा स्थल पर पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए एक करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। स्वीकृति मिलने के बाद विधायक चन्द्रभानु पासवान ने कहा कि आस्तीकन गहनाग बाबा स्थल न केवल क्षेत्र की आस्था का प्रतीक है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहां पर्यटन सुविधाओं के विकास से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और साथ ही स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इससे क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश भर में धार्मिक और पर्यटन स्थलों के समग्र विकास का कार्य तेजी से किया जा रहा है। उसी क्रम में मिल्कीपुर विधानसभा के इस महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल को भी विकसित किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि कार्य को शीघ्र प्रारंभ कर गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूरा कराया जाएगा।

## देवरिया के बंगरा बाजार में किसान मेले का हुआ आयोजन



जिला संवाददाता

**देवरिया।** जिले के भाटपार रानी के लघु माध्यमिक विद्यालय बंगरा बाजार में प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय भागवत भगत उर्फ खजड़ी वाले बाबा की जन्म जयंती के अवसर पर किसान मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, पूर्व सांसद रविन्दर कुशवाहा, जिलाध्यक्ष पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीशचंद्र तिवारी, जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने खजड़ी वाले बाबा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया और उन्हें नमन किया।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में बड़ी संख्या में देशभक्तों ने बलिदान दिया। देश के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया। भागवत भगत खजड़ी वाले बाबा स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी योद्धा थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश को समर्पित कर दिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को अपना आदर्श माना और छेड़े गए आंदोलनों में हिस्सा लिया। नमक सत्याग्रह, अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान जेल गए।

उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए किया कि किसान दलहन और तिलहन फसलों की खेती पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश को दाल और खाद्य तेल की आवश्यकता की पूर्ति के लिए आयात पर निर्भर रहना पड़ता है, जो आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के विपरीत है। उन्होंने कहा कि यदि किसान दलहन और तिलहन की खेती को प्राथमिकता दें तो भारत इन क्षेत्रों में भी आत्मनिर्भर बन सकता है।

ग्राम्य विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि इस क्षेत्र का सौभाग्य है कि हमारे बीच ऐसे संत और महात्मा रहे हैं जिन्होंने देश की आजादी में अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया और भारत की एकता और अखंडता को बनाये रखने में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं की सबसे बड़ी हितैषी है। पार्टी सबका साथ, सबका विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मातृ गौरव और महिला सशक्तीकरण, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना जैसी कई योजनाएं महिलाओं को समर्पित हैं। सलेमपुर के पूर्व सांसद रविंद्र कुशवाहा ने कहा कि स्वर्गीय भगत जी इस क्षेत्र की शान थे, उन्होंने देश की आजादी में जनता के बीच खजड़ी बजा बजा कर स्वतंत्रता की चेतना जगाई इसीलिए लोगों ने उनका नाम खजड़ी वाले बाबा रख दिया।

जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में खजड़ी बजाकर नौजवानों में जोश भरने का काम किया। क्रांतिकारी गीत गाकर अंग्रेजी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए लोगों को एकजुट किया।

भाजपा नेता जयनाथ कुशवाहा ने कहा कि खजड़ी बाबा 1920 के असहयोग आंदोलन में भी काफी सक्रिय रहे। उन्होंने अपने तमाम साथियों के साथ अंग्रेजों के खिलाफ बगावत का झंडा बुलंद किया। बंगरा बाजार में सभा के दौरान अंग्रेजी पुलिस ने लाठीचार्ज किया। कई लोग घायल हुए थे। महात्मा गांधी ने जब 1930 में अंग्रेजों के विरुद्ध नमक सत्याग्रह शुरू किया तो भागवत भगत उसमें कूद पड़े। गांव-गांव घूमकर खजड़ी बजाकर अंग्रेजी सरकार के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया।

कार्यक्रम को बलबीर सिंह दादा, अजय कुमार दूबे, राजकुमार शाही, श्रीनिवास मणि, पवन कुमार मिश्र ने भी सम्बोधित किया।

सुनील स्नेही ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## राज्य सूचना आयुक्त ने जरूरतमंदों को बांटा कंबल



**कुशीनगर।** जेपी मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट एवं गांव वाला वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पादों के दिव्य मेले तथा शीतलहर एवं कड़ाके की ठंड को दृष्टिगत रखते हुए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन जिला स्टेडियम, कुशीनगर में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीएन द्विवेदी, राज्य सूचना आयुक्त, उत्तर प्रदेश रहे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति में जरूरतमंद एवं असहाय लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि ठंड के मौसम में निर्धन, असहाय एवं जरूरतमंद वर्ग की सहायता करना हम सभी का सामाजिक दायित्व है। शासन एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा संचालित ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य जरूरतमंदों को राहत प्रदान करना है, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण परेशान न हो। कार्यक्रम में सुदर्शन न्यूज के स्टेट हेड रजत कांत मिश्रा, गांव वाला वेलफेयर फाउंडेशन के निदेशक जितेश कुमार मिश्र, जेपी मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ. ओम प्रकाश सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कंबल प्राप्त कर लाभार्थियों के चेहरों पर प्रसन्नता झलकती नजर आई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी संबंधित संस्थाओं एवं कार्यकताओं का सराहनीय योगदान रहा।

## श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक मुक्त समाज का दिया गया संदेश



**कुशीनगर।** एडीजी गोरखपुर जोन के निर्देश पर रविवार को थाना चौरा खास के थानाध्यक्ष दिनेश साहनी के नेतृत्व में श्रीराम जानकी मंदिर, जौरा बाजार परिसर में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। थानाध्यक्ष दिनेश साहनी ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं बल्कि हमारी दैनिक जिम्मेदारी है। धार्मिक व सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए घातक है। इसलिए सभी लोग प्लास्टिक का प्रयोग कम करें और स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में सहयोग दें। उन्होंने आमजन से अपील की कि कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें और पर्यावरण संरक्षण में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें। इस स्वच्छता अभियान में उपनिरीक्षक अनिल प्रजापति, देवीलाल, नफीस अहमद, अवनीश यादव, कांस्टेबल चंद्रमा मौर्य, दीपचंद चौहान एवं दिलीप चौरसिया उपस्थित रहे। वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शम्भू बरनवाल, राकेश साहनी, अंशुमान चतुवेर्दी, अरविंद मिश्र, अशोक उपाध्याय, हिमांशु शेखर श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, रामेश्वर सिंह, धीरज तिवारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भी सहभागिता की।

# रिजर्व पुलिस लाइन्स में लगा वामा वेलनेस कैम्प



**ललितपुर।** पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश (वामा सारथी) के तत्वाधान में तथा पुलिस अधीक्षक ललितुपर मो0 मुश्ताक के निर्देशन में आयुष विभाग उ.प्र. के सहयोग से वामा वेलनेस कैम्प का आयोजन रिजर्व पुलिस लाइन्स, ललितपुर परिसर पर किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ अधिकारियों एवं वामा सारथी की

**स्वास्थ्य, सुरक्षा और सहयोग वामा सारथी के साथ**

प्रतिनिधि टीम द्वारा किया गया। कैंप का उद्देश्य पुलिस कर्मियों, महिला कार्मिकों तथा उनके परिवारों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने हेतु आयुष पद्धति आधारित उपचार, परामर्श एवं जागरूकता सेवाएँ प्रदान करना रहा। कैंप में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा परामर्श, योग एवं प्राणायाम सत्र, तनाव-नियंत्रण एवं मानसिक स्वास्थ्य वर्कशॉप, नाड़ी परीक्षण एवं हर्बल मेडिसिन वितरण, पुलिस कर्मियों के लिए विशेष हेल्थ-चेकअप एवं महिलाओं एवं बच्चों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता की जानकारियां दी गई कैम्प में ललितपुर पुलिस के बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारीगण एवं उनके परिवारीजन द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया। प्रतिभागियों ने इस पहल को सराहते हुए कहा कि तनावपूर्ण ड्यूटी के बीच इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। वामा सारथी की अध्यक्षा श्रीमती ललिता कुमारी ने वामा सारथी की इस पहल को पुलिस परिवारों के कल्याण के लिए अत्यंत हा कि वेलनेस कैम्प पुलिस बल के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सकारात्मक भूमिका निभाते हैं, और आगे भी ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, जिससे कि ललितपुर पुलिस के प्रत्येक पुलिस अधिकारी कर्मचारी तथा उसके परिवार को स्वस्थ, सशक्त, सुरक्षित किया जा सके। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने के लिए वामा सारथी, आयुष विभाग उ.प्र., चिकित्सा विशेषज्ञों, पुलिस लाइन प्रशासन एवं समस्त प्रतिभागी मौजूद रहे।

## हिन्दू समाज की शक्ति उसकी एकता: नवल किशोर



**कसया, कुशीनगर।** नगर के कसया बस स्टेशन परिसर में रविवार को हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं एवं संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में नवल किशोर (सह-क्षेत्रीय सेवा प्रमुख) ने कहा कि हिन्दू समाज की शक्ति उसकी एकता, संस्कार और संगठन में निहित है। उन्होंने युवाओं से सामाजिक दायित्वों के निर्वहन, राष्ट्रसेवा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया। विधायक कुशीनगर पीएन पाठक, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, नपा अध्यक्ष राकेश जयसवाल ने हिन्दू समाज में जागरूकता बढ़ाना, सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना तथा संगठनात्मक एकता की मजबूत पर बल दिया। कालिंदी त्रिपाठी, विजय कृष्ण आदि ने समाज में फैल रही कुरीतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं को संस्कारवान एवं जागरूक बनने की प्रेरणा दी। अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष राजू जायसवाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक सोच का विकास होता है और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। इस अवसर पर जिला प्रचारक प्रभात, प्रखंड प्रचारक देवेन्द्र, दिनेश, राजन, किरन सिंह, बलराम, फनीश, मुन्त, गोपालजी राय, आदित्य, अनिल, पिंटू, नारायण, पम्प, नृज, रामन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं किया जागरूक



**बहराइच।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर बहू-बेटी चौपाल एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों, उनके अधिकारों, तथा सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, मिशन शक्ति टीमों ने उन्हें विभिन्न सहायता सेवाओं, सरकारी योजनाओं और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी उपलब्ध कराई। महिलाओं पर होने वाले अपराधों की पहचान और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 1090 झ वीमेन पावर लाइन, 1098 झ चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 झ सीएम हेल्पलाइन, 112 झ इमरजेंसी सेवा, 181 झ महिला हेल्पलाइन, 108 झ एम्बुलेंस सेवा, 1930 झ साइबर अपराध शिकायत हेल्पलाइन आदि के बारे में जानकारी दी गयी।

# फाजिलनगर में विराट हिन्दू सम्मेलन संपन्न



जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिले के फाजिलनगर बाढू चौराहे पर फरेंदहां स्थित उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय पर शनिवार को विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सम्मेलन का उद्देश्य हिन्दू समाज को

**● धर्म-संस्कृति की रक्षा का लिया संकल्प**

संगठित करना, सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करना तथा सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करना रहा। सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक दीपक जी ने अपने संबोधन में कहा कि हिन्दू समाज की शक्ति उसकी एकता और संस्कारों में निहित है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सेवा और सांस्कृतिक जागरण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित रहकर अपनी परंपराओं और मूल्यों की रक्षा करनी होगी। हरिद्वार से पधारे संत दिव्य सागर जी महाराज ने धर्म और अध्यात्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सनातन संस्कृति मानवता को सही मार्ग दिखाती है। उन्होंने सेवा, संयम और सद्भाव को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। अयोध्या से आए महंथअजय श्रीदास ने कहा कि अयोध्या केवल एक तीर्थ नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। उन्होंने समाज को धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। जमुनहां मठ गोपालगंज से पधारे पद्मदासजी महाराज ने अपने वक्तव्य में कहा कि हिन्दू समाज को शिक्षा, संस्कार और संगठन के माध्यम से सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर भी जोर दिया। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे डॉ. हीरालाल श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने सभी वर्गों को जोड़कर चलने और सामाजिक समरसता बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन जनार्दन ने किया। सम्मेलन की शुरूआत गायत्री परिवार द्वारा यज्ञ हवन पूजन से हुआ और समापन भारत माता की आरती से हुआ। सम्मेलन में जिला प्रचारक सूर्यप्रभात, जिला संघचालक रामाश्रय जी, गेंदा जी, सुरेश गुप्ता, बबुना कुशवाहा, रामप्रताप सिंह, रामप्रवेश (विभाग कार्यवाह, देवरिया), सीताराम जी, भाजपा के पूर्व जिला मंत्री रामबृक्ष गिरी, मंडल अध्यक्ष शेषनाथ मिश्र, अमिताभ मिश्र, शिवनारायण शर्मा, चौरा खास व्यापार मंडल अध्यक्ष विकास पाण्डेय, पूर्व प्रधान मनीष तिवारी, अरुण मिश्र, रविंद्र, सोनू, प्रधानाचार्य अरविंद मिश्रा, शिक्षक अंशुमान चतुवेर्दी, हिमांशु शेखर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा एवं रामकोला के विधायक विनय प्रकाश गौड़ की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया।

# पशु पालन से किसानों का मोह भंग, खेती में बढ़ी लागत

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** पूर्वी उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा गन्ना जनपद, भगवान बुद्ध की नगरी कुशीनगर में गन्ना फसल कृषकों की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। पशु पालन से किसानों का मोह भंग होने से खेती में लागत बढ़ी है तो अब तौल केंद्रों व चीनी मिलों पर बैलगाड़ी से गन्ना ढुलाई बीते जमाने की बात हो गई है। जिले में लगभग 2 लाख 13

**● कुशीनगर में 6 वर्षों में 300 करोड़ से अधिक का गन्ना उत्पादन घटा: ओम प्रकाश गुप्ता**

**● किसानों के सामने सबसे बड़ी समस्या है गन्ने की छिलाई**

हजार कृषक एवं उनके परिवार की आजीविका का आधार गन्ना की फसल है। विगत 6 वर्षों में जिले में लगभग 300 करोड़ से अधिक मूल्य का गन्ना उत्पादन घटा है। यह जानकारी गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र, पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक गन्ना विशेषज्ञ ओम प्रकाश गुप्ता ने रामकोला, खड्डा, ढाढ़ा, सेवरही चीनी मिल क्षेत्र का भ्रमण एवं कुशीनगर के विकास में गन्ना फसल की भूमिका विषय में अध्ययन उपरांत नववर्ष में दी। पूर्व सहायक निदेशक ने बताया कि कुशीनगर की मिट्टी व जलवायु गन्ने की खेती के लिए सर्वोत्तम है। आवश्यकता है कि किसान उन्नत तकनीक से खेती करें तथा गन्ने के उत्पादकता 250 कुंतल एकड़ के स्थान पर 350 से 400 कुंतल प्रति एकड़ प्राप्त करें। सहफसली खेती करके भी उत्पादन लागत को कम किया जा सकता है और आय बढ़ायी जा सकती है। जिले में गन्ना क्षेत्रफल घटना सभी के लिए चिंता का विषय है। आंकड़ों की जानकारी देते हुए ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि पेराई सत्र 2018-19 में जिले में 392 लाख कुंतल गन्ना, चीनी मिलों ने पेराई की। जिसका गन्ना मूल्य 1260 करोड़ रुपए गन्ना फसल के किसानों को मिला। विगत गन्ना पेराई सत्र 2024-25 में चीनी मिलों द्वारा 253.81 लाख कुंतल गन्ना पेराई हुआ। गन्ना मूल्य के रूप में 922 करोड़ रुपया, गन्ना मूल्य भुगतान गन्ना फसल के किसानों को मिला। इस प्रकार 6 वर्षों में 300 करोड़ से अधिक



का गन्ना उत्पादन घटा। सभी किसान भाई गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाएं। एक एकड़ गन्ने की खेती करने में 110 से 120 मजदूर लगते हैं। बुवाई से चीनी मिल पर भेजने तक गांव में रोजगार मिलता है। गन्ने की खेती से ग्राम बकनहा निवासी रमन कुशवाहा, कैलाश, दीपक ने बताया कि पांच लोग मिलकर ठेका पर ट्रेलर 600 से 700 रुपए प्रति ट्रेलर लादते हैं। प्रतिदिन प्रति मजदूर को 1500 से 1800 रुपए मिल रहा है। गांव में 40 ट्रैक्टर है गांव में ही कांटा लगा है। किसान बता रहे हैं कि गन्ने की खेती में सबसे बड़ी समस्या है गन्ने की छिलाई तथा मजदूर की कमी। गन्ना क्षेत्रफल घट रहा है, जिले में गन्ना क्षेत्रफल 2024-25 में एक लाख 5 हजार हेक्टेयर था जो घटकर वर्ष द्वारा 2025-26 में 96603 हेक्टेयर हो गया। 9000 हेक्टेयर गन्ना क्षेत्रफल घटा। गेहूं, धान का मूल्य प्रतिवर्ष बढ़ रहा है। गन्ने का मूल्य कब बढ़ेगा किसान को नहीं मालूम, उत्पादन लागत भी बढ़ रही है। गन्ने का मूल्य जिस अनुपात में बढ़े उसी अनुपात में चीनी का मूल्य भी बढ़ना चाहिए। श्री गुप्ता ने बताया कि हमने हरगांव चीनी मिल सीतापुर, स्योहारा-बिजनौर, खतौली- मुजफ्फरनगर चीनी मिल को देखा, प्रत्येक चीनी मिल क्षेत्र में 1200 से 1500 बैलगाड़ी / भैसागाड़ी गन्ना लेकर चीनी मिल आते हैं। 20 से 22 कुन्तल गन्ना 3 से 4 लोग छिल देते हैं। बैलगाड़ी का सीधे तौल होता है। नम्बर नहीं लगाना पड़ता है। 250 से 300 छोटे ट्रेक्टर हैं जो सीधे तौल करते हैं, 2 से 3 चक्कर लगाते है। कुशीनगर जिले में एक भी बैलगाड़ी गन्ना लेकर चीनीमिल पर नहीं आती। ढाढ़ा चीनी मिल को गन्ना पेराई के लिए 150 लाख कुन्तल गन्ना पेराई क्षमता के अनुसार चाहिए। जब कि उपलब्धता लगभग 80 लाख कुन्तल है। कसया के क्षेत्र के किसान ओम प्रकाश राय, विजय तिवारी, राम चन्दर यादव ने बताया की एक ट्राली गन्ना चीनी मिल ढाढ़ा भेजने पर कटाई छिलाई, लदाई, भाड़ा में 8000 रुपए खर्च हो रहा है। 70 से 80 रुपए प्रति कुंतल गन्ना छीलने में 4 से 5 दिन लग रहा है। पर्ची हायल हो जा रही है। इस व्यवस्था में बदलाव करना होगा। बैलगाड़ी से छोटे ट्रैक्टर के तरफ आना होगा, गन्ना कृषि यंत्रों से जुड़ना होगा। खेती के साथ पशुपालन को की जोड़ना होगा तभी लागत घट सकेगी।

## एसआईआर में कार्यरत बीएलओ की हुई असमय मौत

**ललितपुर।** ब्लॉक बिरधा अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय टगर बिरधा में कार्यरत शिक्षामित्र हेमलता की विगत माह एसआईआर बीएलओ में ड्यूटी लगी थी। विगत दिवस एसआईआर का कार्य करते समय अचानक तबियत खराब हो गई थी, जिन्हें आनन फानन में झांसी के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां पर हालात में सुधार न होने पर उन्हें एम्स हॉस्पिटल भोपाल रिफर कर दिया था जहां पर ब्रेन हेमरेज का आपरेशन हुआ था। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण शिक्षा मित्र एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा आर्थिक मदद की थी एवं जिलाधिकारी ललितपुर ने भी एक लाख की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई थी, लेकिन उक्त शिक्षा मित्र हेमलता की जान नहीं बच पाई। उक्त शिक्षामित्र महरौनी विधानसभा के 411 की बीएलओ का कार्य कर रही। उक्त शिक्षा मित्र वर्ष 2006 से कन्या प्राथमिक विद्यालय बिरधा के विद्यालय में कार्यरत थी। समायोजन होने के बाद कम्पोजिट टगर बिरधा में नियुक्त थी।

## पुलिस ने चलाया प्लास्टिक सफाई अभियान, दिया स्वच्छता का संदेश

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में जनपदीय पुलिस ने रविवार को स्थानीय निकायों एवं सामाजिक संस्थाओं/आम नागरिक के साथ जनपद में प्लास्टिक सफाई अभियान चलाया। इस अभियान में स्वयं अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनन्द कुमार पाण्डेय ने पुलिस लाइन परिसर में पुलिस लाइन बल व प्रशिक्षुओं के साथ प्रतिभाग किया। सार्वजनिक स्थलों पर प्लास्टिक सफाई अभियान चलाने के का उद्देश्य स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण करना है। वही प्लास्टिक कचरा जैव निम्नीकृत कचरा नही है, अतः यह पर्यावरण के लिए बेहद हानिकारक होता है। इसकी सफाई करने से सार्वजनिक स्थानों को साफ बनाये रखने व इसके सीमित प्रयोग से पर्यावरण संरक्षण एवं उससे होने वाले प्रदूषण को कम करनें में मदद मिलेगी। इस अभियान से जनमानस को यह संदेश दिया गया कि प्लास्टिक का उपयोग कम करें और कचरा इधर-उधर न फेंकें साथ ही अपनी धरा को साफ-सुथरा रखने में सहभागिता अपनायें।

इस अभियान से जनमानस को प्लास्टिक प्रतिबंध से जुड़े सरकारी नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया और उल्लंघन न करने हेतु जागरुक किया। पुलिस व स्थानीय निकाय के जिम्मेदारों द्वारा स्वयं अभियान में भाग लेकर समाज के लिए सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही सामजिक संस्थानों के जिम्मेदार लोगों व आम नागरिकों द्वारा प्रतिभाग कर जनमानस के समक्ष सहभागिता का उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

इसके साथ ही अभियान को चलाकर सुरक्षित वातावरण अनुकूलता हेतु व स्वस्थ रहने हेतु प्लास्टिक कचरे का कम प्रयोग करने व आस-पास साफ-सफाई बनाये रखने हेतु प्रेरित किया गया।

इस अभियान के तहत समस्त थानाध्यक्षों के द्वारा स्थानीय पुलिस बल सम्मिलित कर स्थानीय निकायों व सामाजिक संस्थाओं एवं आम नागरिको के सहयोग से अपने- अपने थाना क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई की गई साथ ही जागरुकता भी फैलाई गई।

संक्षेप

## बाइक व साइकिल में भिड़ंत, चार घायल

सीतापुर। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत लहरपुर-तंबौर मार्ग पर शनिवार शाम एक बाइक और साइकिल की आमने-सामने की टक्कर में पति-पत्नी सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है ।यह दुर्घटना ग्राम मतुआ के निकट चैका बैरियर पर हुई। साइकिल पर सवार गिरधारी पुरवा, थाना सकरन निवासी कामता प्रसाद 60 पुत्र गयादीन और उनकी पत्नी कामनी 58 जा रहे थे। दूसरी ओर, बाइक पर बृजवासिन पुरवा, थाना लहरपुर निवासी राधेश्याम 50 पुत्र श्रीपाल और सचिन पुत्र रामगुलाम सवार थे।टक्कर इतनी भीषण थी कि चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर पहुंचाया। सीएचसी लहरपुर में प्राथमिक उपचार के बाद बाइक सवार राधेश्याम और सचिन की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। साइकिल सवार पति-पत्नी का इलाज जारी है ।घटना के संबंध में कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि उन्हें दुर्घटना की सूचना मिली है। लेकिन अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई लिखित शिकायत या प्रार्थना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन

परसेण्डी ( सीतापुर ) ।लहरपुर क्षेत्र में रविवार को पांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों का आयोजन किया गया। इन मेलों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के कारण आयुष डॉक्टरों द्वारा कुल 341 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां दी गईं।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिलरिया में डॉ. आदित्य सिंह ने 63 मरीजों की जांच की। जबकि ढखेरा में डॉ. तलत जहां ने 61 मरीजों का परीक्षण किया। अकबरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ. अख्तर हुसैन ने 72 मरीजों को देखा। अकैचनपुर फरीदपुर में डॉ. प्रज्ञा शरण आनंद ने 67 मरीजों की जांच की। खैरुल्लापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. प्रीति के अवकाश पर होने के कारण फार्मासिस्ट अशोक ने 78 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई ने बताया कि सभी पांच केंद्रों पर कुल 341 मरीजों की जांच की गई। उन्होंने कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए मरीजों को जागरूक भी किया। डॉ. बाजपेई के अनुसार, वर्तमान ठंड के मौसम में अधिकांश मरीज सांस संबंधी समस्याओं, खांसी-जुकाम, बुखार और त्वचा रोगों से पीड़ित होकर आ रहे हैं ।डॉ. बाजपेई ने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों को शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने पर जोर दिया।

## विशाल भंडारे व सम्मान समारोह का आयोजन

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन अंतर्गत ग्राम पंचायत में कड़ाके की ठंड को देखते हुए ग्राम प्रधान श्वेता चैधरी, उनके पति कुलदीप चौधरी एवं माता श्यामा देवी की पहल पर महिलाओं के सम्मान और सेवा को समर्पित विशाल भंडारे एवं साल वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन कस्बा पाटन स्थित ग्राम प्रधान के आवास पर संपन्न हुआ, जहां सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत की महिलाओं को ठंड से बचाव के उद्देश्य से साल भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में तकिया पाटन, ब्रह्मदेव नगर, ठाकुर जी खेड़ा, अहिरन खेड़ा सहित ग्राम पंचायत के विभिन्न मजरे और टोले शामिल रहे। भंडारे में महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं एवं बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन सुबह प्रारंभ होकर देर शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्वेता चैधरी ने कहा कि समाज में महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि महिलाएं परिवार की धुरी होती हैं और उनके सम्मान से ही समाज में संतुलन व समरसता बनी रहती है। प्रधान प्रतिनिधि कुलदीप चैधरी ने कहा कि मां, बहन, दादी और चाची जैसी पूज्य महिलाओं की सेवा और सम्मान करना उनका सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यों से आत्मिक संतोष और शांति की अनुभूति होती है। समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

# ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण



जिला संवाददाता(vol)

हरगांव ( सीतापुर )। विकासखण्ड हरगांव की ग्राम पंचायत पोखरा में मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को मौके पर ही सुनकर उनका त्वरित,प्रभावी एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान ग्राम वासियों द्वारा पेयजल, आवास, विद्युत आपूर्ति, सड़क,स्वच्छता,पेंशन, राशन कार्ड,मनरेगा, स्वास्थ्य सेवाओं सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित समस्याएं एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए।

प्राप्त शिकायतों को सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों द्वारा मौके पर ही दर्ज किया गया तथा प्रत्येक समस्या के शीघ्र निस्तारण हेतु समय बद्ध कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब या लापरवाही न की जाए तथा शिकायतकर्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर लाभ प्रदान किया जाए। जन चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से आच्छादित किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य स्वच्छता,शिक्षा एवं सामाजिक कल्याण से जुड़े विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया गया। जन चौपाल में सम्बन्धित विभागों के अधिकारी,कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## एडी हेल्थ ने किया निरीक्षण, जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं की खुली पोल

उन्नाव। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति जानने के लिए अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ. जी.पी. गुप्ता ने रविवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। बिना पूर्व सूचना पहुंचे अपर निदेशक के आगमन से अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सबसे पहले इमरजेंसी वार्ड का जायजा लिया और वहां भर्ती मरीजों की स्थिति की जानकारी ली।

इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी पाए जाने पर डॉ. गुप्ता स्वयं मरीजों के उपचार में जुट गए। उन्होंने कई मरीजों की जांच कर आवश्यक दवाएं लिखीं तथा मौके पर मौजूद चिकित्सकों को निर्देश दिए कि इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।इस दौरान उन्होंने मरीजों व उनके तीमारदारों से बातचीत कर इलाज, दवा उपलब्धता और साफ-सफाई को लेकर फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के समय कुछ वार्डों में गंदगी मिलने पर अपर निदेशक ने नाराजगी जताई और तत्काल साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने



कहा कि जिला अस्पताल आम जनता की पहली जरूरत है और यहां आने वाले प्रत्येक मरीज को समय पर व बेहतर इलाज मिलना चाहिए। डॉ. जी.पी. गुप्ता ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार सुनिश्चित किया जाए।

## सनातन की पहचान बनेगा सुगमेश्वर महादेव मंदिरः अरविंद



पुरवा, उन्नाव। सुगमेश्वर महादेव मंदिर सनातन की पहचान बनेगा। रविवार को मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के मध्य बोलते हुए पूर्व एम एल सी एवं अध्यक्ष अरविंद त्रिपाठी उर्फ गुड्डू ने यह बात कही। आगामी शिव रात्रि को मंदिर की ओर शिव शोभा यात्रा निकाली जायेगी तैयारी व सुझाव जानने को मंदिर समिति ने बैठक बुलाई।

मौरावां में सुगमेश्वर महादेव मंदिर की स्थापना के बाद से ही समिति के पदाधिकारी लगातार सांस्कृतिक आयोजनों के जरिए मंदिर की प्रतिष्ठा बढ़ाने को श्रम शील है। आज सम्पन्न बैठक में शिव शोभा यात्रा को भव्य बनाने व यात्रा मार्ग को लेकर व्यापक विचार विमर्श हुआ। ज्यादातर सदस्यों ने झांकियों की संख्या बढ़ाने, यात्रा में गांवों की सहभागिता सुनिश्चित किए जाने पर बल दिया। जिसे समिति ने स्वीकार कर लिया।

अध्यक्ष अरविंद त्रिपाठी ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि सदस्यों एवं सभी पदाधिकारियों के समर्पण को देखते यह स्पष्ट है कि भविष्य में सुगमेश्वर मंदिर सनातन की पहचान बनेगा। बैठक को प्रमोद कुमार दीक्षित, देवेंद्र तिवारी अध्यक्ष भारत गौ सेवा परिषद, श्यामू द्विवेदी, भूपेश कुमार, दिनेश साहू, पुत्तन सोनी जगदीश सिंह, नंग्गू सिंह आदि ने संबोधित किया व सुझाव दिए। बताते चलें कि मंदिर की प्रस्तावित योजनाओं में वेद विद्यालय संचालित करना है जिसकी तैयारी चल रही है। प्रबंधक एस बी शर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सदस्यों के सुझावों पर पूरी तरह अमल किया जाएगा। इस अवसर पर आर के सिंह, मोती लाल निखिल शर्मा, दुर्गी सिंह, शिवशरण सिंह, दिनेश त्रिपाठी, शिवकंठ त्रिपाठी, त्रिभुवन दीक्षित, कपिल तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## तहसील प्रशासन की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी



सीतापुर। रामकोट कस्बा क्षेत्र में तहसील प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। तहसील प्रशासन की टीम बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंची और घरों दुकानों पर कार्रवाई शुरू कर दी। इस दौरान स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक स्थानीय व्यवसायी ने तहसील प्रशासन से कुछ समय देने की गुहार लगाई और कहा कि वह स्वयं अपना अतिक्रमण हटा लेगा, लेकिन तहसीलदार ने उसकी बात नहीं मानी और बुलडोजर की कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। इसी तनावपूर्ण माहौल के बीच व्यवसायी की अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह मौके पर ही गिर पड़ा। बताया जा रहा है कि उसे हार्ट अटैक आया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। व्यवसायी की हालत गंभीर देखते ही नायब तहसीलदार सहित तहसील प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी मौके से हट गए। स्थानीय लोगों की मदद से युवक को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद कस्बे में दहशत और गुस्से का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर संवेदनहीनता का आरोप लगाया है और कार्रवाई के तरीके पर सवाल खड़े किए हैं। वहीं प्रशासन की ओर से अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। फिलहाल पूरे मामले को लेकर कस्बे में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है और लोग निष्पक्ष जांच व पीड़ित परिवार को उचित मदद की मांग कर रहे हैं।

## समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को स्थानीय स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 5 जनवरी 2026 दिन सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक तहसील में किया जाएगा। उक्त तिथि को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सिधौली में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन प्रस्तावित है।

## समरसता भोज में वरिष्ठ जनों का सम्मान



उन्नाव। असोहा क्षेत्र के भवलिया गांव में पूर्व प्रधान आनन्द सिंह ने आज समरसता भोज का आयोजन किया जिसमें गांव सहित क्षेत्र के सैकड़ो लोगो ने भाग लिया। समरसता भोज के दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ, प्रबुद्ध, सम्मानित लोगो में रमेश यादव सतीश त्रिपाठी प्रधान सरवैया भोलू दीक्षित प्रधान कालूखेड़ा आनन्द रावत प्रधान चैपाई श्याम बाजपेई ज्ञान शर्मा पुनीत सिंह शानू सिंह, श्रीपाल सहित एक सैकडॉ लोगो को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वही लगभग दो हजार क्षेत्र के गरीब बेसहारा असहाय वृद्ध लोगो को कपकपाती ठंड् में कम्बल दे कर सम्मान किया इस हॉड कपाऊ ठंड में कम्बल पाकर लोगो के चेहरे खिल गए। वही पूर्व प्रधान आनन्द सिंह को दुवाये देते नही थके। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवी अतुल सिंह राजू सिंह बंटी महाराज आतम सिंह विजय पांडेय मो शकील राजेन्द्र सिंह जवाहर यादव सहित क्षेत्र के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## किरन अर्कवंशी बनी ब्लॉक प्रमुख

सीतापुर जनपद के गोंदलामऊ विकासखंड में प्रमुख क्षेत्र पंचायत श्रीमती नमिता अवस्थी के आकस्मिक निधन के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है। पंचायत कार्यों के सुचारु संचालन के लिए अस्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। श्रीमती अवस्थी का निधन 26 नवंबर 2025 को हुआ था। जिसकी आधिकारिक सूचना खंड विकास अधिकारी गोंदलामऊ ने पत्र संख्या 1989 के माध्यम से 31 दिसंबर 2025 को जिला प्रशासन को भेजी थी

।उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम, 1961 की धारा 9(2) के तहत यह प्रावधान है कि प्रमुख का पद रिक्त होने पर नए प्रमुख के चुनाव तक जिला मजिस्ट्रेट उपयुक्त व्यवस्था कर सकते हैं। इसी अधिकार का प्रयोग करते हुए जिला मजिस्ट्रेट सीतापुर डॉ. राजामणपति आर. ने



आवश्यक आदेश जारी किए ।खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार द्वारा उपलब्ध कराई गई क्षेत्र पंचायत सदस्यों की सूची के गहन अवलोकन के बाद, वार्ड संख्या-34 (करूवामऊ-2) से निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्य श्रीमती किरन अर्कवंशी (पत्नी संजय अर्कवंशी) को गोंदलामऊ के प्रमुख क्षेत्र पंचायत के समस्त दायित्वों और शक्तियों के निर्वहन हेतु नामित किया गया है। यह व्यवस्था अगले आदेशों तक प्रभावी रहेगी ।संजय अर्कवंशी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी में प्रदेश महासचिव (मध्यांचल) का पद भी संभाल रहे हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है ।प्रशासनिक स्तर पर इस निर्णय को क्षेत्र पंचायत के विकास कार्यों, सरकारी योजनाओं और पंचायत स्तरीय गतिविधियों में निरंतरता बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इसका उद्देश्य किसी भी प्रकार की प्रशासनिक बाधा को रोकना है ।इस आदेश के बाद सुभासपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील अर्कवंशी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मदन पाल सिंह अर्कवंशी, प्रदेश प्रमुख महासचिव योगेन्द्र सिंह अर्कवंशी, रामजी शास्त्री, धर्मेंद्र मधुर, इन्द्र प्रताप सिंह, रोहित त्रिपाठी अखिलेश मिश्रा, भाजपा संदना मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र अवस्थी उर्फ सीटू, सचिन गुप्ता, रवी त्रिपाठी, अरून कुमार, रेहान, जगमोहन, ठाकुर प्रसाद, आदि लोगों ने बधाई दी है।

## कंबल वितरण और पेंशन शिविर आयोजित



जिला संवाददाता

फतेहपुर। जिले के अयाह शाह विधानसभा क्षेत्र के फुलवामाऊ गाँव में विधायक विकास गुप्ता ने एक महत्वपूर्ण समाज कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत वृद्धा, विधवा, दिव्यांग को कंबल वितरित किए गए, साथ ही पेंशन चेक भी प्रदान किए गए।

गरीब और जरूरतमंद परिवारों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित यह शिविर सैकड़ों लाभार्थियों के लिए वरदान साबित हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी पहलों से कल्याण योजनाओं की जमीनी स्तर पर पहुँच मजबूत होती है ।कार्यक्रम का स्वरूप और प्रमुख गतिविधियाँ कार्यक्रम में विधायक विकास गुप्ता ने व्यक्तिगत रूप से पेंशन चेक वितरित किए, जिससे ग्रामीणों में उत्साह का माहौल बन गया। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, समाज कल्याण विभाग पर्यवेक्षक सुशील कुमार गुप्ता उपस्थित रहे ।कंबल वितरण आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को गर्म कपड़े प्रदान किए गए, विशेषकर सर्दी के मौसम में ।पेंशन जागरूकता कैंप विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं की पूरी जानकारी दी, ताकि कोई पात्र व्यक्ति वंचित न रहे ।भंडारा आयोजनः ग्रामीणों को भोजन वितरित किया गया, जिसमें प्रधान रमाकांत ने सक्रिय भूमिका निभाई।

आशीर्वाद और संवाद बुजुर्गों ने विधायक जी को आशीर्वाद दिया, जबकि स्थानीय मुद्दों पर चर्चा हुई ।यह आयोजन विधायक की सक्रियता का प्रतीक था, जहाँ ग्रामीणों की समस्याओं का तत्काल समाधान भी किया गया ।प्रमुख पेंशन योजनाएँ समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित ये राज्य स्तरीय योजनाएँ असहाय वर्गों को आर्थिक सहारा प्रदान करती हैं। कार्यक्रम में इनकी विस्तृत जानकारी साझा की गईःये योजनाएँ ऑनलाइन पोर्टल और स्थानीय कार्यालयों के माध्यम से उपलब्ध हैं, जिसकी जागरूकता इस शिविर में बढ़ाई गई ।सामाजिक प्रभाव और ग्रामीण सराहना फुलवामाऊ जैसे दूरस्थ गाँवों में इस आयोजन ने सरकारी योजनाओं की पहुँच को मजबूत किया। विधायक की पहल से न केवल तत्काल राहत मिली, बल्कि भविष्य में आवेदनों की प्रक्रिया सरल हुई। ग्रामीणों ने कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की, खासकर भंडारा और आशीर्वाद समारोह को यादगार बताया। ऐसी पहलें ग्रामीण कल्याण को नई दिशा दे रही हैं, जहाँ विधायक स्तर पर मुद्दों का समाधान हो रहा है। यह घटना हाल की ग्रामीण विकास पहलों का हिस्सा है, जो सामाजिक समावेश को बढ़ावा देती है।

## स्वास्थ्य मेला का सीएमओ ने निरीक्षण किया

### अनुपस्थित चिकित्सक से स्पष्टीकरण मांगा



सफीपुर, उन्नाव। सकहन पीएचसी में लगे स्वास्थ्य मेले का सीएमओ ने निरीक्षण किया। जहां उन्होंने कम बैनर की उपलब्धता एवं एलटी के समय से न पहुंचने पर रोष व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण अग्रसारित करने के निर्देश दिए वही एक अन्य गांव की पीएचसी में डाक्टर के न पहुंचने पर उनका भी स्पष्टीकरण के आवश्यक निर्देश दिए।

क्षेत्र की ग्राम सकहन राजपूतान के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी सत्य प्रकाश ने पीएचसी मेला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीएचसी में बैनर की उपलब्धता व सीएससी से लगाए गए एलटी के समय पर न पहुंचने पर रोष वक्त करते हुए स्पष्टीकरण के आवश्यक निर्देश दिए। वही ग्राम रूपपुर चंदेला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात महिला डॉक्टर नंदिनी भी सीएमओ के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिली जिससे सीएमओ ने असंतुष्ट होकर डॉक्टर नंदिनी के समय पर सीएचसी में न पहुंचने पर उनका भी स्पष्टीकरण अग्रसारित करने के निर्देश दिए।

## पुलिस वाहन पर पथराव के 5 आरोपी गिरफ्तार

सिधौली ( सीतापुर )। अटरियाथाना क्षेत्र के अन्तर्गत बीते शुक्रवार को पीआरवी वाहन पर पथराव कर शीशा तोड़ने की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है ।एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक अटरिया राकेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की हैं। पुलिस टीम ने ग्राम जानकीनगर निवासी दिनेश कुमार, प्रदीप कुमार, अनूप कुमार, रामू सिंह पाल और सोनू उर्फ पुच्चू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 2 जनवरी 2026 की रात ग्राम जानकीनगर में दो पक्षों के बीच मारपीट और ईंट-पत्थर चलने की सूचना पर डायल 112 की पीआरवी मौके पर पहुंची थी। इसी दौरान दोनों पक्षों द्वारा पीआरवी कर्मचारियों पर पथराव किया गया। जिससे वाहन के आगे और पीछे के शीशे टूट गए और गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई ।पुलिस के मुताबिक मौके पर मौजूद सोनू उर्फ पुच्चू द्वारा फायरिंग भी की गई थी। इस संबंध में थाना अटरिया पर मुकदमा संख्या 003/2026 विभिन्न धाराओं में पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान नामित सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है ।गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त सोनू उर्फ पुच्चू के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा 12 बोर, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया। इस बरामदगी के आधार पर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अलग से मुकदमा दर्ज किया गया है ।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है और इनके खिलाफ पूर्व में भी कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। घटना में शामिल सभी आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## प्रदेश अध्यक्ष चंदन सिंह चौहान का स्वागत

फतेहपुर। जन उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष चंदन सिंह चौहान के आगरा मंडल दौरे के सफल समापन पर स्वागत समारोह की खबर है। मैंने इसे अखबार के लिए अधिक विस्तृत, आकर्षक और संरचित रूप में तैयार किया है, जिसमें अतिरिक्त विवरण जोड़े गए हैं ताकि यह पाठकों को बेहतर आकर्षित करे ।फतेहपुर में जोरदार स्वागतः प्रदेश अध्यक्ष चंदन सिंह चौहान की आगरा मंडल यात्रा सफल, संगठन विस्तार को मिला रफ्तारफतेहपुर, रविवार दोपहर जन उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष चंदन सिंह चौहान अपनी पांच दिवसीय आगरा मंडल यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न कर ग्रह जनपद लौटे। संगठन जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कपूर्री ठाकुर चौराहा ( डाक बंगला ) पर उनका भव्य स्वागत किया। मालाओं और गदाओं से सम्मानित करते हुए नारे लगाए गए- 'जन उद्योग व्यापार मंडल जिंदाबाद, चंदन सिंह चौहान जिंदाबाद, व्यापारी एकता जिंदाबाद, सबकी सेवा सबसे प्यार, जय व्यापारी जय व्यापार !'ज्ञात हो कि को संगठन विस्तार के उद्देश्य से प्रदेश अध्यक्ष चंदन सिंह चौहान वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ आगरा मंडल के दौरे पर रवाना हुए थे। यात्रा की शुरूआत मथुरा जिले से हुई, जहां चंदहास भारद्वाज को जिला प्रभारी नियुक्त कर वृंदावन में भव्य कार्यालय का शुभारंभ किया गया। डॉ. उमाकांत शुक्ल महराज को वृंदावन प्रभारी बनाकर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके बाद आगरा पहुंचे, जहां आगरा मंडल के संरक्षक के रूप में अशोक कुमार अग्रवाल और मंडल संयोजक के रूप में सतीश पंडित को नियुक्त किया गया। साथ ही संदीप अग्रवाल को आगरा जिला प्रभारी बनाते हुए जिला व नगर कमेटियों के शीघ्र गठन का दायित्व सौंपा गया ।कार्यकताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष चंदन सिंह चौहान ने कहा, फतेहपुर जनपद से निकलकर उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में व्यापारियों के मान-सम्मान की रक्षा और व्यापारिक समस्याओं के खिलाफ एक मजबूत संगठन खड़ा हो रहा है। कृष्ण जन्मभूमि मथुरा-वृंदावन से इसकी शुरूआत हो चुकी है। वह दिन दूर नहीं जब जन उद्योग व्यापार मंडल पूरे उत्तर प्रदेश में व्यापारियों की एकजुट आवाज बनेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन विस्तार में सक्रिय भागीदारी की अपील की ।कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री अजय सिंह मौर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू हयारण, अभिषेक रायजादा, जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, जिला महामंत्री अजय पटेल, जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर लोधी, हिमांशु दीक्षित, आशीष शरण, मिंटू सोनी, राजा सिंह कछवाहा, देवनाथ धाकड़े, राकेश मौर्य, अमन पटेल, अनिल अग्निहोत्री, ओमप्रकाश सविता, अर्जुन साहू, महेंद्र सिंह, मनीष, विपिन गुप्ता सहित दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनपद में सबसे अधिक सकरन के तीन बच्चों का श्रेष्ठ योजना में चयन

साण्डा ( सीतापुर )। केंद्र सरकार की सामाजिक एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित श्रेष्ठ परीक्षा 2025 में सकरन के तीन बच्चों का चयन हुआ है। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय, किरतापुर के तीन बच्चों का कक्षा 9 में चयन होने पर बीईओ ने बच्चों को बधाई दी है। बीईओ ओंकार सिंह ने बताया कि पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय,



किरतापुर विभिन्न परीक्षाओं में अव्वल रहता है। अध्यापक पूरे मनोयोग से बच्चों को परीक्षाओं के लिए तैयार करते हैं। इस परीक्षा में सूरज कुमार ने 233 ऑल इंडिया रैक, रंजीत रैक ने 1942 ऑल इंडिया रैक और गुलशन ने 2117 ऑल इंडिया रैक पाकर कक्षा 9 में प्रवेश के लिए चयनित हुए हैं। विद्यालय के शिक्षक ओमकार पांडेय ने बताया कि योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति के पात्र छात्र आवेदन करके देश के सर्वश्रेष्ठ सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन करने वाले छात्र की पारिवारिक आय 2.5 लाख से कम होनी चाहिए। अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के उत्थान के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई है। योजना के माध्यम से इसमें छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। यह कक्षा 9वीं से 12वीं तक मिलेंगी। शिक्षक मोहम्मद हारुन, राधा कृष्ण दीक्षित, अरविंद वर्मा, आफताब आलम, रविंद्र मिश्रा, धीरेंद्र पटेल, पतिराम, राजकुमार, कृष्ण कांत सारदा प्रसाद आदि शिक्षकों ने बधाई दी है।

## रामगढ़ चीनी मिल ने दिसम्बर माह के गन्ने का 18.13 करोड़ किया भुगतान

सीतापुर। रामगढ़ चीनी मिल ने गन्ना किसानों को समय पर भुगतान किया है। मिल प्रबंधन के अनुसार 20 से 26 दिसंबर 2025 के बीच खरीदे गए गन्ने के लिए कुल 18.13 करोड़ रुपये सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजे गए हैं ।इस अवसर पर चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबंधक ( गन्ना ) यू.के. पाठक ने सभी किसानों से सहयोग की अपील की। उन्होंने किसानों से पर्ची के अनुसार ही गन्ने की आपूर्ति करने और मिल में केवल साफ, सुथरा तथा ताजा गन्ना भेजने का आग्रह किया ।पाठक ने स्पष्ट किया कि गन्ने से अगोला, जड़, मिट्टी और हरी पत्ती को पूरी तरह साफ करके आपूर्ति करने से चीनी उत्पादन की गुणवत्ता बेहतर होती है। उन्होंने बताया कि इस बेहतर गुणवत्ता का लाभ अंततः किसानों को भी मिलता है ।महाप्रबंधक पाठक ने यह भी सलाह दी कि गन्ने के बंडल बनाते समय केवल सूखी पत्ती का उपयोग किया जाए। उन्होंने वाटर शूट और भदेड़ा को अलग कर पशु चारे में उपयोग करने की बात कही। साथ ही किसानों को अधिक क्षेत्रफल में उन्नतशील प्रजातियों के गन्ने की बुवाई करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, ताकि उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि हो सके।

## नेत्र शिविर में उमड़ी मरीजों की भीड़

सफीपुर, उन्नाव। विधायक द्वारा आयोजित परम्परागत नेत्र शिविर में भारी संख्या में मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। जहां से 107 मरीजों का चिन्हांकन किया गया। क्षेत्र के कस्बा सफीपुर स्थित भाजपा विधायक बम्बालाल दिवाकर के आवास पर परंपरागत आयोजित होने वाले शिविर में भारी संख्या में नेत्र रोगियों की भीड़ उमड़ पड़ी। जहां करीब 165 मरीजों का शंकरा



आई हॉस्पिटल के कुशल चिकित्सकों ने परीक्षण किया। जिसमें 107 मरीजों का चिन्हांकन कर आपरेशन हेतु शंकरा आई हॉस्पिटल चैबेपुर कानपुर भेजा गया। विधायक दिवाकर ने खुद मरीजों से मिलकर उनका कुशल क्षेम पूंछकर उनके आने, जाने एवं खाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। शिविर को सकुशल संपन्न कराने में बेनी माधव दिवाकर, आशीष कनौजिया, राजू सिंह चौहान, लल्ला तिवारी, पुष्पेंद्र कुमार, दीपक विमल, मलखान सिंह आदि ने महत्ती भूमिका निभाई।

संक्षेप

## टैलेंट सर्च लीग सीजन-2 का ट्रॉयल

**बांदा।** सेंट जॉर्ज क्रिकेट एकेडमी का टैलेंट सर्च लीग सीजन-2 का ट्रायल आयोजित हुआ। इसमें बांदा, चित्रकूट, महोबा, इलाहाबाद और अतर्रा कस्बे के करीब 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया। चयनित खिलाड़ियों की सूची 6 जनवरी की शाम घोषित की जाएगी।

ट्रायल के दौरान, सेंट जार्ज स्कूल के प्रधानाचार्य अल्बर्ट रस्किन, राघवेन्द्र तिवारी, सेंट जॉर्ज क्रिकेट एकेडमी के मुख्य कोच ललित प्रताप, सहायक कोच मनीष माधव, शुभम कुमार, सियोन माही, नीरज सिंह, विवेक यादव व बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहे।

## दुकान का ताला तोड़कर चोरी

**बांदा।** शहर के नजरबाग में दुकान का ताला तोड़कर पान मसाले के लगभग ढाई लाख रुपये के कूपन, काउंटर में रखे 1 लाख 35 हजार रुपये नगद, दो एलआईसी पॉलिशी के बॉन्ड चोर लेकर रफू-चक्कर हो गये।

पीड़ित रजनीश कुमार गुप्ता पुत्र नारायण गुप्ता निवासी छोटी बाजार ने कोतवाली पुलिस में चोरी की सूचना दी है। पीड़ित ने कहा कि चोर पुरानी कैश मेमो एवं दुकान के कागजात भी ले गये हैं। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## टीम भावना के साथ खेले खिलाड़ीः राज्यमंत्री

**ललितपुर।** बार विकासखंड के ग्राम नागारा में श्रीतुवन सरकार कप का शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें केजीएन ललितपुर एवं बार एलेविन टीम मध्य खेला गया। टूनामेंट श्रीतुवन सरकार के महंत रामलखनदासजी महाराज ने 21 दिसम्बदर 2025 को उद्घाटन कर मैच का शुभारंभ किया था, जिसमें शनिवार को राज्यमंत्री मनोहर लाल एवं पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने संयुक्त रूप से खिलाडि ?ों का परिचय लिया। इस दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि खिलाडि ?ों को टीम भावना के साथ खेल खेलना चाहिए। इसके बाद मैच का शुभारंभ कराया गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए बार एलेविन ने निर्धारित 15 ओवर में 178 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए केजीएन ललितपुर की टीम निर्धारित 15ओवर में केवल 112 रही ही बना सकी और उसके सारे खिलाडी ऑल आउट हो गए। मैच के मेन ऑफ द मैच रहे। जिन्होंने 14 गेंदों में 31 रन बनाए एवं 4 ओवर में 49 रन देकर 4 विकेट लिए।

# जिले में कड़ाके की सर्दी, जनजीवन प्रभावित

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** जिले में इन दिनों भीषण ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। सुबह और रात के समय घना कोहरा व ठंडी हवाओं के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। ठंड के चलते आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। रविवार को पूरे दिन सूर्य बादलों में छिपा रहा, जिस कारण धूप नहीं निकल सकी। ठिठुरन भरी ठंड से सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, बच्चों और दिहाड़ी मजदूरों को

- **डीएम ने एडवाइजरी जारी कर दिये अधिकारियों को निर्देश**

हो रही है। सुबह-सुबह काम पर निकलने वाले लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। कई ग्रामीण इलाकों में लोग देर तक घरों में दुबके रहने को मजबूर हैं।

ठंड का असर बाजारों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। सुबह के समय बाजार देर से खुल रहे हैं और ग्राहकों की संख्या भी कम नजर आ रही है। वहीं, ठंड बढ़ने से सर्दी, खांसी और बुखार जैसी बीमारियों के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ सकती है, ऐसे में लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। जिला प्रशासन भी एडवाइजरी जारी कर ठंड से बचाने के उपाय में जुटा हुआ है। शेल्टर हाउसों का जिलाधिकारी के निर्देशक्रम में निरीक्षण किया जा रहा है, वहीं रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर टीमों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है, जिससे ठंड में किसी भी आम आदमी को परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने बढ़ती ठंड के दृष्टिगत आमजन की सुरक्षा व बचाव के पर्याप्त इंतजामों के लिए अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं कि कोई भी व्यक्ति खुले में न सोए, इसके लिए जिले के सभी सेल्टर होम्स की व्यवस्थाएं दुरुस्त करायें, इसके साथ ही सभी उप जिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर ठंड से बचाव के इंतजामों का जायजा लेते रहें। इसके अलावा सभी तहसीलों व विकासखण्डों में पर्याप्त कम्बलों व अलाव की व्यवस्था रहे, जिसका समय-समय पर निरीक्षण करते रहें।

उन्होंने बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत 8वी कक्षा तक के विद्यालयों को 14 जनवरी तक एवं माध्यमिक विद्यालयों को 5 जनवरी तक बंद करने के निर्देश भी जारी कर दिये हैं।

जिलाधिकारी ने यह भी बताया है कि जनपद में कुल 156 स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है, साथ ही 3600 कम्बल प्रशासन द्वारा व 1200 कम्बल स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से अब तक बांटे जा चुके हैं। उन्होंने जनपदवासियों के लिए भी ठंड से बचाव की एडवायजरी जारी करते हुए अपील की है कि स्थानीय रेडियो, दैनिक समाचार पत्र, टी०वी० एवं मोबाइल फोन के माध्यम से मौसम की जानकारी लेते रहें।

कोयले की अंगीठी, मिट्टी तेल का चूल्हा, हीटर, ब्लोवर इत्यादि का प्रयोग करते समय सावधानी बरते तथा कमरे में हवा का आवागमन, वेंटिलेशन, वायु संचार बनाये रखे ताकि कमरे में विषाक्त, जहरीली धुआँ इकठा न हों।

शरीर को सुखा रखें, गीले कपडे तुरन्त बदल लें, ये आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकते है। घर में अलाव का सामान न हो तो अत्याधित ठंड के दिनों में सामुदायिक केन्द्रों, आश्रय स्थलों पर जाये, जहाँ प्रशासन द्वारा अलाव का प्रबंध किया गया हो।

# स्योहारा में किसान की गोली मारकर हत्या नगीना पुलिस की मदद से आरोपी गिरफ्तार

जिला संवाददाता



**बिजनौर।** पुलिस की लापरवाही की वजह से अपराधी बेलगाम हो चुके है। स्योहारा क्षेत्र अब अपराध का नया अडडा बना गया है। पुलिस को खुली चुनौती देते हुए रविवार को ग्राम हल्दुआ माफी में किसान राहुल पुत्र सतपाल की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। ग्रामीणों के अनुसार राहुल गन्ना सेंटर पर गन्ना डालने के बाद घर लौट रहा था, तभी रास्ते में हमलावरों ने उस पर ताबाड़तोड़ फायरिंग कर दी।

गोली लगते ही राहुल मौके पर ही गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस और आलाधिकारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। हालांकि पुलिस ने हत्या को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को स्वाट टीम एंव नगीना थानाध्यक्ष अवनीत मान की मदद से नगीना थाना क्षेत्र से मुठभेड के दौरान गिरफ्तार कर लिया है।

स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर में 11 दिसंबर 2025 को एक अज्ञात युवती की मिली लाश की गुत्थी स्योहारा पुलिस अभी तक सुलझा नही पाई है। रविवार को एक बार फिर स्योहारा पुलिस को चुनौती देते हुए ग्राम हल्दुआ माफी में आात बदमाशो द्वारा किसान राहुल (30 वर्ष) पुत्र सतपाल की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर हर पहलू से मामले की जांच में जुटी है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना पर पहुंचकर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस को घटना का खुलासा करने के लिए जरुरी दिशा निर्देश दिये। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये बिजनौर भेजने के बाद कार्रवाही शुरू कर दी है। स्वाट टीम एंव नगीना थानाध्यक्ष अवनीत मान की मदद से स्योहारा पुलिस ने हत्या को अंजाम देने वाले दो आरोपी मौ0 अमजद व विनित को नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम कालाखेडी पुल के पास से मुठभेड के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबन्ध में सीओ धामपुर ने अभय कुमार पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि मुठभेड के दौरान राहुल की हत्या को अंजाम देने वाले दो आरिपयों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के पास से एक 315 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना की पूरी सच्चाई तक पहुंचा जा सके।

# माताटीला चौराहे पर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

ललितपुर। तालबेहट कोतवाली क्षेत्रांतर्गत रानीपुरा निवासी मुकेश साहू पुत्र सुरेश ने पुलिस को अवगत कराया कि एक जनवरी को शाम करीब 5.40 बजे उसका भाई देवेन्द्र साहू मुहल्ला करीला अपने घर पर था तभी पड़ौस के धनीराम पुत्र छोटेलाल, सुनील, अनिल, उपेन्द्र, बंटी उर्फ भूपेन्द्र, रूपेश, गोलू पुत्रगण धनीराम एकराय होकर आये और उसके भाई को घर में घुसकर गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी-डण्डा, कुल्हाड़ी, सब्बल से मारपीट कर दी। बचाने आयी उसकी बहू आरती उर्फ अर्चना उसके भाई के दोनों पैरों में फ्रैक्चर हो गया और गंभीर चोटें आयीं।

आरोप है कि उक्त लोगों ने दुकान में रखे सामान व बाइक की तोडफोड़ कर दी, जिससे उसे करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हो गया। शोर मचाने पर मोहल्लेवासियों ने एकराय होकर उन्हें किसी प्रकार बचाया। डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया, जिससे पुलिस आयी और उसके भाई व बहू को गंभीर हालत में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां से दोनों को मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 191 (3), 333, 115 (2), 117 (2), 352, 351 (3) व 324 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

वहीं दूसरे पक्ष की ओर से भूपेन्द्र साहू पुत्र धनीराम साहू ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि माताटीला चैराहा स्थित वह अपनी दुकान पर था, तभी सुरेश साहू पुत्र मल्थू, मुकेश साहू, अजय साहू, देवेन्द्र साहू, रामू, अंकित साहू पुत्रगण सुरेश साहू अपने 5-6 अज्ञात साथियों के साथ आये और मारपीट कर दी। दुकान में घुसकर सिर पर लोहे की रॉड मार दी, जिससे उसका सिर फट गया। वहीं धारदार हथियारों, कुल्हाड़ी, रॉड से हमला कर पूरे परिवार पर हमला किया, जिससे उसके भाई भी घायल हो गये।

पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 191 (3), 333, 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# नकली नोट बनाने वाले दो गिरफ्तार

जिला संवाददाता



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के चलते अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के मार्गदर्शन एवं सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक के नेतृत्व में रविवार को पुलिस ने नकली नोट बनाने वाले संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस को मुखबिर के जरिए जानकारी मिली कि दो लोग कोतवाली नगर क्षेत्र के कनवारा चौराहे

- **112500 रुपये मूल्य के नकली नोट बरामद**

के पास महोबा रोड की ओर से नकली नोट लेकर आ रहे हैं और उन्हे बाजार में खपाने की फिराक में हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली नगर एवं एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने तत्काल संदिग्धों की चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान संदिग्ध अवस्था में खड़े दो लोगों से पूंछताछ की गयी। इतने में वह भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस बल ने तत्परता के साथ दोनो को मौके पर ही पकड़ लिया। कड़ाई से पूंछताछ करने और तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से 1,12,500 रुपये के नकली नोट बरामद किए। इनमें 500 रुपये के 225 नोट थे। जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि सभी नकली नोटों पर एक ही सीरियल नंबर अंकित था। इससे यह स्पष्ट है कि नोट सुनियोजित तरीके से तैयार किए गये थे। तलाशी के दौरान उनके पास से नकली नोट बनाने में प्रयुक्त उपकरण, प्रिंटर, विभिन्न रंगों की इंक बोतलें, ब्लैक सायन, मैजेंटा, कटर, फ्रेम, टेप, ब्रश, इमल्शन, डाई, पीवीसी सीट, विशेष प्रकार का कागज व अन्य तकनीकी सामान मिला। जिससे नकली नोट तैयार किए जा रहे थे। आरोपियों ने स्वीकार किया कि वह असली 500 के नोटों का उपयोग कर उनकी नकल तैयार करते थे और सुनियोजित तरीके से इन्हे बाजार में चलाने की योजना बना रहे थे। आरोपियों के अन्य सहयोगियों तथा गिरोह के नेटवर्क के बारे में पुलिस गहराई से जांच कर रही है। कोतवाली नगर में आरोपियों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गयी है। गिरफ्तार आरोपियों में राजाराम पुत्र अयोध्या निवासी उटियां, राहुल सिंह पुत्र राजू सिंह निवासी पिडारी थाना कबरई जनपद महोबा हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओजी प्रभारी आनंद कुमार, चैकी प्रभारी मंडी समिति आशुतोष त्रिपाठी, उप निरीक्षक प्रीत कुमर पाण्डेय व टीम रही।

## मेडिकल अस्पताल में फर्जी चिकित्सक इलाज मांमले में दोषी पर होगी कार्रवाहीः डीएम



**बिजनौर।** मेडिकल अस्पताल में फर्जी डॉक्टर के पकड़े जाने से एक बार चिकित्सा विभाग की पोल खुल गई है। मांमले का संज्ञान लेकर डीएम जसजीत कौर और प्राचार्या ने जांच के लिए दो अलग-अलग कमेटी गठित कर दी हैं। मेडिकल अस्पताल के कक्ष नंबर 25 में टीबी एवं छाती विभाग की ओपीडी संचालित होती हैं। इसके प्रभारी डॉ0 तुषार हैं। शुक्रवार को डॉ0 तुषार ओपीडी कक्ष नंबर 25 में नहीं थे। डॉ0 तुषार के स्थान पर दिनेश नाम का एक फर्जी चिकित्सक मरीजों का इलाज कर रहा था। फर्जी चिकित्सक दिनेश ने प्रत्येक मरीज के पर्चे पर भारी संख्या में दवाई तक लिखी। इनमें दो से चार दवाई बाहर मेडिकल स्टोर की लिखी जा रही थी। एक फार्मासिस्ट ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पर्चे में रेखांकित दवाई अस्पताल में नहीं मिलती हैं। पिछले दो महीने से फर्जी डॉक्टर ओपीडी में मरीजों को दवाई लिख रहा था लेकिन मेडिकल अस्पताल प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लगी। मांमले का खुलासा होने पर डीएम जसजीत कौर ने जांच के लिए सीएमओ और एडीएम प्रशासन की दो सदस्य कमेटी गठित की। जबकि, प्राचार्या डॉ. उर्मिला ने जांच के लिए सीएमएस डॉ0 बीआर त्यागी, डॉ0 रजनीश शर्मा, डॉ0 विजयंत की तीन सदस्य कमेटी का गठन किया। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि मेडिकल अस्पताल में फर्जी डॉक्टर प्रकरण में सीएमओ, एडीएम प्रशासन की टीम गठित हो गई है। उसे ओपीडी में बैठने के लिए किसने अधिकृत किया और कब से मरीजों को दवाई लिख रहा था। इन सब बिंदुओं की जांच होगी। जांच में दोषी पाए जाने पर मेडिकल कॉलेज, सीएमएस, डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को लिखा जाएगा।

## सदर विधायक, पालिकाध्यक्ष ने बांटे एक हजार कंबल



**बांदा।** गरीब व निराश्रित लोगों को भीषण ठंड से राहत दिलाने के लिए सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी लगातार कंबल वितरण कर रहे हैं। रविवार को शहर के पंडित जेएन कॉलेज में चिन्हित किए गये गरीबों को कंबल बांटे गये। मुख्य अतिथि सदर विधायक व नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू ने गरीब, असहाय और निराश्रित लोगों को लगभग एक हजार कंबल वितरित किए। तहसीलदार सदर विकास पाण्डेय ने बताया कि गरीबों को ठंड से बचाव के लिए कंबल बांटे गये हैं। उन्होने बताया कि वितरण कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी नमन मेहता, नायब तहसीलदार धनंजय कुमार, हेमंत सिंह पटेल, राजस्व निरीक्षक छंगूराम, गुलाब सिंह, लेखपाल गोविन्द शुक्ला, राकेश राजपूत, विजय शर्मा, राजकुमार राजपूत, लव सिंह, रमेश यादव, अतुल गुप्ता व तहसीलकर्मी मौजूद रहे। बताते चलें कि हाल ही में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी और नगर पालिका अध्यक्षा मालती बासू ने अवस्थी पार्क में शहर के गरीब और निराश्रित लोगों को कंबल बांटे थे। लोगों का कहना है कि जनहित के कार्यों में सदर विधायक हमेशा बढ़-चढ़कर भागीदारी करते हैं।

# हत्या सहित दो अन्य मामलों में तीन के विरूद्ध रिपोर्ट

जिला संवाददता

**बांदा।** पुलिस ने अलग-अलग मामले में तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। गुगौली गांव निवासिनी हाजरा पत्नी कल्लू ने चिल्ला थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र आजम, दामाद साबिर पुत्र करीम शेख मोटरसाइकिल से बांदा से गुगौली आ रहे थे। घूरा गांव से गुगौली की ओर मुड़े तभी विपरीत दिशा चिल्ला से बांदा की ओर आ रही बोलोरो गाड़ी के चालक खप्टिहा प्रधान के पुत्र मनोज निषाद ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ठोकर से गाड़ी की बोनट के ऊपर उछलकर आजम जा गिरा और छत के पाइप पकड़कर लटक गया। खप्टिहा चैकी के आगे रास्ते में गाड़ी धीमी होने पर वह गाड़ी से गिरकर बेहोश हो गया। मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। दामाद साबिर, पुत्र आजम को पीएचसी तिंदवारी ले जाया गया। वहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया है। एक अन्य घटना में गजेंद्र पुत्र अवधेश सिंह निवासी पपरेंदा ने तहरीर देकर बताया कि एक जनवरी को गांव के ही राजेंद्र ऊर्फ जुगुला भुर्जी पुत्र कृष्णपाल ने उसे आकर गाली-गलौज की। गाली देने से मना किया गया तो डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। मोहल्ले के लोगों ने बीच बचाव किया। इस पर राजेंद्र जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। तीसरी घटना में कृष्णपाल सिंह पुत्र रामआसरे उर्फ चुन्नू सिंह निवासी महोखर ने देहात कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसके 16 वर्षीय पुत्र हर्षवर्धन सिंह को पड़ोसी रवि सिंह गौर पुत्र रामस्वरूप सिंह गौर अपने साथ 14 दिसंबर को खेत ले गया था। रवि सिंह गौर के खेत में उसका साला वीरेंद्र प्रताप सिंह ऊर्फ शानू पुत्र देवेंद्र प्रताप सिंह पहले से मौजूद थे। जब उसका पुत्र हर्षवर्धन सिंह, रवि सिंह गौर की मोटरसाइकिल से वापस घर आ रहे थे तो बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के सर्विस लेन में रवि सिंह गौर गाड़ी खड़ी करके अपने साले का इंतजार करने लगा। उसका पुत्र हर्षवर्धन सिंह उसकी गाड़ी के पीछे बैठा था। वीरेंद्र प्रताप सिंह अपनी मोटरसाइकिल को तेजी व लापरवाही से चलाता हुआ आया और रवि सिंह गौर की मोटरसाइकिल में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे हर्षवर्धन सिंह घायल हो गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## अलग-अलग 3 घटनाओं में आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट

**बांदा।** थाना गिरवां क्षेत्र के बड़ोखर बुजुर्ग गांव निवासिनी महिला ने थाना में तहरीर देकर बताया कि उसकी 19 वर्षीय पुत्री अचानक घर से लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़िता ने बताया कि उनके ही गांव का युवक कुलदीप पुत्र रामगोपाल कुशवाहा उनकी पुत्री से बातचीत करता था, बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। दूसरी घटना में गिरवां थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी विवाहिता ने पुलिस को बताया कि बीती 2 जनवरी की रात गांव के कुछ युवकों ने शराब के नशे में उसके घर का दरवाजा तोड़ने की कोशिश की। उस समय पति घर पर मौजूद नहीं थे। पीड़िता ने गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी आदि धाराओं में राहुल, रवि व लालू निवासी शेरपुर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसी प्रकार तीसरी घटना में नरैनी कस्बा सुभाषनगर निवासी महिला रश्मी पुत्री सुरेंद्र कुमार पाठक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी शादी 15 फरवरी 2022 को थाना गिरवां क्षेत्र के ग्राम महुआ निवासी सचिन पुत्र ठाकुरदीन मिश्र के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ ही दिनों बाद से ससुराल पक्ष के लोग दहेज कम लाने को लेकर ताने देने लगे और शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। सास, ननद समेत अन्य परिजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर आए दिन मारपीट करते थे। जब उसने पति से शिकायत की तो पति ने भी परिजनों का साथ देते हुए उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। महिला ने तहरीर में बताया कि ससुराल से दिसंबर 2024 में उसके पिता उसे नरैनी लेकर आए थे। इसके बाद कई बार सुलह की कोशिश की गई, लेकिन ससुराल पक्ष बिना अतिरिक्त दहेज लिए पीड़िता को वापस ले जाने को तैयार नहीं हुआ। ससुरालीजनों से जान को खतरा बताया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति सचिन मिश्र, ससुर ठाकुरदीन, सास गीता देवी, ननद दया समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### युवक की मौत पर केस दर्ज

ललितपुर। मड़ावरा थानान्तर्गत ग्राम प्यासा निवासी प्रागी पुत्र सामले निरंजन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 2 जनवरी को उसका पुत्र नीतेश अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एफ. 1470 से तहसील मड़ावरा जा रहा था। वह जैसे ही तहसील गेट के सामने पहुंचा कि तभी वहां से मारूति ईको गाड़ी संख्या एम.पी.15 जेड.ई. 4861 के चालक ने उसके पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। राहगीरों ने नीतेश को सीएचसी मड़ावरा में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान डाक्टरों ने नीतेश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पींड़ित की तहरीर पर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## डाक्टर ने लापरवाही के आरोपों को बताया निराधार

सोहावल-अयोध्या। साहू मेडिकल सेंटर के डाक्टर ने अपना पक्ष रखते हुये कहा कि बच्चा मृत पैदा हुआ था और लापरवाही के आरोपों को निराधार बताया है। जनपद के सोहावल में सामने आए नवजात शिशु प्रकरण में इलाज करने वाले डाक्टर की ओर से अब और अधिक स्पष्ट पक्ष सामने आया है। डाक्टर द्वारा लिखित बयान एवं मेडिकल रिकार्ड के अनुसार नवजात शिशु मृत अवस्था में पैदा हुआ था। डाक्टर ने साफ शब्दों में कहा है कि शिशु के जन्म के समय उसमें कोई जीवन के स्पष्ट लक्षण मौजूद नहीं थे। डाक्टर के अनुसार सरिता देवी पत्नी विवेक कुमार चैहान की डिलीवरी पहले से ही अत्यंत जटिल (हाई रिस्क डिलेवरी ) श्रेणी में थी। सभी आवश्यक चिकित्सकीय सावधानियों और प्रोटोकाल का पालन करते हुए डिलीवरी कराई गई। शिशु के जन्म के



तुरंत बाद उसे जीवन देने के उद्देश्य से मेडिकल प्रोटोकाल के अनुसार सभी आवश्यक प्रयास किए गये। लेकिन शिशु में कोई प्रतिक्रिया नहीं पाई गई। डाक्टर ने स्पष्ट किया कि बच्चा मृत अवस्था में पैदा हुआ था। डिलीवरी पूरी तरह मानक मेडिकल गाइड लाइन के तहत कराई गई। इलाज या डिलीवरी में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हुई। स्थिति चिकित्सकीय रूप से अत्यंत संवेदनशील और जटिल थी। डाक्टर का कहना है कि कई बार गर्भावस्था और प्रसव के दौरान ऐसी जन्मजात जटिलताएं उत्पन्न हो जाती हैं। जिनमें चिकित्सकीय प्रयासों के बावजूद शिशु को बचाया जाना संभव नहीं होता। ऐसे मामलों को बिना जांच के लापरवाही कहना भ्रामक और तथ्यहीन है।

## खेतों में अज्ञात लोगों ने डाल दी जहरीली दवा, फसलें सूखीं



**ललितपुर।** महरौनी अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कुम्हैड़ी में अज्ञात लोगों द्वारा गेहूं और मसूर की खड़ी फसल में जहरीली दवा डालने का मामला सामने आया है। दवा डालने से पूरी फसल बर्बाद हो गई, जिससे किसान को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। पीड़ित किसान ने बताया कि फसल पूरी तरह तैयार थी, लेकिन अचानक पौधे सूखने लगे। खेत में जाकर देखने पर दवा डाले जाने की आशंका हुई। घटना की सूचना ग्रामीणों और प्रशासन को दे दी गई है। किसानों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मुआवजे की मांग की है। प्रशासन मामले की जांच में जुटा हुआ है।

## पूर्व विधायक बाबूलाल तिवारी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित



**महोबा।** लोक चेतना के प्रतीक पूर्व विधायक स्वर्गीय बाबूलाल तिवारी की छठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर पुराने रामलीला मैदान में स्थित बाबूलाल तिवारी स्मृति सभागार में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बाबूलाल तिवारी जिनको लोग प्यार से दादा जी कहकर बुलाते थे की पुण्यतिथि के अवसर पर जरूरतमंदों को पुण्य प्रतीक का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर मुकुंद फाउंडेशन के अध्यक्ष मनोज तिवारी ने दादाजी की चित्र पर आरती कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सर्वप्रथम शांति पाठ का आयोजन किया गया। संगीतज्ञ आबोध सोनी एवं अंशिका वर्मा ने गीत गाकर दादा जी को याद किया। बता दें कि दादा जी लोक चेतना के प्रतीक जनप्रिय नेता थे, वह लगभग 20 वर्षों तक महोबा नगर पालिका के अध्यक्ष एवं तीन बार महोबा के विधायक, डीएवी इंटर कॉलेज प्रबंध समिति एवं रामलीला कमेटी के अध्यक्ष, राम जानकी मंदिर, बिहारी जी मंदिर एवं प्रयाग नारायण शिवाला मंदिर कानपुर के आजीवन ट्रस्टी रहे। पुष्पांजलि सभा में बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## रोटी बैंक ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल, गर्म कपड़े



**बांदा।** रोटी बैंक सोसायटी संरक्षक शेख सादी जमा, सह संरक्षक चंद्रमौलि भरद्वाज व उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम की अध्यक्षता, अध्यक्ष रिजवान अली के नेतृत्व में विकासखंड बड़ोखर खुर्द के चहितारा गांव के गरीबों को कंबल, गरम कपड़े, जूते, चप्पल वितरित किए गए। प्रधानाध्यापिका अंजुम बानो से दान में मिले 20 कंबल और शहर के जिम्मेदार, जागरूक लोगों से दान में मिले गर्म कपड़े, जूते-चप्पल, ग्राम प्रधान कारेलाल प्रजापति की उपस्थिति में गांव के जरूरतमंद ग्रामीणों को बांटे गये। इस दौरान गांव के लोगों को सर्पदंश, स्वास्थ्य, स्वच्छता, यातायात और उनके आनूनी अधिकारों के बारे में रोटी बैंक सोसायटी टीम के कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम और महामंत्री रिया खान ने जागरूक किया। कंबल, कपड़े पाकर गांव के लोग बेहद प्रसन्न दिखाई पड़े। उन्होने रोटी बैंक टीम को आशीर्वाद दिया। वितरण के दौरान सोसायटी के शाखा प्रमुख इरफान खान, उप शाखा प्रमुख अलीमुद्दीन, सहाना खान, समाजसेवी महेश, राकेश कुमार, शिवनरेश तिवारी, कौशल, सोसायटी के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## किसान को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**ललितपुर।** महरौनी थानान्तर्गत ग्राम सिलावन में रहने वाले केशव पुत्र स्व.कैलाश अहिरवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 26 दिसम्बर को सुबह करीब 6 बजे उसके पिता कैलाश अहिरवार पुत्र रग्गू अपने घर से कृषि कार्य के लिए यूरिया खाद की बोरी लेने के लिए अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एफ. 4886 से ललितपुर जा रहे थे। ग्राम खितवांस में टायर के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उसके पिता को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता गिरकर घायल हो गये। राहगीरों ने उसके पिता को एम्ब्युलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# आर्थिक सुधारों के फल

भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। 1990 के दशक में कोई कहता कि भारत की अर्थव्यवस्था जापान को पीछे छोड़ सकती है, तो कोई भी उद्योगपति या अर्थशास्त्री इसे स्वीकार नहीं करता। तब जापान विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था और भारत बहुत पीछे था। भारत ने अर्थव्यवस्था को खोलने और आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत ही की थी, लेकिन आज यथार्थ सामने है। आज भारत 4.187 ट्रिलियन डॉलर के साथ विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और उसने जापान को पीछे कर दिया है। भारत सबसे तेज गति वाली अर्थव्यवस्था है और वह दिन दूर नहीं है, जब भारत में कामगार आबादी 1 अरब होगी। फिलहाल भारत की कुल आबादी 1.47 अरब को पार कर चुकी है। राजनेता अपने आंकड़े सुधार लें। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और कई विख्यात रेटिंग एजेंसियां 2025-26 (31 मार्च, 2026 तक) वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक विकास दर औसतन 7 फीसदी आंक रही हैं। देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन इससे भी अधिक विकास दर को लेकर आशान्वित हैं। सही मायने में अब भारत बदल रहा है और आर्थिक महाशक्ति बनने की तरफ बढ़ रहा है। जर्मनी 4.7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ तीसरे स्थान पर है। यकीनन भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के कगार पर है। ऐसी अनुकूल स्थिति के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी ने शीर्ष नौकरशाहों को यह सलाह क्यों दी है कि 'विनियमन प्रकोष्ठ' स्थापित किए जाएं। प्रधानमंत्री देश की बढ़ती आर्थिक ताकत के



रास्ते में किसी भी नियम, कानून और प्रक्रिया को रोड़ा बनने के पक्षधर नहीं हैं। साफ है कि प्रधानमंत्री सुधारों को गति देना चाहते हैं। फालतू के नियम, कानून, प्रतिबंध और प्रक्रियाओं को समाप्त करना चाहते हैं, ताकि जिंदगी और व्यापार करना आसान हो सके। इसी बिंदु पर भारत जापान से बहुत अलग है। 2004 को याद करें, जब एक अनुबंध या ठेका प्राप्त करने में औसतन 425 दिन लगते थे। करीब 40 प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता था। दिवालियापन के समाधान की प्रक्रिया आराम से 10 साल तक चलती थी। नीति आयोग ने 2017 की अपनी रपट में स्वीकार किया था कि भारत में एक दुकान स्थापित करने में औसतन 118 दिन लगते थे। असम में यह अवधि 248 दिन तक फैल जाती थी। बेशक आज स्थितियां तुलनात्मक रूप से बेहतर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने फालतू के सैकड़ों कानूनों को खत्म किया है, लेकिन प्रक्रियाएं आज भी व्यापार, उद्योग के पहिये को अवरुद्ध कर रही हैं, लिहाजा प्रधानमंत्री को 'विनियमन प्रकोष्ठ' स्थापित करने की बात कहनी पड़ी है। यदि भारत 2047 तक 'विकसित राष्ट्र' बनना चाहता है, तो ऐसी स्थितियां बनानी पड़ेंगी, जिनमें कायदे-कानून और फालतू की प्रक्रियाएं 'शासन' न करती हों, बल्कि नियमन को सहज-सुगम बनाती हों। बेशक उससे भारत की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। अब भारत ऐसा देश है, जिसमें 2025 में 1.95 लाख करोड़ रुपये के आईपीओ आए और डीमैट खातों की संख्या 21 करोड़ के पार चली गई। अभी तक 1350 स्टार्टअप में 25,320 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। आज भारत 159 प्रकार के गोला-बारूद, गोलियां, रॉकेट आदि का उत्पादन देश में ही कर रहा है। रक्षा-क्षेत्र में भी भारत आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है। अब भारत सिर्फ रक्षा आयातक ही नहीं बल्कि निर्यातक भी है। सरकार का लक्ष्य 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये के रक्षा-निर्यात का लक्ष्य है। कुल मिलाकर देश आर्थिक, सामरिक, तकनीकी के साथ शिक्षा-स्वास्थ्य हर दिशा में आगे बढ़ रहा है। ऐसे में इस बढ़त को बनाये रखने और अधिक गति देने के लिए जरूरी है कि प्रगति के मार्ग में जो भी बाधाएं सामने आयें उनको दूर किया जाये।

### विचार

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।
–गीता.

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री-पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?
–महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।
–महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।
– शेक्सपियर.

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।
–गौतम बुद्ध.

# वेनेजुएला में अमरीकी हमले से छोटे देश डरे



मनोज बाजपेयी

**आर्थिक मोर्चे पर भारत की प्रगति ठीक-ठाक है लेकिन हमारे सामने सामरिक चुनौतियां भी बहुत अधिक हैं। विशेषकर जब पाकिस्तान जैसे दुष्ट देश के सिर पर ट्रंप और चीन दोनों का हाथ है। इसलिए, भारत को अपनी आर्थिक प्रगति के साथ ही सैन्य शक्ति को बढ़ाते जाना चाहिए। इसमें परमाणु शस्त्रागार के साथ उन्नत फाइजर जेट, मिसाइल और एयर डिफेंस की पूरी श्रृंखला विकसित करनी होगी क्योंकि अब 'सॉफ्ट नहीं हॉर्ड पावर' का दौर लौट आया है।**

अमरीकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने नये साल की शुरूआत में ही जिस तरह वेनेजुएला पर हमला कर उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनकी पत्नी के साथ बंधक बनाकर, जंजीरों में जकड़कर अमरीका की जेल में डाल दिया, उससे एक बार फिर जॉर्ज बुश के दौर की यादें ताजा हो गयीं। सोवियत रूस के पतन के बाद अमरीका एकमात्र महाशक्ति था और अपनी मनमानी पूरी दुनिया पर थोप रहा था। ट्रंप एक बार फिर अमरीका को उस दौर में ले गये हैं जब दुनिया के तमाम छोटे-छोटे देश अमरीका की आर्थिक और सामरिक शक्ति से सहम गये हैं। ट्रंप ने 20 जनवरी 2025 को दूसरी बार अमरीका के राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभाला था और पहले ही दिन से उन्होंने दशकों के प्रयासों से बनी वैश्विक आर्थिक व्यवस्था, उसके नियम-कायदों को ध्वस्त कर अमरीका के हित में एकतरफ करना शुरू कर दिया था। बीते साल उन्होंने वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को लगभग पूरी तरह ध्वस्त कर दिया था। दूसरे देशों के साथ मानमानी और अमरीकी हितों को साधने वाले कारोबारी नियम ट्रंप ने एकतरफ तौर लागू किये। ट्रंप ने जिन देशों के साथ व्यापारिक समझौते किये हैं, वह कोई समझौता नहीं है बल्कि ट्रंप का फरमान था। जिस देश ने ट्रंप का फरमान मान लिया उसके साथ अमरीका का व्यापार सामान्य गति से चल रहा है और जिस देश ने नियम-कानून की बात की, अपनी संप्रभुता की बात की, उस देश पर अनाप-शनाप टैक्स थोप दिया। अमरीका की मनमानी से आज भारत भी पीड़ित है।

भारत पर अमरीका ने 50 फीसद अतिरिक्त टैरिफ लगा रखे हैं। ट्रंप के रवैये से ऐसा लगता है कि अब अमरीका अपनी आर्थिक और सामरिक शक्ति का उपयोग दूसरे देशों के संसाधनों को लूटने के लिए, उनको झुकाकर अमरीका का गुलाम बनाने और ट्रंप के पारिवारिक व्यवसाय को बढ़ाने के लिए कर रहा है। पिछले साल वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को ट्रंप ने ध्वस्त कर दिया था। अब 2026 की शुरूआत में ही उन्होंने निकोलस मादुरो को पकड़कर अमरीकी जेल में डाल दिया। ट्रंप इसके लिए कई कारण गिना रहे हैं जिसमें मादक द्रव्य भेजना प्रमुख है। लेकिन यह



सब बहाना है। असली बात यह है कि अमरीका वेनेजुएला के विशाल तेल संपदा पर कब्जा करना चाहता है। जैसे इराक पर रासायनिक हथियारों का बहाना बनाकर किया था।

### विमर्श

गौरतलब है कि वेनेजुएला के पास दुनिया का सबसे बड़ा ऑयल रिजर्व है और ट्रंप की नजर वेनेजुएला के तेल भंडार पर है। ट्रंप ऐसा तभी कर सकते हैं जब वेनेजुएला में अमरीका की कठपुतली सरकार हो। फिलहाल इसमें वे सफल हो गये हैं और अब वहां ट्रंप अपनी सरकार बनाकर वेनेजुएला के राष्ट्रीय संसाधनों का दोहन करेंगे ताकि इस गरीब देश को लूटकर अमरीका को और अधिक संपन्न बना सकें।

बीता साल भी अमरीका की मनमानी के लिए याद किया जायेगा। इतिहास शायद वर्ष 2025 को एक ऐसे साल के रूप में याद करेगा जब दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था ने दशकों के दौरान बनी विश्व व्यापार व्यवस्था को उलट-पुलट करने का निर्णय लिया। अमेरिका द्वारा कथित जवाबी शुल्क लगाने और अपने व्यापारिक साझेदारों के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने से बड़े पैमाने पर अनिश्चितता और भ्रम उत्पन्न हुआ। अमेरिकी नीतियों में इस बदलाव का असर आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा और आने वाले कई वर्षों तक इसका विश्लेषण किया जाएगा। अभी तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था अच्छी हालत में है। कहा जा रहा है कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से संबंधित निवेश में उछाल के कारण वहां वृद्धि दर्ज की जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा व्यापार और भू-राजनीतिक उद्देश्यों को मिला कर भारत को खासतौर पर निशाने पर लिया गया। बिना किसी ठोस वजह के भारत पर 50 फीसदी शुल्क लगाया गया। चूंकि अमेरिका, भारत का एक महत्वपूर्ण कारोबारी साझेदार है इसलिए इस साल सबकी नजर साझा लाभकारी व्यापार समझौते पर होगी। वास्तव में वर्ष 2026 में व्यापार के मोर्चे पर होने वाला विकास भारत की संभावनाओं को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करेगा। अमेरिका के अलावा भारत, यूरोपीय संघ के साथ भी व्यापार समझौते के करीब है। भारत कई अन्य देशों के साथ भी व्यापार वार्ताएं कर रहा है और इससे भारतीय निर्यातकों को मदद मिलेगी। व्यापार को लेकर नीतिगत खुलेपन का स्वागत किया जाना चाहिए और भारत को 2026 में इसे और आगे ले जाने पर विचार करना चाहिए। सरकार ने कई गुणवत्ता नियंत्रण आदेश वापस लिए हैं। ये निश्चित रूप से आयात बाधा के रूप में काम करते थे। चूंकि भारत, अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे बड़े कारोबारी साझेदारों के साथ व्यापार समझौते करना चाहता है इसलिए उसे भी शुल्क दरों में कमी करनी होगी। ऐसा करने से उसे वैश्विक मूल्य श्रृंखला में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

भारत को व्यापार समझौतों से तभी लाभ होगा जबकि घरेलू कारोबारी माहौल में टिकाऊ ढंग से सुधार हो। नियमन को नरम करने के लिए समितियां गठित की गईं और यह देखना दिलचस्प होगा कि इस वर्ष किस गति से और किस पैमाने पर काम होता है। इस वर्ष भारतीय अर्थव्यवस्था के आकलन और उसके प्रबंधन के तरीके में महत्वपूर्ण बदलाव होंगे। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी की नई श्रृंखला फरवरी में जारी की जाएगी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में खाद्य पदार्थों का भार संभवतः कम हो जाएगा, जिससे यह अधिक स्थिर और अनुमान लगाने लायक बनेगा। वर्तमान जीडीपी श्रृंखला में वर्षों से कई मुद्दों की ओर अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों ने ध्यान दिलाया है, जिनमें अनौपचारिक क्षेत्र की गतिविधियों को मापने का तरीका और वास्तविक उत्पादन तक पहुंचने के लिए नॉमिनल उत्पादन के अनुमानों को घटाने की प्रक्रिया शामिल है। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। यह महत्वपूर्ण है कि आर्थिक गतिविधि और कीमतों को आंकने के लिए बनाये गये उपाय जमीनी स्थिति को सही ढंग से व्यक्त करें। इसलिए जीडीपी और मुद्रास्फीति श्रृंखला को नियमित अंतराल पर अद्यतन करना अत्यंत आवश्यक है। जहां तक परिणामों की बात है तो बीती दो तिमाहियों की वृद्धि ने सकारात्मक ढंग से चौंकाया है और नीतिगत लक्ष्य यह होना चाहिए कि ये गति बरकरार रहे। भारतीय अर्थव्यवस्था अप्रैल-सितंबर 2025 में 8 फीसदी की दर से बढ़ी। 2025 में मुद्रास्फीति में कमी आई और अभी वह रिजर्व बैंक के तय दायरे के निचले स्तर के भी नीचे है। 2026 में मुद्रास्फीति के बढ़ने का अनुमान है और वह 4 फीसदी के लक्ष्य के आसपास बनी रह सकती है। इससे नॉमिनल वृद्धि को गति देने में मदद मिलेगी जो राजकोषीय प्रबंधन की दृष्टि से अहम है। केंद्र सरकार अगले वित्तीय वर्ष से ऋण-जीडीपी अनुपात को राजकोषीय आधार के रूप में अपनाएगी। आर्थिक मोर्चे पर भारत की प्रगति ठीक-ठाक है लेकिन हमारे सामने सामरिक चुनौतियां भी बहुत अधिक हैं। विशेषकर जब पाकिस्तान जैसे दुष्ट देश के सिर पर ट्रंप और चीन दोनों का हाथ है। इसलिए भारत को अपनी आर्थिक प्रगति के साथ ही सैन्य शक्ति को बढ़ाते जाना चाहिए। इसमें परमाणु शस्त्रागार के साथ उन्नत फाइजर जेट, मिसाइल और एयर डिफेंस की पूरी श्रृंखला विकसित करनी होगी क्योंकि अब 'सॉफ्ट नहीं हॉर्ड पावर' का दौर लौट आया है।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

### सोशल मीडिया

भारत के इतिहास में सर्वाधिक विदेश यात्राएं करने वाले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी अपनी विदेश यात्राओं में भारत के विरुद्ध विषवमन के लिए विख्यात या कुख्यात हो चुके हैं। सुधांशु त्रिवेदी.



इंदौर में पानी नहीं, जहर बंटा और प्रशासन शासन कुंभकर्णी नींद में रहा। घर–घर मातम है, गरीब बेबस हैं– और ऊपर से बीजेपी नेताओं के अहंकारी बयान। राहुल गांधी.



कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में 91 सदस्यों ने 5 जनवरी 2026 से मनरेगा बचाओ अभियान शुरू करने की पूरी निष्ठा और संकल्प के साथ शपथ ली। संघर्ष जारी है.. दिग्विजय सिंह.



# ईश्वर की श्रेष्ठ कृति

### अंतर्दृष्टि

ईश्वर ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति इंसान को कोई बुराई नहीं दी है, लेकिन फिर भी वह अपनी आदतों का शिकार हो जाता है। कई बार हमारी आदतें, हमारी प्रवृत्तियां जिसे हम खराब भाषा में लत भी कह सकते हैं, अगर उनका रचनात्मक उपयोग किया जाये, उनके पीछे भागने के बजाय उनका सदुपयोग कर सृजन में उपयोग किया जाये, तो वह दरअसल हमारी ताकत भी बन जाती हैं। हानिकारक आवेशों से मुक्त रहकर यदि मनोवृत्तियों का उपयोग किया जाये तो वे हानि पहुंचाने की बजाय हितकर ही सिद्ध होंगी। सर्वथा संसार त्यागियों की तो बात छोड़ दीजिए पर अधिकांश मनुष्यों को जो संसार में रहते हैं और जिनको भली बुरी सभी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। सभी मनोवृत्तियों से काम लेना आवश्यक होता है। इसलिए हमारा कर्तव्य यही है कि अपनी मनोवृत्तियों और इन्द्रियों को ऐसी ही सधी हुई अवस्था में रखें। मनुष्य की जो मनोवृत्तियां जन्म से ही दी गयी हैं, वे सब उपयोगी एवं महत्वपूर्ण हैं। यदि उनको ठीक प्रकार से प्रयोग में लाया जाये तो प्रत्येक व्यक्ति अत्यंत सुख-शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकता है। हम देखते हैं कि दुर्भाग्यवश लोग उनका सदुपयोग करना नहीं जानते और उन्हें बुरे मार्ग से खर्च करके अपने लिए तथा दूसरों के लिए दुखों की सृष्टि करते हैं। हम देखते हैं कि कई मनोवृत्तियों की संसार में निन्दा होती है। कहा जाता है कि यह बातें पाप और दुख की जड़ है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि को जी भर कर कोसा जाता है और कहा जाता है कि इन्हीं के कारण संसार में अनर्थ हो रहे हैं। इस प्रकार का कथन किस हद तक सही हैं इसका विचारवान पाठक स्वयं निर्णय कर सकते हैं। यदि काम बुरी वस्तु है, त्याज्य है, पापमूलक है तो उसका उपयोग न तो सत्पुरुषों को ग्राह्य हो सकता था और न बुरी बात का अच्छा परिणाम निकल सकता था। परन्तु इतिहास दूसरी ही बात सिद्ध करता है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश, विवाहित जीवन व्यतीत करते हैं। व्यास, अत्रि, गौतम, वशिष्ठ, विश्वामित्र, याज्ञवल्क्य, भारद्वाज, च्यवन आदि प्रायः सभी प्रधान ऋषि सपत्नीक रहते थे और संतानोत्पादन करते थे। दुनिया में असंख्य पैगम्बर, ऋषि, अवतार महात्मा, तपस्वी, विद्वान, महापुरुष हुए हैं, यह सब किसी न किसी माता पिता के संयोग से ही उत्पन्न हुए थे। यदि काम सेवन बुरी बात है तो उसके द्वारा उत्पन्न हुए बालक भी बुरे ही होने चाहिए। बुरे से अच्छे की सृष्टि कैसे हो सकती है? कालोंच से सफेदी कैसे निकल सकती है? इन बातों पर विचार करने से स्पष्ट हो जाता है कि काम स्वयं कोई बुरी वस्तु नहीं है। परमात्मा ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति मनुष्य में कोई बुरी बात नहीं रखी।

# होनी को कौन टाल सकता है

### व्यंग्यलोक

लालचंद मेरा दोस्त है, साथ ही वह एक छोटे से टेक्निकल कर्मचारी संघ का अध्यक्ष भी है। पूरे राज्य में उसके कर्मचारियों की संख्या कुल पच्चीस है, परन्तु बिना यूनियनबाजी के कुछ होता नहीं सो उसने भी बना लिया संघ। आजादी के ठीक इकतालिस साल बाद बना था उनके कर्मचारियों का संघ। जिस कर्मचारी संघ का लाल चंद अध्यक्ष हो, राम ही मालिक है कि वह कुछ कर भी पायेगा। बड़े ही विनम्र, सेवाभावी तथा निष्ठावान कार्यकर्ता हैं लालचंद। सर्वगुण सम्पन्न नेता जब तक यूनियन को नहीं मिले तब तक कर्मचारी कल्याण संदिग्ध ही रहता है। परन्तु होनी को कौन टाले, लालचंद की भाग्य रेखायें अध्यक्षता बता रही थीं सो बन गया लालचंद कर्मचारी संघ का अध्यक्ष। जिन दिनों संघ का गठन हुआ, उन दिनों राज्य में तमाम राज्य कर्मचारी आंदोलन पर थे। अनिश्चित कालीन हड़ताल चल रही थी।

इस बीच एक दिन लालचंद अनमना उदास सा मेरे पास आया और बोला- शर्मा, दुनिया के इतने काम करवाते हो, मेरा भी तो एक काम करा दो यार। मैंने पूछा- बोलो, क्या काम है? यार, मुझे अरेस्ट करवाओ, हर ऐरा-गेरा नत्थू खैरा इस हड़ताल में अरेस्ट हो रहा है, परन्तु पुलिस मेरे को अरेस्ट नहीं कर रही है? मैंने कहा-चलो चार अच्छा है तुम्हें अरेस्ट नहीं कर रही वर्ना सर्दी में जेल में तकलीफ पाते और पीछे से बच्चे वगैरह परेशान होते। समझते नहीं शर्मा तुम। रोज सुबह घर से निकलता हूँ तो बीबी और बच्चों को कहकर जाता हूँ कि मेरा इंतजार मत करना, आज मैं अरेस्ट हो जाऊँगा। रोज शाम को मुझे लौटता देख वे हँसते हैं। अमाँ यार, क्या बताऊँ एक दिन तो पत्नी ने मेरा खाना ही नहीं बनाया। जब बच्चे व पत्नी मेरी लीडरी को मानने को तैयार नहीं हैं तो कर्मचारी क्या मानेंगे? इसलिए लीडर के रूप में रिकागनीशन के लिए इस समय मेरा अरेस्ट होना नितांत आवश्यक है। लालचंद ने दर्द उगला। ओह आई सी अरेस्ट होने में तुम्हें राजनीतिक लाभ मिलेंगे। मसलन अखबार में फोटो और समाचार छपेंगे। लोग विदा के समय तुम्हें माला पहनायेंगे। जेल में तुमसे लोग मिलने जायेंगे। यह सब बातें तुम्हें लोकप्रिय बनायेंगी। इस दृष्टि से अब तुम्हारा बाहर रहना ठीक नहीं है। मैंने कहा। लालचंद बोला- यही तो चक्कर है शर्मा। संघ के पच्चीसों के पच्चीसों सदस्य कहते हैं कि कुछ करके दिखाओ और कुछ नहीं तो अरेस्ट होकर तो बता दूं। लेकिन मेरी समझ में नहीं आ रहा कि तुम्हारे अरेस्ट होने में परेशानी क्या है? दरअसल बात यह है कि सरकार को हमारे जैसे छोटे संगठन की कतई चिंता नहीं है।



पूरन सरमा

# 'मिटाने की मानसिकता रखने वाले मिट जाते हैं'



सोमनाथ का संदेश

**नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

सोमनाथ...ये शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना भर जाती है। भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात में, प्रभास पाटन नाम की जगह पर स्थित सोमनाथ, भारत की आत्मा का शाश्वत प्रस्तुतिकरण है। द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का उल्लेख है। ज्योतिर्लिंगों का वर्णन इस पंक्ति से शुरू होता है... सौराष्ट्रे सोमनाथं च...यानि ज्योतिर्लिंगों में सबसे पहले सोमनाथ का उल्लेख आता है। ये इस पवित्र धाम की सभ्यतागत और आध्यात्मिक महत्ता का प्रतीक है। शास्त्रों में ये भी कहा गया है:

''सोमलिङ्गं नरो दृश्टवा सर्वपापैः प्रमुच्यते।
लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत्॥''

अर्थात्, सोमनाथ शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने सभी पापों से मुक्त हो जाता है। मन में जो भी पुण्य कामनाएं होती हैं, वो पूरी होती हैं और मृत्यु के बाद आत्मा स्वर्ग को प्राप्त होती है। दुर्भाग्यवश, यही सोमनाथ, जो करोड़ों लोगों की श्रद्धा और प्रार्थनाओं का केंद्र था, विदेशी आक्रमणकारियों का निशाना बना, जिनका उद्देश्य विध्वंस था। वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि इस महान तीर्थ पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस मंदिर पर बड़ा आक्रमण किया था, इस मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया एक हिंसक और बर्बर प्रयास था। सोमनाथ हमला मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में शामिल है। फिर भी, एक हजार वर्ष बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। साल 1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को उसके पूरे वैभव के साथ पुनःनिर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न हुआ था। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में हुआ वो समारोह ऐतिहासिक था, जब मंदिर के द्वार दर्शनों के लिए खोले गए थे। 1026 में एक हजार वर्ष पहले सोमनाथ पर हुए पहले आक्रमण, वहां के लोगों के साथ की गई क्रूरता और विध्वंस का वर्णन अनेक ऐतिहासिक स्रोतों में विस्तार से मिलता है। जब इन्हें पढ़ा जाता है तो हृदय कांप उठता है। हर पंक्ति में क्रूरता के निशान मिलते हैं, ये ऐसा दुःख है जिसकी पीड़ा इतने समय बाद भी महसूस होती है। हम कल्पना कर सकते हैं कि इसका उस दौर में भारत पर और लोगों के मनोबल पर कितना गहरा प्रभाव पड़ा होगा। सोमनाथ मंदिर का आध्यात्मिक महत्व बहुत ज्यादा था। ये बड़ी संख्या में लोगों को अपनी ओर खींचता था। ये एक ऐसे समाज की प्रेरणा था जिसकी आर्थिक क्षमता भी बहुत सशक्त थी। हमारे समुद्री व्यापारी और नाविक इसके वैभव की कथाएं दूर-दूर तक ले जाते थे। सोमनाथ पर हमले और फिर गुलामी के लंबे कालखंड के बावजूद आज मैं पूरे विश्वास के साथ और गर्व से ये कहना चाहता हूं कि सोमनाथ की गाथा विध्वंस की कहानी नहीं है। ये पिछले 1000 साल से चली आ रही भारत माता की करोड़ों संतानों के स्वाभिमान की गाथा है, ये हम भारत के लोगों की अटूट आस्था की गाथा है। 1026 में शुरू हुई मध्यकालीन बर्बरता ने आगे चलकर दूसरों को भी बार-बार सोमनाथ पर आक्रमण करने के लिए प्रेरित किया। यह हमारे लोगों और हमारी संस्कृति को गुलाम बनाने का प्रयास था। लेकिन हर बार जब मंदिर पर आक्रमण हुआ, तब हमारे पास ऐसे महान पुरुष और महिलाएं भी थीं जिन्होंने उसकी रक्षा के लिए खड़े होकर सर्वोच्च बलिदान दिया और हर बार, पीढ़ी दर पीढ़ी, हमारी महान सभ्यता के लोगों ने खुद को संभाला, मंदिर को फिर से खड़ा किया और उसे पुनः जीवंत किया। महमूद गजनवी लूटकर चला गया, लेकिन सोमनाथ के प्रति हमारी भावना को हमसे छीन नहीं सका। सोमनाथ से जुड़ी हमारी आस्था, हमारा विश्वास और प्रबल हुआ। उसकी आत्मा लाखों श्रद्धालुओं की भीतर सांस लेती रही। साल 1026 के हजार साल बाद आज 2026 में भी सोमनाथ मंदिर दुनिया को संदेश दे रहा है, कि मिटाने की मानसिकता रखने वाले खत्म हो जाते हैं, जबकि सोमनाथ मंदिर आज हमारे विश्वास का मजबूत आधार बनकर खड़ा है। वो आज भी हमारी प्रेरणा का स्रोत है, वो आज भी हमारी शक्ति का पुंज है।

## आप की बात

### शिक्षा को प्रोत्साहन

उत्तर प्रदेश सरकार की टेबलेट नीति शिक्षा के लिए जरूरी है लेकिन सभी छात्रों को टेबलेट देना चाहिए। पटरी से उतर चुकी शिक्षा व्यवस्था को दुरस्त करने में सरकार के द्वारा छात्रों को दिया गया स्मार्टफोन, टेबलेट बहुत ही मददगार साबित होगा। लेकिन यह सुविधा सभी छात्रों को मिलनी चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ छात्रों को मिलेगा लेकिन अधिकांश छात्र इससे वंचित रहेंगे। ऐसे में स्कूल बंद होने पर उनकी शिक्षा का क्या होगा इस दिशा में गंभीरता से सोचने की जरूरत हैं। इसी तरह प्रदेश सरकार ने गरीब वर्ग के छात्रों की मदद के लिए कोचिंग योजना की जो शुरूआत की है उसकी सराहना होनी चाहिए। इससे गरीब वर्ग के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करने में मदद मिलेगी। वैसे प्रदेश सरकार शिक्षा की दशा और दिशा को सुधारने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार लगातार एक के बाद एक अभिनव पहल कर रही है। प्राथमिक विद्यालयों में अंग्रेजी पढ़ाने, छात्रों की छात्रवृत्ति बढ़ाने, उच्च शिक्षा से लेकर माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षा तक, करीब डेढ़ लाख शिक्षकों की नियुक्ति करने, प्रशासनिक, मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं सैन्य सेवाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराने के बाद अब एक और बेहतरीन फैसला किया है जिससे एक साथ अनेक समस्याओं का समाधान हो जायेगा। दरअसल प्रदेश सरकार प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को साल में दो यूनिफार्म सेट के साथ ही सर्दी में स्वेटर, जूता, मोजा भी उपलब्ध कराती है। इन सभी मदों में सरकार ने रकम निर्धारित कर दी है, लेकिन जब स्कूल खुलते हैं तो प्रायः सत्र शुरू पर बच्चों को यूनिफॉर्म नहीं मिल पाते हैं। दो-तीन महीने बाद जब यूनिफार्म आता है तब तक बच्चों को पुराने से ही काम चलाना पड़ता है। बड़ी संख्या में छात्र बिना यूनिफार्म के ही चले जाते हैं। इसी तरह सरकार स्वेटर देती है लेकिन सर्दी शुरू होने पर नहीं मिल पाता, जब तक टेंडर करती है, सप्लायर तय करती है तब सर्दी बीत जाता है और जब बच्चों को स्वेटर मिलता है तब तक गर्मी शुरू हो जाती है। यह देरी दरअसल सरकारी खरीद प्रक्रिया के कारण है जिसमें टेंडर लगाने, अधिकारियों का कमीशन फिक्स होने आदि में समय लगता है और जब अधिकारी सब कुछ तयतोड़ कर लेते हैं तब जाकर टेंडर पास होता है। इससे एक तो भ्रष्टाचार पनपता है और दूसरे छात्रों को समय पर यूनिफार्म नहीं मिलता है। कई बार घटिया कपड़ों से बना यूनिफॉर्म मिल जाता है। इस व्यवस्था से छुटकारा पाने के लिए प्रदेश सरकार ने यूनिफॉर्म का पैसा छात्रों को नकद देने का फैसला किया है। यह एक ऐसी पहल है जिससे भ्रष्टाचार भी कम होगा।

**रघुवीर यादव, लखनऊ.**

### बढ़ता अवैध निर्माण

राजधानी लखनऊ के सबसे बड़े लॉजिस्टिक और आपूर्ति केन्द्र ट्रॉसपोर्ट नगर में एक बिल्डिंग ढहने से कई लोगों की मौत हो गयी। इस दुर्घटना के बाद तरह-तरह की खबरें सामने आ रही हैं। इस क्षेत्र में अन्य बिल्डिंगों की जांच और सर्वे किया जा रहा है, स्वीकृत मैप के विपरीत बिल्डिंग बनवाने की बात सामने आ रही है। अब यहां पर सवाल यह है कि अगर नक्शे के विपरीत यह बिल्डिंग बनी थी, तो जब बन रही थी या बनने के बाद इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की गयी। अगर निर्माण के समय ही कारवाई की जाती, तो जिन आठ लोगों को इसमें जान गंवानी पड़ी उनको बचाया जा सकता था। लेकिन यह कोई पहली बार नहीं है। जब स्कूल वाहनों से दुर्घटना होती है तो तमाम स्कूली वैनों पर आफत आ जाती है, अचानक उनकी जांच शुरू हो जाती है, जब कोई बड़ी अग्नि दुर्घटना हो जाती है तो अचानक फायर एनओसी आदि की जांच शुरू हो जाती है। सवाल है यह सब सुरक्षा से जुड़ी कार्रवाई को नियमित रूप से क्यों नहीं की जाती है। क्यों नहीं बड़ी इमारतों की नियमित स्ट्रक्चरल जांच होती है, नक्शे के विपरीत और अवैध निर्माण कैसे हो जाते हैं। कहीं न कहीं इन सब गतिविधियों में जिम्मेदार विभागों के लोग भी मिले होते हैं।

**अशोक कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## दंपति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश

**अयोध्या।** आशनाई के चक्कर में युवक पर प्राण घातक हमला करने के मामले में कोर्ट ने दंपति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश दिया है। यह आदेश अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन प्रथम योगिता कुमार की अदालत से हुआ है। अधिवक्ता राज भूषण सिंह ने बताया कि कुमारगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विजय शंकर 2 अगस्त 2025 को दिन में 11:00 बजे गांव के चिंताराम गुप्ता की दुकान पर घरेलू सामान लेने गए थे।

वहां आकाश कनौजिया ने उनसे कहा कि उनके मोबाइल में रिचार्ज समाप्त हो गया है और उनका मोबाइल लेकर हॉटस्पॉट कनेक्ट करके बात करने लगे। बाद में उसे पता चला कि वह गांव की ही एक लड़की से बात कर रहे हैं। विजय शंकर ने लड़की के परिवार वालों से यह बात बताई। जिस पर आकाश द्वारा विजय शंकर की हत्या करने की योजना बना डाली गई। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर 5 अगस्त 2025 की रात 8:30 उसके घर में उसे ढूंढा। पिता के जग जाने पर भाग गए।

# फैजाबाद बार एसोसिएशन का चुनाव कल 12 पदों पर 45 प्रत्याशी चुनाव मैदान में



**अयोध्या।** फैजाबाद बार एसोसिएशन अयोध्या का वार्षिक चुनाव को लेकर कचेहरी परिसर के अलावां अन्य तहसील बार एसोसिएशन व कमिश्नरी के अधिवक्ताओं के बींच गहमागहमी काफी बढ़ गयी है। इस ठण्डक और गलन के चलते प्रतिष्ठापूर्ण अध्यक्ष व अन्य सभी प्रत्याशियों को प्रचार प्रसार को लेकर पसीना आ जा रहा है।

- मतदाताओं के घर-घर जाकर प्रत्याशी दे रहे दस्तक
- भीषण सर्दी में प्रत्याशियों को आ रहा पसीना

सोमवार को चुनाव प्रचार का अन्तिम दिन है। मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बींच मतदान होगा। प्रत्याशियों ने रविवार को अवकाश होने के बावजूद मतदाताओं के घरों तक जाकर जनसम्पर्क कर रहे हैं और चुनाव मे विजय होने के लिए आशीर्वाद ले रहे हैं।

हालांकि आगामी 6 जनवरी को होने वाले चुनाव में 45 प्रत्याशी 12 पदों पर चुनाव लड़ रहे हैं। प्रतिष्ठापूर्ण अध्यक्ष पद पर प्रत्याशी कालिका प्रसाद मिश्र, सूर्यभान वर्मा, वाईवी मिश्र, बब्बन चैबे व जुगुलकिशोर मिश्रा के बींच कांटे की टक्कर देखा जा रहा है। वहीं उपाध्यक्ष के पद पर रणधीर यादव, अंजनी कुमार त्रिपाठी उर्फ प्रभू, धनुषजी, राजेश उपाध्याय, अशोक कुमार सिंह मुन्ना व राजेश पाण्डेय के बींच कड़ा संघर्ष दिखाई दे रहा है। प्रतिष्ठापूर्ण महामंत्री के पद पर सभी प्रत्याशियों ने चुनाव को अपने पक्ष में करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, इनमें प्रदीप कुमार चैबे, अजय कुमार श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कुमार जायसवाल, राजेश यादव, श्रीप्रकाश दूबे, विनोद कुमार सिंह व अजय वर्मा अपने समर्थको के साथ मतदाताओं के घरों तक जाकर जनसम्पर्क कर रहे हैं। वहीं संयुक्त मत्री प्रथम के पद पर मनोज कुमार सिंह व संतोष कुमार मिश्र के बींच आमने-सामने मुकाबला है। संयुक्त मंत्री द्वितीय के पद पर अखण्ड प्रताप यादव, पियूषमय त्रिपाठी व अजय श्रीवास्तव के बींच त्रिकोणात्मक संघर्ष देखा जा रहा है। कोषाध्यक्ष के पद पर राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, अशोक कुमार दूबे, महेन्द्र कुमार तिवारी व जय प्रकाश पाल के बींच कड़ा संघर्ष चल रहा है। कार्यकारिणी ए के पद पर पांच प्रत्याशियों रामचन्द्र यादव, पंकज कुमार द्विवेदी, दुर्गा प्रसाद सिंह, हरीराम शुक्ला व रामजी गुप्ता के बींच कड़ा मुकाबला है। कार्यकारिणी बी के लिए बद्री प्रसाद यादव, अभय प्रताप सिंह, विजय नारायण तिवारी व कौशल कुमार के बींच चुनावी जंग तेज है। वहीं कार्यकारिणी सी के लिए रूद्र प्रकाश मिश्र, सलीम नैयर, अमित कुमार तिवारी, अमित कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार सिंह, गोपाल त्रिपाठी , प्रमोद कुमार तिवारी व प्रदीप कुमार श्रीवास्तव के बींच कड़ा संघर्ष है। सी पद के प्रत्याशी रूद्र प्रकाश मिश्र के समर्थक रणधीर पाण्डेय व राकेश मिश्र ने बताया कि इनके पक्ष में मतदाताओं कीं ज्यादा ही हवा देखा जा रहा है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व चुनाव अधिकारी सूर्य नारायण सिंह ने बताया कि आगामी 6 जनवरी को होने जा रहे बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं की ड्यूटी लगा दी गयी है जिनकी बैठक सोमवार को बुलाई गयी है। चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराने के लिए कमर कस लिया गया है। मोबाइल भी मतदान स्थल तक ले जाने पर रोंक लगा दिया गया है। बाहरी लोगों के प्रवेश पर भी रोंक है इसके लिए पुलिस कर्मियों की भी ड्यूटी लगायी गयी है।

## केएम मसौधा व हाइटेक इलेवन की टीमें जीतीं

अयोध्या। जिले की बहुचर्चित केपीएल क्रिकेट टूनार्मेंट प्रतियोगिता के पांचवें सीजन का शुभारंभ रविवार को दोपहर 12 बजे किया गया। समाजसेवी अमरनाथ तिवारी मानस ने इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने फीता काटा और प्रतीकात्मक बल्लेबाजी भी की। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में ऐसी प्रतियोगिताएं स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में करने का फैसला किया। मेहदौना की टीम निर्धारित 10 ओवर में 56 रन ही बना सकी। जवाब में, मसौधा की टीम ने पांच विकेट खोकर आसानी से 57 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया और मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। दूसरा मैच हाईटेक पीसीवाला इलेवन और अवध वॉरियर्स लखनऊ के बीच खेला गया। लखनऊ की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 82 रन बनाए। इसके जवाब में, हाईटेक पीसीवाला इलेवन की टीम ने सातवें ओवर में तीन विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य प्राप्त कर लिया और सात विकेट से जीत दर्ज की।

## निर्मला देवी की पुण्यतिथि पर 500 गरीब और निराश्रितों में कम्बल वितरण



**बाराबंकी।** थाना फतेहपुर अन्तर्गत ग्राम हसनपुर टाड़ा में स्वर्गीय निर्मला देवी की द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके पुत्र एडवोकेट दारा यादव व प्रदेश कार्यकारिणी विशेष आमंत्रित सदस्य सपा गामा यादव द्वारा कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि महा अधिवक्ता इलाहाबाद हाईकोर्ट राजबहादुर यादव ने स्वः निर्मला देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इसके उपरान्त लगभग 500 गरीब व निराश्रित लोगो मे कम्बल एंव भोजन वितरण किया गया। इस मौके पर भूपेंद्र सिंह बबलू, भैरव सिंह यादव, अमित राज यादव, सुजीत शाह, नदीम रैम, संदीप यादव, प्रदीप यादव, अलीम गुड्डू, भीमा यादव, अजय गुप्ता, संजय यादव, जगजीवन यादव, विशाल यादव, रमेश यादव, गुड्डू यादव, संतोष महाराज, खुशीराम यादव, विजय यादव, अशोक यादव, बलराम यादव, कुंदन यादव, संदीप यादव, अंकुल यादव, अनुज यादव, धनपत राय, पुष्पराज यादव सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में 3 घायल

**टिकैतनगर बाराबंकी।** भेलसर-टिकैतनगर मार्ग के ग्राम सराय बरई में बाइक और कार की जबरदस्त टक्कर से 3 लोग ग्राम हजरतपुर निवासी महेश कुमार, हुसैनी, रामबाबू गंभीर रूप से हुए घायल हो गये। जिनको पुलिस और ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टिकैतनगर भेजा गया। जंहा हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सको ने सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## दो ड्राइवरों की अनिवार्यता को लेकर प्रवर्तन टीमो ने चलाया विशेष अभियान



**बाराबंकी।** परिवहन विभाग द्वारा 1 से 31 जनवरी तक चलाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जनपद मे प्रवर्तन टीमो ने व्यावसायिक वाहनों के लिए दो ड्राइवरों की अनिवार्यता को लेकर विशेष अभियान चलाया। इस दौरान प्रवर्तन टीमो ने चालको को लंबी

- हमेशा सतर्क रहें, सुरक्षित रहने को लेकर ड्राइवरो मे बांटे जागरुकता पम्पलेट
- 4 ओवरलोड़ वाहन सीज, 41 अन्य अभियोगो मे किये चालान

दूरी और रात के समय दो ड्राइवरों की तैनाती, ड्राइविंग के दौरान फोन का उपयोग न करने एंव ओवरलोडिंग न करने को लेकर जागरुक किया। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने अभियान के दौरान 25 वाहनो का चालान कर चालको को एक-दूसरे की ड्राइविंग पर ध्यान देने, थकान के लक्षण दिखते ही आराम करने, एआई-आधारित डैशकैम जैसे तकनीक का उपयोग करें जो मोबाइल देखने या लापरवाही से बचने में मदद कर सकते हैं।

हमेशा सतर्क व सुरक्षित रहने को लेकर जागरुक कर पम्पलेट बांटे। तथा नियमो का पालन करने का संकल्प दिलाया। तो वही यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने 4 ओवरलोड़ वाहनो को माती चैकी,1 डग्गामार बस का चालान व 15 अन्य अभियोग मे चालान किये।

# दो राष्ट्रीय राजमार्गों पर अब डिजिटल हुआ सफर

(करूणाकर दूबे)



**अयोध्या।** अयोध्या के दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रियों के लिए नई सुविधाओं की शुरूआत ने सफर को और अधिक सुगम, सुरक्षित तथा डिजिटल बना दिया है। डबल इंजन की सरकार में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने एनएच-27 रामसनेही घाट से गोरखपुर तक का हिस्सा और एनएच-330ए जगदीशपुर से अयोध्या पर कई जन-उपयोगी पहल शुरू की हैं। इन पहलों का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को बेहतर जानकारी, सुरक्षित ड्राइविंग और डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराना है। यह पहल डिजिटल इंडिया के विजन को साकार करती है और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देती है। यात्रियों को अब किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए रुकना या पूछताछ करने की जरूरत नहीं रहेगी।

क्यूआर कोड से मिलेगी सड़क परियोजना की पूरी जानकारी राष्ट्रीय राजमार्गों पर सफर के दौरान यात्रियों को अक्सर परियोजना की स्थिति, आपातकालीन संपर्क या अन्य सुविधाओं की जानकारी नहीं मिल पाती। इस समस्या को दूर करने के लिए एनएचएआई ने हाईवे के किनारे वर्टिकल क्यूआर कोड साइनबोर्ड लगाने का निर्णय लिया। ये बोर्ड प्रमुख स्थानों जैसे टोल प्लाजा, विश्राम स्थल, ट्रक पार्किंग, वेजसाइड एमेनिटी, हाईवे के शुरू/समाप्ति बिंदु आदि पर लगाए गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग का नंबर और चेनेज, परियोजना की लंबाई, निर्माण एवं रखरखाव की अवधि हाईवे पेट्रोल, टोल मैनेजर, रेजिडेंट इंजीनियर तथा प्रोजेक्ट मैनेजर के संपर्क नंबर, आपातकालीन हेल्पलाइन 1033 आसपास की सुविधाएं जैसे अस्पताल, पेट्रोल पंप, टॉयलेट, पुलिस स्टेशन, रेस्तरां, वाहन रिपेयर शॉप, ईवी चार्जिंग स्टेशन आदि। टोल प्लाजा पर संग्रह को और अधिक पारदर्शी व सुविधाजनक बनाने के लिए एनएचएआई ने डायनेमिक क्यूआर कोड सिस्टम लागू किया है। अब यदि किसी वाहन के पास वैध फास्ट टैग नहीं है तो भी वह टोल प्लाजा पर बिना परेशानी के गुजर सकता है। टोल बूथ पर लगे 18-इंच टीएफटी/एलईडी मॉनिटर पर डायनेमिक क्यूआर कोड प्रदर्शित होगा, जिसे स्कैन करके यूपीआई एप्स से भुगतान किया जा सकता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि फास्ट टैग से सामान्य शुल्क यूपीआई से 1.25 गुना शुल्क दे भुगतान कर सकते हैं। यह राहत खासकर उन लोगों को जो कभी-कभार हाईवे पर यात्रा करते हैं।एनएच-27 और एनएच-330ए पर विशेष रोड मार्किंग की गई है, जिसमें वाहन चालकों को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधीन आने वाले राष्ट्रीय राजमार्गो से अवगत कराने हेतु मार्किंग करवाई गई है।

## मानव कल्याण एसोसिएशन ने वृद्धाश्रम में वितरण की दवाएं और अन्य सामग्री



**बाराबंकी।** मानव कल्याण एसोसिएशन के तत्वाधान में सफेदाबाद स्थित मातृ-पितृ सदन वृद्धाश्रम मे राष्ट्रीय अध्यक्ष हरि नाम वर्मा ने आई ड्रॉप, दवाएं, बिस्कुट, नमकीन, हगीज, पैंपर, पानी गर्म करने वाले इमलशन रॉड का बुजुर्गो मे वितरण किया। तथा भविष्य में आश्रम की किसी भी जरूरत को पूरा करने का आश्वासन दिया। इस दौरान राजीव श्रीवास्तव, हेमंत श्रीवास्तव, जुबेर खान, सरदार गुरमीत सिंह, रोहित मौर्या, आकाश कन्नौजिया, अरीब अहमद मौजूद रहे।

## एएसपी उत्तरी ने खोये 133 मोबाइलों को किया स्वामियों के सुपुर्द



**बाराबंकी।** सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुए 25 लाख रुपये कीमत के 133 मोबाइलो को अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने उनके स्वामियो को सौपा। पुलिस लाइन सभागार मे प्रेस वार्ता कर रहे अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि मोबाइल गुम होने की प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सर्विलांस सेल व थाना स्तर की संयुक्त टीमों ने प्राप्त शिकायतों के आधार पर एक विशेष अभियान के तहत, सीईआईआर का उपयोग कर लगभग 25 लाख कीमत के गुमशुदा 133 मोबाइलो को बरामद किया। बरामद मोबाइलों के वास्तविक स्वामियों को आज उनके सुपुर्द किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने बताया कि अपने खोए या चोरी हुए मोबाइल की शिकायत तुरंत अपने निकटतम पुलिस स्टेशन या सीधे सीईआईआर पोर्टल पर ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करें। यह पोर्टल खोए मोबाइलो को शीघ्रता से ट्रैक करने, ब्लॉक करने और बरामद करने में मदद करता है।

# कामरेड रामचंद्र बक्श सिंह अच्छे वक्ता, अधिवक्ता और अनुवादक थेः महेंद्र राय




**बाराबंकी।** कामरेड़ रामचन्द्र बक्श सिंह कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय नेता थे। वैसा कोई विधायक आज तक नहीं हुआ है। वह अच्छे वक्ता, अधिवक्ता, अच्छे अनुवादक भी थे। उक्त उद्गार गांधी भवन में आयोजित स्मृति सभा मे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र राय ने व्यक्त किये। पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि

- स्मृति सभा सीपीआई कार्यकर्ताओ ने अर्पित किये श्रद्धासुमन

1974 में समाजवादी मंत्री को चुनाव हराकर विधायक हुए थे।

उनका सम्मान था। पार्टी के जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि रामचन्द्र बक्श सिंह प्रदेश के किसानों, मजदूरों की समस्याओं को हल कराने के आंदोलनकारी थे। राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार वर्मा ने कहा कि बाबूजी बाराबंकी के जननेता थे। कोषाध्यक्ष शिवदर्शन वर्मा ने कहा कि कम्युनिस्ट के दिग्गज नेता रामचन्द्र बक्श सिंह जन समस्याओं को हल करने में आगे थे। बिजली कर्मचारियों के नेता के0एस0 रावत ने कहा कि रामचन्द्र बक्श सिंह जैसे विधायकों की आवश्यकता है। कार्यक्रम को आसिफ अहमद खान, जमील, आशाराम वर्मा, बाल कृष्ण वर्मा, विनय कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद कदीर हसन ने की। इस अवसर पर आनंद सिंह, प्रेमचंद वर्मा, संजय कृष्ण मोहन, पवन कुमार वर्मा रामनरेश वर्मा, श्याम सिंह, अरुण वर्मा, संतोष कुमार, अतुल कुमार, स्वप्निल वर्मा, अखिलेश, आर्यन, अवधेश वर्मा, अजगना, राम सुरेश, राम बाबा, अनिरुद्ध कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

## 60 किलो मांस बरामद,जांच के लिए भेजा

मिल्कीपुर-अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र के देवगांव चैकी अंतर्गत तुरसमपुर बाजार में रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब कुमारगंज पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक घर में छापेमारी की। अचानक हुई इस कार्रवाई से बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। थानाध्यक्ष कुमारगंज ओमप्रकाश ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि तुरसमपुर बाजार निवासी मुकीम उर्फ राजा के यहां संदिग्ध मांस मौजूद है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष स्वयं देवगांव चैकी प्रभारी अशोक कुमार पाठक के साथ पुलिस टीम लेकर मौके पर पहुंचे और तलाशी अभियान शुरू किया।

तलाशी के दौरान घर से लगभग 60 किलो संदिग्ध मांस बरामद किया गया। बरामद मांस को तत्काल जांच के लिए संबंधित विभाग को भेज दिया गया, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि मांस किस पशु का है।

## कृषि और औद्यानिक उत्पाद निर्यात विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम



**बहराइच ।** जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन, एपिडा एवं कृषि/औद्यानिक उत्पाद निर्यात के सम्बन्ध में कृषि भवन, बहराइच के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रगतिशील कृषकों एवं एफपीओ के निदेशक एवं सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद में उत्पादित होने वाले शाकभाजी, फल, कृषि फसलों आदि को विदेशों में विक्रय करने की योजना पर चर्चा की गई। साथ ही उत्पादक के गुणवत्ता व कीटनाशक, पेस्टीसाइज, विष मुक्त खेती के प्रक्रिया के बारे में विषय विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव, जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रियानन्दा, एस.डी.ई.ए.ओ. शिशिर वर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक/अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ. सी.पी.एन. गौतम, एपिडा आलोक मिश्रा सहित प्रिया सिंह, प्रदीप कुमार, अमरनाथ, दिनेश अखिलेश सहित प्रगतिशील कृषकों व एफ.पी.ओ. के सदस्यों सहित दर्जनों कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षणोपरान्त अग्रणी कृषकों एवं एफपीओ के सदस्यों द्वारा आयोजन को लाभकारी बताते हुए भविष्य में समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करने का सुझाव दिया गया।

## बिजली तार चोरी करने वाले 5 शातिर चोर गिरफ्तार



**बाराबंकी।** थाना देवा पुलिस ने 5 शातिर चोर को चोरी के बिजली के तार, तमंचा चाकू, आरी बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। पुलिस लाइन सभागार मे प्रेस वार्ता कर रहे अपर पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस टीम ने अभियुक्त सुभाष रावत पुत्र झब्बू रावत, विनोद पुत्र रामतीरथ, सुभाष पुत्र बिन्द्रा, लाल जी उर्फ लाले पुत्र विनोद रावत निवासीगण मीरपुर थाना देवा, करन पुत्र प्रेम कुमार निवासी हासेमऊ, मल्हौर थाना बीबीडी, लखनऊ को अन्नताधाम मंदिर के पास से 6 बण्डल बिजली के तार, 1 प्लास्टिक की बोरी में कटे हुए बिजली के तार, एक अदद तमंचा मय जिंदा दो कारतूस 315 बोर, दो अदद अवैध चाकू, एक अदद आरी मय ब्लेड बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ मे अभियुक्त ने बताया कि साथियों के साथ मिलकर पैसा कमाने के उद्देश्य से चोरी, जैसे अवैध क्रिया-कलापों से धनोपार्जन कर अपराध कारित करते है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक देवा अजय कुमार त्रिपाठी, उ0नि0 अशोक कुमार वर्मा, उ0नि0 सत्यपाल कुमार यादव, उ0नि0 रमेश कुमार, हे0का0 कृष्ण कुमार शर्मा, का0 मुकेश यादव, रविन्द्र सिंह, बलवीर यादव मौजूद रहे।

## एकलव्य प्रतिभा खोज परीक्षा, निःशुल्क पंजीकरण, 08 फरवरी को होगी परीक्षा

जिला संवाददाता

**बहराइच।** ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर देने के उद्देश्य से एकलव्य प्रतिभा खोज परीक्षा एवं स्कॉलरशिप डेवलपमेंट काउंसिल द्वारा वर्ष 2026 में

- छात्र और अभिभावक मोबाइल नंबर 8005400670 और मेल आईडी पर संपर्क कर सकते है

आयोजित की जा रही एकलव्य प्रतिभा खोज परीक्षा को लेकर महत्वपूर्ण घोषणा की गई है। संस्था ने इस वर्ष परीक्षा का पंजीकरण पूर्णतः निःशुल्क रखने का निर्णय लिया है, जिससे कोई भी विद्यार्थी आर्थिक कारणों से इस परीक्षा से वंचित न रह जाए। संस्था के अनुसार 2026 का पंजीकरण 05 जनवरी 2026 से प्रारंभ होगा, जबकि परीक्षा का आयोजन 08 फरवरी 2026 (रविवार) को ऑफलाइन मोड में किया जाएगा।

परीक्षा पूर्व की भांति निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि एकलव्य प्रतिभा खोज परीक्षा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण, शहरी, गरीब एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को एक समान मंच प्रदान करना है, ताकि उनकी प्रतिभा को पहचान मिल सके और उन्हें शिक्षा एवं करियर के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हो।

इस परीक्षा के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, प्रमाण पत्र, सम्मान के साथ-साथ करियर मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा, जिससे वे अपने भविष्य की दिशा तय कर सकें।

एकलव्य प्रतिभा खोज परीक्षा एवं स्कॉलरशिप डेवलपमेंट काउंसिल ने जिले के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, सामाजिक संगठनों एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे इस सूचना को अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पहुँचाएँ और विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को एळरएझ्र2026 में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

अधिक जानकारी के लिए छात्र एवं अभिभावक मोबाइल नंबर 8005400670 व मेल आईडी पर संपर्क कर सकते हैं।

# एएसपी के अनुक्रम में आमजन को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया



जिला संवाददाता

**बहराइच ।** अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जनपद बहराइच में प्लास्टिक सफाई एवं जनजागरूकता अभियान का व्यापक स्तर पर सफल आयोजन किया गया । अभियान का संचालन बहराइच पुलिस द्वारा नगर पालिका ,नगर पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों के सहयोग से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में किया गया । अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख चौराहों, सड़कों, पार्कों एवं अन्य चिन्हित स्थानों पर श्रमदान कर प्लास्टिक अपशिष्ट की साफ-सफाई की गई ।इस दौरान आमजनमानस को स्वच्छता अपनाने, प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से बचने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया । इस अभियान में थाना स्तर, पुलिस लाइन एवं कार्यालयों से गठित कुल 84 टीमों ने सहभागिता की। अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर, ईओ बहराइच के साथ शहीद पार्क बहराइच तथा थाना कोतवाली नगर के पीछे आवासीय परिसर में स्वयं उपस्थित रहकर श्रमदान कर स्वच्छता कार्यक्रम की अगुवाई की गयी ।

इसके अतिरिक्त समस्त क्षेत्राधिकारीगण व थाना प्रभारी द्वारा टीमें बनाकर अपने-अपने क्षेत्र में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया । अभियान के माध्यम से बहराइच पुलिस द्वारा आमजन को यह संदेश दिया गया कि स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में पुलिस, स्थानीय निकाय एवं आम नागरिकों की संयुक्त भागीदारी आवश्यक है ।

## संकल्प के साथ चला संयुक्त सफाई अभियान

**बहराइच ।**भारत- नेपाल सीमा से सटे कस्बा रूपईडीहा में स्वच्छ रूपईडीहा, स्वच्छ रूपईडीहाह्व के नारे को साकार करने के उद्देश्य से रविवार को एक व्यापक सफाई अभियान चलाया गया।

यह अभियान थाना रूपईडीहा के थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें आदर्श थाना कोतवाली उप निरीक्षक अब्दुल कादिर, शेखर साहनी, सी एस आई राहुल सरोज हेड कांस्टेबल शमशेर, अयोध्या प्रजापति कांस्टेबल अभिषेक सिंह, मनोज वर्मा, उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, अध्यक्ष शैलेंद्र जायसवाल महामंत्री योगेंद्र शर्मा , सभासद नरेंद्र मद्धेशिया मनोज प्रजापति शाहिद हाशमी बुद्धिजीवी वर्ग एवं संभ्रांत नागरिकों ने बढ़-चढ़कर एकजुट होकर सहभागिता निभाई। आपको बताते चलें आदर्श थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावतसफाई अभियान के दौरान थाना रूपईडीहा के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल रूपईडीहा के पदाधिकारी तथा स्थानीय नागरिकों ने एकजुट होकर कस्बे के प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों और बाजार क्षेत्रों की साफ-सफाई की। अभियान के माध्यम से आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश भी दिया गया।थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने कहा कि स्वच्छ वातावरण न केवल बेहतर स्वास्थ्य का आधार है, बल्कि यह सामाजिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखें और गंदगी फैलाने से बचें। साथ ही, उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी अभियानों को जारी रखेगा।व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस और आमजन के संयुक्त प्रयास से कस्बे को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सकता है। अभियान के अंत में सभी ने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

**बहराइच ।**माह जनवरी 2026 के प्रथम शनिवार 03 जनवरी व रविवार 04 जनवरी 2026 को राजकीय अवकाश होने के फलस्वरूप सोमवार 05 जनवरी 2026 को तहसील पयागपुर में जिलाधिकारी तथा तहसील कैसरगंज में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

## 175 लावारिस शवों की अस्थियों का किया विसर्जन

**अयोध्या।**महाकाल सेवा संस्थान द्वारा वर्ष 2025 में 175 लावारिस शवों का हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार अयोध्या धाम पर अंतिम संस्कार किया गया। रविवार को 175 लावारिस शवों की अस्थियों का विसर्जन गुप्तारघाट सरयू तट पर विधि विधान से जल प्रवाह द्वारा किया गया। इस कार्य को महाकाल सेवा संस्थान की पूरी टीम ने मिलकर सम्पन्न किया। इस अवसर पर संस्थान के व्यवस्थापक मनाल सिंह, मनाली सिंह, पंडित शास्त्री, रामजी चैहान, मोहित चैहान, छोटू, शशि यादव, इंदर यादव, सोनू शर्मा, अरूण भारती, उमेश दास, बृजेश, विरेन्द्र राज, पूजा नाथ साधु सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सांसद सोनिया गांधी के प्रदत्त कंबल किये गये वितरित

## जिले के सभी ब्लॉकों वशहरी क्षेत्र में हो रहा वितरण



जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी द्वारा प्रदत्त कंबलों का वितरण सांसद अमेठी के.एल. शर्मा के निर्देशानुसार जनपद के सभी ब्लॉकों एवं शहरी क्षेत्र में वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में अमावां ब्लाक के ग्राम सिधौना और मदर टेरेसा स्कूल मलिकमऊ में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि प्रत्येक वर्ष सोनिया गांधी द्वारा रायबरेली क्षेत्र के गरीबों और जरूरतमंदों को कंबल दिए जाते हैं। कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी की देख-रेख में जिला व शहर कांग्रेस कमेटी कंबलों का वितरण कर रही है। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी ने सांसद सोनिया गांधी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कड़कड़ाती ठंड में शीत लहर के प्रकोप से गरीबों को राहत देने के लिए हर वर्ष कांग्रेस पार्टी जरूरतमंदों को कंबल वितरण करती है, उन्होंने कहा कि ठंड में किसी को असुविधा न हो इसलिए, सार्वजनिक स्थानों, चैराहा और फुटपाथों पर भी कांग्रेस कमेटी द्वारा जा जाकर गरीबों को कंबल दिए जा रहे हैं।

शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि शहरी क्षेत्र के 18 वार्डों में पात्र सूची के आधार पर कंबलों का वितरण किया गया है, बाकी बचे वार्डों में भी जल्द कंबलों का वितरण किया जाएगा, इसके लिए कांग्रेस वार्ड अध्यक्षों से सूची मांगी गई है। कम्बल वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से निर्मल शुक्ला, विजयशंकर अग्निहोत्री, नौशाद खतीब, आर.के. सिंह, सतेन्द्र सिंह, मो.अशरफ खान, शिवबहादुर चौधरी, शिव देवी, सीमा गुप्ता, सुनील सिंह भदौरिया, प्रमोद पांडेय, सर्वोत्तम मिश्रा, सूर्य कुमार बाजपेई, मनीष सोनकर, विजय लोधी, हाजी उस्मान, मो. हुसैन, बाबू यादव, सुनील कुमार, राशिद अंसारी, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, जीतू तिवारी, मो. जाबिर, नितिन कुमार, अनिल यादव, बृजेश कुमार, शमीम अहमद, हंसराज यादव, संदीप सोनकर सहित क्षेत्र के अन्य वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जरूरतमंदों के बीच छड़ी और कंबल वितरित

- राय महिपाल सिंह की स्मृति में कंबल वितरण आयोजित

**परशदेपुर, रायबरेली।** विकास खंड छतोह क्षेत्र के बारा गांव में रविवार को स्वर्गीय राय महिपाल सिंह की स्मृति में कम्बल वितरण का आयोजन किया गया। कम्बल वितरण कार्यक्रम में आयोजक समाजसेवी अंकित सिंह व पूर्व प्रधान अरुण कुमार सिंह ने भीषण ठंड को देखते हुए क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों में 251 कम्बल का वितरण किया हाड़कपाऊ ठंड में कम्बल के साथ ही जरूरतमंद लोगों को छड़ी भी प्रदान की गई। कंबल व छड़ी पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

आयोजक अंकित सिंह ने बताया कि गरीब व असहाय लोगो की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। कंबल वितरण का उद्देश्य राजनीतिक नहीं बल्कि समाज की सेवा करना है। प्रत्येक वर्ष के जनवरी माह के पहले रविवार को आजीवन जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया जाएगा। कंबल वितरण कार्यक्रम का संचालन हरिश्चन्द्र ने किया। इस मौके पर लोकेश सिंह, राजन सिंह, धीरेन्द्र सिंह, धर्मेंद्र मौर्य, अमित मिश्रा, राधेश्याम पांडेय, विश्वेंद्र प्रताप सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, विनय कुमार, कुलदीप सिंह, गंगापाल मौर्य, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# पीस कमेटी की बैठक



**संग्रामपुर।** रविवार को नवागत थानाध्यक्ष संजय सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संग्रामपुर क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, प्रधान प्रतिनिधियों व क्षेत्र के सम्मानित लोगों के साथ कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। संजय सिंह ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य आपसी परिचय स्थापित करना और जनता व पुलिस के बीच बेहतर तालमेल बनाना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में मजबूत कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने उपस्थित लोगों को दिए गए मोबाइल नंबर पर सीधे अपनी समस्याएं साझा करने के लिए प्रेरित किया। बैठक में वर्तमान व पूर्व प्रधानों से पंचायत चुनाव को लेकर भी चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या या असामाजिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए, ताकि समय रहते कार्रवाई कर कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

## खुलेआम प्रतिबंधित पेड़ों की हो रही कटान

**अमेठी।** जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र में प्रतिबंधित हरे पेड़ों की कटान का गोरखधंधा पुलिस, वन विभाग और ठेकेदारों की मिलीभगत से खुलेआम चल रहा है। नियमों को ताक पर रखकर हरियाली पर आरा चलाया जा रहा है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानकर भी अंजान बने हुए हैं। ताजा मामला गौहर के पुरवा का है, जहां ठेकेदार द्वारा 7 गुलर के पेड़ काटे जा रहे थे, लेकिन कागजों में इन्हें केवल 3 पेड़ दर्शाया गया। यदि वन विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाती तो सरकार को लगभग 70 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त होता, लेकिन मिलीभगत के चलते यह रकम सरकारी खजाने में पहुंचने से पहले ही गायब हो गई। सूचना मिलने पर जिला वन अधिकारी ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए, लेकिन मौके पर पहुंचे वन दरोगा पंकज कुमार ने जुर्माना करने के बजाय ठेकेदार को प्राथमिकी दर्ज कराने की सलाह दे दी। इसके बाद ठेकेदार ने जगदीशपुर पुलिस से संपर्क कर औपचारिक प्राथमिकी करा दी, जिससे भारी जुर्माने से बचाव हो गया। यही नहीं, इसी ठेकेदार द्वारा इससे पहले गांव में आम के पेड़ की कटान पर जुर्माना किया जा चुका है, इसके बावजूद दोबारा कार्रवाई से साफ है कि संरक्षण किस स्तर पर दिया जा रहा है गौहर का पुरवा, प्रेमगढ़, गडरियाडीह, मुजाहिदखानी सहित दर्जनों गांवों में प्रतिदिन प्रतिबंधित पेड़ों की कटान हो रही है। यह सब उस समय हो रहा है जब पुलिस कप्तान अर्पणा रजत कौशिक ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि क्षेत्र में हरे पेड़ों की कटान किसी भी हालत में न हो। इस पूरे मामले पर वन दरोगा पंकज कुमार और विवेचक वीरेंद्र मिश्रा से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन दोनों ने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। क्षेत्र में लगातार हो रही पेड़ कटान से पर्यावरण को गंभीर खतरा पैदा हो रहा है और प्रशासन की कार्यशैली पर भी बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं।

## सीएमओ ने किया आरोग्य मेले का निरीक्षण

**अमेठी।** रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला जायस एवं हरदो का निरीक्षण किया हरदो में मदन कुमार स्टाफ नर्स अनुपस्थित मिले लगातार दो बार अनुपस्थित बाकी सभी स्टाफ उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले से ग्रामीण क्षेत्र के मरीज को काफी लाभ मिल रहा है लिहाजा कर्मचारी अपनी ड्यूटी में ईमानदारी हैं तो और अच्छा कार्य संभव है। उन्होंने बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ जनपद के सुदूरवर्ती क्षेत्र में बढ़ी आम जनता को मिल सके तभी योजना साकार रूप ले सकती है। उन्होंने बताया कि रविवार को जनपद के विभिन्न केंद्रों पर स्वास्थ्य मेले के आयोजन से काफी मरीज को लाभ मिला है।

## ऊंच गांव में जरूरतमंदों में कंबल वितरण

**शुकुल बाजार, अमेठी।** कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बीच ग्राम पंचायत ऊंच गांव, शुकुल बाजार क्षेत्र में गरीबों व जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रधान प्रतिनिधि राजेश चौहान ने किया, जिसमें असहाय, बुजुर्गों और जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित किए गए।



कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर राहत और संतोष देखने को मिला। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि राजेश चौहान ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब और बेसहारा लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे समय में पंचायत का दायित्व है कि वह आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी इसी तरह के जनकल्याणकारी कार्य जारी रहेंगे। ग्रामीणों ने पंचायत की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समय पर किया गया कंबल वितरण ठंड से बचाव में काफी सहायक साबित होगा। कार्यक्रम में पंचायत से जुड़े लोग व ग्रामीण मौजूद रहे। पूरे आयोजन में सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदनाओं की झलक साफ दिखाई दी।

## लुधियाना में आयोजित राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शामिल होंगी सेजल

**सुलतानपुर (वीओएल)।** राष्ट्रीय विद्यालयी स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ताइक्वांडो अण्डर-14 बालिका प्रतियोगिता जो की 6 से 11 जनवरी के मध्य लुधियाना पंजाब में आयोजित हो रही है। बेसिक शिक्षा सुल्तानपुर से सेजल 26 किलो भार वर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी जोकि कंपोजिट विद्यालय संगम लाल नगर-क्षेत्र की छात्रा है। रामकली बालिका इंटर कॉलेज की व्यायाम शिक्षिका शशि कला मौर्या टीम मैनेजर की देखरेख में जिले से प्रस्थान किया। बेसिक में पहली बार किसी का चयन राष्ट्रीय स्तर (ताइक्वांडो) में हुआ है सेजल की छिपी प्रतिभा को देखते हुए नगर व्यायाम शिक्षक मो. सईद ने सेजल को प्रशिक्षण में सहयोग किया इस सफलता पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र दिलीप कुमार, जिला व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी, व्यायाम शिक्षिका श्रद्धा सिंह, क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह मिथलेस सिंह, मुनेंद्र मिश्रा खेल प्रवक्ता राजेश कन्नौजिया आदि ने खुशी व्यक्त की है।

## अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन ने मनाया नौवां स्थापना वर्ष

**सुलतानपुर।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन, सुलतानपुर इकाई द्वारा चार जनवरी को संगठन का नौवां स्थापना वर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सैफुल्लागंज में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मंत्री सुशील सोनी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत व सम्मान से हुई, इसके बाद संगठन के पदाधिकारियों को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ओम कुमार वर्मा ने कहा कि मानवाधिकार की रक्षा तभी संभव है जब समाज में जागरूकता बढ़े और शोषण से प्रभावित जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचे। उन्होंने संगठन को और अधिक सुदृढ़ व विस्तृत करने पर जोर देते हुए कहा कि ब्लॉक व तहसील स्तर तक संगठन का विस्तार समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छ पेयजल और महिलाओं की सुरक्षा मानव की आधारभूत आवश्यकताएं हैं। मानवाधिकार केवल कानूनी विषय नहीं, बल्कि मानवता से जुड़ी जिम्मेदारी है। किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय न हो, तथा बीमारी, गरीबी और संकट से जूझ रहे लोगों की मदद करना ही वास्तविक मानवाधिकार की रक्षा है। कार्यक्रम के अंत में यह संकल्प लिया गया कि संगठन महिलाओं, गरीबों, कमजोर, जरूरतमंद एवं उपेक्षित वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए समाज और प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करेगा।

## संक्षेप

### पत्रकारों को किया गया सम्मानित

**हरचंदपुर, रायबरेली।** युवा समाजसेवी और भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हर्षित तोमर एवं छोटे चैधरी की ओर से पत्रकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में प्रेस क्लब के अध्यक्ष संतोष चैरसिया, महामंत्री अनिल श्रीवास्तव, सचिव मनमोहन तिवारी, उपाध्यक्ष मनीष अवस्थी और दीपक सिंह सहित अन्य पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन हर्षित तोमर और छोटे चैधरी ने सभी को सम्मानित किया। आयोजक हर्षित तोमर ने कहा कि चैथे स्तंभ की निष्पक्ष कार्य प्रणाली से समाज प्रभावित होता है। छोटे चैधरी ने सभी को सम्मानित करते हुए कहा कि पत्रकार बंधु निर्भीक होकर सच्चाई उजागर करते है।

### पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

**परशदेपुर, रायबरेली।** परशदेपुर चौकी पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया इस दौरान कई वाहन चालक बगैर हेलमेट लगाये मिले और हाड़कपाऊ ठण्ड में कापते नजर आये तो चौकी इंचार्ज मोहित कुमार ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए बगैर हेलमेट के वाहन चला रहे लोगो में हेलमेट का वितरण किया, वहीं वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा अभियान का पाठ भी पढ़ाया। चौकी इंचार्ज ने वाहन चालको से अपील की कि घर से निकले तो बगैर हेलमेट पहने न निकले और यातायात नियमो का पालन करें, जिससे दुर्घटना से बचा जा सके और अमूल्य जीवन की रक्षा हो सके। पुलिस का यह चेहरा देख लोगो ने खूब सराहना भी की। चौकी इंचार्ज ने बताया यातायात सुरक्षा अभियान के तहत वाहन चेकिंग की जा रही थी इस दौरान कई वाहन चालक बगैर हेलमेट लगाये मिले और ठण्ड से काँप रहे थे। ऐसे लोगो में हेलमेट का वितरण किया गया और बगैर हेलमेट के वाहन चलाने की अपील की गयी।

### अलाव जलवाने की मांग

**संग्रामपुर।** कड़ाके की ठंड के बीच पतापुर चौराहे पर सरकारी अलाव न जलने से दुकानदारों, स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठंड से बचाव के लिए लोग निजी तौर पर जलाए गए अलाव के सहारे दुबके नजर आए। क्षेत्र में पूरे दिन और शाम ढलते ही ठंड का प्रकोप बढ़ जाता है। पतापुर चौराहे पर रविवार को मौजूद दुकानदार, राहगीर और बुजुर्ग ठिठुरते हुए अलाव के पास बैठे दिखे। दुकानदारों का कहना है कि सरकारी अलाव न जलने के कारण मजबूरी में निजी अलाव जलाना पड़ रहा है, जिससे धुएं और असुविधा की समस्या भी बनी रहती है। लोगों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ठंड के अब तक सरकारी अलाव कोई इंतजाम नहीं किया गया है दुकानदार और राहगीर बृजेश शुक्ला, धीरेंद्र मौर्य, सूरज कनौजिया, राहुल जायसवाल और एपी सिंह सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से शीघ्र पतापुर चौराहे पर सरकारी अलाव जलवाने की मांग की है, ताकि भीषण ठंड से आमजन को राहत मिल सके।

### सभासद ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**महराजगंज, रायबरेली।** बढ़ती ठंड और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए सामाजिक सरोकारों के तहत नगर पंचायत के आर्य नगर वार्ड में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहाँ के सभासद जमुना पासवान ने अपनी दरियादिली दिखाते हुए वार्ड की विधवा, बुजुर्ग और निराश्रित महिलाओं को ठंड से राहत दिलाने के लिए कंबल वितरित किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र श्रीवास्तव उपस्थित रहे। उन्होंने सभासद के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जमुना पासवान ने अपने निजी खर्च से निराश्रित लोगों की मदद कर न केवल मानवता की मिसाल पेश की है, बल्कि लोगों का दिल भी जीत लिया है।

### सीएम आरोग्य मेला आयोजित

**परशदेपुर, रायबरेली।** नवीन पीएचसी परशदेपुर में रविवार को आयोजित सीएम आरोग्य मेला में कुल 60 मरीजों की जांच कर उन्हें दवाएं दी गयी। आरोग्य मेला में डॉक्टरों ने ठण्ड के मौसम में सावधानी बरतने की भी सलाह दी जिससे सीजनल बीमारियों से बचा जा सके। आरोग्य मेला में सबसे अधिक डायबिटीज के 20 मरीज पहुंचे जिनका इलाज किया गया और उन्हें दवाएं दी गयी वहीं चर्म रोग के 7 मरीज तो बुखार से पीड़ित 9 और घुटने के दर्द के 12 मरीज अस्पताल पहुंचे। आरोग्य मेला में डॉक्टरों की टीम ने सभी मरीजों की जांच की और इलाज कर उन्हें दवाएं दी गयी।

# 4.5 लाख रुपये का बैग गिरने पर पुलिस ने किया बरामद

**रायबरेली।** जिले की कोतवाली नगर पुलिस ने अपनी त्वरित और प्रभावी कार्यवाही का एक शानदार उदाहरण पेश किया है। 27 दिसंबर को स्थानीय निवासी देवेंद्र प्रसाद त्रिवेदी उर्फ फाना त्रिवेदी (पुत्र स्वर्गीय दुर्गा प्रसाद त्रिवेदी, निवासी शांति भवन, प्रभूटाउन, रायबरेली) ने थाने में सूचना दी कि वे अपनी दुकान से घर लौटते समय साढ़े चार लाख रुपये (?4.5 लाख) से भरा बैग रास्ते में कहीं गिर गया है। सूचना मिलते ही कोतवाली नगर थाने की पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। टीम ने सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण किया और मात्र दो दिनों के भीतर, यानी 29 दिसंबर 2025 को ही गुम हुए नकद रुपये का बैग सफलतापूर्वक बरामद कर लिया। बरामद की गई पूरी राशि आवेदक देवेंद्र प्रसाद त्रिवेदी को सुपुर्द कर दी गई। इस घटना के बाद देवेंद्र प्रसाद त्रिवेदी ने रायबरेली पुलिस की त्वरित और समर्पित कार्यवाही की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने पुलिस का हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसी ईमानदार और तेज कार्रवाई से जनता का पुलिस पर भरोसा और मजबूत होता है। इस सराहनीय कार्य में उपनिरीक्षक अखिल तोमर और आरक्षी जीत सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इन दोनों पुलिसकर्मियों की उत्कृष्ट सेवाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. यशवीर सिंह ने उन्हें दिसंबर 2025 महीने का प्रतिष्ठित हाकॉप्स ऑफ द मंथड्ड खिताब प्रदान किया इसके साथ ही दोनों पुलिसकर्मियों को 500-500 रुपये का नगद इनाम और प्रशस्ति पत्र देकर उनके अदम्य साहस, समर्पण और पेशेवर दक्षता की खुलकर सराहना की गई।

# मोईन ने प्रधानी का चुनाव जीतने की चाह में की थी महिला की हत्या

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** पुलिस द्वारा हत्या का खुलासा 02 आलाकत्ल (यूके लिप्टस व बांस का डण्डा) के साथ 04 अभियुक्त/अभियुक्ता गिरफ्तार। दिनांक को वादिनी सुनीता पत्नी सुरेश कुमार निवासी पूरे मोहम्मद नेवाज थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी द्वारा थाना मुसाफिरखाना पर लिखित तहरीर दी कि जमीनी विवाद की बात को लेकर वादिनी की सास शिवपता को ग्राम प्रधान के पति मो0 तौकीर के फार्म हाऊस पर जमीन के सम्बन्ध में बात करने हेतु बुलाकर एक राय होकर वादिनी की सास पर लाठी डण्डे से हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। इलाज के दौरान उनकी सास शिवपता की मृत्यु हो गयी है। उक्त तहरीर पर थाना मुसाफिरखाना पर मुअसं 02/26 धारा 103(1),61 (2),131,3(5) बीएनएस व 3(2)श एससी/एसटी एक्ट बनामजयवर्द्धन, हर्षवर्द्धन, जहीर उल्ला .बल्लन, मोहम्मद तौकीर (प्रधान पति) पंजीकृत किया गया था। एसपी अमेठी द्वारा उक्त घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश, निर्देश दिये गये थे।

मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज, कॉल रिकार्डिंग व विभिन्न माध्यमों से गहराई से छानबीन करते हुये उपरोक्त अभियोग में प्रकाश में आये 4 अभियुक्त, अभियुक्ता .मोईन पुत्र जान मोहम्मद निवासी पूरे नेवाज थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी, .संतोष पुत्र राम अभिलाख, .बृजेश पुत्र सुरेश निवासीगण पूरे मंसूरशाह मजरे पूरे नेवाज थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी व अभियुक्ता सुनीता पत्नी सुरेश निवासी पूरे मंसूरशाह मजरे पूरे नेवाज थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त मोईन ने बताया कि उसका जहीद उल्ला उर्फ जहीद से एक मुकदमा चल रहा है जो ट्रायल पर आ गया है व गवाही चल रही है। इस मुकदमे से बचने व प्रधान का चुनाव लड़ने के लिये व अपने चाचा तौहीद और दोस्त संतोष के साथ मिलकर योजना बनाया कि गांव की ही शिवपता से हर्षवर्द्धन व जयवर्द्धन से जमीन का विवाद चल रहा है अगर शिवपता की तरफ से एससी/एसटी व गंभीर धाराओं में मुकदमा गांव के प्रधान तौकीर, उनके दामाद जहीद, उनके साढू बल्लन एवं हर्षवर्द्धन व जयवर्द्धन के खिलाफ लिख जायेगा तो ये लोग जेल चले जायेगे और मेरे मुकदमें में मेरे हिसाब से गवाही दे देगें और मुकदमा छूट जायेगा। हर्षवर्द्धन व जयवर्द्धन जेल चले जायेगे तो बेचने के लिये जमीन मिल जायेगी। इसी योजना के तहत मृतका शिवपता की बहु सुनीता द्वारा प्रधान पति तौकीर के पास फोन कराया गया की तुम्हारे यहां आ रहे हैं। सुनीता अपने सास को लेकर खेतों की तरफ बढी तभी योजना के अनुसार मृतका का नाती बृजेश व घटना का मास्टरमाइड मोईन का दोस्त शोएब एक तरफ से व दूसरी तरफ से मोईन आया। सुनीता व उनकी सास की रेकी मोईन का दूसरा दोस्त संतोष कर रहा था, जैसे ही सुनीता व उनकी सास गांव के बाहर खेतों के पास पहुंचे कि बृजेश, शोएब व मोईन ने यूके लिप्टस और बांस के डण्डे से मारकर घायल कर दिया जिनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर यूके लिप्टस व बांस का डण्डा बरामद किया गया।

# पंचपरिवर्तन को आपनाने से भारत बनेगा विश्वगुरु




**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** आरएसएस संघ द्वारा शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में खंड मोतिगरपुर के नानेमऊ में रविवार को हिंदू सम्मेलन ब्लॉक प्रमुख चंद्र प्रताप सिंह चंदर के संयोजन मे आयोजित हुआ। जिसमें मुख्यवक्ता विभाग प्रचारक श्री प्रकाश ने मां भारती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। उन्होंने समाज, राष्ट्र और परिवार से जुड़े कई अहम मुद्दों पर अपने विचार रखे।

हिन्दु सम्मेलन की अध्यक्षता राम करन मिश्र ने की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री प्रकाश ने कहा कि जिस दिन समाज पंचपरिवर्तन को पूर्ण रूप से आत्मसात कर लेगा, उस दिन भारत विश्वगुरु बनेगा और देश पूरी दुनिया में अपनी पहचान से जगमगाएगा। समाज को भ्रमित करने वाले प्रपंचों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि हिंदू समाज के अस्तित्व और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए संगठित रहना आवश्यक है। यह कहते हुए आह्वान किया कि इसके लिए सबसे पहले अपने घर, समाज और आचरण को ठीक करना होगा। जब हम जाति-भेद व छुआछूत छोड़ कर स्वयं खड़े होंगे, तभी दुनिया को संभाल सकेंगे। इसलिए कि जो स्वयं खड़ा नहीं होगा, वह गिरे हुए को उठाने की क्षमता भी नहीं रखेगा। साथ ही समाज में समरसता और आपसी सौहार्द बनाए रखने पर विशेष बल दिया। कहा कि संघ की वैचारिक दिशा में सामाजिक समरसता और राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को केंद्र में रखना आवश्यक है। उन्होंने छुआछूत और जातिगत भेदभाव पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि समाज की सेवा करने वाला कोई भी व्यक्ति अछूत नहीं हो सकता। भगवान राम का केवट से प्रेम, शबरी के जूठे बेर, कृष्ण का सुदामा के घर भोजन, यह केवल कथाएं केवल सुनाने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में उतारने के लिए हैं। जबतक जाति और छुआछूत की भावना का समूल नाश नहीं होगा, तब तक हिंदू सम्मेलन केवल औपचारिकता रहेंगे। समाज का प्रत्येक वर्ग जब एक-दूसरे के साथ खड़ा होगा, तभी राष्ट्र सशक्त बनेगा। राष्ट्रहित में सभी को सहभागिता निभाने का आह्वान किया। सम्मेलन में महावीर निषाद, राजेन्द्र प्रसाद दूवे, जिला प्रचारक बृजेश, जिला कार्यवाह शरद कुमार, विनोद कुमार, देवेंद्र कुमार, अंकित कुमार मिश्र, सौभाग्य पाठक, प्रकाश नारायण, पवन कुमार, विक्की अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

# हादसे में पुलिसकर्मी की मौत

**बछरावां, रायबरेली।** राजमार्गों पर अनियंत्रित दो पहिया व चैपहिया वाहनों के कारण सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम ही नहीं ले रही है। मामला बांदा बहराइच राजमार्ग का रानीखेड़ा गांव के पास का है जहां पर पुलिस के जवान की घर जाते समय सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवनारायण उम्र लगभग 24 वर्ष पुत्र राम लोटन निवासी निहाल खेड़ा मजरे भौसी विकासखंड शिवगढ़ जनपद रायबरेली जो कि पुलिस सेवा में सुजानपुर जनपद जौनपुर में तैनात थे। वह छुट्टी पर घर आए हुए थे। शनिवार को लखनऊ से नेट का पेपर देकर घर जा रहे थे। तभी रानीखेड़ा गांव के पास घने कोहरे के कारण अनियंत्रित ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई टक्कर इतनी भीषण थी कि शिवनारायण की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के राहगीरों द्वारा 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने चिकित्सीय परीक्षण के उपरांत मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची बछरावां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रायबरेली भेजा व ट्रक को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही प्रारंभ किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक शिवनारायण तीन भाई थे। परिजनों ने बताया कि 2019 में शिवनारायण सिपाही पद पर चयनित हुए थे। वहीं दुर्घटना में मृत पुलिस जवान शिवनारायण को शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विंध्य विनय के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

## प्रधानमंत्री के खिलाफ टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**रायबरेली।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ टिप्पणी करने पर भारतीय जनता पार्टी के लालगंज मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने लालगंज कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। भाजपा लालगंज नगर मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने बताया की लालगंज कोतवाली क्षेत्र के उम्र मऊ गांव निवासी यश कुमार निर्मल पुत्र जागेलाल ने प्रधानमंत्री के खिलाफ बेहद अभद्र टिप्पणी की है उन्होंने कहा यह टिप्पणी प्रधानमंत्री के खिलाफ नहीं बल्कि देश की 140 करोड़ जनता के साथ किया है उन्होंने कहा इससे सभी देशवासियों की भावनाओं भावनाएं आहत हुई है।

# रोमांचक मुकाबले में एसवीएम फिर बना चैंपियन

- सात रन से महर्षि विद्या मंदिर की टीम को मिली शिकस्त
- रोटरी क्लब सुलतानपुर स्पर्धा सीजन-3 का समापन




**सुलतानपुर (वीओएल)।** रोटरी क्लब सुलतानपुर की ओर से केएनआईटी के खेल मैदान पर आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता स्पर्धा सीजन-3 का रविवार की शाम भव्य समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, विवेकानंदनगर (एसवीएम) ने महर्षि विद्या मंदिर (एमवीएम) को एक रोमांचक मुकाबले में सात रन से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए एसवीएम की टीम दसवें ओवर में 79 रन पर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महर्षि की टीम निर्धारित 10 ओवर में सात विकेट खोकर मात्र 72 रन ही बना सकी और मुकाबला सात रन से हार गई। इसके पूर्व रविवार को ही खेले गए पहले सेमीफाइनल में सरस्वती विद्या मंदिर ने शेम्फोर्ड को 26 रन से हराया। एसवीएम ने 110/9 रन बनाए, जबकि शेम्फोर्ड 84 रन पर ऑलआउट हो गई। दूसरे सेमीफाइनल में महर्षि विद्या मंदिर ने केएनआईसीई करौंदिया को अंतिम गेंद पर चैका लगाकर एक विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच एसवीएम के आरुष तथा मैन ऑफ द सीरीज एसवीएम के अंकित पाल चुने गए। बेस्ट बल्लेबाज एसएमसी के रेहान और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज केएनआईसीई करौंदिया के मो. अयान रहे। समापन अवसर पर रोटरी क्लब अध्यक्ष अखिल अग्रवाल, सचिव डॉ. अभिषेक पांडेय और टूर्नामेंट चेयरमैन निमेन्द्र गोयल, नीरव पांडेय, डा. रवि त्रिपाठी, संदीप श्रीवास्तव, डा. पूजा त्रिपाठी, संजय केसरवानी, वेद जायसवाल, अलंकार टंडन, डा. आशीष सिंह, डा. अमित पांडेय (मामा), अंकित, सुधीर निगम, तनु टंडन, पूजा अग्रवाल, अनुराधा, आंकाक्षा, डा. श्वेता आदि रहे।

## टीचर इलेवन और नेवादा ने अपने अपने मैच में जीत दर्ज की

**सुलतानपुर।** जिले के भदैया ब्लॉक स्थित हनुमानगंज के बिकवाजीतपुर मेला बाग ग्राउंड में आयोजित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल कैश मनी क्रिकेट प्रतियोगिता में आयोजक जगन्नाथ वर्मा अध्यक्ष मुनेंद्र मिश्रा की अगुआई में चौथे दिन का पहला मैच टीचर इलेवन व अटरा के बीच खेला गया। अटरा की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया निर्धारित 10 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 48 रन बनाया जवाब में उतरी टीचर इलेवन की टीम ने 6 ओवर 2 बाल में मैच में जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच राजेंद्र रहे, जिन्होंने 11 रन बनाकर एक विकेट चटकाया। टीम की तरफ से अखिलेश मिश्रा दीपक सिंह और सत्यम सुशील सिंह ने बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोहा। दूसरा मैच नेवादा और झलियांवा के बीच खेला गया, जिसमें नेवादा के कप्तान शिवम्‌ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, नेवादा ने निर्धारित दस ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 91 रन बनाए जवाब में झालियावां की टीम 8 ओवर और 2 गेंद में सभी विकेट खो कर 73 रन ही बना सकी। नेवादा ने 19 रन से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच संतोष रहे जिन्होंने टीम के लिए 33 रन बनाकर एक विकेट भी झटका। निर्णायक अनिल यादव व अनिल शर्मा रहे। स्कोरिंग अवनीश वर्मा संचालन मुन्ना लाल ने किया। मैच के दौरान अपना दल यस के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अविनाश वर्मा ने मौजूद रहकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य लल्लू चैरसिया, मोनू गुप्ता, दिनेश वर्मा, डॉ. सोहित दुबे, राजमणि वर्मा, विनोद वर्मा, वेद प्रकाश फौजी, बबलू वर्मा, मोहित दुबे, कपिल देव वर्मा, रविन्द्र वर्मा, राजबहादुर आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## 525 ग्राम गांजा सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूंडला पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को 525 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। जिसे पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर जेल भेजा है। थाना प्रभारी अनिल कुमार के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। उसी दौरान बसई बंबा पुलिया पर एक व्यक्ति खड़ा हुआ दिखाई दिया पुलिस ने जब उसे आवाज दी तो वह घबराकर भागने लगा पुलिस ने पीछा कर उसे गिरफ्तार किया गया,जहां उसकी तलाशी लेने पर 525 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। थाना प्रभारी ने एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेजा है।

## पोखर के समीप मिला युवक का शव

**मथुरा।** थाना राया क्षेत्र के गाँव सारस में रविवार पोखर के समीप एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुच गयी। मृतक के चेहरे व गले पर चोट के निशान पाए गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि मृतक की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर शव को पोखर के समीप फेंका गया है। मृतक की पहचान 35 वर्षीय अमृत पुत्र मूलचन्द निवासी ग्राम सारस थाना राया के रूप में हुई है। अमृत के भाई दशरथ ने बताया कि अमृत शनिवार रात करीब 8 बजे घर से निकला था। देर रात तक वह घर नहीं लौटा। रविवार सुबह ग्रामीणों ने पोखर के किनारे अमृत का शव पड़ा देखा और परिजनों को सूचना दी। परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने अज्ञात लोगों पर अमृत की हत्या का आरोप लगाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। राया थाना प्रभारी रविभूषण शर्मा ने बताया कि गांव के पास एक युवक का शव मिला है। परिवार के सदस्यों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

## युवती ले गयी 30 लाख के गहने

**मथुरा।** जैंत थाना क्षेत्र में एक ऐसी घटना सामने आई है जिसने पुलिस और स्थानीय लोगों के होश उड़ा दिए हैं। सुनरख गांव में एक 19 वर्षीय युवती ने आधी रात को फिल्मी अंदाज में घर छोड़ा, लेकिन वह अकेली नहीं गई; अपने साथ घर की जमा पूंजी के रूप में रखे 30 लाख रुपये के जेवर और नकदी भी ले उड़ी। घटना 20 दिसंबर की रात की है। जब पूरा परिवार गहरी नींद में सोया था, तभी करीब 12:30 बजे युवती ने चुपचाप अपनी स्कूटी निकाली और घर को अलविदा कह दिया। सुबह जब परिजनों की आंख खुली तो पैरों तले जमीन खिसक गई। अलमारियां खाली थीं और बेटी लापता थी। परिजनों ने पहले तो खुद तलाश की, लेकिन नाकामी हाथ लगने पर पुलिस की शरण ली। जब गांव के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल हुई, तो कहानी में एक नया मोड़ आ गया। फुटेज में युवती एक अज्ञात युवक के साथ जाती दिखाई दे रही है। परिजनों का सीधा आरोप है कि उस युवक ने युवती को अपने प्रेम जाल में फंसाया और उसे करोड़ों की संपत्ति के लालच में बहला-फुसलाकर ले गया है। थाना जैंत पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फौरन टीम गठित कर दी है। ?थाना प्रभारी जैंत उमेश चंद्र त्रिपाठी ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# सर्राफा कारोबारी की हत्या खुलासे को पांच टीमें गठित



**मथुरा।** गोविंद नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत लाल दरवाजा स्थित तेलीपाड़ा मोहल्ले में रविवार सुबह सर्राफा कारोबारी की हत्या से सनसनी फैल गई। चांदी कारोबारी का खून से लथपथ शव उनके बेड पर पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान सतीश चंद्र गर्ग के रूप में हुई है जो चांदी खरीदकर उसे पिघलाकर बेचने का कार्य करते थे। उनका तीन मंजिला मकान है, जिसमें ऊपर और नीचे किरायेदार रहते हैं जबकि बीच की मंजिल पर वह स्वयं अकेले रहते थे। रविवार सुबह जब काफी देर तक कोई हलचल नहीं हुई तो किरायेदारों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसएसपी, एसपी सिटी, सीओ सिटी एवं गोविंद नगर थाना प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दरवाजा खुलवाया तो सतीश चंद्र गर्ग का शव खून से लथपथ अवस्था में बेड पर पड़ा मिला। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सोते समय उनकी कनपटी में गोली मारी गई जो आर-पार हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक के चेहरे पर चोट के निशान भी पाए गए हैं जिससे मामला और अधिक संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। वहीं कमरे में रखी अलमारी खुली होने के कारण लूट के इरादे से हत्या की आशंका जताई जा रही है। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए, साथ ही डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया। मृतक की पत्नी रजनी गर्ग का चार वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। उनके तीन पुत्र मुकुल (पुणे), मयंक (नोएडा) एवं अभिषेक (गुरुग्राम) में नौकरी करते हैं। पत्नी के निधन के बाद से सतीश चंद्र गर्ग मकान में अकेले ही रह रहे थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए पांच पुलिस टीमें गठित की गई हैं और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह भी आशंका जताई जा रही है कि वारदात में मृतक का कोई परिचित शामिल हो सकता है। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

# सात दिन के प्रवास पर वृन्दावन पहुंचे संघ प्रमुख मोहन भागवत

**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत रविवार को तीर्थनगरी वृन्दावन में अपने 7 दिवसीय प्रवास पर पहुंचे। संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के बाद प्रमुख की यह पहली वृन्दावन यात्रा है। वे यहां कई धार्मिक, सामाजिक आयोजनों के साथ राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होंगे। रविवार सुबह भोपाल से तेलंगाना एक्सप्रेस से वे मथुरा पहुंचे। जहां संघ के कार्यकर्ताओं ने उनका



रेलवे स्टेशन पहुंचकर अभिनंदन किया। लगभग सुबह 7 बजे वे ट्रेन से उतरने के बाद वे ई-कार्ट से स्टेशन से बाहर पहुंचे।

संघ प्रमुख के तीन दिवसीय प्रवास के दौरान यहां तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होगी। जिसमें संघ के प्रांत प्रचारक, सभी अनुषांगिक संगठनों के अध्यक्ष और महामंत्री शामिल होंगे। हालांकि बैठक के विचारणीय विषयों को गोपनीय रखा गया है। प्रमुख के कार्यक्रम के मुताबिक वे 4 जनवरी की शाम को संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। जिसमें स्थानीय पदाधिकारी भी शामिल रहेंगे। 5 से 9 जनवरी को तक प्रतिदिन वे संघ के केंद्रीय पदाधिकारियों के साथ चिंतन करेंगे। 9 जनवरी को वे सुबह चंद्रोदय मंदिर में ठाकुरजी के दर्शन, गौशाला भ्रमण व रसोई की कार्यप्रणाली तथा देखभाल का जायजा लेकर मंदिर पदाधिकारियों से भेंट करेंगे। इसके बाद 10 जनवरी की शाम को वे सुदामा कुटी जाएंगे। जहां वे पूज्य संत सुदामा दास महाराज के शताब्दी समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद उनकी दिल्ली रवानगी का कार्यक्रम तय है। इससे पूर्व उनके मथुरा आगमन से पूर्व ही विशेष सुरक्षा दस्ते ने रेलवे स्टेशन परिसर को सुरक्षा घेरे में ले लिया था।

# गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर आप और हम संगठन ने पुलाव वितरण किया




**टूंडला।** नगर टूंडला में सामाजिक संगठन आप और हम राष्ट्रीय भ्रष्टाचार अपराध मुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.एस बेदी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश उत्सव मनाया, जिसमें पदाधिकारियों ने गांधी किराना स्टोर पर गुरु नानक रसोई द्वारा कॉन्टर लगाकर मटर पुलाव बाजार में वितरण किया लोगो ने गर्म गर्म पुलाव का प्रसाद ग्रहण किया,संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी एस बेदी का कहना है गुरु नानक रसोई , गुरुजी के बताए संदेश पर जनहित में लोगो की सेवा में तत्पर्य रहती है,संस्था का मुख्य उद्देश्य मानव हित में नि स्वार्थ भावना से सेवा करना यही सबसे बड़ा धर्म है,इसी का संदेश सभी महापुरुषों ने दिया,हम सब को उनके बताए हुए रास्ते पे चल कर मानव धर्म का पालन करना चाहिए।इस अवसर पर बी.एस बेदी राष्ट्रीय अध्यक्ष,दीपक सलूजा प्रदेश प्रभारी,राजू गांधी प्रदीप बत्रा,रिया शर्मा नेकराम महेश कुमार मुन्ना लाल पप्पू आदि संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रेमानंद महाराज की शरण में पहुंचीं भारतीय महिला क्रिकेटर दीप्ति शर्मा

**मथुरा।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी दीप्ति शर्मा ने वृंदावन पहुंचकर प्रख्यात संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मुलाकात के दौरान महाराज ने खेलों के महत्व और खिलाड़ी के जीवन में अभ्यास की भूमिका पर गहराई से चर्चा की। इस मुलाकात के दौरान दीप्ति शर्मा भक्ति भाव में डूबी नजर आईं और उन्होंने महाराज जी की बातों को एकाग्रता से सुना। सोशल मीडिया पर इस मुलाकात का वीडियो रविवार तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक वैश्विक खिलाड़ी और एक आध्यात्मिक संत के बीच का यह संवाद युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बना हुआ है। गौरतलब हो कि



- **खेल के कौशल के साथ-साथ भगवान का चिंतन भी आवश्यक है : प्रेमानंद महाराज**

जब प्रेमानंद महाराज जी के शिष्य नवल नागरी ने दीप्ति शर्मा का परिचय कराते हुए बताया कि भारत ने विश्व चैंपियनशिप जीती है, तो महाराज जी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे राष्ट्र के लिए गौरव का क्षण बताया। महाराज जी ने कहा, ह्लकहने को तो यह मात्र एक खेल है, लेकिन एक खिलाड़ी की जीत से पूरे भारत को सुख मिलता है।ह्व उन्होंने आगे कहा कि जब भारतीय खिलाड़ी जीतता है, तो पूरा देश गौरवान्वित महसूस करता है। दूसरों को प्रसन्नता देना भी एक प्रकार का बड़ा परोपकार है। दीप्ति शर्मा को सफलता का मंत्र देते हुए प्रेमानंद महाराज ने ह्लअभ्यासह्व की निरंतरता पर जोर दिया। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि अक्सर खिलाड़ी जीत मिलने के बाद अभ्यास में ढिलाई बरतने लगते हैं और मनोरंजन में समय व्यतीत करने लगते हैं, जिससे उनकी उन्नति रुक जाती है। उन्होंने उपदेश दिया कि ह्लजीतने के बाद और अधिक सावधान हो जाना चाहिए। नित्य अभ्यास और दृढ़ता ही वह मार्ग है, जिससे खिलाड़ी लगातार आगे बढ़ सकता हैह्व। महाराज जी ने खिलाड़ी को सलाह दी कि खेल के कौशल के साथ-साथ भगवान का चिंतन भी आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभ्यास ही वह एकमात्र साधन है जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति प्रवीण बन सकता है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया विकास और निर्माण कार्य का निरीक्षण

**मथुरा।** जिपं अध्यक्ष किशन चौधरी ने आज अपनी टीम के साथ ग्राम फोंडर में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। कार्यों में मिली खामियों को दूर करने के संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिए। रविवार जिपं अध्यक्ष ने ग्राम फोंडर के पास नगला बंजारा वाली पुलिया निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता, समयबद्ध पूर्णता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा क्षेत्र के विकास एवं जनता की सुविधा सर्वोपरि है तथा ऐसे विकास कार्यों से ग्रामीणों को आवागमन में सुगमता मिलेगी। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कार्यों में लापरवाही या अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## धोखाधड़ी से अर्जित संपत्ति पर कुर्की की कार्रवाई

**मथुरा।** जनपद की थाना कोसीकलां पुलिस ने धोखाधड़ी एवं जालसाजी से अर्जित की गई संपत्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए धारा 107 बीएनएसएस के अंतर्गत कुर्की की कार्यवाही की है। यह कार्रवाई थाना कोसीकलां में पंजीकृत मुकदमा संख्या 690/2024 से संबंधित अभियुक्तों के विरुद्ध की गई है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त बलराज सिंह पुत्र वेद सिंह एवं उसकी पत्नी, निवासी बरहाना थाना कोसीकलां द्वारा धोखाधड़ी एवं जालसाजी के माध्यम से अवैध रूप से अर्जित धनराशि से वृंदावन स्थित श्री राधा रानी टाउनशिप में 200 वर्ग गज भूमि क्रय की गई थी। इस जमीन की कीमत लाखो रु बताई जा रही है। मामले की विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय सिविल जज (सीडी), छाता द्वारा 02 जनवरी 2026 को उक्त संपत्ति के जब्तीकरण (कुर्की) का आदेश पारित किया गया। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में थाना कोसीकलां पुलिस द्वारा धारा 107 बीएनएसएस के अंतर्गत नियमानुसार कुर्की की कार्यवाही की जा रही है।

# जमुनापार इलाके में दो पक्षों के बीच हिंसक विवाद : एक ही परिवार के 5 लोग घायल



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** थाना जमुना पार क्षेत्र के गांव मावली में पशु चराने को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक विवाद हो गया। इस घटना में एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने समय रहते आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

रविवार मावली गांव में खेत में भैंस चराने को लेकर दो पड़ोसी पक्षों के बीच कहासुनी हुई थी, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि दूसरे पक्ष ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में एक ही परिवार के पांच सदस्य घायल हुए हैं, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर थाना जमुना पार पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। अस्पताल में घायलों का इलाज चल रहा है। पीड़ित प्रमोद और महावीर ने बताया कि उन्होंने घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी थी, लेकिन कई घंटे बीत जाने के बाद भी न तो मुकदमा दर्ज किया गया और न ही किसी आरोपी को हिरासत में लिया गया। पीड़ितों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि हमलावर खुलेआम गांव में घूम रहे हैं, जिससे उन्हें जान का खतरा बना हुआ है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित पक्ष से तहरीर मिलने के बाद नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से गांव मावली में तनाव बना हुआ है, हालांकि पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है और हालात को नियंत्रण में बताया जा रहा है।

# फिरोजाबाद में सॉफ्टबॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन, मध्य प्रदेश ने जम्मू कश्मीर को हराया

**फिरोजाबाद।** जिला सॉफ्टबॉल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा स्वर्गीय सतीश प्रकाश मित्तल, कैलाश चंद्र अग्रवाल, सुखरानी भटनागर, मालती देवी गुप्ता की स्मृति में एसआरके पीजी कॉलेज ग्राउंड पर आयोजित सॉफ्टबॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन विधायक मनीष असीजा ने किया। समारोह की अध्यक्षता महापौर कामिनी राठौर ने की। उद्घाटन समारोह में एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद, उत्तर प्रदेश सॉफ्टबॉल क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन अनिल गर्ग, प्रदीप मित्तल, डी.सी गुप्ता ने भाग लिया। सचिव अनिल लहरी, प्रमोद सैनी, नीरज अग्रवाल, कामरान खान, विकास लहरी, अतुल जैन, अनुपम शर्मा, प्राची अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन नीरज अग्रवाल द्वारा बॉल फेंककर किया गया। मुख्य अतिथि ने जम्मूकश्मीर, मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखंड, बिहार की टीमों से परिचय प्राप्त किया। पहला मैच जम्मू कश्मीर और मध्य प्रदेश के बीच खेला गया, जिसमें मध्य प्रदेश ने सात विकेट से जीत हासिल की। मध्य प्रदेश की गेंदबाज सलोनी ने सर्वाधिक चार विकेट लिए और वुमन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त किया। समारोह का संचालन सचिव अनिल लहरी ने किया। पर्यवेक्षक नीरज, अहमद, साबिर खान, मौहम्मद शहफिर, अतुल जैन, प्राची अग्रवाल, अनुपम शर्मा ने समारोह में भाग लिया।

# माघ माह का शुभारंभ, हजारों श्रद्धालुओं ने किया हरिनाम संकीर्तन

**मथुरा।** आज माघ माह के शुभारंभ होने पर मथुरा पुरी में,वैदिक परम्परा के अनुसार पुराणों में वर्णित, मथुरा पुरी बृजमंडल तीर्थ क्षेत्र के प्राचीन हृदय स्थल क्षेत्र में स्थित श्रीमथुरा पुरी के पौराणिक आदि कालीन भारतीय सनातन संस्कृति की प्राचीन धरोहर स्वरूप, ऐतिहासिक महत्व के स्थलों में विराजमान देव विग्रहों की अंतगृही देव दर्शन परिक्रमा, के संरक्षण, संवर्धन एवं देश-देशांतर से मथुरा पुरी बृजमंडल तीर्थ क्षेत्र में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के मध्य प्राचीन मथुरा पुरी के सांस्कृतिक दर्शन, शास्त्रों में वर्णित, ऐतिहासिक महत्व के देवस्थलों के विषय में जनजागरण लाने के उद्देश्य को लेकर मथुरा पुरी बृजमंडल तीर्थ क्षेत्र के संत, महंत, धमार्चार्यों, भागवताचार्यो के सानिध्य में हजारों श्रद्धालुओं ने श्री यमुना महारानी के पावन तट पुण्यतीर्थ से श्रीयमुना महारानी का गगनभेदी, वैदिक मंत्रोच्चारण की मधुर ध्वनियों के मध्य



पूजन, अर्चन कर मथुरा पुरी बृजमंडल तीर्थ क्षेत्र के प्राचीन हृदय स्थल चतुर्वेदी पुरम में विराजमान देवस्थलियो की परिक्रमा, सामाजिक संस्था वेकअप वेलफेयर फाउण्डेशन, मुम्बई, मथुरा के संयोजन में,गो.वा. दीनानाथ चैगानी (गिरधर मुरारी परिवार) की पावन स्मृति में लगाई। अंतगृही परिक्रमा पुण्य तीर्थ विश्राम घाट से श्रीकृष्ण बलराम एवं यमुना महारानी के प्राचीन दर्शन करते हुए, श्रीचर्चिका देवी, पिपलेश्वर नाथ महादेव, वेणी माधव मंदिर, श्यामा-श्याम, मंदिर श्याम घाट होते हुए, राम श्याम कुटीर, श्रीरामजी द्वारा राममंदिर, प्राचीन सतघरा तुलसी चबूतरा, श्रीशत्रुघ्नमंदिर, श्री गोपाल वैष्णव पीठ गोपाल मंदिर, वीरभद्रेश्वर मंदिर गोपाल गली, श्रीनृसिंह मंदिर, चैबच्चा मौहल्ला, होते हुए पद्मनाभ मंदिर, गोपाल सुंदरी, मथुरा देवी दर्शन करते हुए प्राचीन दीर्घ विष्णु मंदिर में दीर्घ विष्णु भगवान वपद्मालयी महालक्ष्मीजी के दर्शन कर,केशव देव,गंगा महारानी, श्रीनाथजी मंदिर, स्वेत वाराह, आदि वाराह , दशभुजी गणेश, श्री जी पीठ, द्वारिका धीश, श्री यमुना जी चरण चैकी,गताश्रम नारायण मंदिर सहित सभी प्राचीन स्थलों के दर्शन कर पुण्य तीर्थ विश्राम घाट पर पूर्ण हुई। अंतगृही परिक्रमा में चल रहे धमार्चार्यों श्रृद्धालुओं का पग पग पर ,घर घर से भव्य पुष्प वर्षा कर अभिनन्दन किया गया।

सम्पूर्ण परिक्रमा मार्ग में उत्साह और श्रृद्धा का भाव दर्शित हो रहा था। धमार्चार्यों सहित सभी श्रृद्धालु हरिनाम संकीर्तन करते हुए चल रहे थे, जिससे सम्पूर्ण हृदय स्थल क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया। संयोजन मंडल द्वारा परिक्रमा के मध्य सभी प्राचीन मंदिरों में, अन्नकूट प्रसाद धराया और पुष्पार्चन कर पूजन किया। परिक्रमा में प्रमुख रूप से गोपाल वैष्णव पीठाधीश्वर श्री श्री १०८ यदुनंदन महाराज, कुंज किशोर भूरा बाबा, गोपाल बाबा, मकरंद छोटू बाबा, पीठाधीश्वर कांत बाबा, आचार्य रमाकांत गोस्वामी बाबा ,देवेश दीनानाथ चतुर्वेदी, श्रीदीर्घ विष्णु मंदिर के सेवायत महंत चतुर्वेदी समाज के सरदार कान्तानाथ चतुर्वेदी पूर्व राज्यमंत्री रविकांत गर्ग,ब्रह्मा चतुर्वेदी ब्रज बिहार, दीनानाथ बौहरे, शिव कुमार चतुर्वेदी,पूर्व सभासद बालकृष्ण पाठक,वेकअप वेलफेयर फाउण्डेशन के, ब्रजेंद्र दत्त, रामकिशन पाठक एडवोकेट,अमित चतुर्वेदी, बल्लभ चतुर्वेदी, आदित्य चतुर्वेदी, यतेंद्र मुकद्दम, सूर्यकांत चतुर्वेदी, महावीर बौहरे, विवेक चतुर्वेदी,अमित पाठक, बालकृष्ण चतुर्वेदी ,अटलराम चतुर्वेदी, धीरेन्द्र शास्त्री, आचार्य माधव शरण,मोहिताचार्य,यज्ञदत्त चतुर्वेदी, पंकज पाठक,मनोज चतुर्वेदी, दीपक पंडित,भोला बाबा, लच्छे चतुर्वेदी, महेश चतुर्वेदी,दीपक बैंकर सहित मथुरा नगर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। श्री यमुना महारानी का पूजन अर्चन ज्योतिषाचार्य पंडित कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी के साथ मथुरा पुरी के वैदिक विद्वानों ने कराया।

# कांग्रेस कमेटी ने पत्रकार समारोह आयोजित कर पत्रकारों को किया सम्मानित



**टूंडला।** नगर के स्टेशन रोड स्थित एसकेडी फूड प्लाजा में कांग्रेस कमेटी द्वारा पत्रकार समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां क्षेत्र के सभी पत्रकारों का शाल उढ़ाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पत्रकारों के प्रति सम्मान प्रकट करना एवं लोकतंत्र में उनकी भूमिका को सराहना रहा। कार्यक्रम में कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं और निष्पक्ष पत्रकारिता लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। पत्रकार दिन-रात मेहनत कर समाज की सच्चाइयों को सामने लाने का कार्य करते हैं,जिसे भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष फिरोजाबाद रामनिवास यादव ने पत्रकारों से संवाद करते हुए वर्तमान राजनीतिक एवं सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा की और संगठन की भावी योजनाओं से अवगत कराया। वहीं उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर तीखे प्रहार किए और कहा कि भारतीय जनता पार्टी झूठे वादे करने में माहिर है, भाजपा विकास की बात न कर हिन्दू मुस्लिम मंदिर मस्जिद की बात कर जनता को गुमराह कर सत्ता में बनी हुई है। इनका मकसद सिर्फ सत्ता में बने रहना हैं। सम्मेलन के दौरान उपस्थित पत्रकारों को शाल ओढ़ाकर व सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राम निवास यादव नगर अध्यक्ष टूंडला जमील अब्बास नगर महासचिव कन्हैया शर्मा बीएस गौतम राजवीर यादव जितेंद्र तिवारी अनिल उपाध्याय रहीस कादरी अनिल यादव अजय यादव फिरोज भाई शामिउज्जमा कुरैशी संजीव रघुवंशी उमहाशंकर सविता,शान मोहम्मद वेद प्रकाश धाकरे कांग्रेस कमेटी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय पत्रकार मौजूद रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।अंत में नगर अध्यक्ष जमील अब्बास ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# ट्रक की टक्कर से किशोर की मौत

**मथुरा।** थाना मांट क्षेत्र अंतर्गत रविवार हादसे में 15 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। आक्रोशित परिजनों ने लगाया जाम हादसा उस समय हुआ जब किशोर सड़क पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि किशोर ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। मांट थाना क्षेत्र के गांव डांगौली निवासी 15 वर्षीय कान्हा पुत्र बालकिशन नौंवी कक्षा का छात्र था। उसके पिता बालकिशन प्राइवेट नौकरी करते हैं। कान्हा सुबह टहलने के लिए घर से निकला था और इसी दौरान सड़क पार करते समय हादसे का शिकार हो गया। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास से गुजर रहे राहगीर घटनास्थल की ओर दौड़े और घायल किशोर को देखकर सन्न रह गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत इसकी सूचना किशोर के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। बेटे का शव देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। करीब एक घंटे तक सड़क पर आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। इस दौरान लोगों ने आरोपी ट्रक चालक की गिरफ्तारी और मृतक के परिवार को मुआवजा देने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे लोग प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी रहे। करते प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार परिजन शव के साथ सड़क पर बैठ गए और जब तक कार्रवाई का आश्वासन नहीं मिला, तब तक हटने को तैयार नहीं थे। जाम और हंगामे की सूचना मिलते ही मांट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी ली और उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन अपनी मांगों पर अड़े रहे। इस दौरान पुलिस और परिजनों के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई। काफी देर तक समझाने और कार्रवाई का भरोसा दिलाने के बाद परिजन शांत हुए और जाम हटाया गया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी।

# सेवा व समर्पण की सालगिरह पर साड़ी-कंबल वितरण

- **पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी और राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कार्यक्रम में की शिरकत**

जिला संवाददाता (vol)

**फिरोजाबाद।** मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। इसी उद्देश्य के साथ सिरसागंज के जवाहर ज्योति अनुज पब्लिक स्कूल में परम पूज्य बहन अनुज की 42वीं जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को एक भव्य सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र उर्फ टेनी और राज्य मंत्री महिला कल्याण समिति प्रतिभा शुक्ला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह ने की, विशिष्ट अतिथियों में पूर्व सांसद अनिल




शुक्ला वारसी, सिरसागंज चेयरमैन रंजना गुरुदत्त सिंह, कमलेश राजपूत ब्लाक प्रमुख अरांव पूर्व चेयरमेन ठा० राघवेन्द्र सिंह बाले यादव स्कूल एसोसिएसन आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे । विद्यालय प्रबंधक संजय शर्मा ने सभी अतिथियों का प्रतीक चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत सम्मान किया ।

समारोह का आगाज मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन के केंद्र में रही सेवा भावना, जहां जरूरतमंद महिलाओं को साड़ियां और निर्धन परिवारों को कंबलों का वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड में राहत पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथियों ने कहा किसी विभूति की जयंती मनाने का सबसे सार्थक तरीका यही है कि हम समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की मदद करें। वह प्रशंसनीय है। वहीं, राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने नारी शक्ति पर जोर देते हुए कहा कि महिलाओं का सम्मान और उनकी सहायता ही एक सशक्त समाज की नींव है। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह ने कहा कि जवाहर ज्योति अनुज पब्लिक स्कूल ने शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों की जो मिसाल पेश की है, सिरसागंज नगर पालिका चेयरमैन रंजना गुरुदत्त सिंह ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रबंध निदेशक संजय शर्मा,अकादमिक उपनिदेशक अनुराधा शर्मा और प्रधानाचार्य मनोज कुमार अवस्थी का विशेष योगदान रहा। समारोह में स्कूल स्टाफ सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक अश्वनी जैन ने किया।

संक्षेप

## नवंबर में भारत का कोयला आयात बढ़ा

नयी दिल्ली। भारत का कोयला आयात नवंबर में 28.1 प्रतिशत बढ़ा, हालांकि घरेलू संसाधनों की उपलब्धता बढ़ने के कारण आने वाले महीनों में इसमें गिरावट आने की उम्मीद है। इस्पात कंपनी सेल और टाटा स्टील के संयुक्त उद्यम एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड के आंकड़ों से यह जानकारी मिली, जो एक बी2बी ई-कॉमर्स मंच है। आंकड़ों के मुताबिक नवंबर 2025 में आयात सालाना आधार पर बढ़कर 2.5 करोड़ टन हो गया, जो नवंबर 2024 में 1.95 करोड़ टन था। नवंबर में आयात की मात्रा में वृद्धि मुख्य रूप से इस्पात मिलों द्वारा सर्दियों के भंडार को फिर से तैयार करने के कारण हुई। इसके अलावा, कुछ खरीदारों ने नई पोजीशन ली क्योंकि समुद्र के रास्ते आने वाले कोयले की कीमतें कमजोर बनी हुई थीं। हालांकि, आने वाले महीनों में हम घरेलू उपलब्धता बढ़ने के कारण आयात में गिरावट की उम्मीद कर रहे हैं। नवंबर 2025 के कुल आयात में नॉन-कोकिंग कोल का आयात 1.42 करोड़ टन रहा, जबकि एक साल पहले इसी माह में यह आंकड़ा 1.23 करोड़ टन था। समीक्षाधीन अवधि में कोकिंग कोल का आयात 65 लाख टन रहा।

## टाइगर कार्ड के साथ रोजमर्रा के खर्च पर मिलेगा रिवॉर्ड्स

बंगलुरु। टाइगर कार्ड को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह ग्राहकों को उनके रोजमर्रा के खर्च, यात्रा और लाइफस्टाइल कैटेगरी में वास्तविक और मापने योग्य वैल्यू प्रदान कर सके। रिवॉर्ड्स एक्सेलेरेशन, प्रीमियम एक्सेस और आसान रिडेम्प्शन पर आधारित यह कार्ड डिजिटल और ऑफलाइन दोनों प्लेटफॉर्म्स पर बिना किसी जटिलता के बेहतर यूजर एंगेजमेंट और दोबारा उपयोग को बढ़ावा देता है। टाइगर कार्ड की मूल अवधारणा स्पेंड-टू-बेनिफिट पर आधारित है, जिसके तहत कार्डधारक हर रुपये 100 के योग्य खर्च पर 6 रिवॉर्ड पॉइंट अर्जित कर सकते हैं। इसके अलावा, ट्रैवल, डाइनिंग, एंटरटेनमेंट, फ्यूल और ऑनलाइन शॉपिंग जैसी हाई-फ्रीक्वेंसी कैटेगरी में अतिरिक्त रिवॉर्ड पॉइंट्स भी मिलते हैं। रिवॉर्ड्स को कैश क्रेडिट, एयरमाइल्स, वाउचर्स या पार्टनर कैटलॉग के माध्यम से आसानी से रिडीम किया जा सकता है। रिवॉर्ड पॉइंट्स को रुपये 0.40 प्रति पॉइंट के हिसाब से कैश क्रेडिट के रूप में रिडीम किया जा सकता है, वहीं इंडसमोमेंट्स के जरिए वाउचर्स का विकल्प भी उपलब्ध है। ट्रैवल से जुड़े लाभों की बात करें तो टाइगर कार्ड के साथ हर तिमाही 2 निःशुल्क डोमेस्टिक एयरपोर्ट लाउंज विज़िट और हर वर्ष प्रायोरिटी पास के माध्यम से 2 निःशुल्क इंटरनेशनल लाउंज विज़िट मिलती हैं।

## स्कोडा का सिल्वर जुबली बना शानदार साल

बंगलुरु। स्कोडा ऑटो ने 2025 को अपनी भारत यात्रा में अब तक का सबसे अहम साल बताया। इसने देश में अपनी 25वीं सालगिरह को अपनी अब तक की सबसे मजबूत सेल्स परफॉर्मेंस के साथ मनाया। ब्रैंड ने 2025 को 72,665 कारों की बिक्री के साथ खत्म किया, जो 2024 में बेची गई 35,166 यूनिट्स की तुलना में साल-दर-साल 107प्रतिशत की बढ़ोतरी है। यह शानदार परफॉर्मेंस 2025 को स्कोडा ऑटो इंडिया का अब तक का सबसे शानदार साल बनाती है, जो प्रोडक्ट्स, मार्केट्स और कस्टमर टचपॉइंट्स में हुई तेजी को दिखाती है। साल 2025 हमारे लिए हमेशा खास रहेगा। यह भारत में हमारी 25वीं सालगिरह है, और हमने यह साल अब तक के सबसे बेहतर और अलग-अलग तरह के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के साथ देखा है, और अब हम नेटवर्क और मार्केट में अपनी सबसे बड़ी मौजूदगी के मामले में सबसे आगे हैं।

## राजस्व छोड़ने की रणनीति खत्म करने की जरूरत

नयी दिल्ली। पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने अगले महीने पेश होने वाले आम बजट में कर नीति को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने का सुझाव देते हुए कहा कि उपभोग बढ़ाने के नाम पर कर राजस्व छोड़ने की रणनीति ठीक नहीं है। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि इससे आयकर तथा केंद्रीय जीएसटी, दोनों ही मदों में राजस्व को नुकसान हो रहा है। गर्ग ने वैकल्पिक नई कर व्यवस्था को एकमात्र आयकर योजना बनाने की जरूरत बताते हुए कहा कि बचत को बढ़ावा देने के नाम पर और अधिक छूट नहीं देनी चाहिए। चाहे इक्विटी हो, बॉन्ड हो, बैंक जमा हो या म्यूचुअल फंड, कर नीति सभी प्रकार के निवेशों पर समान होनी चाहिए।

# कंपनियों की पूंजी 1.23 लाख करोड़ बढ़ी

नयी दिल्ली। इक्विटी बाजार में सकारात्मक रुझान के बीच पिछले सप्ताह शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सात के संयुक्त बाजार पूंजीकरण में l,23,724.19 करोड़ रुपये का उछाल आया। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे अधिक लाभ हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 720.56 अंक या 0.84 प्रतिशत चढ़ा।

शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और हिंदुस्तान यूनिलीवर लाभ में रहे, जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इंफोसिस और बजाज फाइनेंस के मूल्यांकन में गिरावट दर्ज की गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 45,266.12 करोड़ रुपये बढ़कर 21,54,978.60 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक ने 30,414.89 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका



मूल्यांकन 9,22,461.77 करोड़ रुपये पहुंच गया। हालांकि, टीसीएस के बाजार मूल्यांकन में 10,745.72 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 11,75,914.62 करोड़ रुपये रह गया। इंफोसिस का मूल्यांकन 6,183.25 करोड़ रुपये घटा। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सबसे मूल्यवान कंपनी का खिताब बरकरार रखा।

# एफआईआई के रुख से तय होगी बाजार की चाल

नयी दिल्ली। इस सप्ताह शेयर बाजार बाजार की चाल व्यापक आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशक बिना रुके पूंजी निवेश कर रहे हैं, जिससे पिछले सप्ताह शेयर बाजार में तेजी रही। इस सप्ताह घरेलू और वैश्विक, दोनों स्तरों पर कई आंकड़े आने की उम्मीद है।




बाजार कंपनियों के तिमाही नतीजों के शुरुआती चरण में प्रवेश कर रहा है। भारत में निवेशकों की नजर एचएसबीसी सेवा क्रय प्रबंधक सूचकांक (सर्विसेज पीएमआई) और संयुक्त पीएमआई के अंतिम आंकड़ों पर रहेगी। वैश्विक स्तर पर वृद्धि, मांग और मुद्रास्फीति के रुझानों के लिए अमेरिका और चीन के प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखी जाएगी। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 720.56 अंक या 0.84 प्रतिशत उछला और एनएसई निफ्टी 286.25 अंक या 1.09 प्रतिशत बढ़ा। निफ्टी ने शुक्रवार को 26,340 के अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर को छुआ।

बाजार का ध्यान अब तीसरी तिमाही के नतीजों पर है। निवेशक नतीजों से पहले प्रमुख दिग्गज कंपनियों में चुनिंदा रूप से अपनी पोजीशन बना सकते हैं। घरेलू स्तर पर, सेवा और संयुक्त पीएमआई के आंकड़े व्यापारिक गति और रोजगार के रुझानों के बारे में जानकारी देंगे। वैश्विक स्तर पर ध्यान अमेरिकी गैर-कृषि पेरोल और बेरोजगारी के आंकड़ों पर रहेगा। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड पर भी इस सप्ताह निवेशकों की नजर रहेगी।

# बीमा क्षेत्र में गलत बिक्री एक गंभीर चिंता का विषयः इरडा

नयी दिल्ली। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने अपनी ताजा वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि बीमा क्षेत्र में गलत बिक्री एक गंभीर चिंता का विषय है और बीमा कंपनियों को इसकी वजह का पता लगाने के लिए मूल कारण विश्लेषण करने की आवश्यकता है।

रिपोर्ट के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियों के खिलाफ दर्ज शिकायतों की कुल संख्या वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग स्थिर रही है। यह संख्या 2023-24 में l,20,726 थी, जो 2024-25 में l,20,429 रही। हालांकि, अनुचित व्यावसायिक व्यवहार के तहत दर्ज शिकायतों की कुल संख्या वित्त वर्ष 2023-24 के 23,335 से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 26,667 हो गई है। इस प्रकार, कुल शिकायतों में यूएफबीपी संबंधी शिकायतों की हिस्सेदारी पिछले वित्त वर्ष के 19.33 प्रतिशत की तुलना में वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 22.14 प्रतिशत हो गई है। गलत बिक्री का अर्थ उपभोक्ताओं को नियम, शर्तों या उपयुक्तता के बारे में सही जानकारी दिए बिना बीमा उत्पादों की बिक्री करना है। इरडा ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 में कहा कि गलत बिक्री को रोकने या कम करने के लिए बीमा कंपनियों को उत्पाद की उपयुक्तता का आकलन करने, वितरण चैनल पर उचित नियंत्रण लागू करने और गलत बिक्री की शिकायतों के समाधान के लिए योजना बनाने की सलाह दी गई है।

# एफपीआई ने इक्विटी से 7608 करोड़ निकाले

नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 2026 की शुरुआत सतर्क रुख के साथ की है। पिछले साल के अपने बिकवाली के सिलसिले को जारी रखते हुए उन्होंने जनवरी के पहले दो कारोबारी सत्रों में भारतीय इक्विटी से 7,608 करोड़ रुपये निकाले। इससे पहले उन्होंने 2025 में 1.66 लाख करोड़ रुपये की निकासी की थी। ऐसा अस्थिर मुद्रा, वैश्विक व्यापार तनाव, अमेरिकी शुल्क संबंधी चिंताओं और बाजार के बढ़े हुए मूल्यांकन के कारण हुआ। एफपीआई की बिकवाली के दबाव ने 2025 के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में हुई गिरावट में लगभग पांच प्रतिशत का महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हालांकि, बाजार विशेषज्ञों का मानना है



कि 2026 में यह रुख बदल सकता है। इस साल एफपीआई की रणनीति में बदलाव देखने को मिल सकता है, क्योंकि बेहतर होते घरेलू बुनियादी कारक निवेश को आकर्षित करना शुरू कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मजबूत जीडीपी वृद्धि और कॉर्पोरेट मुनाफे में सुधार की संभावना आने वाले महीनों में सकारात्मक एफपीआई प्रवाह के लिए शुभ संकेत है।

# एलन मस्क का एक्स अवैध सामग्री हटायेगा

नयी दिल्ली। एलन मस्क के स्वामित्व वाली सोशल मीडिया साइट एक्स अवैध सामग्री को हटाएगी और ऐसी सामग्री अपलोड करने वाले खातों को स्थायी रूप से निलंबित करेगी।

एक्स ने रविवार को बताया कि वह जरूरत के अनुसार स्थानीय सरकारों के साथ काम करेगी। कंपनी के वैश्विक सरकारी मामलों के खाते से यह बयान जारी किया गया। इससे पहले उसने कहा था कि मंच की एआई सेवा ग्रोक का उपयोग करके अवैध सामग्री बनाने वालों पर भी वैसी ही कार्यवाही होगी, जैसी अवैध सामग्री अपलोड करने वालों पर की जाती है। मस्क ने अनुचित छवियों पर एक पोस्ट के जवाब में एक्स पर कहा, अवैध सामग्री बनाने के लिए ग्रोक का उपयोग करने वाले किसी भी व्यक्ति को वही परिणाम भुगतने होंगे, जैसा कि अवैध सामग्री अपलोड करने वालों के साथ होता है। एक्स के वैश्विक सरकारी मामलों ने अवैध सामग्री पर मस्क के रुख को दोहराया। इसमें कहा गया, हम एक्स पर बाल यौन शोषण सामग्री सहित अवैध सामग्री के खिलाफ कार्वाई करते हैं, इसे हटाकर, खातों को स्थायी रूप से निलंबित करके और आवश्यकतानुसार स्थानीय सरकारों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम करते हैं। अवैध सामग्री बनाने के लिए ग्रोक का उपयोग करने या उसे उकसाने वाले किसी भी व्यक्ति को वही परिणाम भुगतने होंगे।

# सभी तेल-तिलहन की कीमतों में सुधार

नयी दिल्ली। आयातकों द्वारा काफी लंबे समय से जारी, सोयाबीन डीगम तेल की आयात की लागत से नीचे दाम पर बिकवाली के परिणामस्वरूप डीगम तेल का आयात घटने के कारण बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत बंद हुए।

इस साप्ताहिक मजबूती को तेल कीमतों के उछाल के रूप में नहीं समझना चाहिये क्योंकि सूरजमुखी, सोयाबीन, कपास नरमा, मूंगफली और बिनौला जैसे तिलहन के दाम अपने-अपने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से पर्याप्त नीचे बने हुए हैं। लगभग 14 जनवरी के आसपास षडमास की समाप्ति और शादी विवाह के लिए खाद्यतेलों, विशेषकर सॉफ्ट आयल (नरम खद्यतेलों) की मांग बढ़ने के आसार हैं। आयातकों द्वारा



लागत से कम दाम पर डीगम तेल की बिकवाली के परिणामस्वरूप इस तेल का आयात घटा है। सोयाबीन डीगम नरम तेलों में सबसे सस्ता भी है। इस आयात के घटने का असर बाकी अन्य सभी खाद्यतेलों पर पड़ा है। ऐसी स्थिति के बीच बीते सप्ताह सोयाबीन तेल-तिलहन सहित बाकी अन्य तेल-तिलहन के दाम में मजबूती रही। सूत्रों ने कहा कि आगामी शादी-विवाह के मौसम की मांग धीरे-धीरे बढना शुरु हुआ है। बड़े मिलवाले निरंतर सरसों तेल के दाम उंचा बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं। उनकी इन कोशिशों के बीच समीक्षाधीन सप्ताह में सरसों तेल-तिलहन में भी सुधार देखने को मिला। उन्होंने कहा कि वैसे जब तक सरसों तेल के दाम सोयाबीन तेल के बराबर नहीं होंगे, यह खपेगा नहीं। सूत्रों ने कहा कि जाड़े में साबुत खाने वालों की मांग के अलवा अच्छी गुणवत्ता वाले तेल की मांग निकलने से बीते सप्ताह मूंगफली तेल-तिलहन में भी सुधार आया। सूत्रों ने कहा कि सट्टेबाजी गतिविधियों के बीच पाम-पामोलीन के दाम भी उंचा लगाये जा रहे हैं जिससे समीक्षाधीन सप्ताह में कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम भी मजबूती दर्शाते बंद हुए। उन्होंने कहा कि उंचे दाम पर पाम-पामोलीन की मांग कमजोर है और ठंड के मौसम में इन तेलों की मांग भी घट जाती है। सूत्रों ने कहा कि सर्दियों में, विशेषकर गुजरात में नरम तेलों की मांग में आये सुधार की वजह से बिनौला तेल के दाम भी बीते सप्ताह सुधार दर्शाते बंद हुए। बीते सप्ताह सरसों दाना 25 रुपये के सुधार के साथ 6,925-6,975 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दादरी मंडी में बिकने वाला सरसों तेल 50 रुपये के सुधार के साथ 14,300 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 10-10 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 2,400-2,500 रुपये और 2,400-2,545 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ।

# डी.सी. थापर ट्रॉफी सफलतापूर्वक संपन्न

लखनऊ। वास्तुविदों एवं भवन निर्माण उद्योग से जुड़े पेशेवरों के लिए आयोजित डी.सी. थापर ट्रॉफी मेगा स्पोर्ट्स इवेंट का सफल आयोजन 4 जनवरी को बीबीडी विश्वविद्यालय स्टेडियम, लखनऊ में सुबह 9 बजे से शाम 4:30 बजे तक किया गया। इस एक दिवसीय आयोजन में 500 से अधिक वास्तुविदों एवं भवन उद्योग से जुड़े पेशेवरों ने भाग लिया।

इस आयोजन का संचालन आयोजन समिति के अध्यक्ष आर्किटेक्ट केशव कुमार एवं आर्किटेक्ट अजय बहल के नेतृत्व में हुआ है। जिसमें सात प्रतिष्ठित संस्थाओं ने सहभागिता की। क्रिकेट प्रतियोगिता में आर्किटेक्ट शुभेन्द्र वाजपेयी के नेतृत्व में आईआईए यूपी चैप्टर विजेता रहा। महिला वर्ग की प्रतियोगिता में आर्किटेक्ट विपुल वर्श्नेय के नेतृत्व वाली टीम विजेता बनी,



जबकि उपविजेता टीम की कप्तान आर्किटेक्ट सबीना सिंह रहीं। क्रिकेट के साथ-साथ टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम एवं सुडोकू प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इस आयोजन का सफल संचालन आयोजन सचिव आर्किटेक्ट केशव कुमार के नेतृत्व में किया गया। लखनऊ आर्किटेक्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह किया गया। आयोजन का समापन अगले वर्ष और भी भव्य स्तर पर आयोजन के संकल्प के साथ किया गया।

## पेज एक का शेष

### कश्मीर में

चिल्ला-ए-कलां के दौर से गुजर रहा है। यह 40 दिनों की कड़ाके की ठंड की अवधि होती है और इस दौरान रात का तापमान अक्सर शून्य से कई डिग्री नीचे चला जाता है। हालांकि, वर्तमान आंकड़े (तापमान के) सामान्य पैटर्न से अलग नजर आ रहे हैं। इस अवधि के दौरान आमतौर पर बर्फबारी की संभावना सबसे अधिक रहती है। इसके बावजूद, इस मौसम में अब तक घाटी के मैदानी इलाकों में बर्फबारी नहीं हुई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पांच और छह जनवरी को उत्तर और मध्य कश्मीर के उंचाई वाले इलाकों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या बर्फबारी की संभावना जताई है।

### संभल में

किया गया है उसको हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद भी यह निर्माण नहीं हटाए गए तो प्रशासन की टीम ने तीन जनवरी यानि शनिवार को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के निर्देश दिए थे। हालांकि अवकाश के चलते तय समय को बढ़ा दिया गया है लेकिन अब मुस्लिम समाज के लोगों ने खुद ही मस्जिद तो तोड़ दिया। मोहल्ला चमन सराय निवासी मोहम्मद असलम द्वारा यह शिकायत की गई है। इसमें कहा है कि कब्रिस्तान के दस्तावेज में कोई निर्माण दर्ज नहीं है लेकिन वर्तमान में कई निर्माण हो रहे हैं। लगातार कब्जा बढ़ता जा रहा है। मांग की है कि जांच कराकर कब्जा मुक्त किया जाए।

### ईरान में

थमता नहीं दिख रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ईरान को चेतावनी दी थी कि अगर तेहरान शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसा करता है, तो अमेरिका उनको बचाने के लिए आगे आएगा। यह हालांकि, अभी स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप हस्तक्षेप करेंगे या नहीं और यदि करेंगे तो कैसे करेंगे लेकिन उनकी टिप्पणियों को लेकर ईरान ने तीखी प्रतिक्रिया दी। ईरान के अधिकारियों ने पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैनिकों को निशाना बनाने की धमकी दी। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब ट्रंप ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ लिया है। मादुरो तेहरान के लंबे समय से सहयोगी रहे हैं। यह 2022 के बाद से ईरान में सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन है। पुलिस हिरासत में 2022 में 22 वर्षीय महसा अमीनी की मौत के बाद देशव्यापी प्रदर्शन हुए थे। अमीनी को अधिकारियों ने हिजाब न पहनने के कारण हिरासत में लिया था। हम प्रदर्शनकारियों से बात करते हैं, अधिकारियों को भी उनसे बात करनी चाहिए। लेकिन दंगा करने वालों से बात करने का कोई फायदा नहीं है। दंगा करने वालों को उनकी जगह दिखानी होगी। उन्होंने ईरान के अधिकारियों द्वारा लगातार किए जाने वाले एक दावे को भी दोहराया कि इजराइल या अमेरिका जैसी विदेशी ताकतें विरोध प्रदर्शनों को बढ़ावा दे रही हैं।

### रिफार्म एक्सप्रेस

ही उदासीनता का माहौल था। बहुत कम युवा खेल को करियर की तरह अपनाते थे लेकिन बीते दशक में खेलों को लेकर सरकार और समाज दोनों की ही सोच में बदलाव दिख रहा है।

प्रधानमंत्री ने खेलों के क्षेत्र में अपनी सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा, हम स्कूल स्तर पर भी खिलाड़ियों को ओलंपिक का अनुभव देने में जुटे हैं। खेलो इंडिया अभियान की वजह से सैकड़ो युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर आगे आने का मौका मिल रहा है। अभी कुछ दिन पहले ही सांसद खेल महोत्सव का भी आयोजन हुआ है। इसमें भी करीब एक करोड़ युवाओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। सांसद खेल महोत्सव के दौरान मेरी काशी के भी करीब तीन लाख युवाओं ने मैदान पर अपना दमखम दिखाया। मोदी ने कहा कि वाराणसी में अलग-अलग खेलों से जुड़े स्टेडियम बन रहे हैं। नये खेल परिसर में आसपास के जिलों के खिलाड़ियों को भी प्रशिक्षण का मौका मिल रहा है। मुझे खुशी है कि काशी बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार हो रही है। वॉलीबॉल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के जरिए देश के खेल नक्शे पर जगह बनाना भी काशी के लिए बहुत अहम है। प्रधानमंत्री ने वॉलीबाल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल हो रहे खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि देश के 28 राज्यों की टीमें यहां आई हैं। आप सब एक भारत, श्रेष्ठ भारत की बहुत सुंदर तस्वीर प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि राष्ट्रीय वालीबॉल चैंपियनशिप के दौरान बनारस का जोश हाई हो जाएगा। आप सभी खिलाड़ियों को उत्साह बढ़ाने वाले दर्शक भी मिलेंगे और काशी की आतिथ्य परंपरा को जीने का अवसर भी मिलेगा। मोदी ने वॉलीबॉल को टीम भावना से जोड़ने वाला खेल बताते हुए कहा, मैं तो भारत की विकास गाथा और वालीबॉल में भी बहुत सी समानताएं देखता हूं। वालीबॉल हमें सिखाता है कि कोई भी जीत अकेले नहीं होती है। हमारी जीत हमारे समन्वय, हमारे विश्वास और हमारी टीम की तत्परता पर निर्भर होती है। हर किसी की अपनी भूमिका है। हम तभी सफल होते हैं जब सभी अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हैं। हमारा देश भी इसी तरह आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने जेनज़ी का जिक्र करते हुए कहा कि 2014 के बाद से अलग-अलग खेलों में भारत का प्रदर्शन लगातार बेहतर हुआ है। हमें बहुत गर्व होता है जब हम जेन-ज़ी को खेल के मैदान पर तिरंगे को फहराते हुए देखते हैं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव भी मौजूद थे। उत्तर प्रदेश में लगभग 43 साल बाद आयोजित हो रही सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 11 जनवरी तक होगा।

### खेलो इंडिया

है कि ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेलों और अंतरराष्ट्रीय विश्व चैंपियनशिप जैसी प्रतियोगिताओं में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी बड़ी संख्या में हिस्सा ले रहे हैं और देश के लिए पहले की तुलना में कई गुना अधिक पदक भी जीत रहे हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि वर्ष 1982 के बाद उत्तर प्रदेश को सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी मिली है और लगभग 43 वर्षों बाद प्रदेश को यह गौरव प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में प्रदेश के खिलाड़ियों ने अपने दमखम पर गौरव हासिल किया है। डॉ. सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम, वाराणसी में 72वीं सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप 11 जनवरी तक आयोजित की जाएगी, जिसमें कुल 58 टीमें भाग ले रही हैं। इनमें 30 पुरुष और 28 महिला टीमें शामिल हैं।

### धामी ने किया

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। आज देश स्वदेशी रक्षा तकनीक और उपकरणों के निर्माण के साथ-साथ रक्षा निर्यात के क्षेत्र में भी वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की स्वदेशी सैन्य क्षमता और तकनीकी दक्षता को विश्व के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उत्तराखंड सरकार सैनिकों और अर्धसैनिक बलों के जवानों तथा उनके परिवारों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। शहीद जवानों के परिजनों को प्रदान की जाने वाली अनुग्रह राशि को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये किया गया है। इसके साथ ही वीरता पदकों से सम्मानित जवानों को दी जाने वाली सम्मान राशि में भी वृद्धि की गई है। सीएम धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए सरकार द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। सीमांत इलाकों में सड़कों और बुनियादी ढांचे के विस्तार से न केवल स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं मिली हैं, बल्कि पर्यटन, व्यापार और सामरिक दृष्टि से भी इन क्षेत्रों को नई मजबूती प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा कर वहां के नागरिकों और सुरक्षा बलों से संवाद कर विकास कार्यों को गति प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, स्वामी कैलाशानन्द जी महाराज, सशस्त्र सीमा बल के डी.आई.जी. सुधांशु नौटियाल, अर्पित फाउंडेशन की प्रतिनिधि हनी पाठक सहित बड़ी संख्या में एसएसबी के अधिकारी और जवान उपस्थित रहे।

### मिर्जापुर में

सुरेन्द्र राम व उपनिरीक्षक श्यामलाल ने अपनी टीम के साथ मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर नामजद अभियुक्त आजाद उर्फ इम्तियाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### युवा और व्यापारी

है। हमें अपने लखनऊ के विकास के लिए काम करना है और मैं आशा करता हूं कि हमारी नवनिर्वाचित समिति है वह लखनऊ के विकास के लिए काम करती रहेगी, जिस प्रकार से ऋषभ गुप्ता ने पांच सालों से और उनके पिता ने पिछले कई वर्षों से मेहनत की है। इसी तरह से मेहनत करते रहें। इस दौरान व्यापारियों की ओर से मार्केट में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की गयी। जिसको विराज सागर दास ने सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि उनके बाबा बाबू बनारसी दास जी और उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी सदा व्यापारियों के हित में कार्य करते रहे हैं। उन्हें भी खुशी होगी। राजाजीपुरम व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को संपन्न हुआ। अखिलेश जायसवाल सेंट्रल बार अध्यक्ष की अध्यक्षता में और लखनऊ की महापौर व प्रखर समाजसेवी, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं उत्तर प्रदेश ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास की उपस्थिति में समस्त पदाधिकारियों को शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष पद पर ऋषभ गुप्ता, उपाध्यक्ष वरिष्ठ की रजत अग्रवाल, उपाध्यक्ष की रूपेश प्रजापति, महामंत्री की संजीव चांदनी, संगठन मंत्री की दीपक, कोषाध्यक्ष की अंकित वाजपेयी, संयुक्त मंत्री की मोहम्मद सलमान को शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर अजय दीक्षित, शिवपाल सवारिया, नागेंद्र सिंह और संकेत शर्मा, समस्त क्षेत्रीय पार्षद भी मौजूद रहे। साथ ही बड़ी संख्या में व्यापारी भी मौजूद रहे।

### जरूरतमंदों को

दास द्वारा जलवाए जा रहे अलाव लोगों को सर्दी से बचाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोग शहर के लगभग विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाते नजर आए। सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय पिलाने की व्यवस्था भी की गई। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी होती हैं। उनकी कोशिश किसी भी तरह सर्दी से बचने की होती है। बहुत से गरीबों को सर्दी में खुले आसमान के नीचे कांपते- ठिठुरते हुए रात बिताने को मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि लोगों की सेवा ही हमारा संकल्प है। हमारी कोशिश है कि जाड़े में किसी भी जरूरतमंद को असहज स्थिति में रात न बितानी पड़े। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना ही उनका उद्देश्य है।




# इंग्लैंड के तीन विकेट पर 211 रन

## रूट ने 65 गेंद में अपना 67वां जबकि ब्रूक ने 63 गेंद में 15वां अर्धशतक पूरा किया

एजेंसी



सिडनी। जो रूट और हैरी ब्रूक के बीच 154 रन की अटूट साझेदारी से इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन रविवार को यहां खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने तक तीन विकेट पर 211 रन बनाए। इस मैच में बोंडी आतंकी हमले के पीड़ितों और फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स को मैदान पर श्रद्धांजलि दी गई। रूट (नाबाद 72) और ब्रूक (नाबाद 78) उस समय एक साथ आए जब इंग्लैंड की टीम 57 रन तक तीन विकेट गंवाकर संकट में थी। रूट और ब्रूक की यह साझेदारी मौजूदा श्रृंखला में मेहमान टीम की ओर से सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। खराब रोशनी और बारिश के कारण चाय के विश्राम से ठीक पहले खेल रोक दिया गया और फिर मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका। रूट और ब्रूक दोनों ने उसी ओवर में अपने अर्धशतक पूरे किए जिसमें उनकी शतकीय साझेदारी पूरी हुई। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों को पिच से अधिक मदद नहीं मिल रही थी जिससे इस जोड़ी की बदौलत इंग्लैंड ने नियंत्रण बनाया। रूट ने 65 गेंद में अपना 67वां जबकि ब्रूक ने 63 गेंद में 15वां अर्धशतक पूरा किया। ब्रूक ने अपनी पारी के दौरान कुछ मौकों पर जोखिम भी उठाया।

इंग्लैंड ने सुबह के सत्र में जल्दी-जल्दी तीन विकेट खो दिए। बेन डकेट और जैक क्रॉली ने मेहमान टीम को तेज शुरुआत दी थी। मिचेल स्टार्क ने 35 रन के स्कोर पर डकेट (27) को विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराके श्रृंखला का अपना 27वां विकेट हासिल किया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने आठ गेंद में दो विकेट लिए। माइकल नेसर ने क्रॉली (16) को पगबाधा किया जबकि स्कॉट बोलैंड ने जैकब बेथेल (10) को विकेटकीपर के हाथों कैच कराया। ऑस्ट्रेलिया ने एकादश में एक बदलाव करते हुए ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को झाय रिचर्डसन की जगह इस श्रृंखला में पहली बार खेलने का मौका दिया। वेबस्टर की वापसी से स्पिनर टॉड मर्फी के लिए कोई जगह नहीं थी।

## बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप टीम घोषित की

ढाका। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अगले महीने होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए लिटन दास की अगुआई वाली 15 सदस्यीय टीम का एलान किया और यह घोषणा देश के खेल मंत्रालय द्वारा टीम के लीग मुकाबलों को भारत से श्रीलंका में स्थानांतरित करने की मांग करने के निर्देश के कुछ ही घंटों बाद की गई।

बीसीबी को उसके खेल मंत्रालय ने टीम के टी20 विश्व कप लीग मुकाबलों को भारत से श्रीलंका में स्थानांतरित (शिफ्ट) करने की मांग करने के लिए कहा है क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देशों पर मुस्तफिजुर रहमान को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर किए जाने के बाद खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही हैं। बांग्लादेश के चार लीग मैच में से तीन वेस्टइंडीज (सात फरवरी), इटली (नौ फरवरी), इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ कोलकाता में हैं जबकि उनका आखिरी मैच नेपाल (17 फरवरी) के खिलाफ मुंबई में होगा। टी20 विश्व कप सात फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। दास कप्तान बरकरार हैं जबकि तेज गेंदबाज तास्किन अहमद हाल में आयरलैंड श्रृंखला से बाहर रहने के बाद टीम में वापस आए हैं। अहमद तेज गेंदबाजी विभाग में रहमान के साथ टीम बनाएंगे जिन्हें उम्मीद के मुताबिक टीम में शामिल किया गया है।

बीसीबी ने एक्स पर कहा बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए राष्ट्रीय टीम की घोषणा की है जो सात फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका में आयोजित किया जाएगा। बीसीसीआई के निर्देश के बाद सह मालिक शाहरुख खान की आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने शनिवार को रहमान को रिलीज कर दिया जिन्हें पिछले महीने अबुधाबी में हुई नीलामी में 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा गया था।

## डब्ल्यूएफआई ने तकनीकी अधिकारियों को अंतर-विश्वविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता से रोका



नयी दिल्ली। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में पांच जनवरी से होने वाली अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय कुश्ती चैंपियनशिप पर अनिश्चितता के बादल छा गए हैं क्योंकि मेजबान विश्वविद्यालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) द्वारा सुझाए गए रेफरी पैनल से अलग पैनल चुना है जिसके कारण राष्ट्रीय महासंघ ने तकनीकी अधिकारियों को भेजने से मना कर दिया है। भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) ने 11 दिसंबर को एक सर्कुलर जारी किया था जिसमें साफ तौर पर कहा गया था कि संबंधित राष्ट्रीय खेल महासंघ चैंपियनशिप के तकनीकी संचालन को देखेगा।

इसके बाद डब्ल्यूएफआई ने 24 दिसंबर को एआईयू को प्रतियोगिता के लिए अंतरराष्ट्रीय रेफरी का एक पैनल सौंपा। हालांकि महासंघ ने 27 दिसंबर को एकआईयू को बताया कि चंडीगढ़ विश्वविद्यालय ने रेफरी पैनल के लिए सीधे उनसे संपर्क नहीं किया था। तीस दिसंबर को डब्ल्यूएफाई को चंडीगढ़ विश्वविद्यालय से स्वीकृति के लिए रेफरी का एक अलग पैनल मिला। महासंघ ने मेजबान विश्वविद्यालय को बताया कि उसने पहले ही एआईयू को एक स्वीकृत पैनल भेज दिया है। और चंडीगढ़ विश्वविद्यालय को सलाह दी कि वह अपनी जरूरत के हिसाब से उस सूची से अधिकारियों को नियुक्त करे। डब्ल्यूएफआई ने कहा कि इसके बाद चंडीगढ़ विश्वविद्यालय से कोई जवाब नहीं मिला। एआईयू ने 31 दिसंबर को एक बार फिर डब्ल्यूएफआई से स्वीकृति रेफरी का पैनल मेजबान विश्वविद्यालय को भेजा। महासंघ ने कहा, इसके बावजूद चंडीगढ़ विश्वविद्यालय ने तकनीकी अधिकारियों की नियुक्ति के संबंध में डब्ल्यूएफआई से कोई बातचीत शुरू नहीं की। नतीजतन दो जनवरी को डब्ल्यूएफआई ने औपचारिक रूप से एआईयू और चंडीगढ़ विश्वविद्यालय दोनों को सूचित किया कि पुष्टि की कमी और बाकी बचे बहुत कम समय को देखते हुए तकनीकी अधिकारियों के लिए चैंपियनशिप में शामिल होना संभव नहीं होगा जिन्हें देश के अलग-अलग हिस्सों से यात्रा करनी होगी।

डब्ल्यूएफआई ने इस बात पर भी चिंता जताई कि मेजबान विश्वविद्यालय ने टीएसआर प्रणाली के वेंडर से संपर्क गैर कंप्यूटराइज्ड प्रणाली से प्रतियोगिता के ड्रॉ कराने की कोशिश की जिसे महासंघ ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए स्थापित नियमों के खिलाफ बताया। इस गतिरोध ने चैंपियनशिप के तकनीकी संचालन पर सवाल खड़े कर दिए हैं विश्वविद्यालय के खेल कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण प्रतियोगिता है और उभरते हुए पहलवानों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। अब प्रतियोगिता के सुचारू संचालन पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे।

## संक्षेप

### मेग लैनिंग यूपी वॉरियर्स की कप्तान बनीं

मुंबई। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मेग लैनिंग को नौ जनवरी से शुरू होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) से पहले रविवार को यूपी वॉरियर्स का कप्तान बनाया गया। यह दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी इस टूर्नामेंट के पहले तीन सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान थीं और उन्होंने टीम को हर बार फाइनल तक पहुंचाया, लेकिन हर बार हार का सामना करना पड़ा। फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा, कैप्री स्पोर्ट्स की यूपी वॉरियर्स ने 2026 डब्ल्यूपीएल सत्र से पहले ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज मेग लैनिंग को फ्रेंचाइजी का कप्तान नियुक्त करने की घोषणा की है। यूपी वॉरियर्स ने लैनिंग को नीलामी में 1.9 करोड़ रुपये में खरीदा था। एक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के तौर पर वह सात बार विश्व कप जीत चुकी हैं जिसमें दो वनडे खिताब और पांच टी20 खिताब शामिल हैं। पूर्व भारतीय खिलाड़ी और सहायक कोच अभिषेक नायर अब यूपी वॉरियर्स के मुख्य कोच हैं। उन्होंने कहा, मेग का अनुभव उन्हें एक कप्तान के तौर पर सबसे अलग बनाता है। इस साल डब्ल्यूपीएल दो चरणों में होगा जिसमें पहला चरण नवी मुंबई में नौ से 17 जनवरी तक और दूसरा वडोदरा में 19 जनवरी से पांच फरवरी तक चलेगा।

### राष्ट्रीय मुक्केबाजी में विलंब से मची अफरा-तरफरी

ग्रेटर नोएडा। सीनियर मुक्केबाजी राष्ट्रीय चैंपियनशिप के पहले दिन रविवार को तैयारियों में देरी के कारण अफरा-तफरी मच गयी जिससे मुक्केबाजों को घंटों तक बेसब्री से इंतजार करना पड़ा। लॉजिस्टिक्स (प्रतियोगिता के लिए जरूरी साजो-सामान) संबंधी दिक्कतों के कारण चैंपियनशिप चार घंटे के विलंब से शुरू हुई। पुरुष और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का पहली बार एक साथ आयोजन गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में दोपहर दो बजे शुरू होना था। यह ऐतिहासिक क्षण हालांकि अफरा-तफरी और लंबे इंतजार में बदल गया जिसने पूरे दिन के कार्यक्रम को प्रभावित किया। प्रतियोगिता के रिंग तैयार नहीं थे। तीन रिंग तैयार होने थे, लेकिन शाम चार बजे तक केवल एक ही रिंग तैयार हो पाया और तकनीकी खराबी के कारण उसे भी दोबारा लगाना पड़ा। दिन के 80 मुकाबलों (38 महिला और 42 पुरुष) में से पहला मुकाबला आखिरकार शाम 6:30 बजे पुरुषों के मुकाबले के साथ शुरू हुआ। जबकि महिला मुक्केबाजों को और भी लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा क्योंकि रात आठ बजे तक भी उनके मुकाबलों के शुरू होने की कोई जानकारी नहीं मिली थी और तीसरा रिंग भी अभी तक तैयार नहीं हुआ था।

## टी-20 : राशिद ने केवीजीएन को हरफनमौला खेल से दिलायी जीत

खेल संवाददाता



लखनऊ। मैन ऑफ द मैच राशिद (25 रन, दो विकेट) के आलराउंड खेल से केवीजीएन ने चतुर्थ अधीर दुबे (पूर्व एमएलसी) मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को लीग

> चतुर्थ अधीर दुबे (पूर्व एमएलसी) मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट

मैच में लाइव टीवी एक्सप्रेस को 70 रन से हराया। आरडीएसओ स्टेडियम पर केवीजीएन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में पांच विकेट पर 188 रन बनाए। निचले क्रम में आशू ने 25 गेंदों पर 5 चौके व एक छक्के से नाबाद 47 रन की तेज पारी खेली। केके कल्हन ने 34, रेहान ने 32 व राशिद ने 25 रन बनाए। लाइव टीवी एक्सप्रेस से मो.फैसल को दो विकेट की सफलता मिली। जवाब में लाइव टीवी एक्सप्रेस को विलंब से आने के चलते 18 ओवर में मैच जीतने की चुनौती मिली और टीम 6 विकेट पर 118 रन ही बना सकी। टीम से महिराज सिंह (25), अरविंद वर्मा (20), जावेद खान व शिव श्रीवास्तव (17-17) ने पूरी कोशिश की लेकिन टीम की हार नहीं टाल सके।

## विश्व कप भारत से बाहर करने की मांग : बांग्लादेश

एजेंसी



ढाका। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को सुरक्षा चिंताओं और सरकार की सलाह का हवाला देते हुए अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी राष्ट्रीय टीम को भारत नहीं भेजने का फैसला किया।

यह फैसला आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा भारतीय क्रिकेट बोर्ड के निर्देश पर तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज करने के बाद लिया गया। बीसीसीआई ने शनिवार को रहमान को रिलीज करने के अपने फैसले के लिए दोनों देशों के बीच मौजूदा संबंधों का स्पष्ट रूप से जिक्र नहीं किया, लेकिन उसने कहा कि यह कदम मौजूदा घटनाओं से प्रेरित है। रहमान को आईपीएल से अचानक बाहर किए जाने के बाद बीसीबी ने शनिवार रात को एक आपातकालीन बैठक बुलाई और एक दिन बाद घोषणा की कि निदेशक मंडल की पुनः बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि राष्ट्रीय टीम सात फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत नहीं जाएगी। बीसीबी ने एक बयान में कहा बोर्ड ने पिछले 24 घंटों के घटनाक्रमों को ध्यान में रखते हुए स्थिति की विस्तृत समीक्षा की और भारत में खेले जाने वाले मैचों में बांग्लादेश राष्ट्रीय टीम की भागीदारी से संबंधित मौजूदा परिस्थितियों पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

उन्होंने कहा भारत में बांग्लादेश की टीम की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं और मौजूदा स्थिति के आकलन के साथ बांग्लादेश सरकार की सलाह पर विचार करते हुए निदेशक मंडल ने फैसला किया है कि बांग्लादेश राष्ट्रीय टीम वर्तमान परिस्थितियों में टूर्नामेंट के लिए भारत की यात्रा नहीं करेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को इस मुद्दे पर ध्यान देना होगा क्योंकि बांग्लादेश को लीग चरण के अपने चारों मैच भारत में खेलने हैं। पाकिस्तान के साथ हुए समझौते की तरह बांग्लादेश भी चाहता है कि उसके सभी मैच टूर्नामेंट के सह-मेजबान श्रीलंका में स्थानांतरित कर दिए जाएं। बीसीबी के बयान के मुताबिक बीसीबी ने विश्व कप के आयोजक आईसीसी से औपचारिक रूप से अनुरोध किया है कि वह बांग्लादेश के सभी मैचों को भारत के बाहर किसी अन्य स्थान में स्थानांतरित करने पर विचार करे।

## सिद्धार्थ रावत बेंगलुरु ओपन के क्वालीफाइंग के फाइनल में

एजेंसी



बेंगलुरु। भारत के सिद्धार्थ रावत ने रविवार को बेंगलुरु ओपन में अपने हमवतन नितिन कुमार सिन्हा पर 6-3, 7-5 से शानदार जीत दर्ज करते हुए क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। रावत ने आत्मविश्वास के साथ पहला सेट जीता। सिन्हा ने दूसरे सेट में जोरदार वापसी की और रावत की सर्विस तोड़कर बढ़त हासिल कर ली। लेकिन रावत ने दो महत्वपूर्ण ब्रेक लेकर सीधे सेटों में मैच अपने नाम कर लिया। क्वालीफाइंग के पहले दौर के अन्य मैचों में भारतीय खिलाड़ी देव जाविया और आदिल कल्याणपुर ने भी शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन उन्हें तीन सेटों के मुकाबले में अपने से उच्च रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वी क्रमशः डोमिनिक पालन और एरो वासा से हार का सामना करना पड़ा। क्वालीफाइंग चरण के मुकाबले सोमवार सुबह को जारी रहेंगे जबकि दोपहर में मुख्य दौर के मुकाबले शुरू होंगे। वाइल्ड कार्ड से जगह बनाने वाले मानस धामने का मुकाबला पांचवीं वरीयता प्राप्त क्रोएशिया के मातेज डोडिग से होगा।

## श्राची बंगाल ने रांची रॉयल्स को हराया




एजेंसी

रांची। ऑगस्टिना गोरजेलानी (37वें मिनट) के गोल की मदद से श्राची बंगाल टाइगर्स ने रविवार को यहां महिला हॉकी इंडिया लीग में रांची रॉयल्स पर 1-0 से जीत दर्ज की।

इस जीत के साथ, बंगाल टाइगर्स अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई।

रांची रॉयल्स लगातार दो जीत के बाद इस मुकाबले में आत्मविश्वास से भरी हुई थी लेकिन ऑगस्टिना ने पेनल्टी कॉर्नर पर टूर्नामेंट में चौथा गोल करके अपनी टीम को 1-0 बढ़त दिलाई जो निर्णायक रही।

### राष्ट्रमंडल 2030 के बाद भारत का लक्ष्य ओलंपिक मेजबानी करना

सूरत। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन जय शाह ने रविवार को कहा कि 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के बाद भारत का लक्ष्य 2036 में गुजरात में ओलंपिक खेल लाना है जिसमें कम से कम 100 पदक जीतने का लक्ष्य हो। सूरत में डॉ हेडगेवार सेवा स्मृति सेवा समिति द्वारा आयोजित रन फॉर गर्ल चाइल्ड मैराथन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में राष्ट्रमंडल खेलों को लाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, राष्ट्रमंडल 2030 के बाद हमारा लक्ष्य 2036 में यहां ओलंपिक की मेजबानी करना है।

### सिंड्रेला और दिव्यांशी ने अंडर 19 ग्रुप में जीत से की शुरुआत

वडोदरा। गत चैंपियन सिंड्रेला दास, शीर्ष वरीयता प्राप्त दिव्यांशी भौमिक और जापान की मिकू मात्सुशिमा ने रविवार को यहां डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर 2026 में लड़कियों के अंडर-19 एकल वर्ग में अपने-अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। शनिवार को अंडर-17 का खिताब जीतने वाली सिंड्रेला ने ग्रुप तीन में अर्चिस्मिता महतो को 11-7, 11-7, 11-8 से हराया, जबकि दिव्यांशी ने ग्रुप एक में श्रेष्ठा कोंथम को 11-4, 11-3, 11-7 से मात दी। मिकू ने ग्रुप दो में गुंजन कुमार पर 11-3, 11-6, 11-4 से जीत के साथ शुरुआत की। लड़कों के अंडर-19 वर्ग में भी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने अपने-अपने ग्रुप में दो-दो जीत दर्ज करके नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली। अंडर-15 वर्ग के भी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी भी अपने-अपने ग्रुप में आसान जीत के साथ नॉकआउट चरण में पहुंच गए।

## राइस के गोल से आर्सेनल ने बोर्नेमाउथ को हराया

एजेंसी



लंदन। डेकलान राइस के दो गोल की मदद से आर्सेनल ने शनिवार को यहां पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बोर्नेमाउथ को 3-2 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में छह अंक की बढ़त बना ली। इंग्लैंड के मिडफील्डर राइस ने दूसरे हाफ में दो गोल दागकर आर्सेनल की जीत सुनिश्चित की। घुटने की चोट के कारण शुरुआत में राइस के खेलने पर संदेह था लेकिन उन्होंने पिछले मैच से बाहर रहने के बाद वापसी की और दोनों टीम के बीच का अंतर साबित हुए। आर्सेनल की ओर से गैब्रिएल मेगलहाइस ने भी एक गोल किया। बोर्नेमाउथ के लिए इवानिल्सन और एली जूनियर क्रोपी ने गोल दागे। इस जीत से आर्सेनल के 20 मैच में 48 अंक हो गए हैं। नॉटिंघम फॉरेस्ट को 3-1 से हराने वाली एस्टन विला की टीम 42 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। मैनचेस्टर सिटी की टीम हालांकि रविवार को चेल्सी को हराकर 44 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच सकती है और आर्सेनल की बढ़त को चार अंक तक सीमित कर सकती है। वहीं दूसरी ओर सादियो माने की अगुआई में सेनेगल ने शनिवार को टेंगियर में सूडान को 3-1 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वर्ष 2019 और 2022 के अफ्रीका के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर रहे सादियो माने ने निलंबित कप्तान कालिदोउ कोलिबाली की गैरमौजूदगी में उदाहरण पेश करते हुए टीम के अपने साथियों के लिए कई मौके बनाए। सेनेगल की ओर से पापे गुएये ने दो जबकि स्थानापन्न खिलाड़ी इब्राहिम एमाये ने एक गोल किया। सादियो माने ने पापे के एक गोल और इब्राहिम के गोल में अहम भूमिका निभाई। क्वार्टर फाइनल में सेनेगल की भिड़ंत माली से होगी जिसने कासाब्लांका में ट्यूनीशिया को पेनल्टी शूट आउट में 3-2 से हराया। वहीं दूसरी ओर जियान पिएरो गैस्पेरिनी के वापसी मुकाबले में रोमा को शनिवार को यहां सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में अटलांटा के खिलाफ 0-1 से शिकस्त झेलनी पड़ी। मैच का एकमात्र गोल 12वें मिनट में जॉर्जियो स्केलविनी ने किया। इस जीत से अटलांटा की टीम आठवें स्थान पर पहुंच गई। रोमा की टीम इस मुकाबले को जीतकर दूसरे स्थान पर मौजूद इंटर मिलान के बराबर पहुंच सकती थी लेकिन अब उसके चौथे स्थान पर मौजूद यूवेंटस के समान अंक हैं। यूवेंटस को निचली लीग में खिसकने का खतरा झेल रहे लीस ने 1-1 से बराबरी पर रोका।

## गीता का संदेश लेकर साइकिल पर निकले युवा

खेल संवाददाता



लखनऊ। श्रीमद्भगवद्गीता के शाश्वत संदेश को आम लोगों तक पहुँचाने के उद्देश्य से रविवार को लखनऊ में एक अनोखी और प्रेरणादायक साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। 'गीता का संदेश-साइकिल के संग' नाम से

> लखनऊ से शुरू हुई प्रेरणादायक यात्रा

आयोजित इस यात्रा का उद्देश्य न केवल गीता के विचारों का प्रचार करना है, बल्कि लोगों को स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और अनुशासित जीवन शैली के प्रति भी जागरूक करना है। यह आयोजन सनातन महापरिषद भारत के तत्वावधान में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में साइकिल प्रेमियों और सनातन संस्कृति से जुड़े लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व और संयोजन सनातन महापरिषद भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष सी. एम. पांडेय ने किया। कार्यक्रम में कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इनमें मेड़ांता हॉस्पिटल, लखनऊ के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. राकेश कपूर, विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) लालजी प्रसाद निर्मल, स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के निदेशक डॉ. आनंद किशोर पांडेय तथा आर्मी कैंटोनमेंट बोर्ड, लखनऊ के सदस्य प्रमोद शर्मा प्रमुख रूप से शामिल थे। अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर करीब 50 साइकिल सवारों को रैली के लिए रवाना किया। इस मौके पर डॉ. राकेश कपूर ने कहा कि साइकिल यात्रा के माध्यम से गीता के संदेश का प्रसार करना एक सराहनीय पहल है। इससे लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की प्रेरणा मिलती है। वहीं लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि गीता का संदेश समाज को जोड़ने और सकारात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने यह भी कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गीता के विचारों के प्रचार-प्रसार को लगातार प्रोत्साहित कर रहे हैं। सी. एम. पांडेय ने बताया कि यह साइकिल यात्रा लखनऊ से शुरू होकर उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से गुजरते हुए 11 जनवरी को राजभवन पहुँचेगी, जहाँ प्रतिभागी माननीया राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के समक्ष अपने अनुभव साझा करेंगे। इसके बाद 27 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इस अभियान का विधिवत समापन किया जाएगा।

# वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई युद्धक कृत्य

## न्यूयार्क के नव नियुक्त मेयर ममदानी ने राष्ट्रपति ट्रंप को लगाया फोन, जताया ऐतराज

एजेंसी

न्यूयॉर्क। न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी ने कहा है कि उन्होंने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को अमेरिकी सेना द्वारा पकड़े जाने के विरोध में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से सीधे बात की। ममदानी ने एक संप्रभु राष्ट्र पर एकतरफा हमले को युद्ध का कृत्य करार दिया। मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस पर न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले में आपराधिक आरोप तय किए गए हैं और उन्हें आरोपों का सामना करने के लिए शहर लाया गया है। ममदानी ने एक प्रेस वार्ता में वेनेजुएला की स्थिति और मादुरो को पकड़े जाने के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति को फोन किया और इस कृत्य को लेकर अपना विरोध दर्ज कराने के लिए उनसे सीधे बात की। उन्होंने कहा,मैंने अपना विरोध दर्ज कराया। मैंने अपनी बात साफ-साफ कह दी और बात वहीं खत्म हो गई।

हालांकि ममदानी ने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी कि ट्रंप ने उन्हें क्या जवाब दिया। यह असाधारण अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम ममदानी के न्यूयॉर्क शहर के मेयर के रूप में शपथ लेने के ठीक दो दिन बाद हुआ है। शनिवार सुबह, ममदानी को उनके चीफ ऑफ स्टाफ और पुलिस आयुक्त समेत प्रशासन के अधिकारियों ने



वेनेजुएला के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को अमेरिकी सेना द्वारा पकड़े जाने और न्यूयॉर्क शहर में संघीय हिरासत में रखने जाने के बारे में जानकारी दी। ममदानी ने कहा कि सत्ता परिवर्तन का खुलेआम प्रयासै न्यूयॉर्कवासियों को प्रभावित करता है, जिनमें शहर में रहने वाले वेनेजुएला के लोग भी शामिल हैं। नव नियुक्त मेयर ने एक बयान में कहा,किसी संप्रभु राष्ट्र पर एकतरफा हमला करना युद्ध का कृत्य है और संघीय एवं अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। इस बीच, संसद के निचले सदन की स्थायी सेलेक्ट कमेटी ऑन इंटेलिजेंस के वरिष्ठ सदस्य राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि हालांकि मादुरो एक अवैध तानाशाह हैं जिन्होंने वेनेजुएला के लोगों को भारी पीड़ा पहुंचाई है लेकिन यह वास्तविकता किसी भी राष्ट्रपति को कांग्रेस (संसद) की अनुमति के बिना सैन्य बल का प्रयोग करने का खुला अधिकार नहीं देती। कृष्णमूर्ति ने कहा संसद की अनुमति के बिना कार्य करके और सार्वजनिक रूप से एक अन्य संप्रभु राष्ट्र पर अमेरिकी नियंत्रण का दावा करके, ट्रंप राष्ट्रपति की शक्ति का दुरुपयोग कर रहे हैं और संविधान में शक्तियों के पृथक्करण को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन को अमेरिकी कर्मियों की सुरक्षा के बारे में तुरंत जवाब देना होगा और यह खुलासा करना होगा कि क्या कोई हताहत हुआ है तथा कांग्रेस को पूरी और तत्काल जानकारी देनी होगी। कृष्णमूर्ति ने कहा, राष्ट्रपति ने अब घोषणा कर दी है कि अमेरिका वेनेजुएला (के प्रशासन) का संचालन करेगा न तो अमेरिकी जनता और न ही कांग्रेस ने इस कदम का समर्थन किया है। बल का यह प्रयोग और नियंत्रण का दावा कानून के शासन को कमजोर करता है, मॉस्को और बीजिंग को अन्य क्षेत्रों में भी अपनी सीमाएं बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करता है, अमेरिका की विश्वसनीयता को कमजोर करता है और अंततः अमेरिकियों को असुरक्षित बनाता है।



बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास को राजाजीपुरम व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित सदस्यों ने माला पहनाकर किया भव्य स्वागत

### अमेरिकी धरती पर लाये गये मादुरो, हेलीकॉप्टर से मैनहट्टन ले जाये गये

काराकस। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका अस्थायी रूप से वेनेजुएला का संचालन करेगा और अन्य देशों को बेचने के लिए इसके विशाल तेल भंडार का दोहन करेगा। ट्रंप ने यह टिप्पणी अमेरिकी सेना द्वारा हमला कर वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़ने तथा देश से बाहर ले जाने के कुछ घंटों बाद की। अमेरिका की यह कार्वाई तेल समृद्ध वेनेजुएला पर महीनों से बढ़ाए जा रहे दबाव की परिणति है। यह हमला महीनों की गुप्त योजना का नतीजा है जिसे 2003 में इराक पर आक्रमण के बाद सत्ता परिवर्तन करने के लिए अमेरिका की सबसे आक्रामक कार्वाई के तौर पर देखा जा रहा है।

संक्षेप

### कैरेबियाई क्षेत्र में हवाई यातायात बाधित

वाशिंगटन। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़कर न्यूयॉर्क ले जाए जाने के अमेरिकी सैन्य अभियान का असर कैरेबियाई क्षेत्र में हवाई यातायात पर भी पड़ा और कई उड़ानों को रद्द कर दिया गया। अमेरिका ने शनिवार तड़के एक आश्चर्यजनक सैन्य अभियान में मादुरो और उनकी पत्नी को एक सैन्य अड्डे में स्थित उनके आवास से हिरासत में लिया और उन्हें विमान से न्यूयॉर्क लाया गया। फ्लाइटरडार24 डॉट कॉम के अनुसार, जिस दिन यह सैन्य अभियान चला, उस दिन कोई भी वाणिज्यिक उड़ान वेनेजुएला के हवाई क्षेत्र के ऊपर से नहीं गुजरी। अमेरिकी संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के बाद प्रमुख विमानन कंपनियों ने पूर्वी कैरेबियाई क्षेत्र में सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दीं। प्यूर्टो रिको, अरूबा और वेनेजुएला के उत्तर में स्थित लेसर एंटिल्स समूह के 12 से अधिक द्वीपों के लिए उड़ानें प्रभावित रहीं। यात्रियों को चेतावनी दी गई कि यह व्यवधान कई दिनों तक जारी रह सकता है। हालांकि, अमेरिकी परिवहन मंत्री सीन डफी ने शनिवार रात कहा कि ये प्रतिबंध स्थानीय समय (पूर्वी समय मंडल) के अनुसार आधी रात को समाप्त हो जाएंगे और विमानन कंपनियां रविवार से सामान्य परिचालन फिर से शुरू कर सकेंगी।

## चीन ने अमेरिका से मादुरो और उनकी पत्नी को तुरंत रिहा करने की मांग की

एजेंसी

बीजिंग। चीन ने रविवार को अमेरिका से वेनेजुएला के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को तुरंत रिहा करने तथा संवाद व बातचीत के माध्यम से मुद्दों को हल करने का आह्वान किया।

चीनी विदेश मंत्रालय ने यहां जारी एक बयान में कहा, अमेरिका द्वारा अपदस्थ किए गए राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को जबरन हिरासत में लेकर देश से बाहर ले जाने पर चीन गहरी चिंता व्यक्त करता है। इसमें कहा गया कि यह कदम अंतरराष्ट्रीय कानून, अंतरराष्ट्रीय संबंधों के बुनियादी मानदंडों और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों तथा सिद्धांतों का स्पष्ट उल्लंघन है। बयान में कहा गया, चीन अमेरिका से अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी की व्यक्तिगत सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हें तुरंत रिहा करने, वेनेजुएला सरकार को गिराने का प्रयास रोकने तथा संवाद एवं बातचीत के माध्यम से मुद्दों को हल करने का आह्वान करता है।

## राजनाथ सिंह आज गोवा में करेंगे जलावतरण

एजेंसी

पणजी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को गोवा में भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के पोत समुद्र प्रताप का जलावतरण करेंगे। यह प्रदूषण नियंत्रण के लिए निर्मित दो पोतों में से एक है। यह पोत तेल रिसाव का पता लगाने के लिए उन्नत प्रणालियों से लैस है, जिससे विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के भीतर और उसके बाहर व्यापक प्रदूषण-रोधी अभियान चलाने में मदद मिलेगी। भारतीय तटरक्षक बल के अनुसार, यह उच्च सटीकता वाले अभियानों के संचालन, चिपचिपे तेल से प्रदूषकों को पुनः प्राप्त करने एवं



दूषित पदार्थों का विश्लेषण कर सकता है और दूषित पानी से तेल को अलग करने में सक्षम है। आईसीजी ने बताया कि रक्षा मंत्री सिंह दक्षिण गोवा के वास्को स्थित गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में पोत समुद्र प्रताप का जलावतरण करेंगे। इस अवसर पर गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक परमेश शिवमणि और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। आईसीजी के अनुसार, गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित इस जहाज में 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। 114.5 मीटर लंबा और 4,200 टन वजनी यह पोत 22 नॉट (समुद्री मील प्रति घंटा) से अधिक की गति और 6,000 समुद्री मील की परिचालन क्षमता से लैस है जिससे आईसीजी की प्रदूषण-रोधी प्रतिक्रिया, अग्निशमन तथा समुद्री सुरक्षा एवं संरक्षा क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। आईसीजी के मुताबिक, यह जहाज अत्याधुनिक तकनीक से लैस है।

## पटना में ग्राम प्रधान ने व्यक्ति की गोली मारकर की हत्या

एजेंसी

पटना। शहर के बाहरी इलाके में एक व्यक्ति की कथित तौर पर ग्राम प्रधान ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान धर्मवीर पासवान (40) के रूप में हुई है। अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) आनंद कुमार सिंह ने बताया कि यह घटना शनिवार शाम बाढ़ थाना क्षेत्र के जलगोविंद इलाके में हुई। उन्होंने बताया कि भगत मुखिया (ग्राम प्रधान) ने पासवान को तब गोली मार दी जब वह घर के बाहर टहल रहा था। एसडीपीओ ने कहा कि अपराध को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। उन्होंने कहा सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पासवान को इलाज के लिए पास के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि रविवार को पासवान की इलाज के दौरान मौत हो गई। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने इस मामले में शुभम कुमार नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

## उत्तर कोरिया ने समुद्र में दागी बैलिस्टिक मिसाइल

एजेंसी

सियोल। उत्तर कोरिया ने समुद्र में रविवार को एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी। दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि सेना को सुबह सात बजकर

❍ दक्षिण कोरिया

50 मिनट पर उत्तर कोरिया की राजधानी के इलाके से कई बैलिस्टिक मिसाइलें प्रक्षेपित किए जाने का पता चला। बयान में कहा गया कि मिसाइलें उत्तर कोरिया के पूर्वी तट की ओर से दागी गईं, लेकिन यह नहीं बताया कि वे



कितनी दूर तक गईं। ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि उन्होंने अपनी निगरानी व्यवस्था को मजबूत कर लिया है और उत्तर कोरिया के मिसाइल प्रक्षेपणों के संबंध में अमेरिका व जापान के साथ लगातार सूचनाओं का आदान-प्रदान कर रहे हैं। जापान के रक्षा मंत्रालय ने भी उत्तर कोरिया द्वारा संदिग्ध मिसाइल प्रक्षेपण किए जाने की सूचना दी है। इस प्रक्षेपण के कारण किसी प्रकार का नुकसान होने की तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है। यह प्रक्षेपण उत्तर कोरिया में सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की आगामी कांग्रेस (पार्टी की सर्वोच्च स्तर की बैठक) से पहले हथियारों का प्रदर्शन करने की ताजा घटना है। विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया कांग्रेस से पहले रक्षा क्षेत्र में अपनी उपलब्धियां दिखाने के लिए हथियार परीक्षणों में तेजी ला सकता है। पर्यवेक्षक इस बात पर नजर रख रहे हैं कि क्या उत्तर कोरिया अमेरिका के प्रति कोई नयी नीति निर्धारित करेगा और लंबे समय से ठप पड़ी वार्ता को फिर से शुरू करने के उसके आह्वान पर प्रतिक्रिया देगा।

## नेपाल में 4.3 की तीव्रता का भूकंप

काठमांडू। नेपाल के उदयपुर जिले में 4.3 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भूकंप से किसी के हताहत होने या किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं मिली है। राष्ट्रीय भूकंप मापन तथा अनुसंधान केंद्र (एनईएमआरसी) के अनुसार, भूकंप के झटके शनिवार रात 10 बजकर 51 मिनट पर महसूस किए गए, जिसका केंद्र उदयपुर जिले के बागापाटी क्षेत्र में था। भूकंप के झटके आसपास के जिलों में भी महसूस किए गए। इससे पहले शनिवार सुबह पश्चिमी नेपाल के ताप्लेजुंग जिले में 4.6 तीव्रता का भूकंप आया था।

## सीबीआई जांच की मांग, विपक्षी दलों का विरोध प्रदर्शन

एजेंसी

देहरादून। उत्तराखंड पुलिस द्वारा अंकिता भंडारी हत्याकांड में किसी वीआईपी के नहीं होने का स्पष्टीकरण दिए जाने के बावजूद विपक्षी दलों ने प्रकरण की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराए जाने की अपनी मांग को लेकर रविवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस, उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद), महिला मंच, वामपंथी दलों और सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता यहां परेड ग्राउंड में एकत्र हुए और मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच करते हुए हत्याकांड में वीआईपी के नाम का खुलासा किए जाने के लिए प्रकरण की जांच सीबीआई को सौंपे जाने की अपनी मांग को दोहराया। प्रदर्शन के दौरान हाथों में अंकिता को न्याय दो , और नहीं अब देर करो, मुख्यमंत्री को घेर लो और असली दोषी कौन है, जो दिल्ली में मौन है की तख्तियां लिए विपक्षी दलों के

❍ अंकिता हत्याकांड



कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाए और कहा कि मांग न माने जाने तक यह विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। इस विरोध मार्च में शामिल होने के लिए लोगों से अपील करने वाले भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि हत्याकांड की जांच से जुड़े पुलिस अधिकारी शेखर सुयाल द्वारा मामले में किसी वीआईपी की संलिप्तता न होने संबंधी बयान से सहमत नहीं हुआ जा सकता।

इंटरटेनमेंट...

## फिल्म 'नायक' का सीक्वल बना सकते हैं अनिल कपूर




**मुंबई।** साल 2001 में रिलीज हुई अनिल कपूर, रानी मुखर्जी और अमरीष पुरी स्टारर फिल्म नायक सुपरहिट रही थी। फिल्म आज भी भारत की कल्ट फिल्मों में गिनी जाती है। अब फिल्म रिलीज के 25 साल बाद अनिल कपूर जल्द ही इसका सीक्वल ला सकते हैं। उन्होंने हाल ही में फिल्म के प्रोड्यूसर ए.एम.रत्नम से फिल्म के राइट्स खरीद लिए हैं। हाल ही में आई बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से बताया गया है कि सनम तेरी कसम जैसी हिट फिल्म बना चुके प्रोड्यूसर दीपक मुकुट के पास साल 2001 में आई फिल्म नायक के राइट्स थे। लेकिन हाल ही में अनिल कपूर ने उनसे फिल्म नायक के राइट्स खरीद लिए हैं। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि फिल्म नायक अनिल कपूर के दिल के बेहद करीब है, इसलिए वो इसके राइट्स अपने पास रखना चाहते हैं। वो इस फिल्म का सीक्वल भी बनाना चाहते हैं। उन्हें अच्छी तरह पता है कि सालों में इस फिल्म को दर्शकों से कितना प्यार मिला है और उनका मानना है कि नायक के सब्जेक्ट में सीक्वल की संभावनाएं हैं। फिल्म नायक साल 2001 की हिट फिल्म थी, जिसमें अनिल कपूर, रानी मुखर्जी, पूजा बत्रा, अमरीश पुरी, परेश रावल अहम किरदारों में थे। फिल्म का निर्देशन शंकर ने किया था। ये शंकर की ही साउथ फिल्म मधुवलन (1999) की हिंदी रीमेक थी। नायक, डायरेक्टर शंकर के निर्देशन में बनी इकलौती हिंदी फिल्म है। इसके अलावा वो शिवाजी-द बॉस, आई, रोबोट 2.0 जैसी सुपरहिट फिल्में बना चुके हैं। इससे पहले भी नायक की सीक्वल की खबरें सुर्खियों में रही हैं। साल 2013 में खबरें थीं कि अनिल कपूर नायक का सीक्वल कर रहे हैं, जिसका टाइटल नायक रिटर्न होने वाला है। हालांकि मेकर्स की तरफ से इसकी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई थी। इसके बाद साल 2017 में भी ये सीक्वल चर्चा में था।

❍ 25 साल बाद प्रोड्यूसर से खरीदे फिल्म के राइट्स, जल्द शुरू कर सकते हैं काम

## कुणाल खेमू और उनके पिता पर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज

मुंबई। मुंबई की एक अदालत ने बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू और उनके पिता रवि खेमू के खिलाफ दर्ज कथित धोखाधड़ी एवं आपराधिक विश्वासघात की शिकायत पर पुलिस से जवाब तलब किया है। प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट (अंधेरी न्यायालय) सुजीत कुमार सी. तायडे ने 29 दिसंबर को पारित एक आदेश में कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 175 (3) के अनुसार मामले पर संज्ञान लेते हुए समय संबंधित पुलिस अधिकारी के बयान पर विचार करना आवश्यक है। उन्होंने इसके बाद मुंबई के अंबोली पुलिस थाना के प्रभारी को मामले में अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किया। फिल्म निर्माता रवि दुर्गाप्रसाद अग्रवाल ने अभिनेता पिता-पुत्र पर लगभग दो दशक पुरानी एक फिल्म परियोजना को लेकर धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और आपराधिक धमकी का आरोप लगाया है। अग्रवाल ने अधिवक्ता वेदिका चौबे के जरिये दायर अपनी शिकायत में कहा कि वह ओवरटेक नामक एक हिंदी फिल्म का निर्माण कर रहे थे और उन्होंने कुणाल खेमू से मुख्य भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया था।

## जावेद अख्तर ने अपने एआई जनित वीडियो की निंदा की

नयी दिल्ली। अनुभवी लेखक और गीतकार जावेद अख्तर ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक नोट साझा कर उस वायरल वीडियो की कड़ी निंदा की, जिसमें उनके ईश्वर की ओर मुड़ने का दावा किया गया है। अख्तर ने कहा कि यह वीडियो कृत्रिम मेधा (एआई) द्वारा बनाया गया है और वह इस मामले की शिकायत करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। गीतकार ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि इस तरह की फर्जी खबरें प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाने के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने लिखा,एक फर्जी वीडियो साझा किया जा रहा है जिसमें कंप्यूटर से बनाई गई मेरी एक तस्वीर दिखाई गई है, जिसमें मेरे सिर पर टोपी है और दावा किया गया है कि आखिरकार मैं ईश्वर की ओर मुड़ गया हूं। यह पूरी तरह बकवास है। अख्तर ने कहा,मैं इसे साइबर पुलिस को रिपोर्ट करने और अंततः इस फर्जी खबर के लिए जिम्मेदार व्यक्ति और इसे आगे बढ़ाने वाले लोगों को अदालत में घसीटने पर गंभीरता से विचार कर रहा हूं। यह पहली बार नहीं है जब इंटरनेट पर चर्चित हस्तियों की ऐसी एआई-जनित सामग्री सामने आई है।

❍ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी

## 'इक्कीस' ने बॉक्स ऑफिस पर कमाये 7.28 करोड़



नयी दिल्ली। अगस्त्य नंदा अभिनीत फिल्म इक्कीस ने रिलीज के पहले दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 7.28 करोड़ रुपये की कमाई की।

फिल्म में नंदा ने अरुण खेत्रपाल की भूमिका निभाई है। वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में बसंतर की लड़ाई के दौरान खेत्रपाल 21 वर्ष की आयु में शहीद हो गए थे। उनके साहस और बलिदान के लिए उन्हें मरणोपरांत परम वीर चक्र से सम्मानित किया गया जिससे वह उस समय भारत के सर्वोच्च सैन्य सम्मान को प्राप्त करने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति बन गए। फिल्म निर्माताओं ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर पोस्ट के जरिए बॉक्स ऑफिस आंकड़े साझा किए। पोस्ट में फिल्म का पोस्टर भी था। उन्होंने पोस्ट पर लिखा,बॉक्स ऑफिस पर साहस और वीरता की जीत। देश में पहले दिन फिल्म की कुल कमाई 7.28 करोड़ रुपये रही।

इक्कीस सिनेमाघरों में। अपनी टिकटें बुक करें। दिनेश विजान के प्रोडक्शन बैनर मैडॉक फिल्म्स के तहत बनी इस फिल्म का निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है। इसकी पटकथा राघवन ने अरिजीत बिस्वास और पूजा लाधा सुरती के साथ लिखी है। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, आपका प्यार सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के बलिदान को सबसे बड़ी श्रद्धांजलि है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com